राष्ट्रीय दैनिक

# प्रातःकिरण

दिल्ली एवं पटना से प्रकाशित

/Pratahkiran /Pratahkiran /Pratahkiran

हर खबर पर पकड़





11 इसी मानसिकता के साथ भारत...

अमेरिकाः संघीय अदालत के फैसले... 12

वर्ष : 10 | अंक : 45 | पटना, बुधवार, 29 जून 2022 | आषाढ़, अमावस्या , विक्रम संवत 2079 | पेज : 12 | मूल्य ₹ : 03.00 | www.pratahkiran.com

# ऊर्जा सुरक्षा के हित में जो श्रेष्ठ होगा, हम वह करते रहेंगे : पीएम नरेंद्र मोदी

एलमौ (जर्मनी), एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जी7 शिखर सम्मेलन में कहा कि रूस-यूक्रेन संघर्ष के मद्देनजर ऊर्जा सुरक्षा एक बहुत चुनौतीपूर्ण मुद्दा बन गया है और जब वैश्विक तेल व्यापार की बात आती है तो भारत वह कदम उठाता रहेगा, जिसे वह अपनी ऊर्जा सुरक्षा के हित में श्रेष्ठ समझता है। विदेश सचिव विनय मोहन क्वात्रा ने एक संवाददाता सम्मेलन में बताया कि प्रधानमंत्री मोदी ने जी7 के दोनों सत्रों में रूस-यूक्रेन युद्ध पर भारत की स्थिति को पूरी तरह से स्पष्ट किया। क्वात्रा के मुताबिक, प्रधानमंत्री ने शत्रुता को जल्द से जल्द समाप्त करने का आह्वान किया और विवाद को सुलझाने के लिए कूटनीति एवं वार्ता का मार्ग अपनाने की वकालत की। क्वात्रा ने सोमवार देर रात आयोजित एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि प्रधानमंत्री ने यह पूरी तरह से स्पष्ट किया कि भारत कमजोर अर्थव्यवस्थाओं के लिए खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करने में योगदान देने की दिशा में अग्रणी रहा है।



पीएम मोदी के अबू धाबी पहुंचने पर प्रोटोकॉल तोड़ कर उनका स्वागत करते अरब अमीरात के राष्ट्रपति। फ्रांसीसी राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों के साथ चाय पर चर्चा करते पीएम मोदी।

**बोले मोदी...**

- प्रधानमंत्री मोदी ने जी7 के दोनों सत्रों में रूस-यूक्रेन युद्ध पर भारत की स्थिति को पूरी तरह से किया स्पष्ट और शत्रुता को जल्द से जल्द समाप्त करने का किया आह्वान

**जी7 नेताओं को मोदी ने दिए उपहार,**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जर्मनी में आयोजित जी7 शिखर सम्मेलन में शिरकत करने वाले राष्ट्राध्यक्षों को विभिन्न उपहार भेंट किए, जिन्हें उन्होंने उत्तर प्रदेश सहित अन्य राज्यों से मंगवाया था। आधिकारिक सूत्रों ने मंगलवार को बताया कि प्रधानमंत्री ने अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन को वाराणसी से मंगाई गई गुलाबी मीनाकारी कलाकृति भेंट की। वहीं, जर्मन चांसलर ओलाफ शॉल्ज को उन्होंने मुरादाबाद से मंगाए गए कफलिंक और ब्रोच दिए। जापान के प्रधानमंत्री फुमियो किशिदा को उत्तर प्रदेश के निजामाबाद से मंगाए गए काली मिट्टी के बर्तन भेंट किए। फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुअल मैक्रों को तोहफे में जरदोजी के डिब्बे में रखी इत्र की शीशियां दीं। वहीं, इटली के प्रधानमंत्री मारियो द्रागी को उन्होंने आगरा के संगमरमर का टेबल टॉप भेंट किया।

**जी7 की बैठक में दिखा पीएम मोदी का जलवा**

पीएम मोदी की वैश्विक छवि उनके हर विदेश दौरे में नजर आती है। जर्मनी में जी7 की बैठक से इतर पीएम मोदी ने फ्रांसीसी राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों के साथ चाय पर चर्चा की। इस अनौपचारिक बैठक के दौरान दोनों नेताओं ने आपसी संबंधों को मजबूत बनाने और कई मोर्चों पर एक साथ मिलकर काम करने पर सहमति जताई। इसके अलावा पीएम मोदी ने कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो, दक्षिण अफ्रीका के राष्ट्रपति सिरिल रामाफोसा, इंडोनेशिया के राष्ट्रपति जोको विडोडो से भी मुलाकात की।

**यूपी मान बढाने के लिये प्रधानमंत्री का आभार : योगी**

लखनऊ, जी-7 समिट में भाग लेने जर्मनी यात्रा पर गये प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा उत्तर प्रदेश में निर्मित उत्पाद उपहार स्वरूप विभिन्न राष्ट्राध्यक्षों को देने के लिये मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आभार जताया है। श्री योगी ने कहा कि प्रधानमंत्री ने अमेरिका, जापान, फ्रांस, इटली, ब्रिटेन, इंडोनेशिया और सेनेगल के राष्ट्राध्यक्षों को उत्तर प्रदेश में निर्मित उत्पाद भेंट कर राज्य का वैश्विक स्तर पर मान बढाया है।

## मौसम

अधिकतम तापमान 42.0°C

न्यूनतम तापमान 28.0°C

मौसम विभाग के अनुसार लू चलने की आसार साथ ही शाम तक राहत मिलने की आसार है

## पोल

क्या शिवसेना प्रमुख की 'कुर्सी' सेफ है ?

| | |
|---|---|
| हां | 30% |
| नहीं | 60% |
| कह नहीं सकते | 10% |

## बाजार

सोना 52,640

चांदी 60,000

सेंसेक्स 53,177

निफ्टी 15,850

## संक्षिप्त खबर

### भाजपा-जदयू में कोई गतिरोध नहीं : धर्मेंद्र प्रधान



पटना। बिहार में भाजपा व जदयू के बीच चल रही तनातनी की खबरों के भाजपा के वरिष्ठ नेता धर्मेंद्र प्रधान ने कहा कि नीतीश कुमार हमारे नेता हैं। भाजपा और जदयू के बीच कोई गतिरोध नहीं है। नीतीश कुमार के नेतृत्व में हम बिहार में सेवा कर रहे हैं। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से मुलाकात के बाद प्रधान भाजपा प्रदेश मुख्यालय में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। धर्मेंद्र प्रधान ने कहा कि नीतीश कुमार हमारे नेता हैं। स्वाभाविक है कि हम यहां आएंगे तो अपने नेतृत्व से मिलना हमारे काम का एक हिस्सा है। उनसे आत्मीय भेंट-मुलाकात हुई। अच्छी चर्चा हुई। पत्रकारों द्वारा भाजपा-जदयू के बीच जारी जुबानी जंग पर उन्होंने कहा कि इसका जवाब स्थानीय नेता देंगे। हमारे बीच कोई गतिरोध नहीं है। सब ठीक है। कई बार सार्वजनिक मंच पर इसका प्रमाण हो चुका है। प्रजातांत्रिक विषयों पर राजनीतिक पार्टियों में कभी-कभी भिन्न मत हो जाते हैं, लेकिन बिहार में हमें सेवा करने के लिए जो जनादेश मिला है, उसे हम पूरा कर रहे हैं। साथ ही उन्होंने कहा कि नीतीश कुमार 2025 तक मुख्यमंत्री बने रहेंगे।

### भाजपा राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक 2-3 जुलाई को हैदराबाद में

हैदराबाद। भाजपा राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक दो और तीन जुलाई को हैदराबाद में होगी। जो तेलंगाना समेत दक्षिण भारत की राजनीति में बड़ा पड़ाव साबित होगी। बैठक में अगले साल होने वाले तेलंगाना और कर्नाटक विधानसभा चुनाव प्रमुख एजेंडे में होगा।

**मुख्यमंत्री ने बख्तियारपुर के गंगा तट स्थित सीढ़ी घाट का स्थल निरीक्षण कर चल रहे विकास कार्यों का लिया जायजा**

# पुल का निर्माण करें ताकि चैनल पार करने में सहूलियत हो : नीतीश

## चैनल के दोनों तरफ पड़े मिट्टी ढेर को चौरस करा दें

पटना/बाढ़, प्रात : किरण संवाददाता



मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने मंगलवार को बख्तियारपुर के गंगा तट स्थित सीढ़ी घाट का स्थल निरीक्षण कर चल रहे विकास कार्यों का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री ने बख्तियारपुर एवं अथमलगोला प्रखंड के घोसवरी घाट ठाकुरबाड़ी, सीढ़ी घाट, मुक्तिधाम घाट होते हुए रामनगर घाट तक पुरानी एवं मृतप्राय गंगा नदी की उपधारा (चैनल) को पुनर्जीवित एवं पुनर्स्थापित करने की योजना के तहत चल रहे कार्यों के प्रगति का जायजा लिया।

मुख्यमंत्री ने 13 जून को इस योजना का शुभारंभ किया था। इस दौरान मुख्यमंत्री ने सीढ़ी घाट से गंगा नदी की मुख्य धारा तक बनने वाले रास्ते के संबंध में अधिकारियों से विस्तृत जानकारी ली। सीढ़ी घाट स्थित मंदिर के पास बने प्राचीनतम एवं अद्वितीय मीठे पानी के कुएं का भी मुख्यमंत्री ने मुआयना किया। निरीक्षण के क्रम में मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि सीढ़ी घाट से गंगा नदी की मुख्य धारा तक बनने वाले रास्ते का निर्माण इस प्रकार से करायें कि सीढ़ी घाट डिस्टर्ब न हो और लोग आसानी से आवागमन भी कर सकें। उन्होंने कहा कि बरसात के दिनों में गंगा नदी का पानी सीढ़ी घाट के ऊपर आने से लोगों को काफी कठिनाई होती है, जिसको ध्यान में रखते हुए मंदिर के बगल से रास्ते का निर्माण कराने का हमलोगों ने निर्णय लिया है। इस काम में यदि किसी प्रकार की दिक्कत हो तो यहाँ के स्थानीय पुराने लोगों की मदद लें। इस प्रस्तावित रास्ते से सीढ़ी घाट के पूरब में एक पुल का भी निर्माण करायें ताकि लोग चैनल को आसानी से पारकर दियारा की तरफ या जिधर जाना चाहें जा सकें। इसके लिए मुख्यमत्री ने अधिकारियों को यथाशीघ्र प्रस्ताव तैयार करने का निर्देश दिया। सीढ़ी घाट पर पहुंचने वाले लोगों को कहीं आने-जाने में असुविधा न हो। मुख्यमंत्री ने कहा कि पहले जब गंगा का जलस्तर बढ़ता था, तब सीढ़ी घाट के टॉप प्वाइंट तक पानी चला जाता था। बख्तियारपुर में गंगा नदी की धारा घाट से चार से पांच किलोमीटर दूर चली गई है, जिसे ध्यान में रखते हुए चैनल का निर्माण कराया गया है ताकि पुरानी परंपरा को पुनर्जीवित किया जा सके। उन्होंने कहा कि बख्तियारपुर के गंगा तटों पर गंगा जल सालो भर उपलब्ध रहे इसके लिए दो धार बनाई गयी है। एक धार घाट के बिल्कुल करीब है और दूसरी धार घाट से करीब 500 मीटर दूर है।

ये दोनों धार मृतप्राय हो चुकी थी। उन्होंने कहा कि चैनल के दोनों तरफ पड़े मिट्टी ढेर को चौरस करा दें ताकि लोगों को किसी प्रकार की परेशानी न हो। सीढ़ी घाट पर चल रहे कार्यों का मुआयना कर मुख्यमंत्री ने प्रसन्नता व्यक्त की। स्थानीय लोगों ने मुख्यमंत्री को बताया कि चैनल के निर्माण होने से बड़ी संख्या में लोग गंगा तटों पर घूमने आते हैं। मुख्यमंत्री ने सीढ़ी घाट स्थित मंदिर के पास बने प्राचीनतम एवं अद्वितीय मीठे पानी के कुएं का निरीक्षण करने के क्रम में कहा कि पहले इसी कुएं का पानी बख्तियारपुर के लोग पीया करते थे। इस कुएं से शुद्ध और मीठा पानी मिलता था। यहीं से पानी लोग अपने घरों में ले जाकर पीने के साथ-साथ भोजन बनाने के काम भी उपयोग करते थे।

निरीक्षण के दौरान जल संसाधन मंत्री संजय कुमार झा, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव दीपक कुमार, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव डॉ एस सिद्धार्थ, मुख्यमंत्री के अतिरिक्त परामर्शी मनीष कुमार वर्मा, सचिव जल संसाधन संजय अग्रवाल, मुख्यमंत्री के विशेष कार्य पदाधिकारी गोपाल सिंह, जिलाधिकारी चंद्रशेखर सिंह, वरीय पुलिस अधीक्षक श्री मानवजीत सिंह ढिल्लो सहित अभियंतागण एवं अन्य वरीय अधिकारी उपस्थित थे।

# वज्रपात से 16 लोगों की मौत पर मुख्यमंत्री मर्माहत

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

**निर्देश**

- गहरी शोक संवेदना व्यक्त की
- आश्रितों को चार-चार लाख रुपए अनुदान देने का निर्देश

वज्रपात से पूर्वी चम्पारण में 4, भोजपुर में 3, सारण में 3, पश्चिम चम्पारण में 2, अररिया में 2, बांका में 1 एवं मुजफ्फरपुर में 1 व्यक्ति की मौत पर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार मर्माहत हैं और उन्होंने प्रभावित परिवारों के प्रति अपनी गहरी शोक संवेदना व्यक्त की है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आपदा की इस घड़ी में वे प्रभावित परिवारों के साथ हैं। मुख्यमंत्री ने सभी मृतक के परिजनों को तत्काल चार - चार लाख रुपए अनुग्रह अनुदान देने के निर्देश दिये हैं। मुख्यमंत्री ने लोगों से अपील की है कि सभी लोग खराब मौसम में पूरी सतर्कता बरतें। खराब मौसम होने पर वज्रपात से बचाव के लिये आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा समय-समय पर जारी किये गये सुझावों का अनुपालन करें।

### यूपी में रेलवे स्टेशनों पर बेचे जाएंगे ओडीओपी उत्पाद

लखनऊ। एक जिला एक उत्पाद (ओडीओपी) योजना से संबंधित चीजें अब उत्तर प्रदेश के रेलवे स्टेशनों पर उपलब्ध होंगे। वाराणसी में एक स्टेशन एक उत्पाद (ओएसओपी) पायलट परियोजना की सफलता ने लखनऊ मंडल को राज्य भर में इस योजना का विस्तार करने के लिए प्रेरित किया है।

# बिहार विधानमंडल में तीसरे दिन भी अग्निपथ पर विपक्ष का हंगामा

## राजद ने सदन का किया बहिष्कार, आज धरना पर बैठेंगे विपक्षी सदस्य

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

मानसून सत्र के तीसरे दिन भी बिहार विधानमंडल के दोनों सदनों में अग्निपथ योजना की गूंज सुनाई दी। इस स्कीम के खिलाफ में विपक्ष ने अक्रामक रूख अख्तियार कर लिया है। मंगलवार को तीसरे दिन भी विपक्ष ने सदन की कार्यवाही शुरू होते ही हंगामा शुरू कर दिया। विधानसभा और विधान परिषद में विपक्ष ने अग्निपथ योजना पर सदन में चर्चा के लिए कार्यस्थगन प्रस्ताव लाया। दोनों सदनों में विपक्ष के कार्यस्थगन को आसन द्वारा नामंजूर कर दिया गया। प्रस्ताव नामंजूर होने के बाद विपक्ष ने दोनों सदनों में जमकर हंगामा किया। विपक्ष के हंगामे से सदन की कार्यवाही बाधित रही। विधानसभा में तो राजद ने सदन की कार्यवाही का बहिष्कार करने का ऐलान कर दिया और सभी सदस्य सदन से वाकआउट कर गये। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि लोकतंत्र के मंदिर में जब तक हमारी बातों को नहीं सुना जाएगा तब तक हम सदन में नही जाएंगे। बुधवार को हमलोग विधानमंडल में कर्पूरी ठाकुर के प्रतिमा के नीचे धरना पर बैठेंगे। बिहार विधान परिषद में मंगलवार को प्रश्नोत्तर काल के पूर्व सदन की कार्यवाही शुरू होते ही राजद के सुनील कुमार सिंह द्वारा अग्निपथ योजना पर विशेष चर्चा कराने को लेकर पेश किए गए कार्यस्थगन प्रस्ताव को कार्यकारी सभापति अवधेश नारायण सिंह ने नामंजूर कर दिया। कहा कि बार-बार एक ही मुद्दे को लेकर कार्यस्थगन लाना उचित नहीं है। उन्होंने इसे उचित फोरम पर चर्चा के बाद लाने का नियमन दिया। हालांकि, सुनील कुमार सिंह एवं रामचंद्र पूर्वे ने अग्निपथ योजना के खिलाफ आंदोलन में शामिल छात्रों के परिवारों को प्रशासन द्वारा परेशान किए जाने की बात कही और इस पर चर्चा व छात्रों की रिहाई की मांग की। प्रश्नोत्तर काल के बाद परिषद के सचिव के माध्यम से बिहार छोआ (नियंत्रण) (संशोधन) विधेयक, 2022 पटल पर रखा गया। वहीं, प्रभारी मंत्री मंगल पांडेय ने शिक्षा विभाग की बिहार राज्य गैर सरकारी मान्यता प्राप्त अनुदानित मदरसा (मौलवी स्तर तक) शिक्षण और गैर शिक्षण कर्मचारी (नियुक्ति एवं सेवा शर्त) नियमावली, 2022, बिहार राज्य गैर सरकारी मान्यता प्रापत अनुदानित मदरसा प्रबंध समिति गठन नियमावली, 2022 एवं बिहार राज्य मदरसा शिक्षा बोर्ड नियमावली, 2022 की अधिसूचनाओं की एक-एक प्रति सदन पटल पर रखा।

अग्निपथ योजना को वापस लेने और गिरफ्तार निर्दोष युवकों को रिहा करने की मांग को लेकर राजद व कांग्रेस के सदस्यों ने मंगलवार को विधान परिषद की दूसरी पाली में जमकर हंगामा किया। विपक्षी सदस्य वेल में उतर गए और नारेबाजी शुरू कर दी। हंगामे की वजह से सभापति अवधेश नारायण सिंह ने विधान परिषद की कार्यवाही 5 मिनट बाद ही स्थगित कर दी।



### पूरे देश में हो रहा अग्निपथ का विरोध : राबड़ी

- बिहार विधान परिषद के नेता प्रतिपक्ष राबड़ी देवी के साथ राजद सदस्यों ने अग्निपथ योजना को लेकर सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। इस दौरान राबड़ी देवी ने कहा कि अग्निपथ आंदोलन के दौरान गिरफ्तार किए गए छात्रों को यथाशीघ्र सरकार छोड़ दे अगर ऐसा नहीं किया तो इसी तरह से प्रदर्शन जारी रहेगा । विपक्ष के आरोप का जवाब देते हुए पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि पूरे देश में इस योजना का विरोध हो रहा है तो क्या हर जगह राजद के कार्यकर्ता जा रहे हैं आगजनी करने के लिए। इस योजना को लेकर सिर्फ बिहार नहीं, बल्कि हर राज्य में विरोध हो रहा है।

### गिरफ्तार किए गए युवकों को रिहा करे सरकार : तेजस्वी



- अग्निपथ योजना का विरोध कर रहे राष्ट्रीय जनता दल ने मंगलवार को बिहार विधानमंडल के सत्र बहिष्कार का ऐलान किया। साथ ही बुधवार को विधानमंडल में कर्पूरी ठाकुर की प्रतिमा के समक्ष धरना देने की घोषणा की । विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने अग्निपथ योजना को लेकर सरकार की जमकर खिंचाई की। कहा कि लोकतंत्र के मंदिर में जब तक हमारी बातों को नहीं सुना जाएगा तब तक हम सदन में नही जाएंगे। उन्होंने कहा सत्ताधारी दल पर सदन में तानाशाह वाला रवैया अपनाने का आरोप लगाया। कहा कि सत्ताधारी दल सदन चलने नही देना चाहते हैं। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि अग्नि पथ योजना को लेकर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का स्टैंड क्या है ये साफ होना चाहिए। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष संजय जायसवाल ने सरकार और मुख्यमंत्री पर गंभीर आरोप लगाए हैं। ऐसे में इन मुद्दों पर नीतीश कुमार को अपनी स्थिति साफ करनी चाहिए। तेजस्वी ने कहा कि ये मुद्दा देश के साथ साथ बिहार का भी है। इस आंदोलन में कई छात्रों पर मामला दर्ज कर लिया गया है। हमारी मांग है कि उन पर दर्ज मुकद्मे को वापस लिया जाए। उन्होंने कहा कि हमारी मांग रही है कि सदन में अग्निपथ पर चर्चा होनी चाहिए। लेकिन हमारी मांग को नामंजूर कर दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि अगर अग्निवीर योजना इतनी अच्छी है तो ये सिर्फ सैनिक पर क्यों लागू किया जा रहा है बड़े अधिकारियों पर क्यू नही लागू किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि अग्निपथ को लेकर देश के युवा आशंकित हैं। इसी कारण युवाओं ने आंदोलन किया। क्या अपनी मांग को लेकर सड़क पर उतरना गुनाह है? आप ऐसे युवाओं को जेल में बंद कर देंगे।

# नागालैंड में सिविल सोसाइटी के साथ कल बैठक करेगा जदयू

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष ललन सिंह के नेतृत्व में जदयू का प्रतिनिधिमंडल नागालैंड में विभिन्न सोसाइट और बुद्धिजीवियों के साथ 30 जून को बैठक करेगा और वहां की वास्तविक स्थिति को समझेगा। जदयू के राष्ट्रीय महासचिव आफाक अहमद खान ने कहा है कि यह प्रतिनिधिमंडल 29 जून से एक जुलाई तक नागालैंड के दौरे पर लोकनायक जयप्रकाश नारायण को विशिष्ट श्रद्धासुमन अर्पित करने जा रहा है।

प्रेस विज्ञप्ति जारी कर जदयू ने कहा है कि जयप्रकाश नारायण का योगदान नागालैंड और वहां की जनता के प्रति बहुत बड़ा है। वर्ष 1960 में उन्होंने भारत सरकार द्वारा गठित शांति मिशन के सदस्य के रूप में नागालैंड के हर हिस्से की यात्रा की और उनकी समस्या के स्वरूप, उसके मिजाज, राजनीतिक आंदोलन और आजादी की लड़ाई को समझा।

उन्होंने भारत सरकार को आगाह किया की सीमा पर अस्थिर और असंतुष्ट नागालैंड देश के हितों के लिए नुकसानदेह है। इसलिए इसका समाधान ढूंढ़ना आवश्यक है कि नागालैंड की राजनीतिक समस्या, जिसको सुलझाने के जयप्रकाश नारायण प्रखर समर्थक रहे, आज भी उन समस्याओं के कारण नागा आर्म्ड ग्रुप, भारतीय सेना के जवान और निर्दोष लोग मारे जा रहे हैं। जदयू यह मानता है कि वर्ष 1960 के शांति मिशन ने जिसमें जयप्रकाश नारायण के अलावा इंगलैंड के माइकल स्कॉट, असम के तत्कालीन मुख्यमंत्री बिमला प्रसाद वालिया द्वारा नागालैंड की समस्या को सुलझाने के लिए भारत सरकार को जिन 17 बिंदुओं को सुझाया था, वो आज भी प्रासंगिक हैं।

मालूम हो कि जदयू ने 11 अक्टूबर, 2018 में भी जेपी की 116 वीं जयंती के अवसर पर नागालैंड में जेपी स्मारक कार्यक्रम का आयोजन किया था, जिसमें राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश जी मुख्य अतिथि थे। प्रतिनिधिमंडल में पार्टी के नेता आफाक अहमद खान, हर्षवर्धन सिंह, कौशलेंद्र कुमार, रामप्रीत मंडल और अनिल हेगड़े शामिल हैं।

### विवि के सभी पदाधिकारी छात्रहित में आपसी समन्वय से कार्य करें : फागू चौहान

पटना। राज्यपाल सह कुलाधिपति फागू चैहान के निदेश पर राजभवन में कामेश्वर सिंह दरभंगा संस्कृत विश्वविद्यालय, दरभंगा के कुलपति, प्रतिकुलपति एवं कुलसचिव के साथ समीक्षा बैठक की गई, जिसमें विश्वविद्यालय की विभिन्न गतिविधियों एवं समस्याओं व उनके निदान के संबंध में विस्तृत चर्चा हुई। विभिन्न जन-प्रतिनिधियों एवं अन्य स्त्रोतों से इस विश्वविद्यालय के संबंध में प्राप्त अनियमितता संबंधी शिकायतों के आलोक में यह बैठक आयोजित की गई। बैठक में विश्वविद्यालय में सुचारू रूप से पढ़ाई जारी रखने तथा परीक्षाओं का नियमित एवं ससमय आयोजन सुनिश्चित करने हेतु शैक्षणिक एवं परीक्षा कैलेण्डर को प्रभावी ढंग से लागू करने का निदेश दिया गया। राज्यपाल के प्रधान सचिव ने निदेश दिया कि विश्वविद्यालय के सभी पदाधिकारी छात्रहित में आपसी समन्वय से कार्य करें।

**नियुक्ति पत्र** टीचर ट्रेनिंग कॉलेज के 356 व्याख्याताओं को शिक्षा मंत्री ने दिया नियुक्ति पत्र

# प्रशिक्षण एवं निरीक्षण शिक्षा की गुणवत्ता के महत्वपूर्ण पहलू : चौधरी

पटना, प्रात : किरण संवाददाता



शिक्षा मंत्री विजय कुमार चौधरी ने राज्य के विभिन्न शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय में बिहार लोक सेवा आयोग की अनुशंसा के बाद नवनियुक्त 356 व्याख्याताओं को नियुक्ति पत्र वितरित किया। इन मौके पर फाउंडेशन कोर्स के 53, समावेशी शिक्षा के 32, शैक्षिक प्रौद्योगिकी के 18, योजना एवं शोध के 31, हिंदी 20, अंग्रेजी 17, उर्दू 11, संस्कृत 6, गणित 11, भौतिकी 23, रसायन शास्त्र 22, वनस्पति विज्ञान 19, प्राणी विज्ञान 22 और सामाजिक विज्ञान के 61 व्वाख्याय्ताओं को नियुक्ति पत्र वितरित किए गए। बताते चलें कि राज्य में चार प्रकार के शिक्षक प्रशिक्षण संस्थान हैं। जिसमें 6 अध्यापक शिक्षण महाविद्यालय, 33 जिला शिक्षक एवं प्रशिक्षण संस्थान, 23 प्राथमिक शिक्षक शिक्षा महाविद्यालय और चार प्रखंड शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान है। इन संस्थानों में कुल 993 पद स्वीकृत हैं। जिसमें पहले से 456 व्याख्याता कार्यरत हैं। 356 व्याख्याताओं के पद स्थापना और नियुक्ति के बाद अब केवल 181 रिक्तियां रह गई है। जिसे शीघ्र भरने का प्रयास विभाग द्वारा किया जा रहा है। शिक्षा मंत्री विजय कुमार चौधरी ने व्वाख्याताओं को संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार के दो प्रमुख उपाय हैं प्रशिक्षण एवं निरीक्षण। इस दृष्टिकोण से नवनियुक्त व्याख्याता की राज्य की शिक्षा व्यवस्था की गुणवत्ता सुधार में महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने कहा कि विभाग नवनियुक्त व्याख्याताओं की सभी सुविधाओं का ख्याल रखेगी। वहीं उन्होंने कहा की नवनियुक्त व्याख्याता अपना शत प्रतिशत योगदान निर्धारित भूमिका को निभाने में दें। उन्होंने यह भी कहा कि विभाग का चेहरा दूरस्थ प्राथमिक विद्यालय के शिक्षक द्वारा किए गए शिक्षा दान में निहित है। उसको के द्वारा गुणवत्तापूर्ण शिक्षा दिया जाए, यह उनके प्रशिक्षण पर बहुत हद तक निर्भर करता है। जिसकी भूमिका शिक्षक प्रशिक्षण संस्थान निभाते हैं। इसलिए इन व्याख्याताओं की अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका है। वहीं व्याख्याताओं को संबोधित करते हुए अपर मुख्य सचिव दीपक कहा कि राष्ट्रीय स्तर पर नई शिक्षा नीति के लागू होने के बाद विद्यालय में पढ़ाए जाने वाले पाठ्यक्रम और पढ़ाई तथा मूल्यांकन के तरीकों में काफी बदलाव आए हैं। इन नए पाठ्यक्रम और नए तरीकों में प्रशिक्षण की जिम्मेवारी प्रशिक्षण संस्थान की है। यह उम्मीद है कि नवनियुक्त व्याख्याता अपने योगदान को इस क्षेत्र में प्रदर्शित करेंगे।

**समस्या**

- राज्य में दूर होगी शिक्षकों के प्रशिक्षण की समस्या

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें
@Pratahkiran www.pratahkiran.com

राष्ट्रीय दैनिक प्रातःकिरण
पटना, बुधवार, 29 जून 2022



## संक्षिप्त खबरें

### शराब के साथ तस्कर हुआ गिरफ्तार, भेजा गया जेल

मधुबनी। मधुबनी जिले के घोघरडीहा पुलिस ने 40 बोतल शराब के साथ एक कारोबारी एवं तीन पियक्कर को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार धंधेबाज फुलपरास थाना क्षेत्र के इनरबा गांव निवासी हीरा लाल यादव व नशेबाज घोघरडीहा थाना क्षेत्र के दिघीया टोल के रामेश्वर कामत व अमीर मुखिया एवं परसा गांव के रोहित कुमार शामिल है। नशेबाज रामेश्वर कामत व अमीर मुखिया के बताने पर इनरबा निवासी हीरा लाल यादव को दिघीया टोल जाने वाली रास्ते मे एक झोला में छुपाकर बेचते हुए पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। वहीं परसा निवासी को नशे की हालत में परसा गांव से गिरफ्तार किया। इस सबंध में थानाध्यक्ष सर्वेश कुमार झा ने बताया कि मामले में उत्पाद अधिनियम के तहत एफआईआर दर्ज कर गिरफ्तार धंधेबाज व नशेबाज को जेल भेज दिया गया।

### शराब के नशे में दो युवक गिरफ्तार

मधुबनी। मधुबनी जिले के हरलाखी थाना की पुलिस ने रात्रि गस्ती के क्रम में शराब के नशे में दो युवक को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार युवक की पहचान स्थानीय थाना क्षेत्र के हरिने गांव निवासी मो. अलाउद्दीन व अब्दुल रहमान के रूप में किया गया है। जानकारी के अनुसार सोमवार की रात थानाध्यक्ष स्वयं सशस्त्र बलों के साथ रात्रि गस्ती में निकले हुए थे। इसी क्रम में विशौल गांव के समीप शराब पीकर आ रहे दोनों युवक को गिरफ्तार किया गया। इस बाबत थानाध्यक्ष अनोज कुमार ने बताया कि गिरफ्तार दोनों युवक को शराब पीने की चिकित्सीय पुष्टि हो जाने के बाद न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

### मत्स्य जीवी सहयोग समिति के मतदान देर शाम तक चलती रही

मधुबनी। मधुबनी जिले के खुटौना प्रखंड मुख्यालय स्थित प्रशिक्षण भवन में मंगलवार को मत्स्यजीवी सहयोग समिति का मतदान देर शाम तक समाचार संप्रेषण तक चलता रहा। यहाँ 2 मतदान केंद्र बनाए गए थे। दोनों मतदान केंद्रों पर लंबी लंबी कतारें देखी गई, जिसमें महिलाओं की संख्या ज्यादा थी। शहर से दिव्यांग तथा मूकबधिर महिलाएं ने भी अपना मतदान का प्रयोग किया, जिसे उनके परिवार के सदस्यों ने गोद में उठाकर मतदान केंद्र पर ले गए। जानकारी के अनुसार बूथ संख्या एक पर कुल मतदाताओं की संख्या 488 है, जिसमें महिला 182 तथा पुरुष मतदाता 306 है। इसी तरह बूथ संख्या दो पर कुल मत 487 है, जिसमें महिला मतदाताओं की संख्या 190 तथा पुरुष की 297 है। जिसमें समाचार लिखे जाने तक खुले 279 मतदान गिर चुके थे। बता दें कि समाचार संप्रेषण तक दोनों बूथ मिलाकर कुल 514 मत मत गिर चुके थे। मतदान शांतिपूर्ण ढंग से हो रही थी, कहीं से भी किसी अप्रिय घटना की जानकारी नहीं मिली है।

### एटीएम की सुरक्षा खतरे में

मधुबनी। मधुबनी जिले के घोघरडीहा प्रखंड मुख्यालय में भारतीय स्टेट बैंक के एटीएम की सुरक्षा खतरे में है। कभी भी कोई अप्रिय घटना घट सकती है। घोघरडीहा बाजार में एसबीआई का इकलौता एटीएम मशीन रहने के कारण राशि निकासी करने वाले ग्राहकों की अच्छी खासी भीड़ रहती है, लेकिन एटीएम मशीन की सुरक्षा में नियुक्त गार्ड अक्सर नदारद ही रहते हैं। सोमवार की देर शाम स्टेशन चौक स्थित भारत गैस एजेंसी में डकैतों ने हथियार के दम पर आठ लाख रुपए नकदी लूट लिया, जिससे पूरे बाजार में हड़कंप मचा हुआ है। ऐसे में एसबीआई के एटीएम मशीन की सुरक्षा में गार्ड का नही होना कई तरह के सवालों को जन्म देता है। गार्ड के रहने से केवल सिर्फ अपराधियों से ही एटीएम की सुरक्षा नही होती है, बल्कि एटीएम कार्ड फ्रॉड करने वालों से भी ग्राहकों की सुरक्षा होती है। एटीएम मशीन पर सुरक्षा गार्ड नही रहने के बाबत शाखा प्रबंधक से मोबाइल पर सम्पर्क करने का प्रयास विफल रहा।

### शिक्षक संघ का चुनाव सम्पन्न

मधुबनी। मधुबनी जिले के जयनगर प्लस टू उच्च विद्यालय में बिहार माध्यमिक शिक्षक संघ जयनगर अनुमंडल इकाई का अनुमण्डल स्तरीय संघ का चुनाव सम्पन्न हुआ। अनुमण्डल स्तरीय शिक्षक संघ के प्लस टू हाई स्कूल जयनगर के राकेश रोशन झा को अनुमंडल सचिव निर्वाचित घोषित हुए। वही अध्यक्ष पद पर डॉ० उमेश कुमार, संयुक्त सचिव पद पर संजीव कुमार, अमरेंद्र कुमार, राज कुमार यादव, प्रदीप दिवाकर मो० इरफान को निर्वाचित घोषित किया गया। कोषाध्यक्ष के पद पर दिलीप पासवान, मूल्यांकन परिषद के लिए अनंत लाल राय और राजीव कुमार को निर्वाचित घोषित किया गया।

# गरीब और असहाय किडनी के मरीजों के लिए संजीवनी बनी डायलिसिस सेवा

मधुबनी, प्रात: किरण संवाददाता



**सुविधा**

- राशन कार्ड धारकों को नि:शुल्क सुविधा
- प्रधानमंत्री राष्ट्रीय डायलिसिस कार्यक्रम के तहत प्रदान की जा रही सुविधा
- अब तक 2881 मरीजों को मिला सुविधा का लाभ

मधुबनी सदर अस्पताल में शुरू की गयी डायलिसिस यूनिट कोरोना काल में कई मरीजों के लिए संजीवनी साबित हुयी है। डायलिसिस की जरूरत होने पर पहले लोगों को निजी अस्पतालों के चक्कर लगाने पड़ते एवं इसके लिए उन्हें बड़ी धनराशि भी खर्च करनी पड़ती थी, लेकिन जिले में डायलिसिस यूनिट की शुरूआत होने से इस समस्या से लोगों को निजात मिल रही है। विशेषकर ऐसे गरीब लोगों को अधिक फायदा हुआ है, जो डायलिसिस के लिए निजी अस्पताल में अधिक पैसे खर्च करने में असमर्थ होते थे। सिविल सर्जन डॉ० सुनील कुमार झा ने बताया डायलिसिस केंद्र का उद्घाटन सितंबर,2020 में किया गया था।

तब से लेकर अब तक लगातार मरीजों को डायलिसिस की सुविधा मिल रही है। केंद्र की स्थापना प्रधानमंत्री राष्ट्रीय डायलिसिस कार्यक्रम के तहत अपोलो डायलिसिस प्राइवेट लिमिटेड कंपनी के द्वारा की गई है। इस सेंटर में 5 बेड की व्यवस्था की गई है, और विश्व स्वास्थ संगठन तथा भारत सरकार के स्वास्थ्य मंत्रालय के दिशा निदेर्शों के अनुरूप सभी मानकों को पूरा किया गया है। वर्तमान मे ह्यकिडनी रोगह्व से जिले के सदर अस्पताल में 28 लोग इलाजरत हैं, जिन्हें डायलिसिस की सुविधा प्रदान की जा रही है। वहीं जिले में अब तक 2881 मरीजों को सुविधा का लाभ मिला है, जिसमें अधिकतर लोग राशन कार्ड धारी हैं। किडनी के रोगों से बचाव के लिए लोगों को नियमित रूप से जांच करानी चाहिए और साथ ही, सेहतमंद जीवनशैली को अपनाना चाहिए।

**राशन कार्डधारकों को नि:शुल्क सुविधा:**
डायलिसिस प्रभारी रौशन कुमार झा ने बताया यह सुविधा राशन कार्ड धारियों को नि:शुल्क उपलब्ध करायी जाती है। जिन लोगों के पास राशन कार्ड की सुविधा नहीं है, उन्हें 1745 रुपए जमा करने पर यह सुविधा उपलब्ध कराई जाती है।

**क्या है डायलिसिस:**
डायलिसिस ब्लड प्यूरिफिकेशन यानी खून को शुद्ध करने की एक कृत्रिम विधि या आर्टिफिशियल तरीका होता है। इस प्रक्रिया में मरीजों के खून में जमा कचरा, विषाक्त पदार्थ और पानी की अधिक मात्रा को निकाला जाता है। डायलिसिस से शरीर में इलेक्ट्रोलाइट संतुलन भी बना रहता है, लिहजा क्रोनिक किडनी डिजिज (सीकेडी) से पीड़ित मरीजों को डायलिसिस के जरिए शरीर में यह महत्वपूर्ण संतुलन बनाए रखने में मदद मिलती है।

**कब पड़ती है डायलिसिस प्रक्रिया की जरूरत:**
डॉ० डी.एस. मिश्रा ने बताया डायलिसिस की प्रक्रिया को तब अपनाया जाता है, जब किसी व्यक्ति के गुर्दे (किडनी) सही से काम नहीं कर रहे होते हैं। यानी किडनी पूरी तरह से फेल हो जाता। किडनी से जुड़े रोगों, लंबे समय से डायबिटीज के रोगी, उच्च रक्तचाप जैसी स्थितियों में कई बार डायलसिस की आवश्यकता पड़ती है।

**अब तक 2881 मरीजों को मिला सुविधा का लाभ:**
अस्पताल प्रबंधन से मिली जानकारी के अनुसार अब तक 2881 मरीजों को डायलिसिस सुविधा का लाभ मिला है। जिसमें वर्ष 2020 में सितंबर में 27, अक्टूबर में 36, नवंबर में 34, दिसंबर में 44 ,वर्ष 2021 में जनवरी 80, फरवरी 105, मार्च 142, अप्रैल 142, मई 98, जून 146,जुलाई 165, अगस्त 147, सितंबर 137, अक्टूबर 147,नवंबर 149, दिसंबर 144 वहीं वर्ष 2022 के जनवरी 149, फरवरी 154, मार्च में 206,अप्रैल में 199, मई 201 और जून में अब तक 229 मरीजों को डायलिसिस सुविधा का लाभ दिया गया है।

## डीएम ने जिले के लंबित/निष्पादित से संबंधित सभी वादों का किया समीक्षा



मधुबनी, प्रात: किरण संवाददाता

मधुबनी जिलाधिकारी अरविन्द कुमार वर्मा की अध्यक्षता में समाहरणालय स्थित सभाकक्ष में जिले के लंबित/निष्पादित (सामान्य वाद/स्पीडी ट्रायल) से संबंधित सभी वादों की समीक्षा बैठक आयोजित हुई।

जिलाधिकारी ने न्याय प्रक्रिया में विलंब एवम अन्य समस्याओं को लेकर गहन समीक्षा किया। उन्होंने कहा कि न्यायालय पक्ष, चिकित्सीय पहलुओं और पुलिस के अनुसंधान से जुड़े बिंदुओं के आपसी समन्वय से तेजी से मामले का निपटारा किया जा सकता है। उन्होंने इसको लेकर आपसी समन्वय के लिए जल्द ही जिलास्तरीय कार्यशाला के आयोजन करने की भी बात कही। उन्होंने पॉक्सो, उत्पाद व स्पीडी ट्रायल के मामलों पर गंभीरता से कदम उठाने पर बल दिया। साथ ही, गवाहों की अनुपस्थिति के मामलों पर गंभीर दिखे एवं इसको लेकर आवश्यक कदम उठाने का भी निर्देश दिया।

उक्त बैठक में पुलिस अधीक्षक, सुशील कुमार, प्रभारी विधि शाखा, विकास कुमार, जिला अभियोजन पदाधिकारी, पुलिस उपाधीक्षक मुख्यालय, नोडल पदाधिकारी, अभियोजन कार्यालय, उत्पाद अधीक्षक सहित सभी संबंधित लोक अभियोजक मौजूद थे।

## अलग-अलग मामले शराब समेत चोरी की बाईक के साथ दस गिरफ्तार



मधुबनी, प्रात: किरण संवाददाता

मधुबनी जिले के देवधा थाना पुलिस के द्वारा अलग अलग मामले में दस आरोपियों को गिरफ्तार किया। जिसमें छः लोगों के शराब पीने, दो लोगों को चोरी की दो बाईक और दो लोगों शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। देवधा थाना अध्यक्ष रमेश कुमार के नेतृत्व में थाना क्षेत्र में समकालीन अभियान के तहत छः पियक्कड़ों के साथ साथ दो चोरी के दो बाईक के साथ दो शातिर चोर को गिरफ्तार किया गया। इस बाबत थाना अध्यक्ष रमेश कुमार के द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार गिरफ्तार बाईक चोर खजौली थाना क्षेत्र के बिरौल गोठ टोल निवासी झगरू यादव का पुत्र मुकेश कुमार उर्फ अमित एवं दूसरा आरोपी चोर देवधा थाना क्षेत्र के पिठवा टोल निवासी लक्ष्मेश्वर मुखिया का पुत्र रामकुमार मुखिया बताया जाता है। वही थाना क्षेत्र में पुलिस बल के द्वारा गस्ती के दौरान पिठवाटोल भूतनाथ मन्दिर के पास से 330 बोतल 99 लीटर नेपाली देशी शराब के साथ दो शराब धंधेबाजों को गिरफ्तार किया गया। शराब के साथ गिरफ्तार आरोपी मुज्जफरपुर जिला के गायघाट थाना क्षेत्र निवासी महिशवारा गाँव निवासी अकलू महतो का पुत्र कमलेश कुमार महतो एवं देवधा थाना क्षेत्र के पिठवा टोल निवासी लक्ष्मेश्वर मुखिया पुत्र शिव कुमार मुखिया बातया जाता है।

## प्रखंड मत्स्यजीव सहयोग समिति के निर्वाचितों को मिला प्रमाण पत्र

**मधुबनी।** मधुबनी जिले के खजौली प्रखंड मत्स्यजीवी सहयोग समिति के सभी निर्विरोध निर्वाचित सदस्यों को निर्वाचन पदाधिकारी (सस) सह बीडीओ मनीष कुमार द्वारा मंगलवार को अपने कार्यालय प्रकोष्ठ में निर्वाचन प्रमाण पत्र दिया गया। इस दौरान प्रखंड मत्स्यजीव सहयोग समिति के अध्यक्ष के रुप में निर्वाचित गोलिया देवी, मंत्री सह कोषाध्यक्ष के रुप में निर्वाचित फीरन मुखिया, सदस्य के रुप में निर्वाचित राजेन्द्र सहनी, धनेश्वर सहनी, राजेन्द्र मुखिया, अमीरिया देवी, जीबछी देवी, भोगेन्द्र सहनी, गीता देवी, अशोक सहनी, शीला देवी एवं घुरणी देवी को निर्वाचन प्रमाण पत्र दिया गया। निर्वाचन प्रमाण पत्र प्राप्त कर निर्वाचित सभी सदस्य काफी खुश दिखे। उल्लेखनीय है कि प्रखंड में प्रखंड मत्स्यजीव सहयोग समिति के अध्यक्ष, कोषाध्यक्ष सह मंत्री एवं सदस्य सहित सभी तेरह पदों पर केवल एक-एक ही नामांकन हुआ था। नाम वापसी एवं संवीक्षा के उपरान्त सभी का नामांकन वैध पाए जाने पर निर्वाचन पदाधिकारी (सस) सह बीडीओ द्वारा सभी को निर्विरोध निर्वाचित घोषित करते हुए मंगलवार को निर्वाचन प्रमाण पत्र दिया गया।

# किसानों की समस्याओं को लेकर राजद किसान प्रकोष्ठ की अहम बैठक आयोजित

मधुबनी, प्रात: किरण संवाददाता




किसानों की कई समस्याओं जैसे किसानों को सब्सिडी नहीं मिलने, डीजल अनुदान की राशि नहीं मिलने, फसल क्षतिपूर्ति की राशि से वंचित रखने, धान खरीदने में बिचौलिया के हावी रहने सहित नदियों के बांध के भीतर बसे ग्रामीण इलाकों में सरकारी कर्मचारियों की उदासीनता से किसानों को सरकार प्रदत्त लाभ नहीं मिलने को लेकर किसान प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष देवनारायण यादव की अध्यक्षता मे डी.एन.वाई. कॉलेज,मधुबनी मे एकदिवसीय अहम बैठक आयोजित की गई।

प्रधान महासचिव अरुण कुमार सिंह ने बैठक का संचालन करते हुए मुख्य अतिथि किसान प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष सुबोध कुमार यादव एवं युवा राजद के प्रदेश सचिव राजीव सिंह को मिथिला के परंपरा के अनुसार पाग, दोपट्टा एवं फूल का माला पहनाकर स्वागत किया। बैठक को संबोधित करते हुए किसान प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष सुबोध कुमार यादव ने कहा कि केंद्र व प्रदेश की भाजपा जदयू सरकार किसानों को उनकी फसलों के आज तक उचित दाम नहीं दे पाई है। किसान आत्महत्या करने पर मजबूर है। एनडीए की सरकार ने कृषि बिल का तीन काला कानून थोपने का काम किया था। बड़े आंदोलन के बाद सरकार को यह काला कानून वापस लेना पड़ा। किसान आर्थिक रूप से बर्बाद होता जा रहा है। किसान की दयनीय हालत के लिए भाजपा सरकार जिम्मेवार है। उन्होंने कहा कि एक ओर तो भाजपा सरकार 2022 तक किसानों की आमदनी दोगुनी करनी की बात कर रही है, लेकिन मौजूदा समय में किसानों को उनकी फसलों का समर्थन मूल्य भी नहीं मिल रहा है। किसानों को फसलों के लाभकारी भाव देने का वायदा कर सत्ता में आने वाली सरकार वायदा खिलाफी कर रही है। उन्होंने बताया की इस बैठक मे संगठन की मजबूती एवं राजद के सदस्यता अभियान को लेकर भी विस्तृत रूप से चर्चा की गई। बैठक को राजद के वरिष्ठ नेता अरुण कुमार चौधरी, राजकुमार यादव, जिला प्रवक्ता इन्द्रजीत राय, प्रखंड अध्यक्ष डॉ० धनवीर यादव, उमेश कुमार यादव, राजेन्द्र यादव, शिवशंकर यादव, उमेश राम, केशव प्रसाद यादव, बैजनाथ पासवान, दिनेश कुमार यादव, कृष्णदेव यादव, शम्भू कुमार, राम चन्द्र यादव, भोरिल मुखिया, रामप्रसाद मुखिया, अरुण कुमार यादव, अमरनाथ राय सहित अन्य ने संबोधित किया।

# पुनपुन लोहा पुल की जगह नया पुल का होगा निर्माण : केशर प्रसाद

**योजना**

- लोक शिकायत निवारण द्वारा सूचना के आधार पर 14 करोड़, 77 लाख, 57 हजार की लागत से बनेगा नया पुल

फतुहा, प्रात: किरण संवाददाता



शहर के ऐतिहासिक लोहा पुल जो पिछले वर्ष क्षतिग्रस्त हो गया था उसके जगह पर नया पुल निर्माण का रास्ता साफ हो गया है। इस संबंध में पार्षद केशर प्रसाद ने पुनपुन लोहा पुल निर्माण हेतु लोक शिकायत निवारण विभाग सहित राज्यपाल महोदय तक दिनांक 22/03/22 को एक पत्र लिखा गया था जिसमें दिनांक 28 जून 22 को दोपहर 12 बजे सुनवाई में पार्षद केशर प्रसाद और टीम सोशल सर्विस से अनिल राज शामिल हुए। इस संबंध में लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी श्रीमती सीमा देवी ने जानकारी देते हुए बताया कि ऐतिहासिक क्षतिग्रस्त पुनपुन लोहा पुल पर नया पुल निर्माण हेतु चौदह करोड़, सत्तहतर लाख, संतावन हजार रुपए (14,77,57000) की प्राक्कलित राशि स्वीकृत हो गई है। संभवतः पुल निर्माण कार्य फरवरी 2023 से पूर्व शुरू हो जाएगा। वहीं पुल निर्माण कार्य होने का रास्ता साफ होने से धरना प्रदर्शन में शामिल होने वाले वरिष्ठ पत्रकार डॉ लक्ष्मी नारायण सिंह, वरिष्ठ भाजपा नेता अनिल कुमार शर्मा, महेंद्र पासवान, राजन पासवान (टीम सोशल सर्विस), सुधीर पासवान, रामयतन यादव, अनिल कुमार साह, गणेश कुमार सिंह, दिवाकर पासवान, संजय पासवान, रणधीर कुमार, प्रदीप आर्यन, भीम साह, शत्रुघन कुमार सिंह, गणेश कुमार सिंह, नागेंद्र कुमार सिंह, मुंद्रिका प्रसाद सिंह, विवेक मोदनवाल, अनिल चंद्रवंशी, अखिलेश कुमार तिवारी, बबलू साह, दिलीप कुमार साह, सत्येंद्र पासवान, मुन्ना कुमार यादव सहित अन्य लोगों ने खुशी जाहिर किया है और इस सुखद समाचार से पूरे फतुहा वासियों में हर्ष का माहौल है।

## कदाचारमुक्त व भयमुक्त मत्स्यजीवी चुनाव हुआ सम्पन्न

**मधुबनी।** मधुबनी जिले के हरलाखी प्रखंड मुख्यालय में मत्स्यजीवी सहयोग समिति की चुनाव कड़े सुरक्षा के बीच मंगलवार को शांतिपूर्ण तरीके से सम्पन्न हुआ। इस दौरान अहले सुबह से हो रही झमाझम बारिश के बाबजूद मतदाताओं का उत्साह चरम पर था। खासकर महिलाओं में काफी उत्साह देखा गया। दिन भर बारिश होने से मतदाताओं को थोड़ी परेशानी भी उठाना पड़ा। खासकर उन मतदाताओं को जो छोटे-छोटे बच्चों को लेकर मतदान के लिए पहुंचे हुए थे। फिर भी अपने चहेते अभियर्थियों की जीत का कयास लगाए मतदाता मालिकों ने उत्साह बरकरार रखा। मतदाताओं की सुविधा के लिए तीन मतदान केंद्र बनाए गये थे जिसमें बीडीओ प्रकोष्ठ, सीओ प्रकोष्ठ व प्रधान लिपिक कार्यालय। उक्त तीनों बूथों पर मतदाताओं का लंबी कतार लगी रही। सुबह सात बजे से मतदान शुरू और शाम करीब साढ़े चार बजे तक सम्पन्न हो गया। चुनाव को कदाचारमुक्त व भयमुक्त बनाने के लिए सुरक्षा का कमान थानाध्यक्ष अनोज कुमार संभाले हुए थे।

# बिहार पंचायत नगर प्रारंभिक शिक्षक संघ मूल प्रखण्ड इकाई की बैठक आयोजित

मधुबनी, प्रात: किरण संवाददाता




मधुबनी जिले के बिस्फी प्रखण्ड क्षेत्र के 10+2 उच्च विद्यालय नाहस खंगरैठा के सभागार में बिहार पंचायत नगर प्रारंभिक शिक्षक संघ मूल प्रखण्ड इकाई बिस्फी की मैराथन बैठक संघ मूल प्रखण्ड इकाई की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता अध्यक्ष दिनेश यादव की अध्यक्षता में की गई। संचालन कार्यालय सचिव राणा प्रताप ने किया।

जिला पर्यवेक्षक मोहम्मद साबीर और विश्वनाथ राय ने संयुक्त रूप से शिक्षकों को सम्बोधित करते हुए कहा कि एक जुलाई 2022 को बिहार पंचायत नगर प्रारंभिक शिक्षक संघ मूल जिला इकाई मधुबनी के तत्वावधान में 16वीं स्थापना दिवस समारोह कार्यक्रम में शिक्षकों कि अधिक से अधिक संख्या में पहूँच कर उक्त कार्यक्रम को सफल बनायें। साथ ही साथ प्रखण्डाधिन शिक्षकों की सभी समस्याओ का जिला इकाई शीघ्र निदान करने का आश्वासन दिया। बैठक में निम्नलिखित समस्याओ पर विचार विमर्श किया गया। डीपीई बकाया एरियर संबंधित राज्य कमिटि को ज्ञापन देने पर निर्णय लिया गया। 15%वृद्धि बकाया एरियर का भुगतान अविलम्ब हो। डीएलएड उत्तीर्ण शिक्षको का बकाया एरियर का भुगतान। नवनियुक्त शिक्षकों का वेतन भुगतान किया जाए। नियोजित शिक्षकों का जिला स्थानांतरण नहीं होने से शिक्षको के साथ सरकार सोतेपन व्यवहार कर रही है, जो दुःखनीय है। उक्त बातें जिला अध्यक्ष राजू यादव जी ने कहीं। उन्होने शिक्षकों को सम्बोधित करते हुए कहा कि नियोजित शिक्षको को तीन महीने से वेतन भुगतान नही होने से शिक्षकों की आर्थिक स्थिति काफी दयनीय हो गई है। ससमय वेतन भुगतान नहीं होने पर जोड़दार आंदोलन किया जाएगा। बैठक में जिला उपाध्यक्ष मोहम्मद अहमद हुसैन, प्रखण्ड प्रधान सचिव दिलीप कुमार महतो, सत्यनारायण ठाकुर, महिला प्रभारी बिभा कुमारी, प्रखण्ड सचिव संतोष कुमार शर्मा, प्रखण्ड उपाध्यक्ष रविन्द्र मोहन, अनिल कुमार, महाराणा प्रताप और तिलेश्वर राम सहित लोग उपस्थित थे।

## कल्याणेश्वर मंदिर परिसर में चलाया गया स्वक्षता अभियान

मधुबनी, प्रात: किरण संवाददाता

मधुबनी जिले के हरलाखी प्रखंड के कल्याणेश्वर महादेव मंदिर परिसर में कार्मेश्व मानव सेवा संस्थान के तत्वावधान में स्वक्षता अभियान चलाया गया। स्वक्षता अभियान की शुरूआत धार्मिक संस्था के अध्यक्ष पंडित चंदेश्वर बाबा के द्वारा महादेव मंदिर में दीप प्रज्वलित के साथ किया गया। इस दौरान संस्था के सदस्यों के द्वारा मंदिर परिसर का साफ सफाई किया गया।

उसके बाद ब्लीचिंग पाउडर का छिड़काव किया गया। इस अवसर पर पंडित चंदेश्वर बाबा ने कहा कि हमारी संस्था की ओर से बारी-बारी से सभी धर्मस्थलों में स्वक्षता अभियान चलाया जाएगा। उन्होंने कहा कि मनुष्य को तन और मन के साथ साथ अपने आसपास की साफ सफाई रखना चाहिए। साफ सफाई के बिना स्वच्छ जीवन का कल्पना भी बेकार है। इस अभियान का उद्देश्य है कि स्वक्षता के प्रति अधिक से अधिक लोगों को जागरूक करना। वहीं कार्यक्रम की समापन पर मंदिर परिसर में भंडारे का भी आयोजन किया गया, जहां प्रसाद के रूप में दर्जनों भक्तों ने भंडारा पाया। वहीं संस्था के द्वारा किए जा रहे कार्यो को लोगों ने जमकर सराहना की।

इस अवसर पर संस्था का सचिव झोली यादव, कोषाध्यक्ष मिथिलेश कुमार, राजलाल यादव, चंद्र यादव, श्याम कुमार, पूनम कुमारी,सुधीर कुमार, विजय कुमार, अजय कुमार, राजेश कुमार, आनंद कुमार, कारी यादव, बालेश्वर कुमार, बिरेंद्र कुमार, राकेश कुमार, शैलेंद्र कुमार, शंभू यादव, धर्मेंद्र, अशोक एवम और सभी सदस्य मौके पर मौजूद थे।

# घोघरडीहा स्थित भारत गैस एजेंसी परिसर घटी घटना, लाखों की हुई लूट

मधुबनी, प्रात: किरण संवाददाता




मधुबनी जिले के घोघरडीहा में सोमवार को रात करीब साढ़े नौ बजे तीन नकाबपोश अपराधियों ने भारत गैस एजेंसी के तिजोरी में रखे 5.58 लाख रुपया पिस्टल के बल पर लेकर फरार हो गए। घटना घोघरडीहा बाजार स्थित भारत गैस एजेंसी की है। घटना के बाद गैस एजेंसी के मैनेजर बगल के व्यवसायी सह भारत गैस एजेंसी के मालिक के बड़े भाई के घर पहुंचकर घटना की सारी बात बतायी। भाई के लड़के ने इसकी सूचना स्थानीय पुलिस को दी। सूचना मिलते ही स्थानीय थाना पुलिस दलबल के साथ घटना स्थल पर पहुंच हर तरह से तहकीकात की। थानाध्यक्ष ने घटना की सूचना डीएसपी फुलपरास को दिया जिसके बाद डीएसपी प्रभात कुमार भी घटनास्थल पर पहुंच हर मामले की गंभीरता से तहकीकात की। इस मामले में भारत गैस एजेंसी के मैनेजर विजय कुमार झा उर्फ पप्पू झा ने घोघरडीहा थाने में एफआईआर के लिए आवेदन दिया है। पुलिस एफआईआर की कारवाई में जुट गई है। थानाध्यक्ष सर्वेश कुमार झा ने बताया कि मामले की गंभीरता से तहकीकात की जा रही है। अपराधियों का शिनाख्त किया जा रहा है, जल्द ही पकड़ा जाएगा। भारत गैस एजेंसी के मैनेजर बीते दो दिनों शनिवार एवं रविवार का हिसाब अपने ऑफिस में बैठकर कर रहा था। दो दिनों का रुपये बैंक में नही जमा करने के कारण पाँच लाख अठावन हजार पांच सौ रुपए बगल के ऑफिस के तिजोरी में पहले से था। इसी बीच अचानक तीन नकाबपोश अपराधी उसके पास आए और और पिस्टल दिखाकर गाली-गलौज करते हुए गल्ले में रखे लगभग दो हजार रुपये निकाल लिये। उसके बाद जिस ऑफिस में तिजोरी रहती है, उस कमरा को खोलबाकर मुझसे तिजोरी खुलवाई। जिसमे रखे 5,58,500 रुपये गमछे में बांधकर ले लिये, और वहां से भाग निकला।

## बाप रे बा! केना होतई मईया के दर्शन!

मधुबनी, प्रात: किरण संवाददाता



मधुबनी जिले के बेनीपट्टी प्रखण्ड अंतर्गत बनकटा चौक से मल्हामोर तक सड़क की दशा बद-से-बदतर हो गई है। जगह-जगह बीच सड़क पर बड़ा बड़ा गढ्ढा बन चुका है, जिससे हल्की सी बारिश हो जाने पर जलजमाव की स्थिति बन जाने के कारण लोगों का चलना मुश्किल ही नहीं नामुमकिन हो जाता है।

जानकारी के मुताबिक यह मुख्य सड़क है जो उच्चैठ भगतवत्ती स्थान को जोड़ता है। इसमें एक बड़ी तादाद में श्रद्धालु हैं, जो प्रति दिन भगवत्ती स्थान उच्चैठ दर्शन करने के लिए जाते हैं। उन्हें काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ता है। कई दिन ऐसा भी हो जाता है कि घर से मईया का दर्शन करने का मन बना कर चले, पर दर्शनार्थियों को गहरे गढ्ढे में गिर जाने के कारण बिना दर्शन किये वापस घर लौटना पड़ जाता है। एक महिला जब इस रास्ते से अपने रिश्तेदार के साथ उच्चैठ भगतवत्ती मईया के दरबार दर्शन करने जा रही थी, तभी उनकी गाड़ी पानी में गिर गई। तभी महिला के मुँह से अचानक निकल गया बाप रे बा केना होतई मईया के दर्शनह्व। इस सन्दर्भ में ग्रामीण मो० साजिद हुसैन, मो० सादिक हुसैन, हनुमान प्रसाद, शम्भू यादव, मोनिन्दर कुमार यादव, मो० अबरारूल हक, मो० मुर्शिद, मो० तुफैल सहित अन्य लोगों ने बताया कि अभी एक दो महीने पूर्व ही इस सड़क के अनुरक्षण का काम हुआ था, लेकिन अनुरक्षण के नाम पर संवेदक द्वारा मोटी रकम समेट कर सरकारी राशि का भारी घपला करते हुए खाना पूर्ति किया गया है। जगह-जगह गड्ढा छोर दिया गया है, जिस कारण आज भी लोग बदहाल सड़क पर चलने को विवश हो रहे हैं। लोगों ने यह भी बताया कि यही हाल रहा, तो किसी दिन बड़ी दुर्घटना होने से इनकार नहीं किया जा सकता है।

## संक्षिप्त खबरें

### मोदी युग में युवा भारत के लिए नए अवसरों की भरमार : अरविन्द

पटना। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अरविन्द कुमार सिंह ने कहा है कि मोदी युग में युवा भारत के लिए नए अवसरों की भरमार हुआ है। टेक स्टार्ट-अप ने प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से 23 लाख रोजगार सृजित किए हैं। नए रोजगार पैदा करने के लिए मुद्रा योजना ने 35 करोड़ आंत्रप्रेन्योर्स को सपोर्ट किया है। आंत्रप्रेन्योरशिप और इनोवेशन को बढ़ावा देकर मोदी सरकार ने 69,900 स्टार्ट-अप को मान्यता दी। जहां 2022 में 100 यूनिकॉर्न हैं, यूनिकॉर्न का मूल्य 333 बिलियन डॉलर है। कुशल कौशल से युवाओं को मिलेगा सफलता और रोजगार।1.34 करोड़ युवा प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना के तहत प्रशिक्षित हुए हैं। श्री अरविन्द में कहां है कि जहां 2016 में शुरू किए गए स्टार्टअप इंडिया कार्यक्रम के माध्यम से, सरकार ने स्टार्टअप और उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए कई उपाय किए हैं। वहीं दूसरी ओर मुद्रा और स्टैंड अप इंडिया जैसी योजनाएं उन्हें बहुत जरूरी वित्तीय सहायता प्रदान कर रही हैं। आत्मनिर्भर भारत रोजगार योजना के तहत 30 अप्रैल 2022 तक 4,920 करोड़ रुपये की आर्थिक मदद दी गई है।1,47,335 कंपनियों की मदद से इसे 58.76 लाख लाभार्थियों को सहायता मिली है। वहीं दूसरी ओर ह्यत्र नार्यस्तु पूज्यन्ते, रमन्ते तत्र देवताः॥ मोदी सरकार ने महिलाओं को सशक्त, समृद्ध और आत्मनिर्भर बनाने के लिए अनेकों योजनाएं चलाकर समाज में उनकी हिस्सेदारी को मजबूत किया है। आज महिलाएं शिक्षा, सुरक्षा, बेहतर स्वास्थ्य जैसी हर सुविधाएं पा रही हैं।

### उत्कृष्ट एवं गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताः आयुक्त

पटना। पटना प्रमंडलीय आयुक्त कुमार रवि ने कहा है कि विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण उत्कृष्ट शिक्षा उपलब्ध कराना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। वे आज अपने कार्यालय कक्ष में आयोजित शिक्षा विभाग की प्रमंडल-स्तरीय मासिक समीक्षात्मक बैठक में पदाधिकारियों को संबोधित कर रहे थे। इसमें प्रमंडल अन्तर्गत छः जिलों-पटना, नालन्दा, भोजपुर, बक्सर, रोहतास एवं कैमूर- के जिला पदाधिकारी/उप विकास आयुक्त, जिला शिक्षा पदाधिकारी एवं अन्य अधिकारी वीडियो कॉन्फ्रेन्सिंग के माध्यम से जुड़े हुए थे। आयुक्त श्री रवि ने कहा कि विद्यालयों का सफल संचालन एवं योजनाओं का सफल क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के लिए सभी पदाधिकारियों को प्रतिबद्ध रहना होगा। बैठक में आयुक्त ने प्रमंडलान्तर्गत शिक्षा विभाग की 8 मुख्य बिन्दुओं पर समीक्षा की तथा अद्यतन प्रगति का जायजा लिया। क्षेत्रीय शिक्षा उप निदेशक, पटना प्रमंडल द्वारा पावर प्वायन्ट प्रिजेन्टेशन के माध्यम से सभी जिलों का समेकित प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया। विद्यालयों का निरीक्षण एवं शिक्षक-छात्रों की उपस्थिति, छात्रवृत्ति योजना, पोशाक योजना, मुख्यमंत्री बालक/बालिका साईकिल योजना, विद्यालय में शौचालय निर्माण, विद्यालयों में पेयजल की स्थिति, शैक्षणिक परिभ्रमण तथा पीएम पोषण योजना का अनुश्रवण सहित सभी बिन्दुओं पर आयुक्त ने विस्तृत समीक्षा की तथा आवश्यक निदेश दिया। आयुक्त ने विद्यालय शिक्षा समिति का गठन, रसोईयों की बहाली, खाद्यान्न की उपलब्धता पर विशेष ध्यान देने का निदेश दिया। आयुक्त ने प्रमंडल अन्तर्गत सभी विद्यालयों में शौचालय एवं पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित करने का निदेश दिया। उन्होंने अनुसूचित जाति।

### एसटीईटी संघर्षशील शिक्षक संघ ने आप सांसद से लगाई गुहार

पटना। एसटीईटी संघर्षशील शिक्षक संघ, बिहार ने अपनी चार सूत्री माँग के समर्थन में आप सांसद संजय सिंह से गुहार लगायी है। संघ के प्रदेश अध्यक्ष कुन्दन कुमार ने धरना स्थल पर आप के प्रदेश प्रवक्ता बबलू प्रकाश तथा प्रदेश मीडिया समन्वयक राजेश सिन्हा को सांसद संजय सिंह के नाम एक ज्ञापन सौंपा हैं। धरना स्थल पर संघ के पदाधिकारियों को संबोधित करते हुए आप नेताओं ने कहा कि बिहार के शिक्षा मंत्री एसटीईटी के सफल अभ्यर्थियों के साथ वादाखिलाफी कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि एक ओर जहाँ दिल्ली सरकार अपने शिक्षकों को गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा प्रणाली को समझने के दूसरे देशों में भेज रही है वहीं दूसरी ओर बिहार के शिक्षा मंत्री यहाँ के शिक्षकों को सड़क पर लाठी बरसा रही है। उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी इन शिक्षकों के संघर्ष में शामिल है।

# 174 करोड़ की लागत से बियाडा के औद्योगिक क्षेत्रों का हो रहा विकास : शाहनवाज

## उद्योग के लिए विकसित हो रही है प्लग एंड प्ले सुविधा

पटना, प्रात : किरण संवाददाता



बिहार के औद्योगिक विकास के लिए जितनी संभव कोशिशें की जा सकती हैं, वो की जा रही हैं। बिहार में बियाडा के 74 औद्योगिक क्षेत्र हैं, इनमें से कई औद्योगिक क्षेत्रों के विकास पर 174 करोड़ की राशि खर्च की जा रही है। बिहार में मौजूद विभिन्न औद्योगिक क्षेत्रों में कुल 19 जगहों पर करीब 5 लाख वर्ग फीट क्षेत्र में प्लंग एंड प्ले सुविधा की तर्ज पर आधारभूत संचरना का विकास किया जा रहा है ताकि उद्यमी अपना साजो सामान लेकर आएं और औद्योगिक गतिविधियां शुरू कर दें।

उक्त बातें बिहार के उद्योग मंत्री सैयद शाहनवाज हुसैन ने प्रश्नकाल के दौरान बिहार परषिद सदस्यों के सवालों के जवाब में कही। मंगलवार को बिहार विधान परिषद में प्रश्नकाल के दौरान परिषद सदस्य रामचंद्र पूर्वे ने राज्य में बियाडा के औद्योगिक क्षेत्रों के विकास और यहां जमीनों के आवंटन के संबंध में सवाल पूछे थे। इसके जवाब में बिहार के उद्योग मंत्री ने कहा कि वित्तीय वर्ष 2021-22 में राज्य के विभिन्न जिलों में कुल 60 औद्योगिक ईकाईयों की स्थापना के लिए कुल 350.52 एकड़ भूमि आवंटित की गई।

उन्होंने कहा कि चीनी मिलों की कुल 2442.41 एकड़ भूमि बियाडा को हस्तांतरित की गई। इसका मास्टर प्लान तैयार कर यहां उद्योगों की स्थापना के लिए आधारभूत संचरना का विकास किया जा रहा है। उद्योग मंत्री सैयद शाहनवाज हुसैन ने सदन को ये भी जानकारी दी कि बिहार में बियाडा के विभिन्न औद्योगिक क्षेत्रों में 2796.70 एकड़ रिक्त भूमि उद्योगों की स्थापना के लिए आवंटन के लिए उपलब्ध हैं।

मंत्री ने कहा कि राज्य के विभिन्न औदयोगिक क्षेत्रों में औद्योगिक विकास प्राधिकार (आयडा) के द्वारा कुल 174 करोड़ की राशि से आधारभूत संरचना जैसे बाऊंड्री, सीवरेज या अन्य जरुरी कार्य किए जा रहे हैं।

सदन में प्रश्न का उत्तर देते हुए उद्योग मंत्री ने कहा कि मुजफ्फरपुर में मेगा फूड पार्क के साथ साथ अमृतसर कोलकाता इँडस्ट्रियल कॉरीडोर के तहत गया जिले के डोभी अंचल में कुल 1670.22 एकड़ भूमि पर इंटेगरेटेड मैनुफैक्चरिंग क्लस्टर की स्थापना की जा रही है। प्रधानमंत्री गति शक्ति योजना के अँतर्गत औद्योगिक क्षेत्रों में आधारभूत संरचना के विकास और सुदृढ़िकरण के लिए 806.31 करोड़ का प्रस्ताव तैयार कर केंद्र सरकार को भेजा जा रहा है।

# शुद्धता के नाम पर दूषित पानी बेचने वालों पर होगी कार्रवाई : मंगल

पटना, प्रात : किरण संवाददाता



स्वास्थ्य मंत्री मंगल पाण्डेय ने कहा कि एफएसएससी के निदेर्शों का पूरी तरह से पालन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि हमें अगर कहीं से ऐसी सूचना मिलती है कि लोगों को शुद्ध पानी के नाम पर दूषित पानी बेचा जा रहा है तो निश्चित तौर पर सरकार इसकी जांच कराएगी। स्वास्थ्य मंत्री मंगलवार को विप में राजद सदस्य सुनील कुमार सिंह के सवाल का जवाब दे रहे थे। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि अगर विपक्ष के पास इस तरह की कोई जानकारी है तो वे उपलब्ध कराएं, इसकी तत्काल जांच कराई जाएगी। मंगल पांडेय ने कहा कि समय-समय पर टेस्टिंग का काम किया जाता है। इसके लिए पीएचडी डिपार्टमेंट भी अपने स्तर पर पहल करता है। हालांकि उन्होंने यह जरूर स्वीकार किया कि राज्य में बड़े स्तर पर आर्सेनिक युक्त और टीडीएस वाला पानी लोग पी रहे हैं। इससे पूर्व राजद विधान पार्षद सुनील सिंह ने आरोप लगाया कि राज्य के अंदर बड़ी तादाद में लोग दूषित और जहरीला पानी पी रहे हैं। सरकार के लाख दावों के बावजूद पानी की टेस्टिंग की प्रक्रिया पूरी भी नहीं की जा पा रही। श्री सिंह ने सरकार से यह जानना चाहा कि आखिर सरकार के पास गांवों में पानी की टेस्टिंग को लेकर क्या सिस्टम है। राजद विधान पार्षद श्री सिंह ने सदन में दूषित पानी को लेकर सरकार को घेरते हुए कहा कि राज्य के करीब सभी पंचायतों में गलत तरीके से शुद्ध पानी के नाम पर लोगों को दूषित पानी बेचा जा रहा है। इससे राजस्व की क्षति हो रही हो वो तो अलग बात है लेकिन लोगों के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ नहीं होना चाहिए। उन्होंने सरकार से पूछा कि जो पानी बेचा जा रहा है उसका टीडीएस कितना होना चाहिए और इसकी जांच हो रही है या नहीं।

# विपक्ष शांतिपूर्ण तरीके से सदन में रखे अपनी बात : कुशवाहा

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

बिहार विधानमंडल में विपक्ष के हंगामे पर जेडीयू संसदीय बोर्ड के राष्ट्रीय अध्यक्ष उपेन्द्र कुशवाहा ने कहा है कि सदन बात रखने की जगह है ना कि हंगामा करने की। कुशवाहा ने कहा कि विपक्ष के लोग सदन में चर्चा करने से भागते हैं।

सदन अपनी बातों को रखने की जगह है ना कि हंगामा करने की। उन्होंने कहा कि अगर कोई बात है तो उसे शांतिपूर्ण तरीके से सदन में रखना चाहिए। इसके लिए उन्हें कोई नहीं रोक सकता है लेकिन खुद ही इस तरह की स्थिति उत्पन्न कर देते हैं और सदन से बाहर चले जाते हैं।

वहीं तेजस्वी के इस आरोप पर कि मुख्यमंत्री ने अग्निपथ के मुद्दे पर चुप्पी साध रखी है, इसपर उपेंद्र कुशवाहा ने कहा है कि अग्निपथ स्कीम का मामला भारत सरकार से संबंधित है। जिस समय इस योजना के खिलाफ छात्र सड़क पर उतरे थे, उस समय पार्टी ने अग्निपथ स्कीम को लेकर अपना स्टैंड साफ कर दिया था।

# एमएसएमई सेक्टर में बिहार को देश में दूसरा स्थान मिलना गौरव की बात : उमेश

पटना, प्रात : किरण संवाददाता



जनता दल यूनाइटेड के प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा ने कहा कि विधानसभा का मानसून सत्र काफी महत्वपूर्ण होता है, जिसमें प्रदेश के विकास एवं आमजन के कल्याणकारी योजनाओं की समीक्षा एवं भविष्य में किए जाने वाले कार्यों पर चर्चा होती है। इस सत्र का सकारात्मक उपयोग किया जाना चाहिए परंतु दुर्भाग्य से सदन में सार्थक बहस नहीं हो पाती है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की भी यही मंशा रहती है कि सदन में सभी विषयों पर खुलकर व्यापक चर्चा हो।

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार प्रदेश के बच्चों को पौष्टिक भोजन देने और उनके समुचित विकास के लिए मध्यान भोजन में अब उन्हें सहजन का पाउडर देने जा रहे हैं। सरकार पायलट प्रोजेक्ट के तहत पटना सहित प्रदेश के 3 जिलों के 3-3 प्रखंडों के स्कूलों में इसे लागू करने जा रही है।सरकार के इस कदम का जदयू सराहना करती है।

बिहार को एमएसएमई सेक्टर में प्रोत्साहन देने और उनके विकास की दृष्टि से कार्य करने के लिए देश में दूसरा स्थान मिलना गौरव की बात है। मुख्यमंत्री के अथक

- मध्यान भोजन में सहजन का पाउडर देना सरकार का सराहनीय कदम

प्रयासों से विगत डेढ़ वर्षो में प्रदेश में 36000 करोड रुपए के निवेश प्रस्ताव आए हैं। एमएसएमई सेक्टर में इस अवधि में ढाई लाख से अधिक निबंधन होना भी मुख्यमंत्री की दूरदर्शिता को दशार्ता है।

# पवन कुमार खेमका बने श्री श्री श्याम मंडल के अध्यक्ष

पटना। श्री श्याम मंडल की वार्षिक बैठक अग्रसेन भवन बैंक रोड में सम्पन्न हुई। बैठक में अगले तीन वर्षों के लिए पदाधिकारियों का चुनाव किया गया।बैठक में सर्व सम्मति से पवन कुमार खेमका को अध्यक्ष, ध्रुव प्रसाद मोरारका को सचिव एवं मनीष मित्तल को कोषाध्यक्ष चुना गया। बैठक में नवनिर्वाचित अध्यक्ष पवन खेमका ने कहा कि श्री श्याम मंडल के कार्यकारिणी के अन्य सदस्यों का चुनाव आगामी रविवार के बैठक में किया जाएगा। खेमका ने कहा कि पिछले दो वर्षों से कोरोना महामारी के कारण श्याम मंडल द्वारा कोई बड़ा कार्यकम नही किया जा सका है। अगले वर्षों के लिए श्याम मंडल अपने कार्यक्रम को बनाएगी। एम पी जैन ने बताया कि आज की बैठक में अमर अग्रवाल, रमेश गुप्ता, ओम पोद्दार, राधेश्याम बंसल, ललन लाठ, दिलीप अग्रवाल, नरेन्द्र शर्मा, मनोज अग्रवाल, संजय लाठ, सज्जन माखड़िया, राजेश सिकारिया, ऋषि शर्मा, सहित अन्य सदस्य उपस्थित थे।

# मृतक स्वर्ण व्यवसायी के परिजनों से मिले पशुपति पारस

पटना, प्रात : किरण संवाददाता



राष्ट्रीय लोक जनशक्ति पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह भारत सरकार के खाद्य प्रसंस्करण और उद्योग मंत्री पशुपति कुमार पारस मंगलवार को अपने संसदीय क्षेत्र हाजीपुर में मृतक स्वर्णकार सुनील कुमार के घर जाकर परिजनों से मिले और ढाढ़स बधाए। पिछले दिनों हाजीपुर के नीलम ज्वेलर्स के मालिक सुनील कुमार की अपराधियो ने दुकान में लूट पाट कर हत्या कर दिया था।

केंद्रीय मंत्री श्री पारस घटना की जानकारी मिलने के बाद से ही अपराधियों की शीघ्र गिरफ्तारी के लिए वैशाली के एसपी से लगातार संपर्क में रहें और आज उनके परिवार से मिलकर इस दुख की घड़ी में हिम्मत दिए। मंत्री श्री पारस ने मृतक के परिजनों से घटना की पूरी जानकारी लिए और वैशाली के एसपी से अपराधियों को शीघ्र गिरफ्तार करने और मृतक के परिजन को तत्काल सुरक्षाकर्मी उपलब्ध कराने के लिए कहा।

उन्होंने परिजनों को आश्वस्त किया कि अपराधियों को शीघ्र गिरफ्तार करने और मामले का उद्भेदन करने के लिए वे बिहार के डीजीपी से बात करेंगे। प्रदेश प्रवक्ता ललन कुमार चंद्रवंशी ने बताया कि हाजीपुर से लौटने के दौरान राष्ट्रीय लोजपा के वरीय नेता महेश पासवान से मुलाकात किए और शीघ्र स्वस्थ्य होने की कामना की तथा श्री पारस उन्होंने डॉक्टरों से मुलाकात कर महेश पासवान के बेहतर ईलाज के लिए बात की।

प्रदेश प्रवक्ता ललन चन्द्रवंशी ने बताया कि श्री पारस के साथ इस मौके पर सांसद प्रतिनिधि प्रमोद कुमार सिंह ,दलित सेना के प्रधान महासचिव घनश्याम कुमार दाहा,युवा रालोजपा के प्रदेश अध्यक्ष उपेंद्र यादव, महासचिव रंजीत पासवान, सहित पार्टी के अनेक पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# अग्निपथ स्कीम युवा व सेना विरोधी : पप्पू यादव

पटना, प्रात : किरण संवाददाता



- युथ हल्ला बोल के धरने में शामिल हुए पप्पू यादव

युथ हल्ला बोल द्वारा अग्नीपथ स्कीम के खिलाफ गांधी मैदान गांधी मूर्ति के नीचे एक दिवसीय धरना का आयोजन किया गया। धरने को सम्बोधित करते हुए जाप राष्ट्रीय अध्यक्ष पप्पू यादव ने कहा कि सरकार की अग्निपथ स्कीम ने सेना के अभ्यर्थियों को दोराहे पर लाकर खड़ा कर दिया है। भारतीय सेना में जाकर देश सेवा करने का सपना देखने वाले नौजवानों के साथ बहुत बड़ा धोखा हुआ है। हमारा मानना है कि यह स्कीम सिर्फ आप जैसे युवाओं के लिए ही नहीं बल्कि सेना विरोधी भी है। इस तरह की योजना आपके मनोबल को तो तोड़ती ही है, भारत की राष्ट्रीय सुरक्षा से भी समझौता करती है। इसलिए अग्निपथ के खिलाफ आपके आंदोलन को हम देश बचाने के संघर्ष की तरह देखते हैं। यूथ हल्ला बोल के राष्ट्रीय अध्यक्ष अनुपम ने कहा कि आपको भी अपने इस संघर्ष के ऐतिहासिक महत्व को समझना होगा। संघर्ष और प्रतिरोध के उचित तरीकों पर विचार करना होगा। आंदोलन को कुचलने के लिए एक डर का माहौल बनाया जा रहा है। पप्पू यादव ने कहा कि चाहे कितने भी अत्याचार हो, चाहे कितना भी उकसावा हो, हमारी ताकत यही होनी चाहिए कि हम अंतिम समय तक लड़ने वाले अहिंसक लोग हैं। धरने में प्रदेश अध्यक्ष राघवेन्द्र कुशवाहा, राष्ट्रीय महासचिव रघुपति सिंह,राष्ट्रीय महासचिव राजेश रंजन पप्पू, यूथ हल्ला बोल से प्रशांत कमल,हिमांशु तिवारी, अमित प्रकाश,सौरव पांडेय, सूरज,और एस एन वीरू अधिवक्ता शामिल थे।

# एमएसएमई ने प्लास्टिक का वैकल्पिक उपयोग के लिए जागरूकता कार्यक्रम का किया आयोजन

पटना, प्रात : किरण संवाददाता



सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उधम विकास संस्थान के सौजन्य से स्वच्छ भारत अभियान के तहत मंगलवार को वेबिनार के द्वारा प्लास्टिक का वैकल्पिक उपयोग के ऊपर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बिहार राज्य प्रदूषण नियंत्रण पर्षद के अध्यक्ष डॉ ए के घोष ने 1 जुलाई से बैन हो रहे एसयूपी के उत्पादो की विस्तृत जानकारी दी। साथ ही उन्होने बीएसपीसीबी द्वारा जारी की गई दिशा निदेर्शों पर भी प्रकाश डाला एवं जैव अपघटनीय प्लास्टिक के उत्पादन पर उधमिओ के बीच व्याप्त भ्रांतिओ को दूर किया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्थान के निदेशक प्रदीप कुमार ने की। श्री कुमार ने कार्यक्रम के शुरूआत करते हुए 1जुलाई से सिंगल यूज प्लास्टिक के देशव्यापी बैन पर कार्यक्रम मे जुड़े हुए उधमियों को अवगत कराया। उन्होने इस दिशा मे विभिन्न संस्थानो द्वारा प्लास्टिक के वैकल्पिक उत्पादो पर किए जा रहे शोध के बारे मे बताया एवं संस्थान द्वारा एमएसएमई उधमियों को दी जा रही सुविधाओ का भी जिक्र किया। उन्होने उधमियों को इस बात से भी अवगत करवाया कि संस्थान द्वारा गत वर्ष रवढ के वैकल्पिक उत्पादो के लिए एक लोन मेला का भी आयोजन करवाया गया था।

कार्यक्रम मे बिहार महिला उधोग संघ की अध्यक्षा उषा झा, भोजपुर चैंबर ऑफ कॉमर्स आरा के सचिव आदित्य बिजय जैन, डब्लयूईसीएस की सचिव कल्पना कुमारी एवं बायो प्लास्टिक के संयोजक संजीव श्रीवास्तव ने भी अपने विचार रखे। कार्यक्रम का संचालन संस्थान के सहायक निदेशक संजीव कुमार वर्मा ने की। कार्यक्रम का समापन संस्थान के सहायक निदेशक एवं स्वच्छता पखवाड़ा कार्यक्रम के संयोजक संजीव आजाद के धन्यवाद प्रस्ताव ज्ञापन द्वारा किया गया।

# पटना एम्स में किडनी रोग का इलाज शुरू कराए केंद्र सरकार : प्रो. रणबीर नंदन

पटना, प्रात : किरण संवाददाता



जनता दल यूनाइटेड के प्रदेश प्रवक्ता व पूर्व विधान पार्षद डॉ रणबीर नंदन ने केंद्र सरकार से पटना एम्स में शीघ्र ही इलाज शुरू कराने की पहल करने की मांग की है। प्रो. नंदन ने कहा कि एम्स पटना में किडनी रोग के इलाज की पूरी व्यवस्था 2017 से ही उपलब्ध है। विभाग तैयार हो चुका है। इक्विप्मेंट्स भी हैं। लेकिन डॉक्टरों की कमी के कारण वहां इलाज नहीं हो पा रहा है। इक्का-दुक्का डायलिसिस होते हैं लेकिन पूर्ण इलाज अभी नहीं हो रहा है। उन्होंने कहा कि देश में किडनी मरीजों की संख्या लगातार बढ़ी है। एम्स पटना में बनी हुई व्यवस्था को शीघ्र शुरू करने की पहल करनी चाहिए। प्रो. नंदन ने कहा कि अभी राज्य में आईजीआईएमएस में किडनी रोग का इलाज हो रहा है। यहां किडनी ट्रांसप्लांट भी हो रहा है। हर दिन 200 से अधिक किडनी मरीज आईजीआईएमएस में आते हैं। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार जी की पहल पर यहां किडनी ट्रांसप्लांट की व्यवस्था हुई। लेकिन एक अकेले इस अस्पताल पर लोड अधिक है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार को राज्य सरकार के साथ समन्वय कर पटना एम्स में शीघ्र यह व्यवस्था शुरू करानी चाहिए। जब तक डॉक्टरों की पूरी व्यवस्था नहीं हो जाती है तब तक दिल्ली एम्स और पीजीआई चंडीगढ़ के किडनी विशेषज्ञ डॉक्टरों को रोटेशन पर बुलाकर पटना एम्स में इलाज की व्यवस्था बहाल करनी चाहिए। साथ ही प्रो. नंदन ने सीएम से आग्रह किया है कि बिहार में भी किडनी रोग से पीड़ित लोगों के इलाज के लिए अत्याधुनिक किडनी अस्पताल की स्थापना की जाए। यह व्यापक जनहित में यह जरुरी कदम है।

**सतर्क** विभाग के अधिकारी आर्थिक अपराध इकाई के एडीजी से मिले

# साइबर जालसाजी मामले पर बीएसपीएचसीएल सख्त

पटना, प्रात : किरण संवाददाता



बीएसपीएचसीएल से संबंधित साइबर जालसाजी के मामले फिर से बढ़ने लगे हैं। जालसाजी के मामलों की विभाग ने भी पुष्टि की है। फर्जी मोबाइल मेसेज और इससे जुड़े ठगी के मामले को रोकने के लिए ऊर्जा विभाग के प्रधान सचिव सह बीएसपीएचसीएल के सीएमडी संजीव हंस ने सीनियर प्रोटोकॉल ऑफिसर ख़्वाजा जमाल को नैयर हसनैन खान,(एड़िश्नल डाइरेक्टर जनरल ऑफ पुलिस-आर्थिक अपराध इकाई) के समक्ष ऐसे मामलों को संज्ञान में लाने का निर्देश दिया है। इसके तहत विभाग की ओर से अधिकारियों की एक टीम एडीजी आर्थिक अपराध इकाई, साइबर सेल से मिली और साक्ष्य समेत मामले की विस्तृत जानकारियों से अवगत कराया।

बीएसपीएचसीएल के सीनियर प्रोटोकॉल ऑफिसर ख़्वाजा जमाल ने लिखित आवेदन के द्वारा नैयर हसनैन खान को साइबर क्राइम के ऐसे मामलों को संज्ञान मे लाते हुए उन्होने बताया की बिजली उपभोगताओ को लगातार पावर कट के मैसेज भेज जा रहा है ओर उनको भेजे गए फर्जी लिंक पर रीचार्ज करने केलिए गुमराह किया जाता है , इस संधर्भ मे जालसाजों के खिलाफ कठोर रुख इख्तियार करने एवं जरूरी पुलिस कारवाई करने का आग्रह किया है । श्री खान ने एसपी साइबर क्राइम सुशील कुमार को तत्काल प्रभाव से आदेश दिया की इन जालसाजों के खिलाफ सक्त कानूनी एवं पुलिस कारवाई कर उनकी नकेल कसी जाए और आम जनता को इस विषय मे जागरूक किया जाए ताकि वो जलसाजों के शिकार न बन सके।

विगत कुछ दिनों से विभिन्न मोबाइल नंबरो के माध्यम से संदेश भेजकर बिजली बिल भुगतान करने की शिकायत कई उपभोक्ताओं ने विभाग के अधिकारियों से की थी। विभाग के समक्ष आयी विभिन्न उपभोक्ताओं की शिकायतों के आधार पर अधिकारी सचेत हो गए हैं। जालसाजों के इन तमाम हथकंडों पर लगाम लगाने के लिए विभाग ने अपनी कमर कस ली है और साइबर ठगों के अलग- अलग गिरोहों पर नकेल कसने के लिए बिहार पुलिस के साइबर सेल को भी अपनी संयुक्त मुहीम का हिस्सा बनाया है।

### जालसाजों द्वारा उपयोग मे लाए जाने वाले नंबर

कारवाई के पहले चरण में विभाग जालसाजों के कई मोबाइल नंबरों की सूची साइबर सेल को मुहैया करवा चुका है और अग्रतर कारवाई के लिए उन नंबरों की जांच- पड़ताल साइबर सेल ने प्रारंभ कर दी है। जालसाजों द्वारा उपयोग मे लाए जाने वाले कुछ नंबर इस प्रकार है -8788630773, 7679286946, 7001937987, 9433721566, 9339400778, 9091052034, 9883162036, 7864082266, 9144274387, 7811024528,7935068113, 793506810, 7935068111, 8102117639 एवं 7935068112

हालांकि बिजली बिल भुगतान से जुड़े साइबर ठगी के मामलों के रोकथाम के लिए बीएसपीएचसीएल सोशल मीडिया के अलग- अलग प्लेटफार्म पर उपभोक्ताओं को जागरूक करने को लेकर कई मुहिम पहले से ही चला रखा है।

# जेपी गंगा पथ पर सुरक्षा के होगे कड़े इंतजाम चेक पोस्ट व पार्किंग की होगी सुविधा

पटना, प्रात : किरण संवाददाता



- पटना प्रमंडलीय आयुक्त कुमार रवि ने पदाधिकारियों को दिया निदेश
- जनार्दन घाट, बिंद टोली, जेपी सेतु के पूरब-दक्षिण कोने पर एवं ए एन सिन्हा संस्थान के पास पार्किंग की सुविधा

पटना प्रमंडलीय आयुक्त कुमार रवि ने जेपी गंगा पथ पर यातायात नियंत्रण एवं विधि-व्यवस्था संधारण सुनिश्चित करने का निदेश दिया है। वे मंगलवार को आयुक्त कार्यालय स्थित सभाकक्ष में इस विषय पर आयोजित एक बैठक में पदाधिकारियों को संबोधित कर रहे थे। आयुक्त श्री रवि ने कहा कि नव-उद्घाटित जेपी गंगा पथ लोक आकर्षण का एक महत्वपूर्ण केन्द्र है। पर्यटन के दृष्टिकोण से भी यह काफी महत्वपूर्ण है। अतः इस पर सुचारू एवं सुगम यातायात प्रबंधन तथा विधि-व्यवस्था संधारण सुनिश्चित करना आवश्यक है। जिलाधिकारी डॉ. चन्द्रशेखर सिंह ने जेपी गंगा पथ पर यातायात नियंत्रण एवं विधि-व्यवस्था संधारण हेतु कार्य योजना प्रस्तुत किया। उन्होंने बताया कि इस पथ पर भीड़ का एक प्रमुख कारण पार्किंग की व्यवस्था नहीं होना है। प्रशासन द्वारा 4 जगहों को पार्किंग स्थल के रूप में चिन्हित करने का निर्णय लिया गया है- जनार्दन घाट के पास, बिंद टोली के पास, जेपी सेतु के पूरब-दक्षिण कोने पर एवं ए एन सिन्हा संस्थान के पास। विधि व्यवस्था संधारण हेतु संपूर्ण जेपी गंगा पथ के लिए एक पुलिस ओपी बनाने का निर्णय लिया गया है। यह ओपी गंगा पथ और अटल पथ के मिलान बिंदु पर रोटरी के पास दक्षिण तरफ बनाया जाएगा। साथ ही 2 गाड़ियों को हाईवे पेट्रोलिंग के लिए तैनात करने का निर्णय लिया गया है। ये गाड़ियां सघन गश्ती करेंगी एवं यातायात प्रबंधन सुनिश्चित करेंगी। पीएमसीएच की व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए गंगा पथ से पीएमसीएच के लिए डेडीकेटेड सड़क से आम लोगों के आवागमन पर प्रतिबंध लगाया गया है। इस डेडीकेटेड लेन से केवल पीएमसीएच के डॉक्टर्स, स्टाफ एवं एंबुलेंस आ जा सकते हैं। जेपी गंगा पथ पर पीएमसीएच के पास ड्रॉप गेट बनाया जा रहा है तथा यहां चेक पोस्ट का भी निर्माण किया जाएगा। आयुक्त श्री रवि ने निदेश दिया कि विधि-व्यवस्था संधारण हेतु दण्डाधिकारियों एवं पुलिस पदाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति की जाए। उन्होंने नो पार्किंग जोन, नो स्टॉपेज, नो वेंडिंग जोन सहित अन्य सभी मानकों पर अधिक-से-अधिक संख्या में संकेतक लगाने का निदेश दिया। उन्होंने नजदीकी हेल्थ फैसिलिटी को विकसित करने का निदेश दिया। आयुक्त ने जेपी गंगा पथ पर इन्ट्री एवं एक्जिट प्वाइंट सहित अन्य सभी महत्वपूर्ण स्थानों पर सीसीटीवी/कैमरा लगाने का निदेश दिया। बैठक में आयुक्त के साथ पुलिस महानिरीक्षक, केन्द्रीय प्रक्षेत्र राकेश राठी, जिलाधिकारी डॉ. चन्द्रशेखर सिंह, वरीय पुलिस अधीक्षक मानवजीत सिंह ढिल्लो, नगर आयुक्त अनिमेष कुमार पराशर आयुक्त के सचिव एसएम कैसर सुल्तान, क्षेत्रीय विकास पदाधिकारी सर्व नारायण यादव, उप निदेशक आईपीआरडी लोकेश कुमार झा बिहार स्टेट रोड डेवलपमेन्ट कॉपोरेशन लिमिटेड अरूण कुमार, पथ निर्माण विभाग के अभियंता एवं अन्य भी उपस्थित थे।

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें
@Pratahkiran www.pratahkiran.com


## संक्षिप्त खबरें

### मंडल भंडार डिपो में एक दिवसीय स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित

समस्तीपुर। मंडल भंडार डिपो पूर्व मध्य रेल समस्तीपुर में मंगलवार को रेलवे अस्पताल द्वारा एक दिवसीय स्वास्थ्य जांच शिविर लगाया गया और सैकड़ों रेल कर्मियों के ब्लड प्रेशर, शुगर व अन्य जांच किया गया। डॉक्टरों के द्वारा अच्छे स्वास्थ्य के लिए उचित और संयमित खान-पान का सुझाव दिया गया। शिविर के मौके पर सहायक सामग्री प्रबंधक नीरज निखिल, सीडीएमएसजी कृष्ण कुमार राय, ईस्ट सेंट्रल रेलवे कर्मचारी यूनियन कारखाना स्टोर ब्रांच समस्तीपुर उपाध्यक्ष संतोष कुमार निराला, डॉ त्रिलोकी नाथ वर्मा, फर्मासिस्ट अर्पण, ज्योति कुमारी एवं अन्य रेल कर्मचारी उपस्थित थे।

### रंजीत राम बने समस्तीपुर बामसेफ के जिलाध्यक्ष

समस्तीपुर। बैकवार्ड एंड मायनोरिटी कम्यूनिटीज इम्प्लाईज फेडरेशन (बामसेफ) की समस्तीपुर जिला इकाई की एक दिवसीय जिला स्तरीय संगठनात्मक प्रबोधन कार्यक्रम रविवार को सैफुल इस्लाम इन्विजन अकादमी धर्मपुर, पूसा फार्म रोड में आयोजित की गयी। जिसमे संगठन से जुड़े पदाधिकारियों ने कई गंभीर विषयों पर चर्चा की। कार्यक्रम की अध्यक्षता बामसेफ के प्रदेश अध्यक्ष ई० अर्जुन प्रसाद सिंह ने की। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर एलआईसी के विकास अधिकारी जितेन्द्र नारायण भी उपस्थित थे। संगठन से जुड़े जगदीश महतो, प्रो राम चन्द्र भगत, कृष्णा प्रसाद, शिक्षक अखिलेश ठाकुर, पप्पू राम, मजहरूल इस्लाम, अमरदीप कुमार, निधिश पटेल, कुंदन पंडित, राजेन्द्र कुमार मेहता, राम नारायण कुशवाहा, राजन पासवान, रजिउल इस्लाम उर्फ रिज्जू जी, घुनचुन यादव, टुनटुन पासी, संजीव कुमार टुन्ना, विकास कुमार, श्रीचन्द राम, सुधा मेहता, बेबी कुमारी, अंकित राज, पिंटू साह, प्रमोद राय, धर्मजीत निर्मल एवं बामसेफ से जुड़े अन्य सहयोगी संगठन के प्रतिनिधियों ने देश की मौजूदा हालात पर चर्चा की। कार्यक्रम के दौरान ही संगठन के जिलाध्यक्ष पद पर फिर से रंजीत राम के नाम की घोषणा की गयी, जिसे सर्वसम्मति से स्वीकार कर लिया गया। रंजीत राम को बधाई देते हुए कहा कि उनके नेतृत्व में समस्तीपुर बामसेफ और नई बुलंदियों को छूएगा।

### प्रखण्ड कांग्रेस कमेटी बेनीपट्टी के द्वारा कई मांगों को लेकर किया गया एक दिवसीय सत्याग्रह कार्यक्रम

मधुबनी। मधुबनी जिले के बेनीपट्टी प्रखण्ड सह अंचल कार्यालय परिसर में अग्निपथ योजना सहित कई मांगों को लेकर एक दिवसीय शांतिपूर्ण सत्याग्रह कार्यक्रम का आयोजन कांग्रेस कार्यकताओं के द्वारा किया गया। इस सत्याग्रह कार्यक्रम की अध्यक्षता कौशल किशोर चौधरी ने किया। धरना प्रदर्शन के माध्यम से कांग्रेस कार्यकताओं का मुख्य मांग अग्निपथ योजना को वापस लेने, वन रैंक वन पेंशन लागू हो, सेना में पूर्णकालीन बहाली लागू हो, सेना के सभी खाली पदों पर बहाली किये जाने सहित कई अन्य मांगें भी रखी गई। इस दौरान धरना प्रदर्शन की अगुवाई कर रहे श्री चौधरी ने अपने अभिभाषण में कहा कि केन्द्र सरकार अग्निपथ योजना लाकर युवाओं को ठगने का काम कर रही है, जिस प्रकार नोट बन्दी लाकर लोगों को परिसान किया गया, उसी तरह ये अग्निपथ योजना लागू करने से युवा बेरोजगारी की ओर चले जायेंगे। वहीं वक्ता कालिशचंद्र झा ने कहा कि केन्द्र की बीजेपी सरकार ने पहले किसान को बर्बाद करना चाहा और अब नौजवान को बर्बाद करने पर आमादा है, लेकिन कांग्रेस पार्टी युवाओं के साथ हर कदम पर खरी है।

# सिंघिया : कमला नदी की पेटी का अतिक्रमण, प्रशासन मौन

सिंघिया, प्रात : किरण संवाददाता



**अनदेखी**

- कई दशकों से उड़ाही नहीं होने के कारण नदी उथल हो चुकी है। जिसके कारण बरसात के मौसम आते ही नदी में उफान आ जाती है। जबकि मार्च-अप्रैल में सुख जाती है।

राज्य सरकार जल जीवन हरियाली अभियान को धरातल पर उतारने के लिए अभियान चला रहा है। इसके तहत पोखर, आहर, पाइन, छोटी नदियों व पुराने कुआँ को अतिक्रमण मुक्त कर सुदृढ़ किया जाना है। राज्य सरकार अपनी इस महत्वाकांक्षी योजना के प्रति शुरूआत में गंभीर भी दिख रही थी।

लेकिन स्थानीय प्रशासन इस योजना के प्रति शुरूआत से ही उदासीन रवैया अपना रही है। इसी का नतीजा है कि प्रखंड क्षेत्र से होकर बहने वाली कमला नदी अतिक्रमण की भेंट चढ़ती जा रही है और प्रशासन मौन है। प्रशासन की ओर से इसके संरक्षण के लिए कोई पहल नहीं जा रही है। कई दशकों से उड़ाही नहीं होने के कारण नदी उथल हो चुकी है।

जिसके कारण बरसात के मौसम आते ही नदी में उफान आ जाती है। जबकि मार्च-अप्रैल में सुख जाती है। इस नदी के उथल हो जाना भी प्रखंड क्षेत्र में बाढ़ आने का एक प्रमुख कारण है। वहीं नदी के उथल हो जाने के कारण नदी के पेटी में बड़े भाग को अतिक्रमण कर मिट्टी भराई व पिलर खड़े कर स्थानीय लोगों ने अवैध कब्जा कर मकान का निर्माण कर लिया है। नदी के अतिक्रमण कर बिल्डिंग बनाने की यह सिलसिला स्थानीय लोगों के द्वारा पीछले करीब 15 सालों से चल रही है। नदी की भराई कर उस कब्जा जमाने की सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। ऐसे में समय रहते इस नदी के संरक्षण की दिशा में कोई पहल नहीं की गई तो इसके अस्तित्व ही समाप्त हो जाएगा। स्थानीय बुजुर्ग बताते हैं कि पूराने समय में प्रखंड क्षेत्र में करीब 15 से 20 किमी में फैली कमला नदी की कलकल धारा सालों भर प्रवाहित होती थी।

इस नदी की पानी से हजारों एकड़ में लगी फसलों का सिंचाई किसान किया करता था। इसके अलावा कमला नदी प्रखंड क्षेत्र के लोगों के लिए आस्था का केन्द्र भी रहा है। हर धार्मिक अनुष्ठान के अवसर पर श्रद्धालु इस नदी में स्नान करने आते हैं। माघ मास की पूर्णिमा के अवसर इस नदी के किनारे पिपरा घाट पर त्रिमुहानी के पास दो दिवसीय बड़े मेले का आयोजन हुआ करता है। कुछ सालों से नदी के मृतप्राय होते देख मेला भी फीका पड़ने लगा है। अब बहुत कम संख्या में लोग आते हैं।

पुराने समय में दूरदराज के इलाकों से बड़ी संख्या में लोग मन्नतें पूरी होने पर यहाँ उतारने आया करते थे। खासकर महिलाओं में यह मान्यता कायम थी कि माघ मास की पूर्णिमा के अवसर पर पिपरा घाट त्रिमुहानी पर नदी में स्नान करने से बेटे की प्राप्ति होती है। ऐसी मान्यता आज भी कायम है। खास बात यह है कि यदि प्रशासन के द्वारा नदी की संरक्षण की दिशा में पहल की जाए और पिपरा घाट को सौंदर्यीकरण की जाए तो यह पर्यटक स्थल का भी रूप ले सकता है।

# अपराधियों ने राजद नेता को गोली मारकर किया गंभीर रूप से घायल

## डीएसपी ने किया घटनास्थल का निरीक्षण

मोरवा, प्रात : किरण संवाददाता



मोबाईल में फंसी हुई पिस्तौल की गोली का खोखा बरामद किया गया है। घटना की जानकारी मिलते ही, ताजपुर थाना अध्यक्ष ब्रज किशोर प्रसाद सिंह के नेतृत्व में दरोगा उमाशंकर प्रसाद सिंह सहित ताजपुर पुलिस ने आकर घटना की जांच की। मंगलवार को समस्तीपुर डीएसपी मोहम्मद एसएस फाकरी ने घटनास्थल पर पहुंचकर स्थानीय लोगों से जानकारी लेते हुए घटना का निरीक्षण किया। वहीं जिला आरक्षी अधीक्षक हृदयकांत के निर्देशानुसार एसएसपी मोहम्मद एसएच फाकरी ने मौके पर पहुंचकर घटना का निरीक्षण करते हुए अपराधी की पहचान कर शीघ्र गिरफ्तारी का आश्वासन दिया है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मोरवा में प्राथमिक उपचार के बाद मंगलवार को घायल राजद नेता को बेहतर इलाज के लिए समस्तीपुर रेफर कर दिया गया। गोली लगने से बाएं हाथ के छोटी उंगली की हड्डी टूट गई है।

ताजपुर थाना क्षेत्र के मोरवा हाट के निकट सोमवार की रात राजद कार्यकर्ता डॉ शुशील कुमार मिश्रा के आवास पर बैठे मोरवा दक्षिणी पंचायत के पूर्व मुखिया सुखदेव राय के पुत्र और राजद नेता प्रो० विजय कुमार यादव को गोली मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया। गोली चलने की अफरातफरी के कारण गोली मारने वाला अपराधी भागने में कामयाब हो गया। घायल राजेंद्र नेता को स्थानीय लोगों के द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मोरवा में इलाज के लिए भर्ती कराया। राजद नेता प्रो० विजय कुमार यादव के बाएं हाथ में गोली लगी है। घटना की सूचना मिलते ही ताजपुर थाने की पुलिस मौके पर पहुंच गई है।

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सकों के अनुसार राजद नेता प्रो० विजय कुमार यादव को खतरे से बाहर बताया गया है। घटना के विरोध में उजियारपुर विधानसभा प्रभारी राजद नेता प्रो० विजय कुमार यादव के द्वारा ताजपुर थाने को एक आवेदन दिया गया है। अपराधी की गोली राजद नेता के बाएं हाथ की उंगली को चीरते हुए पैंट की जेब में रखे मोबाइल को चकनाचूर कर गई। पैंट की जेब में चकनाचूर

# समस्तीपुर अनुमंडल क्षेत्र में अपराधी हुए बेलगाम

समस्तीपुर, प्रात : किरण संवाददाता



**आरोप**

- घर से बुलाकर की युवक की हत्या

समस्तीपुर जिले में अपराधियों के बीच पुलिसिया खौफ एकदम से खत्म हो गई है। जिले के पुलिस कप्तान क्राइम कंट्रोल नहीं कर पा रहे हैं। बीते अंतराल पर जिले में हत्याओं का दौर जारी है। ताजा मामला मुसरीघरारी थाना क्षेत्र का है जहां आपसी वर्चस्व में अपराधियों ने एक युवक की गोली मारकर हत्या कर दी और आराम से फरार हो गए। मृतक की पहचान सोनू झा उर्फ ब्रांड के रूप में की है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार अपराधी सोनू के जान पहचान के ही थे क्योंकि अपराधियों ने सोनू को फोनकर बुलाया था और उसकी हत्या कर दी। घटनास्थल मुसरीघरारी थाना क्षेत्र का उदापट्टी गांव है। हत्या की घटना के बाद इलाके में तनाव का माहौल व्याप्त है। सूचना पर पहुंची स्थानीय थाने की पुलिस ने तनाव को देखते हुए इलाके में भारी पुलिस बल को उतार दिया गया है। वहीं परिजनों के चीत्कार से सारा इलाका गमगीन हो गया है। आपको बता दें कि समस्तीपुर जिले में क्राइम का ग्राफ लगातार बढ़ते ही जा रहा है। जिसपर अंकुश लगाने में पुलिस कप्तान विफल साबित हो रहे हैं। हालांकि कुछ घटनाओं का उद्भेदन पुलिस के द्वारा किया जाता रहा है लेकिन अधिकतर क्राइम के मामलों में पुलिस के हाथ अभी खाली है।

### पोखर से 32 वर्षीय युवक का शव बरामद

**विभूतिपुर।** विभूतिपुर थाना क्षेत्र के पंडित टोल टभका काली स्थान पोखर में मंगलवार के दोपहर एक 32 वर्षीय युवक का शव ग्रामीणों ने उपलाते हुए देखा। जिसकी सूचना पुलिस को दी गई। पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर शव को बाहर निकाला। मृत युवक की पहचान पंडित टोल टभका वार्ड 07 निवासी रामलगन कापर के पुत्र श्यामू कापर के रूप में किया गया। बताया गया कि युवक के साथ मारपीट कर दोनों हाथ गमछा से बांधकर पोखर के पानी में डुबोकर हत्या की गई है। पुलिस कारगिल प्रक्रिया के बाद मृतक के शव को कब्जे में लेकर आंतरिक परीक्षण के लिए सदर अस्पताल समस्तीपुर भेज दिया। वहीं युवक की मौत से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो रहा था। घटना के संबंध में विभूतिपुर थाना अध्यक्ष चंद्रकांत गौरी ने बताया कि मृतक का हाथ बंधा हुआ था। देखने से प्रतीत होता था की मारपीट कर दोनों हाथ गमछा से बांधकर पानी में डुबोकर हत्या की गई है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मामला साफ हो पाएगा।

# 500 एकड़ में फैली ऐतिहासिक खेमइठ झील अभी भी गंडक परियोजना से दूर

सरायरंजन, प्रात : किरण संवाददाता

रोजगार के लिए बेरोजगार युवक आज के समय इधर से उधर भाग दौड़ लगा रहे हैं। मगर उन्हें रोजगार मिल नहीं रही है। कहीं रोजगार के अवसर हैं तो वहां न सरकार ध्यान नहीं दे रही है और ना ही लोग ध्यान दे रहे हैं। जैसे खेमइठ झील की कागजी उपयोगिता का साधन बन गया है। गंडक से नहीं जोड़ने के कारण 12 साल बाद झील की उपयोगिता साबित नहीं हो पाई है। जिनमें पानी की कमी के कारण मत्स्य पालन व रोजगार के साधन पूरी तरह ध्वस्त हो गए हैं। जबकि इस झील में पानी रहने लगे तो किसान भी सुखार के समय में इस झील के माध्यम से अपने फसलों की सिंचाई कर अच्छा पैदावार करवा सकते हैं। लेकिन सभी के सपनों पर पानी फिरता हुआ दिख रहा है। यही नहीं सरकार का राजस्व खजाना भी इसके चालू होने से भरेगा। समस्तीपुर जिले के सरायरंजन प्रखंड अंतर्गत लगमा गांव में 500 एकड़ में फैली ऐतिहासिक खेमइठ झील अभी भी गंडक परियोजना से दूर है। कभी पशु पक्षियों के करतल ध्वनियों से झील गूंजता था। लेकिन आज वह झील अपने अस्तित्व को बचाने के लिए संघर्ष कर रही है। ग्रामीण रामलखन सहनी, रामबाबू सहनी, मुसाफिर सहनी, स्वराज पासवान, हरिसिंह, विजय राय ने बताया कि 2010 में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार द्वारा एक कार्यक्रम के दौरान खेमइठ झील को नदी जोड़ो अभियान के तहत गंडक परियोजना से जोड़ने का ऐलान किया था। मगर ऐलान के बाद यह परियोजना कागज पर सिमट कर रह गई। झील के सौंदर्यीकरण एवं विकसित करने का जिम्मा लगमा एवं रायपुर बुजुर्ग में मत्स्य विभाग को मिला था। लेकिन विभाग की ओर से अब तक कोई कदम नहीं उठाया गया। लोगों का कहना है कि पिछले 10 वर्षों से वर्षा कम होने के कारण जल संग्रह क्षेत्र से सिमटता चला गया। बताया जाता है कि कुछ लोगों द्वारा भूमि पर अवैध कब्जा कर लिया गया है। इस और ठोस कदम नहीं उठाया गया तो आने वाले कुछ वर्षों में यह झील तालाब के बराबर भी नहीं बच पायेगी। झील का उद्गम स्थल मनिकपुर पंचायत के पहल घाट स्थित नून नदी से निकली है जो मोहिउद्दीननगर प्रखंड के भूरहा स्थित वाया गंगा में जाकर मिली है। मान्यताओं के अनुसार सैकड़ो वर्ष पूर्व गंगा नदी द्वारा इस झील का निर्माण हुआ था। बाद में यहां से गंगा नदी छोड़कर कोसों दूर दक्षिण- भूरहा में चली गई। झील को विकसित किया जाए एवं गंडक से जोड़ा जाए तो यहां मत्स्य पालन अच्छा हो सकेगा। यहां से दूसरे राज्य को भी मछली उपलब्ध कराई जा सकती है। जिससे मत्स्य पालकों की स्थिति सुधर सकती है। रोजगार का भी अवसर मिल सकता है। इस झील के विकसित होने से मत्स्य पालक के साथ यहां के किसान भी कम लागत में अपनी फसल की अच्छी पैदावार ले सकेंगे। साथ ही किसानों को बाढ़ एवं सुखार से भी निजात मिलेगी।

### सड़क पर अतिक्रमण हटाने के लिए सीओ को दिया आवेदन

**रोसड़ा।** रोसड़ा प्रखंड क्षेत्र के हरदिया पंचायत में पैनपीवी टोला पर प्रधानमंत्री सड़क व इसके बगल में बिहार सरकार की जमीन का कुछ लोगों ने अतिक्रमण कर लिया है। कुछ लोगों ने तो पक्का मकान भी बना लिया है। जिससे गांव के लोगों व राहगीरों खासे दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि इसे लेकर सीओ साहब को आवेदन भी दिया गया है। लेकिन अब तक कार्रवाई नहीं हो सकी है। ग्रामीणों में मो अलीहुसेन, मो आलम, रूबेदा खातून आदि ने बताया कि बिहार सरकार की जमीन व सड़क तक को लोगों अतिक्रमण कर रखा है। जिससे लोगों को कई तरह की समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। वहीं मिली जानकारी के अनुसार उक्त टोला में अधिकांश लोग सरकारी भूमि का अतिक्रमण कर ही घर बना लिया है। ये प्रशासन को भी मालूम है। लेकिन प्रशासन मौन बने हुए हैं।

# पीओ की मनमानी से मनरेगा मजदूरों को नहीं मिल रहा काम, किया कार्यालय का घेराव

समस्तीपुर, प्रात : किरण संवाददाता



समस्तीपुर प्रखंड के छतौना पंचायत के मनरेगा मजदूरों को कार्य नहीं मिलने व कार्यों में मनरेगा पीओ की मनमानी के विरुद्ध मंगलवार को मजदूरों एवं ग्रामीणों ने प्रखंड मनरेगा कार्यालय का घेराव किया। जहां मनरेगा मजदूरों व ग्रामीणों ने जमकर मनरेगा पीओ के विरुद्ध नारे लगाए। इस बाबत पंचायत के वार्ड संख्या 18 के वार्ड सदस्य चंदन कुमार ने बताया कि जब से यह नए मनरेगा पीओ आए हैं, तब से न ही मजदूरों को काम मिला है और न ही उन्होंने इसमें रुचि दिखाई है। हर बार उनके द्वारा मजदूरों को काम दिए जाने का बहाना मारा जाता है लेकिन दिया नहीं जा रहा है और यह स्थिति पिछले एक वर्ष से यथास्थिति है। उन्होंने कहा कि लिखित में मनरेगा पीओ को कई बार इस समस्या से अवगत कराया गया। लेकिन आज तक उनके कानों पर जूं नहीं रेंगा, मजबूरन आज मनरेगा प्रखंड कार्यालय का घेराव किया गया। मौके पर उपसरपंच कुशो महतो, उप मुखिया पति सुनील ठाकुर, वार्ड एक सदस्य राजू, वार्ड 14 सदस्य संजीत कुमार, वार्ड 18 सदस्य चंदन कुमार, पूर्व सरपंच रघुनाथ सहनी, वार्ड 13 सदस्य अलाउद्दीन एवं वार्ड 8 सदस्य भोला कुमार तथा इनके अलावा बिंदु पासवान और नथनी बाबा व अन्य मौजूद थे।

### डीएम ने की कर्मचारी संगठनों के साथ बैठक

**समस्तीपुर।** समस्तीपुर समाहरणालय स्थित कार्यालय प्रकोष्ठ में मंगलवार को डीएम योगेंद्र सिंह की अध्यक्षता में विभिन्न कर्मचारी संगठनों के साथ एक बैठक आयोजित की गई। बैठक में डीएम के द्वारा संगठनों के प्रतिनिधियों द्वारा बारी-बारी से समस्याओं को सुना गया। स्वास्थ्य विभाग एवं जिला पंचायत राज कार्यालय में कार्यरत कर्मियों को लंबित एसीपी-एमएसीपी का लाभ, स्वास्थ्य विभाग में एएनएम से संबंधित मामला, आपूर्ति के कार्यपालक सहायको को ससमय भुगतान का मामला बैठक के मुख्य बिंदु रहे। प्रतिनिधियों के बातों को सुनने के उपरांत जिलाधिकारी द्वारा आवश्यक निर्देश दिए गए एवं अपनी मांगों को लिखित रूप से कार्यवाही के रूप में प्रस्तुत करने का निर्देश दिया गया। बैठक में स्थापना उप समाहर्ता एवं विभिन्न कर्मचारी संगठनों व संघों एवं महासंघों यथा गोप गुट, महा संघ, कार्यपालक सहायक संगठन, चिकित्सा सेवा संगठन के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

# अधूरे नल जल योजना व वार्ड सदस्यों को प्रभार नहीं दिए जाने के विरुद्ध किया प्रखंड कार्यालय का घेराव

समस्तीपुर, प्रात : किरण संवाददाता



- समाजसेवी सुनील ठाकुर ने कहा कि छतौना पंचायत के वार्ड संख्या 3 और 4 में करीब 2 वर्ष पूर्व किए गए नल जल योजना की पूर्ण निकासी के बावजूद आज तक कार्य पूर्ण नहीं हुआ।

समस्तीपुर प्रखंड अंतर्गत छतौना पंचायत के विभिन्न वार्डों में नल जल योजना का कार्य पूर्ण नहीं होने व के कई वार्डों के वार्ड सदस्यों को अभी तक प्रभार नहीं दिए जाने के विरुद्ध पंचायत के नवनिर्वाचित वार्ड सदस्यों एवं ग्रामीणों के द्वारा मंगलवार को प्रखंड कार्यालय का घेराव किया गया। मौके पर आयोजित सभा को संबोधित करते हुए पंचायत के उप मुखिया पति व समाजसेवी सुनील ठाकुर ने कहा कि छतौना पंचायत के वार्ड संख्या 3 और 4 में करीब 2 वर्ष पूर्व किए गए नल जल योजना की पूर्ण निकासी के बावजूद आज तक कार्य पूर्ण नहीं हुआ। वहीं उन्होंने कहा कि वार्ड संख्या 1 और 2 में लोगों को नल जल योजना के तहत गंदा पानी आपूर्ति किया जा रहा है। वहीं बीते पंचायत चुनाव में अपने-अपने वार्डों में विजयी हुए वार्ड सदस्यों को अभी तक प्रभार नहीं दिया गया है। जिसमें पंचायत के वार्ड 8, 9, 10 और 12 के बाद सदस्यों को अभी तक प्रभार नहीं प्रदान किया गया है। उन्होंने कहा कि उपरोक्त सभी समस्याओं के संबंध में समस्तीपुर प्रखंड विकास पदाधिकारी को अवगत कराया गया था, बावजूद इसके अभी तक इस समस्या का समाधान नहीं हो पाया है। बाध्य होकर प्रखंड कार्यालय का घेराव कर नल जल योजना की जांच व इसके पूर्ण कराने तथा सभी संबंधित वार्ड सदस्यों को अविलंब प्रभार प्रदान कराने की मांग की गई। मौके पर उपसरपंच कुशो महतो, उप मुखिया पति सुनील ठाकुर, वार्ड एक सदस्य राजू, वार्ड 14 सदस्य संजीत कुमार, वार्ड 18 सदस्य चंदन कुमार, पूर्व सरपंच रघुनाथ सहनी, वार्ड 13 सदस्य अलाउद्दीन एवं वार्ड 8 सदस्य भोला कुमार तथा इनके अलावा बिंदु पासवान और नथनी बाबा व अन्य मौजूद थे।

# समस्तीपुर के युवक की आंध्र प्रदेश में पीट-पीटकर हत्या, पूर्व विधायक ने की घटना की निंदा

मोरवा, प्रात : किरण संवाददाता



**जनता दरबार**

- जानकारी के अनुसार युवक एक महीने पूर्व हसनपुर टांडा से आंध्र प्रदेश कमाने के लिए गया हुआ था। मोरवा प्रखंड के कई युवकों के साथ वह रह रहा था।

समस्तीपुर जिले के पटोरी प्रखंड अंतर्गत हसनपुर टांडा गांव के एक युवक को आंध्र प्रदेश में पीट-पीटकर हत्या कर दी गई है। उसकी पहचान पटोरी प्रखंड के हसनपुर टांरा निवासी गनौर राय के पुत्र चालीस वर्षीय राधेश्याम राय के रूप में की गई है। मोरवा प्रखंड के ररियाही पंचायत के निवासी कई लोग जो आंध्र प्रदेश में रहकर नौकरी करते हैं, उनके द्वारा मोरवा के पूर्व विधायक विद्यासागर सिंह निषाद को मोबाइल के द्वारा उक्त जानकारी दी गई है।

दी गई जानकारी के अनुसार उक्त युवक एक महीने पूर्व हसनपुर टांडा से आंध्र प्रदेश कमाने के लिए गया हुआ था। मोरवा प्रखंड के कई युवकों के साथ वह रह रहा था। अचानक 19 जून को उन युवकों के साथ किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई थी। धीरे-धीरे बात बिगड़ गई और 22 जून को कई लोगों ने पीटकर राधेश्याम राय को गंभीर रूप से घायल कर दिया। कमरे के किराएदार साथी के शाम में लौटने के बाद गंभीर रूप से घायल राधेश्याम राय को अस्पताल ले जाकर इलाज कराया गया। इलाज होने के बाद राधेश्याम राय चलने फिरने लगा लेकिन अंदरूनी गंभीर पिटाई के कारण पाखाना पेशाब बंद था। अपने ही जिले के लोगों के द्वारा गंभीर रूप से पिटाई किए जाने के कारण 25 जून को राधेश्याम की मृत्यु हो गई।

जब 26 जून को मोरवा प्रखंड के ररियाही पंचायत के युवकों को इसकी जानकारी मिली तो स्थानीय पुलिस को इसकी सूचना दी गई। आंध्र प्रदेश पुलिस के द्वारा लाश की पोस्टमार्टम करते हुए मोरवा एवं पटोरी प्रखंडों के तीन युवकों को नामजद आरोपी बनाया गया। अन्य परिचितों के द्वारा इसकी जानकारी दिए जाने के बाद दिल्ली में नौकरी कर रहे मृत राधेश्याम राय के भतीजा लालटुन राय को हवाई जहाज से बुलाकर भतीजे के द्वारा आंध्र प्रदेश में ही उसका अंतिम संस्कार कर दिया गया। भतीजा लालटुन राय ने मोबाइल पर जानकारी देते हुए बताया कि पुलिसकर्मियों के द्वारा कागजात मिलने के बाद घर आकर मृतक का श्राद्ध संस्कार किया जाएगा। इसकी जानकारी मिलते ही परिजनों में शोक छा गया है। पूर्व विधायक विद्यासागर सिंह निषाद, अररियाही पंचायत के पूर्व पैक्स अध्यक्ष संजय कुमार शर्मा आदि ने घटना की निंदा करते हुए गहरा शोक प्रकट किया है।

# 23 मांगों को लेकर डीवाईएफआई ने किया धरना प्रदर्शन

विभूतिपुर, प्रात : किरण संवाददाता



भारत की जनवादी नौजवान सभा डीवाईएफआई विभूतिपुर अंचल कमिटी के बैनर तले अग्निपथ योजना को वापस लेने, प्रखंड के विभिन्न कार्यालयों में व्याप्त भ्रष्टाचार के खिलाफ, दाखिल खारिज में अवैध वसूली, सीडीपीओ द्वारा आंगनवाड़ी सेविका से प्रतिमाह तीन हजार रुपए वसूली करना, प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न चौरों में जल निकासी की व्यवस्था कराने, प्रधानमंत्री आवास योजना में धांधली के खिलाफ, प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न टूटे बांधों को अभिलंब भरवाने सहित 23 सूत्री मांगों को लेकर युवाओं का प्रदर्शन प्रखंड कार्यालय पर किया गया। सभा को संबोधित करते हुए डीवाईएफआई जिला मंत्री महेश कुमार ने कहा कि केंद्र सरकार अग्नीपथ योजना को लाकर देश के युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ कर रही है। रोजगार देने के वादा से वादाखिलाफी करते हुए अब तो नौजवानों को जिंदगी बर्बाद करने के लिए अमादा है। वहीं बिहार में नीतीश कुमार के राज में हर जगह अराजकता का माहौल कायम है। बिहार में छात्र युवाओं के लिए कोई योजना सरकार के पास नहीं है। लाखों लाख पद रिक्त होने के बावजूद बहाली नहीं हो रही है। सरकार इस दिशा में कोई कदम उठाने के लिए तैयार नहीं है। प्रदर्शन को एडवा नेत्री नीलम देवी, विद्यानंद विद्यार्थी, मनोज यादव, डीवाईएफआई अंचल मंत्री कृष्णमूर्ति, सिया प्रसाद यादव, जगधारी महतो, उमेश दास, राजेश कुमार यादव, क्रांति कुमार, बबलू कुमार, शंकर मल्लिक, पूर्व मुखिया रामबालक सहनी, विजय कुमार पंचायत समिति सदस्य, अवधेश कुमार, श्याम बाबू आदि ने संबोधित करते हुए तमाम भ्रष्ट अधिकारियों और कर्मचारियों को भ्रष्टाचार रोकने की हिदायत दी।

### ननिहाल में रहकर पढ रहे छात्र बना राजस्व कर्मचारी, लोग दे रहे है बधाई



विभूतिपुर। विभूतिपुर प्रखंड के महम्मदपुर सकड़ा निवासी सुरेश यादव के भगिना संजीत कुमार सुमन का चयन राजस्व कर्मचारी में होने पर लोग बधाई दे रहे है। बता दे कि उजियारपुर प्रखंड के लोहागीर निवासी उमेश राय व इन्दू देवी के पुत्र संजीत कुमार सुमन बचपन से ही अपने मामा विभूतिपुर प्रखंड के महमदपुर सकड़ा निवासी सुरेश यादव के यहा रहकर पढ़ाई किया। मामा के सहयोग व उनका परिश्रम रंग लाया। राजस्व कर्मचारी के पद पर चयनित होकर संजीत अपने ननिहाल के साथ साथ अपने माता पिता का भी मान सम्मान बढ़ाया। संजीत के सफलता पर महमदपुर सकड़ा पंचायत के पूर्व मुखिया मनोज यादव, पूर्व मुखिया सुशीला देवी, सरपंच हरिनारायण सिंह, राम भरोष राय, नरेश राय सहित पंचायत के लोग बधाई दिया।

# बिशनपुर में पूर्व पीएम पीवी नरसिम्हा राव का 101वां जन्मदिवस मनाया गया

समस्तीपुर, प्रात : किरण संवाददाता



- समस्तीपुर जिला कांग्रेस जनों के द्वारा इस जन्मदिवस कार्यक्रम में सर्वप्रथम पीवी नरसिंह राव के तैल चित्र पर पुष्प और पुष्प-माला अर्पित कर उपस्थित कांग्रेस जनों ने उन्हें याद किया गया।

समस्तीपुर प्रखंड के विशनपुर में अवस्थित नवभारत पुस्तकालय में मंगलवार को ठाकुर मनोज भारद्वाज की अध्यक्षता में भारत के 10वें प्रधानमंत्री पामुलापति वेंकट नरसिंह राव 101वें जन्मदिवस पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। समस्तीपुर जिला कांग्रेस जनों के द्वारा इस जन्मदिवस कार्यक्रम में सर्वप्रथम पीवी नरसिंह राव के तैल चित्र पर पुष्प और पुष्प-माला अर्पित कर उपस्थित कांग्रेस जनों ने उन्हें याद किया गया। इस जन्मदिवस कार्यक्रम को संबोधित करते ठाकुर मनोज भारद्वाज ने कहा कि नरसिंहराव उन राष्ट्रीय नेताओं में से हैं जो एक कांग्रेस सदस्य से पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष तक पहुंचे। वहीं एक विधायक से मंत्री, मुख्यमंत्री और केन्द्रीय मंत्री से प्रधानमंत्री जैसे पदों पर पहुंचे। प्रधानमंत्री के कार्यकाल में देश में लाइसेंस राज को खत्म किए भारत के अर्थनीति में खुलेपन लाकर भारतीय अर्थव्यवस्था को मजबूत किए। इस जन्मदिवस कार्यक्रम को जिला के वरिष्ठ नेता सरोज कुमार सिंह, अंजनी कुमार मिश्रा, डोमन राय, बद्री प्रसाद सिंह, बच्चा बाबू गिरी, राम विलास राय, देविता गुप्ता, बशीर अहमद, विनोद कुशवाहा, राम बिनोद पासवान आदि लोगों संबोधित किया। इस अवसर पर कांग्रेस जनों ने भारत सरकार से पीवी नरसिंह राव को भारत रत्न देने की मांग किया।

## संक्षिप्त खबरें

### 8 लीटर देसी चुलाई शराब के साथ तस्कर धराया

बगहा। बीती रात भैरोगंज थाना की पुलिस ने 8 लीटर देसी चुलाई के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया। थानाध्यक्ष ने बताया कि थाना क्षेत्र के बांसगांव परसौनी गांव से गौरी साह नामक शराब तस्कर को 8 लीटर देसी चुलाई शराब के साथ विधिवत रूप से गिरफ्तार किया गया है। बिहार मध निषेध के तहत कांड दर्जकर गिरफ्तार व्यक्ति को बगहा न्यायालय को भेज दिया गया।

### पशु तस्करी के मामले में एक चालक गिरफ्तार

मझौलिया। मंगलवार के दिन मझौलिया पुलिस ने गश्ती के दौरान एक वाहन पर लादकर दो मवेशी ले जा रहा था जांच के दौरान वाहन सहित पशु एवं चालक को थाना लाया गया। यह जानकारी थाना अध्यक्ष अशोक कुमार साह ने दी। उन्होंने बताया कि इनके विरुद्ध थाना कांड संख्या 464/22 दिनांक 27/6/22धारा 414 भा.द.वी. एवं (डी) (ई) (एफ) पशु क्रूरता निवारण अधिनियम के प्राथमिकी अभियुक्त वकील मियां पिता चौखट मियां साकिन मझौलिया वार्ड नंबर 4 निवासी को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में बेतिया भेज दिया गया। पशु तस्करी करने वाले वाहन का रजिस्ट्रेशन नंबर बीआर29 जी ए0337 है। उसे जप्त कर लिया गया। इस पुलिसिया कार्रवाई के पशु तस्करों में हड़कंप सा मच गया है।

### आकाशीय बिजली गिरने से एक की मौत और कई हुए घायल

मझौलिया। मंगलवार के दिन हुई मानसून की बारिश में प्रखंड क्षेत्र के रतनमाला पंचायत के वार्ड नम्बर 10 निवासी प्रसाद राम की रूखि देवी की बिजली गिरने से मौत हो गई। तीन गम्भीर रूप से घायल हो गए। बता दें कि यह लोग गांव के बगल के खेत में धान का विचड़ा काटने गये थे तभी अचानक आकासिय बिजली गिरने से हुआ यह हादसा। सभी घायलों का इलाज स्थानीय क्लिनिक में चल रहा है। इसके साथ ही एक और बच्ची भी घायल है उसका भी इलाज चल रहा है। मृतक के घर के दो लोगो के साथ इसी गांव के एक और बच्ची भी गम्भीर रूप से घायल है। मृतक रूखी देवी पति प्रसाद राम,चन्द्रजीत राम ,पूजा कुमारी,गुलाबी देवी गम्भीर रूप से घायल।

# ऑनलाइन म्यूटेशन के तहत प्राप्त आवेदनों का कराएं निष्पादन : डीएम

## बीडीओ, रामनगर से शोकॉज करने तथा वेतन निकासी पर रोक लगाने का निर्देश

बेतिया, प्रात : किरण संवाददाता



जिलाधिकारी, कुंदन कुमार द्वारा समाहरणालय सभाकक्ष में अतिमहत्वपूर्ण लोक सेवाओं का अधिकार अधिनियम, लोक शिकायत निवारण अधिकार अधिनियम एवं ऑनलाइन म्यूटेशन की विस्तृत समीक्षा की गयी। उन्होंने कहा कि उक्त तीनों आमजन से जुड़ी हुयी बेहद ही महत्वपूर्ण सेवाएं हैं। निर्धारित समयावधि में लोक सेवाओं का अधिकार अधिनियम, लोक शिकायत निवारण अधिकार अधिनियम एवं ऑनलाइन म्यूटेशन के तहत प्राप्त आवेदनों का निष्पादन हर हाल में कर देना है।

ऑनलाइन म्यूटेशन की समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने निदेश दिया कि 63 दिन से ज्यादा वाले मामले लंबित नहीं रहे, इसका विशेष ध्यान रखना है। लंबित मामले रखने वालों के विरूद्ध कार्रवाई की जायेगी। साथ ही उनके विरूद्ध प्रपत्र-क की कार्रवाई भी की जायेगी। अपर समाहर्ता, पश्चिम चम्पारण को नियमित रूप से ऑनलाइन म्यूटेशन के तहत प्राप्त आवेदनों के निष्पादन की समीक्षा करने का निर्देश जिलाधिकारी द्वारा दिया गया। साथ ही कम उपलब्धि वाले तथा मामले लंबित रखने वाले अंचलाधिकारियों को शोकॉज करने का निदेश दिया गया।

जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि लोक सेवाओं का अधिकार अधिनियम के तहत प्राप्त आवेदनों का निर्धारित समयावधि में निष्पादित कराया जाय। आफ्टर टाईमलाइन क्रॉस वाले पेंडिंग मामले शून्य करने की आवश्यकता है। इस हेतु त्वरित गति से लंबित मामलों का निष्पादन कराना सुनिश्चित किया जाय। उन्होंने निदेश दिया कि आरटीपीएस के तहत प्राप्त आवेदनों का ऑफलाइन डिस्पोजल करने के उपरांत तुरंत ही ऑनलाइन डिस्पोजल भी कराना सुनिश्चित किया जाय। आईटी मैनेजर आईटी असिस्टेंट, कार्यपालक सहायक आदि के साथ रिव्यू मिटिंग करेंगे तथा ऑफलाइन डिस्पोजल मामले को ऑनलाईन डिस्पोजल कराना सुनिश्चित करेंगे। लोक शिकायत निवारण अधिकार अधिनियम की समीक्षा के दौरान बताया गया कि जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी के स्तर से 8474 मामले, अनुमंडलीय लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी, नरकटियागंज के स्तर से 6967 मामले, अनुमंडलीय लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी, बगहा के स्तर से 5612 मामले तथा अनुमंडलीय लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी, बेतिया के स्तर से 7303 मामले, कुल-28356 मामलों का निष्पादन करा दिया गया है। बताया गया कि दिनांक-01.06.2022 से दिनांक-24.06.2022 तक अनुमंडलीय लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी, नरकटियागंज के स्तर पर 275 सुनवाई की गयी है। इसी तरह अनुमंडलीय लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी, बगहा के स्तर पर 291, अनुमंडलीय लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी, बेतिया के स्तर पर 440 तथा जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी के स्तर पर 186 सुनवाई की गयी है। लोक सेवाओं का अधिकार अधिनियम अंतर्गत कम उपलब्धि तथा समीक्षा बैठक से अनुपस्थित रहने के कारण प्रखंड विकास पदाधिकारी, रामनगर को शोकॉज करने तथा वेतन पर रोक लगाने का निदेश जिलाधिकारी द्वारा दिया गया है। इस अवसर पर उप विकास आयुक्त, अनिल कुमार, अपर समाहर्ता, नंदकिशोर साह, अनिल राय सहित जिलास्तरीय पदाधिकारी उपस्थित रहे तथा बीडीओ, सीओ आदि वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़े रहे।

**निर्देश**

● ऑनलाइन म्यूटेशन के तहत लंबित मामले रखने वाले अंचलाधिकारियों को शोकॉज करने का निर्देश

# प्रमंडल के सभी थाने व ओपी को सीसीटीवी कैमरा व अन्य उपकरणों से करें लैस : प्रमंडलीय आयुक्त

पूर्णिया, प्रात : किरण संवाददाता

पूर्णिया के प्रमंडलीय आयुक्त ने कहा है कि सभी थानों व ओपी में सीसीटीवी कैमरा एवं अन्य उपकरणों का अधिष्ठापन सुनिश्चित करें। साथ ही उसका फुटेज संग्रहण के साथ साथ उसकी निगरानी की व्यवस्था भी सुनिश्चित करें। कमीश्नर गोरखनाथ वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से पूर्णिया, अररिया, किशनगंज एवं कटिहार के डीएम, एसपी व अन्य वरीय अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक कर रहे थे। उन्होंने कहा कि जिस थाने में सीसीटीवी कैमरा नहीं लगा है वहां उसका अधिष्ठापन एवं सत्यापन जल्द पूरा करें।

इस संबंध में सुप्रीम कोर्ट ने आदेश पारित किया है, उसका अनुपालन आवश्यक है। उन्होंने कहा कि थानों में लगाए गए सीसीटीवी कैमरा के साथ छेड़छाड़ एवं टेंपरिंग होने पर संबंधित कर्मी व पदाधिकारी पर कार्रवाई भी करें। इस दौरान पूर्णिया आइजी सुरेश प्रसाद चौधरी, आयुक्त के सचिव राजेश चौधरी, डीएम सुहर्ष भगत एवं अन्य अधिकारी मौजूद थे। वीसी के माध्यम से आयुक्त गोरखनाथ ने कहा कि थानों में लगे सीसीटीवी कैमरे की निगरानी के लिए डीएसपी को नोडल अधिकारी नियुक्त करें। कहा कि यदि सीसीटीवी कैमरा खराब होता है तो इसके संबंध में वहां के प्रभारी पुलिस अधिकारी डायरी में दर्ज करें। साथ ही इसे ठीक कराने के लिए टीएसएल के अभियंता को संसूचित कर इसकी जानकारी डीएसपी एवं एसपी को भी दें।



●प्रमंडलीय आयुक्त ने चारों जिला के डीएम, एसपी एवं अन्य अधिकारियों के साथ की समीक्षा बैठक

पुलिस थाना व ओपी में सर्वोच्च न्यायालय के आदेश के अनुरूप अनुमोदित पोस्टर बैनर लगाने के लिए भी कार्रवाई करें। इस दौरान पूर्णिया एसपी दयाशंकर ने बताया कि जिले में 21 थानों में सीसीटीवी कैमरा लगाया जा चुका है जबकि 11 में कार्य प्रगति पर है। जल्द ही सभी थानों में सीसीटीवी कैमरे लगा लिए जाएंगे। एसपी ने बताया कि इसका पर्यवेक्षण संबंधित थानाध्यक्ष द्वारा किया जा रहा है। वहीं कटिहार के एसपी ने बताया कि यहां 21 थानों में सीसीटीवी कैमरा लगा हुआ है। लेकिन उसमें से दो हसनगंज एवं कुसेलां में तकनीकी खराबी के कारण काम नहीं कर रहा है। बताया कि उसे जल्द ठीक करा लिया जाएगा। जबकि अररिया जिले में 14 थाने एवं 12 ओपी है। जिसमें अररिया आरएस एवं सिमराही में अभी सीसीटीवी कैमरा नहीं लगा है। इसके अलावा तीन जगह बैरगाछी, मदनपुर व बथनाहा ओपी में तकनीकी कारणों से कार्य बाधित है। एसपी ने कहा कि इसे जल्द ठीक कर लिया जाएगा। किशनगंज के एसपी ने बताया कि 20 थानों में सीसीटीवी कैमरा लगा हुआ है लेकिन दो ओपी अभी वंचित हैं। उसमें शीघ्र सीसीटीवी लगा लिया जाएगा। वीसी के माध्यम से आयुक्त गोरखनाथ ने चारों जिले के डीएम, एसपी को निर्देश दिया कि इस संबंध में संबंधित मानक प्रक्रिया का अनुपालन सुनिश्चित करें।

# गोरख ठाकुर हत्याकांड में यूपी पुलिस पहुंची नरकटियागंज

नरकटियागंज, प्रात :किरण संवाददाता

25 जून को लखनऊ में हुई थी बिहार वांटेड कुख्यात गोरख ठाकुर की हत्या के जाच के सिलसिले मे यूपी पुलिस शिकारपुर थाना पहुच कर शिकार पुर पुलिस के सहयोग से बारवा बरौली गांव पहुंची। जहां हत्या कांड के आरोपी फिरतोष के घर की छापे मारी। यूपी पुलिस चौकी इंचार्ज (म०) यासीन ने बताया कि 25 जून को दिन दहाड़े कुख्यात गोरख ठाकुर की हत्या कर दी थी।

घर में घुस कर हमलावरों ने गोली मार दी। हत्या के बाद उसकी पत्नी खुशबू तारा के आवेदन पर तिन लोगों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज की गई।तीनो आरोपी नरकटियागंज के ही हैं। उन्होंने बताया कि हत्या के आरोपी बारवा बरौली निवासी फिरतोष,चिनी मिल निवासी बिट्टू जयसवाल, वह कुख्यात की पहली पत्नी प्रियंका की धड पकड़ के लिए शिकार पुर पुलिस के सहयोग से छापे मारी की गई। हालांकि तीनो आरोपी फरार मिले बताया जाता है। कि आरोपीयों के गांव में भी पुछ ताछ की गई। चौकी इंचार्ज ने बताया कि विरेन्द्र ठाकुर एवं गोरख ठाकुर के घर पर भी पुछ ताछ की गई। कई सुराग हाथ लगे हैं। उन्होंने बताया कि बिट्टू जयसवाल की पत्नी से भी पुछ ताछ की जायेगी। घटना से सम्बंधित सभी पहलू की जांच की जायेगी। गोरख ठाकुर के सम्पर्क में रहने वाले और उस के काम कार्य कारोबार को संभालने वाले को भी कुंडली भी खंगाली जा रही है। पुलिस गोरख ठाकुर की मोबाइल को भी खंगालने में जुटी है। गोरख अपने मोबाइल से जिन जिन लोगों से बात करता था उस की भी डिटेल खंगाली जा रही है।

### दिव्यांगो के लिए 2 जून को लगेगा मधुबनी में कैंपः बीईओ

**भितहा।** मंगलवार को प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी भितहा,कृष्णनंदन राय के द्वारा पत्र जारी कर प्रखंड के सभी विद्यालयों के प्रभारी प्रधानाध्यापक शिक्षा सेवक,एवम अभिभावकों के साथ साथ वार्ड सदस्यों को सुचित किया गया है कि जिला कार्यक्रम पदाधिकारी पश्चिम चम्पारण के पत्रांक रसअ/क्स्ड्ज/1203 दिनांक 13//06/2022 के आलोक में दिनांक 02/06/2022को प्रातः 9 बजे से प्रखंडाधीन दिव्यांग बच्चो के दिव्यांगता का प्रकार एवम दिव्यांगता का प्रतिशत प्रमाणीकरण हेतु प्रखंड संसाधन केंद्र मधुबनी में कैम्प का आयोजन किया जायेगा। जिसमे आप सभी अपने अपने क्षेत्रों के दिव्यांग बच्चों को कैम्प में भेजने का कष्ट करे।वही बीइओ श्री राय ने बताया कि सम्बन्धित सभी लोग यह सुनिश्चित कर ले कि आपके पोषक क्षेत्र मे कोई दिव्यांग बच्चा वंचित न रहे। इसमें सभी लोग अपनी अपनी भागीदारी निभाते हुए दिव्यांग बच्चों को शत प्रतिशत कैम्प में भेजना सुनिश्चित करेंगे।

# निःशुल्क पूर्णिया सेवा शिविर हुआ पंजीकृत, ट्रस्ट में नामित हुए 51 सदस्य

पूर्णिया, प्रात :किरण संवाददाता

लगभग एक दशक से श्रावणी मेला के दौरान कावरिया पथ पर कावरियों को सेवा प्रदान करने वाले निःशुल्क पूर्णिया सेवा शिविर का रजिस्ट्रेशन कार्य पूरा हुआ। निःशुल्क पूर्णिया सेवा शिविर में कुल 51 लोगों को ट्रस्टी बनाया गया है। शिविर का रजिस्ट्रेशन पूर्णिया स्थित निबंधन कार्यालय से कराया गया। निःशुल्क पूर्णिया सेवा शिविर का दायरा पूरा देश होगा।

ज्ञात हो कि निःशुल्क पूर्णिया सेवा शिविर की स्थापना 23 जुलाई 2013 को हुई थी। तब से लेकर प्रत्येक वर्ष देवघर मुख्य मार्ग के कटोरिया विश्वकर्मा नगर में निःशुल्क पूर्णिया सेवा शिविर लगाया जाता है। ट्रस्ट का संस्थापक अजय कुमार झा को बनाया गया है। जबकि ट्रस्टियों में नीरज सिंह उर्फ छोटू सिंह, जितेंद्र यादव, आमोद मंडल, बबलू चौधरी, कुंदन यादव, राजीव पासवान, राजीव राय, गुप्तेश कुमार, अंगद मंडल, राजीव सिंह, पवन राय, पोलो पासवान, जितेंद्र उरांव, विजय उरांव, पवन ठाकुर सहित कुल 51 लोगों को नामित किया गया।

इस संबंध में ट्रस्टी जितेंद्र यादव ने बताया कि हमलोगों द्वारा वर्ष 2013 से लगातार देवघर मुख्य मार्ग के कटोरिया विश्वकर्मा नगर में निःशुल्क पूर्णिया सेवा शिविर लगाया जाता है। जिसमें शिवभक्त कांवरियों के भोजन, आवास, दवाई, चिकित्सा, जल आदि सुविधा निःशुल्क उपलब्ध कराया जाता है। इसके अलावा शिवभक्त कांवरियों को कांवर यात्रा के दौरान किसी प्रकार की कठिनाई नहीं हो इसके लिए ट्रस्ट के सदस्यों सहित कार्यकर्तागण पूरा ध्यान रखते हैं। कांवरियों के लिए गर्म कुंड आदि की भी व्यवस्था रहती है। वहीं ट्रस्ट के सदस्य दीपक कुमार, विपिन कुमार राय, शंभू सिंह, रवि कुमार, अजय कुमार साह, प्रशांत कुमार, सतीश कुमार, लखेंद्र साह, अमित कुमार, परमेश्वर कुमार झा, अरविंद कुमार, अमरदीप कुमार, विमल चंद्र घोष, श्रवण कुमार चौधरी, हेमराज कुमार, कुंदन कुमार, निखिलेश कुमार सिंह, अखिलेश जायसवाल, प्रकाश कुमार चौधरी, सुबोध कुमार सिंह, नीतीश कुमार, ऋषि राज, अमित दत्ता, धीरज कुमार पुगलिया, टीपू पाल, नीरज कुमार मेहता, पंकज कुमार निराला, मुकेश सिंह, धनंजय कुमार सिंह, राजेश प्रसाद चौधरी, मुकेश कुमार भगत, प्रकाश चंद्र ठाकुर, विवेकानंद यादव, ब्रजकिशोर भारती, बालेश्वर प्रसाद, प्रदीप कुमार दास एवं अजय कुमार ने कहा कि कांवर यात्रा के दौरान निश्शुल्क पूर्णिया सेवा शिविर के माध्यम से हमलोगों को शिवभक्त कांवरियों की सेवा करने का मौका मिलता है।

### 241 कार्टून विदेशी शराब बरामद ,चालक गिरफ्तार

**मुजफ्फरपुर।** गायघाट पुलिस ने राष्ट्रीय उच्च पथ संख्या 57 के बेरुआ लाईन होटल के पास खड़े एक ट्रक से ट्रांसफार्मर में छुपा कर रखा गया भारी मात्रा में विदेशी शराब बरामद किया गया है। ट्रक पर लदे ट्रांसफार्मर पर बिजली विभाग, भारत सरकार लिखा हुआ है। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार ट्रक का रजिस्ट्रेशन नम्बर उत्तरप्रदेश का है। ट्रक से जीपीएस भी बरामद हुआ है। ट्रक चालक दिल्ली का रहने वाला है। वह चंडीगढ़ से शराब लेकर चला था जिसे मुजफ्फरपुर वह दरभंगा में उतारा जाना था। शराब ट्रांसफार्मर की बाड़ी को काट कर उसमें छुपा कर रखा गया था। पुलिस को इस बात की गुप्त सूचना मिली थी कि एक ट्रक बेरुआ लाईन होटल के पास खड़ी है जिसपर शराब लदा हुआ है। पुलिस ने मौके पर पहुंच कर ट्रक की तलाशी ली जहां उसने बिजली ट्रांसफार्मर में छुपा कर रखी गई 241 कार्टून शराब बरामद किया। ट्रक चालक को गिरफ्तार कर लिया गया है।

# मझौलिया में दो शराबी सहित एक शराब कारोबारी गिरफ्तार

मझौलिया, प्रात : किरण संवाददाता

मंगलवार के दिन मझौलिया पुलिस ने थाना क्षेत्र के विभिन्न ठिकानों से दो पियक्कड़ सहित 1 लीटर देशी चुलाई शराब के साथ एक शराब कारोबारी गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में बेतिया भेज दिया गया । यह जानकारी थाना अध्यक्ष अशोक कुमार साह ने दी । उन्होंने बताया कि इन तीनो विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज किया गया है। जिसमें थाना कांड संख्या 461/ 22 दिनांक 27/6/22 धारा 37 बिहार मद्य निषेध एवं उत्पाद अधिनियम के नामजद अभियुक्त जिवनंदन राम पिता स्व.जुगेश्वर राम साकिन भनाचक वार्ड .14 नशे की हालत में गिरफ्तार किया गया ।तथा थानाकाण्ड संख्या 462/22 दिनांक 27/6/22 धारा 37,30(ए) बिहार मद्य निषेध एवं उत्पाद अधिनियम के नामजद अभियुक्त प्रेम महतो पिता दसई महतो



साकिन बैठानिया नुनिया टोली इनके पास से एक लीटर देशी चुलाई शराब बरामद हुई ।वही थाना कांड संख्या 463/22 दिनांक 27/6/22 धारा 37 बिहार मध्य निषेध एवं उत्पाद अधिनियम के नामजद अभियुक्त करण कुमार पिता राजाराम पटेल साकिन बरवा इन तीनो को मेडिकल जांचों उपरांत न्यायिक हिरासत में बेतिया भेज दिया गया है। इस छापेमारी दल का नेतृत्व थाना अध्यक्ष अशोक कुमार साह कर रहे थे । इस छापेमारी दल में ए एल टी एफ प्रभारी सूर्य ज्योति कुमार पांडेय एस आई बाल्मीकि प्रसाद सिंह, प्रशिक्षु दारोगा बसंत कुमार राजीव कुमार सहित पुलिस बल शामिल थी ।

# कुलाधिपति को हटाने की मांग को लेकर के राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद व मंत्री लेशी को सौंपा मांगपत्र

पूर्णिया,प्रात : किरण संवाददाता

पूर्णिया छात्र संघर्ष समिति के संस्थापक डॉक्टर आलोक राज ने राष्ट्रीय जनता दल के सुप्रीमो एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव के दरबार में जाकर बिहार के विश्वविद्यालय में हो रहे भ्रष्टाचार के संदर्भ में एक मांग पत्र सौंपा। साथ ही साथ विश्वविद्यालय में हो रहे भ्रष्टाचार के संरक्षक बिहार के कुलाधिपति के संदर्भ में भी लालू प्रसाद को सारी बातों को बताया। आलोक राज ने कहा की बिहार में भ्रष्टाचारियों को बचाने का एक नया कीर्तिमान कुलाधिपति कार्यालय ने स्थापित किया है।

यह कीर्तिमान यह है कि भ्रष्टाचारियों पर कार्रवाई नहीं की जाए इसके कुलाधिपति के प्रधान सचिव ने बिहार के मुख्य सचिव को पत्र लिख डाला और पटना उच्च न्यायालय ने भी अपने आदेश में इस पत्र को काला पत्र का संज्ञान दे डाला। साथ ही साथ न्यायालय



● कुलाधिपति के तमाम तरह के भ्रष्टाचार से संबंधित कार्यों से कराया अवगत

ने 50 पन्ना में अपनी टिप्पणी कर डाली कि किस तरह बिहार के विश्वविद्यालयों में भ्रष्टाचार को संरक्षण दिया जा रहा है। सारी बिंदुओं को लालू प्रसाद यादव ने सुना, साथ ही साथ लालू प्रसाद यादव के साथ बैठे कई विधायक एवं विधान पार्षद में भी बड़ी गौर से और ध्यानपूर्वक इन सभी बातों को सुने। उन्होंने भरोसा दिलाया कि कुछ लोग भारतीय संविधान से खेलने का प्रयास कर रहे हैं लेकिन ऐसे लोगों को संविधान एक ना एक दिन जरूर सबक सिखाएगी। साथ ही साथ उन्होंने आश्वस्त किया कि राष्ट्रीय जनता दल इन मांगों पर गंभीरता पूर्वक विचार करेगी। डॉक्टर आलोक राज ने अपने पत्र में इस बात की भी जानकारी दी कि बिहार का विश्वविद्यालय पढ़ाई केंद्र नहीं बन कर कमाई का केंद्र बन बैठा है।

यहां पर जितने भी पदाधिकारी हैं वह विश्वविद्यालय में पढ़ाई हो इस से मतलब नहीं रखते उन्हें सिर्फ इस बात से मतलब रहता है कि किस तरह भ्रष्टाचार को अंजाम दिया जाये। आलोक राज ने सीमांचल की कद्दावर नेत्री एवं बिहार कैबिनेट की मंत्री लेसी सिंह से भी जाकर मुलाकात किया एवं बिहार के विश्वविद्यालय में हो रहे भ्रष्टाचार की जानकारी दी और उनसे आग्रह किया कि वह बिहार की कुलाधिपति को हटवाने की मांग सदन में रखें। डॉ राज ने कहा कि विश्वविद्यालयों में व्याप्त भ्रष्टाचार और शिक्षा माफिया के विरुद्ध आवाज उठाने की जरूरत है और भ्रष्टाचार के खिलाफ एक अभियान चलाकर लड़ाई लड़ने की भी जरूरत है। साथ ही साथ डॉक्टर आलोक राज ने विश्वविद्यालय में बैठे पदाधिकारियों को चेतावनी दी है कि भारतीय संविधान से ऊपर कोई नहीं है जो भी पदाधिकारी इस भ्रष्टाचारी कुलाधिपति के संरक्षण में भ्रष्टाचार करने में उनका सहयोग कर रहे हैं उनको याद रखनी चाहिए कि भारतीय संविधान से ऊपर कोई नहीं है। ऐसे लोग जो अभी संरक्षण में गलत काम को अंजाम दे रहे हैं ऐसे लोगों को एक ना एक दिन इसके लिए गंभीर परिणाम भुगतना होगा और हर हाल में सलाखों के पीछे जाना होगा। राष्ट्रीय जनता दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव एवं बिहार सरकार की मंत्री लेसी सिंह से मुलाकात करने में आलोक राज के साथ पूर्णिया विश्वविद्यालय पूर्णिया के छात्र नेता सौरभ कुमार मौजूद थे।

# सोनू सूद ने आदिल रजा को सम्मानित कर बढ़ाया हौंसला

अररिया, प्रात : किरण संवाददाता

अररिया जिला के फारबिसगंज के रहने वाले मो.जहांगीर के बड़े पुत्र आदिल रजा को प्रसिद्ध अभिनेता एवं यूथ आइकॉन सोनू सूद के हाथों लुधियाना स्थित सिटी यूनिवर्सिटी में सम्मानित किया गया। साल 2020 में जब कोविड के कारण आर्थिक तंगहाली के कारण आदिल रजा को अपनी पढ़ाई आगे रखने में परेशानी थी तो अभिनेता सोनू सूद के ट्विटर कैम्पेन के माध्यम से मेधावी छात्रों को स्कॉलरशिप देने और पढ़ाई में आने वाले अथार्भाव को दूर करने की पहल की गई थी। उसी ट्विटर कैम्पेन के दौरान आदिल रजा को मैट्रिक और इंटरमीडिएट में बेहतर प्राप्तांक के आधार पर सौ फिसदी स्कॉलरशिप के साथ सिटी यूनिवर्सिटी, लुधियाना पंजाब में चार वर्षीय बीएससी एग्रीकल्चर में नामांकन का मौका मिला था ।सोनू सूद ने आदिल



रजा को सौ फिसदी स्कॉलरशिप देकर आगे की पढ़ाई करवाये जाने की पहल की थी ।सोनू सूद की मदद से आदिल बीएससी एग्रीकल्चर की पढ़ाई जारी रखे हुए ! आदिल के पिता मो.जहांगीर छोटे मोटे कारोबार करते हैं,वहीं उनकी माता प्राथमिक विद्यालय की शिक्षिका है। आदिल बताते हैं कि उनके परिवार का आर्थिक स्थिति ऐसी नहीं थी कि वह अपनी पढ़ाई को जारी रख पाते और इतने बड़े कॉलेज में उनकी पढ़ाई हो पाती ।लेकिन शिक्षकों के मार्गदर्शन और परिवार के साथ सोनू सूद के स्कॉलरशिप के मदद से बीएससी एग्रीकल्चर कर रहे हैं।

# टीकाकरण महाभियान में किशोर-किशोरियों ने बढ़ चढ़ कर लिया भाग

पूर्णिया, प्रात : किरण संवाददाता

वैश्विक महामारी कोविड-19 संक्रमण को जड़ से मिटाने के उद्देश्य से सरकार द्वारा 12 से 14 एवं 15 से 18 आयुवर्ग के किशोर एवं किशोरियों को टीकाकृत कर लक्ष्य को पूरा करने के लिए जिले के सभी 249 उच्च विद्यालयों के प्राचार्यो के माध्यम से विद्यार्थियों को टीकाकृत करने के लिए कैम्प लगाया गया है। हालांकि 18 से अधिक आयुवर्ग के लाभार्थियों को टीकाकृत करने का लक्ष्य रखा गया है। जिसमें प्रथम, दूसरे एवं बूस्टर डोज लेने की अपील की गई है।

कोरोना से बचाव के लिए कोरोना रोधी टीके लगाये जा रहे हैं। लोगों को वैश्विक महामारी कोरोना से बचाव के लिए सक्षम एवं कारगर उपाय के तौर पर साबित एवं स्थापित हो चुके देश का कोविड- 19 टीका लगाया जा रहा है। यह महाअभियान कोरोना के संभावित चरण के आने के बीच जारी है। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण




मंत्रालय भारत सरकार के द्वारा दिए गए दिशा-निर्देश के आलोक में टीकाकरण महाअभियान चलाया गया। जिलाधिकारी सुहर्ष भगत के मार्गदर्शन में जिलें के सभी टीकाकरण केंद्रों पर सुबह 7 बजे से शाम 5 बजे तक टीकाकरण महाभियान चलाया गया। टीकाकरण महाभियान में डब्ल्यूएचओ, यूएनडीपी, केयर इंडिया, यूनिसेफ एवं पिरामल स्वास्थ्य का सहयोग लिया गया। जिसके तहत सबसे ज्यादा 12 से 14 एवं 15 से 18 आयुवर्ग के किशोर एवं किशोरियों पर ध्यान दिया गया। हालांकि इसके साथ ही 18 आयुवर्ग से अधिक उम्र के लाभार्थियों को भी टीकाकृत किया

● जिलाधिकारी के मार्गदर्शन में चलाया गया टीकाकरण महाअभियान

●टीकाकरण को लेकर सभी स्वास्थ्य केंद्रों को दिया लक्ष्य : सिविल सर्जन

गया। सिविल सर्जन डॉ एसके वर्मा ने बताया कोविड-19 टीकाकरण कराने से लोगों में रोग प्रतिरोधक क्षमता का विकास होता है। टीकाकृत होने वाले व्यक्तियों के शरीर में रोग विशेष से संक्रमित होने की संभावना बहुत कम हो जाती है।

इसका दूसरा एवं बूस्टर डोज पूर्व में लिए गए डोज से बनी रोग प्रतिरोधक क्षमता को मजबूती प्रदान करता है। इसके प्रभाव को अधिक समय तक बनाये रखने का काम भी करता है। इसीलिए जिन पात्र लाभुकों को दूसरा एवं बूस्टर डोज लेने का समय हो चुका है। वह सभी अपने नजदीकी टीकाकरण केंद्र पर जाकर अपना टीका अवश्य लगवा लें। ताकि कोविड-19 संक्रमण को पूरी तरह से मिटाया जा सके। उन्होंने यह भी बताया की 12 से 14 आयु वर्ग के युवाओं को दूसरा डोज लेने का समय हो चुका है। इस आयु वर्ग के दूसरे डोज के लाभार्थियों को विद्यालय स्तर एवं स्वास्थ्य केंद्रों के माध्यम से टीकाकरण किया जा रहा है जिला प्रतिरक्षण पदाधिकारी डॉ विनय मोहन ने बताया कि जिले के सभी किशोर एवं किशोरियों जिनकी उम्र 12 से 14 एवं 15 से 18 आयुवर्ग तक का है उन्हें शत प्रतिशत लक्ष्य को पूरा करने के लिए जिले के सभी 249 उच्च सह उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालयों के प्राचार्य एवं शिक्षकों को अपने-अपने विद्यार्थियों का शत प्रतिशत कोविड-19 टीकाकरण कराने को लेकर लाभार्थियों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए जिला शिक्षा पदाधिकारियों को पत्राचार किया गया है।

ताकि अधिक से अधिक टीकाकृत किया जा सके। डीआईओ ने बताया कि टीकाकरण महाअभियान के दौरान जिले में 47500 प्रथम डोज, दूसरा डोज 37500 एवं बूस्टर डोज के लिए 42840 लक्ष्य रखा गया है। कोविड-19 टीकाकरण महाअभियान के दौरान शहर के सम्राट अशोक भवन में अपने पिता के साथ आई 16 वर्षीय ऐश्वर्या राय ने कोविड-19 की दूसरी डोज लेने के बाद अपील करते हुए कहा जितने भाई एवं बहन कोरोना का टीका नहीं लिए हैं वे सभी अपने नजदीकी टीकाकरण केंद्र पर जाकर जल्द से जल्द टीके लगवा लें।

वहीं शहर के जिला स्कूल स्थित डॉक्टर्स फॉर यू टीकाकरण केंद्र पर निजी स्कूल की 14 वर्षीय छात्रा भाव्या हांसदा ने दूसरा डोज लेने के बाद बताया हमलोगों को पहला डोज स्कूल में ही दिया गया था लेकिन जब दूसरा डोज का समय आया तो हमनें नजदीकी टीकाकरण केंद्र पर आकर दूसरी डोज ली। क्योंकि मुझे कोरोना संक्रमण को जड़ से मिटाने में अहम योगदान देना है। जब तक हमलोग जागरूक नही होंगे तक देश से कोविड-19 संक्रमण वायरस को मिटा नहीं सकते हैं।

# अग्निपथ योजना के खिलाफ कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने किया धरना-प्रदर्शन

रुपौली, प्रात : किरण संवाददाता

**( पूर्णिया)।** रूपौली प्रखण्ड क्षेत्र में अग्निपथ योजना के विरूद्ध कांग्रेस का सत्याग्रह एवं धरना शान्तिपूर्वक सम्पन्न हुआ ।शांन्तिपूर्वक प्रदर्शन प्रदेश महिला उपाध्यक्ष संयोगिता सिंह के अगुआई में किया गया। कॉग्रेस नेता रूपौली सर्वोदय आश्रम रुपौली में इकट्ठा होकर प्रर्दशन निकाला एवं राष्ट्रपति को नामित एक ज्ञापन कॉग्रेस पार्टी की ओर से रूपौली थाना प्रभारी एवं प्रखंड विकास पदाधिकारी रूपौली को ज्ञापन सौंपा गया।

प्रदेश महिला उपाध्यक्ष संयोगिता सिंह ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा देश के युवाओं पर जबरन थोपा गया अग्निपथ योजना के द्वारा देश के युवाओं को सिर्फ ठगने का कार्य कर रही है।



आखिर 4 साल के बाद उनका भविष्य किस दिशा में जाएगी यह कहना मुश्किल है।

रुपौली के प्रखंड अध्यक्ष रविंद्र कुमार सिंह ने कहा कि 4 साल के ठेके पर तो गुलाम रखे जाते हैं, देश के जवान नहीं अग्निपथ के आग से देश को बचाना है तो भाजपाई तानाशाही को हराने के लिए हमारे पास सिर्फ एक ही हथियार हैं, वह है सत्याग्रह, क्योंकि मोदी सरकार का सिर्फ एक ही मूल मंत्र है और वह है धोखेबाजी और षड़यंत्र। सत्याग्रह आंदोलन, शांति, मार्च रूपौली के प्रखंड अध्यक्ष रविन्द्र, बड़हरा कोठी के प्रखंड अध्यक्ष अरविन्द कुमार जायसवाल, भवानीपुर के प्रखंड अध्यक्ष नूर आलम, गजेंद्र यादव, दिनेश यादव, डॉक्टर सत्येंद्र, रमेश उरांव, सुरेश, सुनीता उरांव, मीणा उरांव, करम चंद्र केसरी, रामसेवक चौधरी, मोहम्मद जुबेर, लूखो राम, अरुण यादव, मुकुल सिंह, पिंटू राम सहित सकड़ों कांग्रेसी कार्यकर्ता एवं नेता मौजूद थे।

सम्पादकीय

# चीन-पाक की चाल

पाकिस्तान अपने बढ़ते कर्ज का भुगतान करने के लिए पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर क्षेत्र (पीओके) गिलगित-बाल्टिस्तान (जीबी) को चीन को लीज पर देने की तैयारी कर रहा है। गिलगित-बाल्टिस्तान वह भूभाग है, जिस पर चीन की काफी समय से नजर है। पाकिस्तान जिस गिलगित-बाल्टिस्तान को अवैध रूप से अपने कब्जे में कर रहा है, वह चीन के दक्षिण एशियाई विस्तार के लिए वरदान होगा। अगर पाकिस्तान चीन को गिलगित-बाल्टिस्तान सौंप देता है तो उसे इसके लिए चीन की तरफ से मोटी रकम मिल सकती है जो उसके मौजूदा आर्थिक संकट से निपटने में मदद कर सकती है। लेकिन यह कदम उसे भारी भी पड़ सकता है क्योंकि अमेरिका कभी भी नहीं चाहेगा कि चीन का प्रभाव किसी भी तरह से बढ़े। अमेरिका भविष्य में आईएमएफ, विश्व बैंक और अन्य वैश्विक एजेंसियों से धन प्राप्त करने से निकट भविष्य के लिए पाकिस्तान को ब्लैकलिस्ट भी कर सकता है। चीनी नेता पाकिस्तान की सरकारों को तब से गिलगिट-बाल्टिस्तान को पाकिस्तानी राज्य बनाने की सलाह देते रहे हैं, जब से चीन ने पाक के रास्ते अरब सागर तक अपनी पहुंच बनाने के लिए अपने कब्जे वाले शिनजियांग प्रांत (ईस्ट-तुर्किस्तान) से लेकर पाकिस्तान के बलूचिस्तान में ग्वादर तक सड़क बनाने और वहां अपना नौसैनिक अड्डा बनाने का ह्यसीपैकइ प्रोजेक्ट शुरू किया है। शुरू में 25 अरब डॉलर की लागत वाले इस प्रोजेक्ट को चीन ने बढ़ाते-बढ़ाते 60 अरब डॉलर का कर लिया है। इसका एक बड़ा हिस्सा भारत के साथ विवाद वाले गिलगिट-बाल्टिस्तान और पाक के कब्जे वाले जम्मू-कश्मीर (पीओजेके) के इलाकों से गुजरता है। चीन को वहां भारत की ओर से कानूनी अड़चनों और सैनिक कार्रवाई की आशंका बनी रहती है। चीन चाहता है कि अगर पाकिस्तान इन इलाकों को कानूनी तौर पर अपने प्रांत घोषित कर देता है तो वह सीपैक और दूसरी कई रियायतों के लिए पाकिस्तान सरकार के साथ कानूनी संधि कर सकेगा। तब भारतीय विरोध केवल सैनिक चरित्र वाला रह जाएगा। भारत की सैनिक कार्रवाई की स्थिति में चीन को पाकिस्तान की मदद से भारत के खिलाफ दोहरे मोर्चे खोलने का बहाना मिल जाएगा। सीपैक प्रोजेक्ट की पूंजी और उस पर ब्याज के दबाव से पाक को राहत देने के लिए चीन पूरे गिलगिट-बाल्टिस्तान को 99 साल के लिए लीज पर लेने की फिराक में है। गिलगिट-बाल्टिस्तान को लेकर चीन की और भी चिंताएं हैं। लद्दाख में जिस गलवन घाटी पर अचानक हमला करके चीनी सेना ने कब्जे का प्रयास किया था, वह चीन के काराकोरम हाइवे की सुरक्षा के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। यह सड़क भारतीय क्षेत्र अक्साई चिन और पाकिस्तान से गिफ्ट के तौर पर मिले शक्सगाम के माध्यम से गिलगिट-बालटिस्तान के रास्ते नए सीपैक मार्ग को जोड़ती है। इस हमले का एक और चीनी लक्ष्य भारत के सियाचिन ग्लेशियर पर भी कब्जा जमाना था, जिससे अक्साई चिन और गिलगिट-बाल्टिस्तान के बीच भारतीय सेना की उपस्थिति खत्म हो जाए और चीनी सेना को गिलगिट-बाल्टिस्तान तक भारत की चुनौती से लगभग पूरी मुक्ति मिल जाए। इसके अलावा चीन की आंतरिक सुरक्षा और शिनजियांग पर अपना औपनिवेशिक कब्जा बनाए रखने के लिए भी गिलगिट-बाल्टिस्तान का चीन के लिए बहुत महत्व है।

# ओबीसी के साथ क्रीमीलेयर का भेदभाव क्यों?

सत्यवान सौरभ

आरक्षण, सात दशकों के बावजूद, हमारे विषम समाज में कई समूहों के लिए लाभों के समान वितरण में अनुवादित नहीं हुआ है। नतीजतन, कई समूहों को छोड़ दिया गया है। आरक्षण का लाभ नहीं उठा पाने वाले हाशिए के तबके के लोगों की जोरदार मांग है। इसके लिए कुछ नीति विकल्प तैयार करने की आवश्यकता है जो आरक्षण की मौजूदा प्रणाली को पूरा करने में सक्षम हो सकते हैं। इसका विस्तार से अध्ययन करने के लिए न्यायमूर्ति रोहिणी आयोग का गठन किया गया। न्यायमूर्ति जी. रोहिणी आयोग की क्या टिप्पणियां हैं? समिति द्वारा दिए गए आंकड़े कुछ महत्वपूर्ण अवलोकन प्रदान करते हैं। पिछले पांच वर्षों के आंकड़ों के आधार पर आयोग ने निष्कर्ष निकाला कि केंद्रीय ओबीसी कोटा का 97 फीसदी लाभ उसकी जातियों के 25 फीसदी के तहत ही जाता है। 983 ओबीसी समुदायों-कुल का 37 फीसदी-का केंद्र सरकार की नौकरियों और केंद्रीय विश्वविद्यालयों में प्रवेश दोनों में शून्य प्रतिनिधित्व है।

साथ ही, रिपोर्ट में कहा गया है कि ओबीसी के सिर्फ 10 फीसदी लोगों ने 24.95 फीसदी नौकरियां और प्रवेश अर्जित किए हैं। रोहिणी समिति का डेटा केवल उन संस्थानों पर आधारित था जो केंद्र सरकार के दायरे में आते हैं। समिति के पास राज्य और समाज के अधिक स्थानीय स्तरों पर विभिन्न सामाजिक समूहों की सामाजिक-आर्थिक स्थितियों पर शायद ही कोई सुपाठ्य डेटा हो। विभिन्न सामाजिक समूहों की सामाजिक-आर्थिक स्थिति से संबंधित सटीक आंकड़ों की आवश्यकता है। जाति आधारित आरक्षण समाज में ऊर्ध्वगामी गतिशीलता का अध्ययन करने के लिए महत्वपूर्ण हैं। इस कमी को दूर करने और सिस्टम को अधिक जवाबदेह और इंट्रा-ग्रुप मांगों के प्रति संवेदनशील बनाने के लिए एक तंत्र की तत्काल आवश्यकता है। सबसे पहले, संदर्भ-संवेदनशील, साक्ष्य-आधारित नीति विकल्पों की एक विस्तृत विविधता विकसित करने की आवश्यकता है जिसे विशिष्ट समूहों की विशिष्ट आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए तैयार किया जा सकता है।


दूसरा, हमें संयुक्त राज्य या यूनाइटेड किंगडम के समान अवसर आयोग जैसी संस्था की आवश्यकता है जो जाति, लिंग, धर्म सहित विभिन्न समुदायों की सामाजिक-आर्थिक-आधारित जनगणना से संबंधित डेटा से वंचित सूचकांक बनाएं और उन्हें अनुकूल नीतियां बनाने के लिए रैंक करें। सामाजिक-आर्थिक जाति आधारित जनगणना भारत में सकारात्मक कार्रवाई व्यवस्था में कोई सार्थक सुधार शुरू करने के लिए एक आवश्यक पूर्व शर्त बन जाती है। तो, यह एक अच्छा पहला कदम के रूप में कार्य कर सकता है। 2015 में एनसीबीसी (राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग) ने आरक्षण नीति के मुफ्त कार्यान्वयन को सुनिश्चित करने के लिए क्रीमी लेयर पर प्रावधानों को व्यवस्थित करने के बजाय ह्लओबीसी के वर्गीकरणह्व की आवश्यकता पर जोर दिया। ओबीसी के साथ क्रीमीलेयर का भेदभाव क्यों? जबकि अनुसूचित जाति ०जनजाति में ऐसा नहीं है। ऐसे कौन से महत्वपूर्ण मुद्दे हैं जिन पर ध्यान देने की आवश्यकता है? वार्षिक आय सीमा क्रीमी लेयर को निर्धारित करने वाले मापदंडों में से एक है। लेकिन हम देखते हैं कि सितंबर 1993 से, इसे हर तीन साल में संशोधन के मानदंड के खिलाफ केवल पांच बार संशोधित किया गया था। इसके अलावा, जीडीपी मुद्रास्फीति, प्रति व्यक्ति आय और जीवन यापन की लागत में वृद्धि जैसे मानदंडों पर भी विचार किया जाना चाहिए।

हमें ओबीसी के पदों को शीघ्र भरने के लिए भी काम करना चाहिए। संसदीय समिति ने 27 फीसदी को निर्धारित कोटे के मुकाबले 78 मंत्रालयों में ओबीसी कर्मचारियों को केवल 21.75 फीसदी गठित किया। अमूर्त मुद्दों पर लड़ने के बजाय हमें ठोस मुद्दों पर ध्यान देना चाहिए जो ठोस परिणाम ला सकते हैं। सवाल केवल पिछड़े वर्ग के साथ इस भेदभाव का नहीं है बल्कि सालों से बैकलॉग से विभीन विभागों में खाली पड़े पदों का भी है। एक तरफ सामान्य वर्ग का कोई पद खाली नहीं तो दूसरी तरफ पिछड़ा वर्ग के असंख्य पदों को भरने का नाम तक नहीं लिया जा रहा। सुप्रीम कोर्ट भी यह मानती है कि संविधान की धारा 16(4) सभी पिछड़े वर्गों के हितों की रक्षा करती है। बाबा साहब डॉ. भीमराव आंबेडकर ने भी 1949 में इस धारा के संबंध में यही कहा था। ओबीसी मामलों के जानकार के कोंडाला राव ने अपनी पुस्तिका ह्यओबीसी एंड स्टेट पालिसीह्ण में कहा है कि जहां तक प्रतिनिधित्व का सवाल है, वर्ष 2004 में ओबीसी की स्थिति एससी और एसटी से भी बदतर थी। और इसी आधार पर उनका कहना है कि संविधान का 77वां संशोधन ओबीसी के साथ भेदभाव करता है और इसलिए इसके आधार पर बनाई गई राज्य की नीतियाँ भी भेदभावपूर्ण हो गई है। इनमें बहुत सारी बातें उस समय स्पष्ट हो जाएंगी अगर जाति आधारित जनगणना को प्रकाशित कर दिया जाए।

# महिला अधिकारों के प्रति भारत दिखा रहा आगे की राह

**व्यावसायिक सरोगेसी पर रोक और शादी के लिए पुरुषों और महिलाओं की उम्र को बराबर करने के प्रस्ताव के साथ, भारत प्रजनन स्वायत्तता की रक्षा करने वाले अग्रणी देशों में शामिल है। भारत की संवैधानिक लोकनीति, अनुच्छेद 21 के माध्यम से व्यक्तिगत स्वतंत्रता के संरक्षण के लिए प्रतिबद्ध है। गर्भपात या गर्भावस्था की समाप्ति एक महिला के आत्मनिर्णय का विशेषाधिकार है। विशुद्ध रूप से शारीरिक संरचना के कारण, महिलाओं के लिए बच्चे को जन्म देना उनकी नियति है- सामाजिक-सांस्कृतिक स्थिति भी महिलाओं को बच्चे के पालन-पोषण का लगभग सम्पूर्ण भाग, जो समानुपातिक नहीं है, की जिम्मेदारी देती हैं। गर्भावस्था की चिकित्सीय समाप्ति (संशोधन) अधिनियम, 2021 सही दिशा में उठाया गया कदम है। यह सुनिश्चित करता है कि निकट भविष्य में बच्चे को जन्म देने वाली महिलायें अपने घरों में नए जीवन का स्वागत करने के लिए आत्मनिर्णय करें। अधिनियम के तत्वावधान में, गर्भपात 24 गर्भावधि सप्ताह तक करवाया जा सकता है**





**स्मृति इरानी**
**लेखिकाः केंद्रीय मंत्री**

पश्चिमी देशों में गर्भपात पर लगभग पूर्ण प्रतिबंध के खिलाफ सोशल मीडिया और सड़कों पर चिंतित करने वाले विरोध प्रदर्शनों व हंगामे के बीच, गर्भावस्था की समाप्ति पर भारत का उदार रुख बहुत सुकून देने वाले देश के रूप में है। व्यावसायिक सरोगेसी पर रोक और शादी के लिए पुरुषों और महिलाओं की उम्र को बराबर करने के प्रस्ताव के साथ, भारत प्रजनन स्वायत्तता की रक्षा करने वाले अग्रणी देशों में शामिल है। भारत की संवैधानिक लोकनीति, अनुच्छेद 21 के माध्यम से व्यक्तिगत स्वतंत्रता के संरक्षण के लिए प्रतिबद्ध है। गर्भपात या गर्भावस्था की समाप्ति एक महिला के आत्मनिर्णय का विशेषाधिकार है। विशुद्ध रूप से शारीरिक संरचना के कारण, महिलाओं के लिए बच्चे को जन्म देना उनकी नियति है- सामाजिक-सांस्कृतिक स्थिति भी महिलाओं को बच्चे के पालन-पोषण का लगभग सम्पूर्ण भाग, जो समानुपातिक नहीं है, की जिम्मेदारी देती हैं। गर्भावस्था की चिकित्सीय समाप्ति (संशोधन) अधिनियम, 2021 सही दिशा में उठाया गया कदम है। यह सुनिश्चित करता है कि निकट भविष्य में बच्चे को जन्म देने वाली महिलायें अपने घरों में नए जीवन का स्वागत करने के लिए आत्मनिर्णय करें। अधिनियम के तत्वावधान में, गर्भपात 24 गर्भावधि सप्ताह तक करवाया जा सकता है, यदि मां के जीवन के लिए जोखिम, मानसिक पीड़ा, दुष्कर्म, अनाचार, गर्भनिरोध विफलता या भ्रूण असामान्यताओं के निदान आदि कारण मौजूद हों। अधिनियम एमटीपी अधिनियम, 1971 द्वारा तय की गयी 20 सप्ताह की चुनौती से आगे जाता है और स्वास्थ्य व प्रजनन विज्ञान के क्षेत्र में हुई प्रगति को स्वीकार करता है। यह उन देशों की तुलना में एक उदार उपलब्धि है, जहां यौन शोषण या अनाचार की सबसे अधिक पीड़ादायक परिस्थितियों के बावजूद गर्भधारण के बाद से गर्भपात की अनुमति नहीं है।

एमटीपी अधिनियम, 2021 इसे तैयार व अंतिम रूप देने वालों के अंतर्ज्ञान और दूरदर्शिता को प्रमाणित करता है। बच्चों के लिए तत्परता और उनकी वांछनीयता निर्णायक रूप से माताओं, परिवारों व बच्चों; तीनों के जीवन पथ को आकार देती हैं। अवांछित गर्भधारण अप्रत्याशित रूप से माता-पिता के जीवन से जुड़े विकल्पों को कम कर देता है- विशेष रूप से माताओं के परिप्रेक्ष्य में- और उनके मानसिक स्वास्थ्य और व्यक्तिगत विकास को भी प्रभावित कर सकता है। इसके अलावा, जन्म लिए अवांछित बच्चों को कम अवसरों का सामना करना पड़ सकता है। उदाहरण के तौर पर, डब्ल्यूएचओ बच्चों के वांछित रूप में पैदा होने की संभावना को उनकी शिक्षा में माता-पिता के अधिक निवेश से जोड़ता है। इसलिए एमटीपी अधिनियम माताओं को अवांछित गर्भधारण के भावनात्मक और वित्तीय बोझ से मुक्त करता है।

मौजूदा कानून और नीति-निमार्ताओं ने बड़ी कुशलता से प्रजनन विकल्प को जीवनचक्र से जोड़ दिया है। चूंकि प्रजनन क्षमता, बच्चे को जन्म देना और बच्चे का पालन-पोषण स्पष्ट रूप से विवाह से जुड़ा हुआ है, इसलिए महिलाओं के लिए कानूनी तौर पर विवाह योग्य आयु बढ़ाने का प्रस्ताव करके, नीति-निमार्ता गर्भावस्था में देरी करने वाले स्वागत योग्य परिवर्तनों की शुरूआत कर रहे हैं। बाल विवाह निषेध (संशोधन) विधेयक, 2021 महिलाओं की शादी की उम्र 18 साल से बढ़ाकर 21 साल करने का प्रयास करता है। यह विधेयक, डब्ल्यूएचओ द्वारा उद्धृत विशेषज्ञता और साक्ष्यों के आधार पर तैयार किया गया है, जिसमें कहा गया है कि 10 से 19 वर्ष की आयु की किशोर माताओं को 20 से 24 वर्ष की आयु की महिलाओं की तुलना में एक्लम्पसिया, प्यूपरल एंडोमेट्रैटिस और प्रणालीगत संक्रमण के उच्च जोखिम का खतरा होता है। ऐसी माताओं से पैदा होने वाले बच्चों को जन्म के समय कम वजन, समय से पहले प्रसव और गंभीर नवजात स्थितियों के अधिक जोखिम का सामना करना पड़ता है। यह ध्यान देने योग्य है कि एनएफएचएस-4 (2014-15) से एनएफएचएस-5 (2019-21) के बीच बच्चे पैदा करने की सीमा या अंतराल के संदर्भ में परिवार नियोजन की अधूरी आवश्यकता 12.9 फीसदी से घटकर 9.4 फीसदी रह गई। हालांकि, एकल मानक पर, एनएफएचएस-5 के समय 15-19 वर्ष की आयु की लगभग 7 प्रतिशत महिलाएं पहले से ही मां थीं या गर्भवती थीं, जो एनएफएचएस-4 के 7.8 प्रतिशत से मामूली गिरावट को दशार्ती है। ऐसी युवा माताओं को दूध पिलाने की प्रथाओं और बच्चों की देखभाल के बारे में बहुत कम जानकारी होती है, जिससे बच्चों के स्टंट या वेस्टेड होने की संभावना बढ़ जाती है। एमटीपी अधिनियम, 2021 और पीसीएमए विधेयक, 2021 को मिलाकर- यदि अधिनियमित किया जाता है तो यह कम उम्र में विवाह, जिसके परिणामस्वरूप जल्दी गर्भधारण और खराब मातृ एवं बाल स्वास्थ्य परिणाम सामने आते हैं, के दुष्चक्र को समाप्त कर सकता है।

एक नीतिगत नवाचार, जिसका श्रेय सरकार को अपेक्षाकृत बहुत कम मिला है, वह है - सरोगेसी बाजारों को महत्वहीन बनाना, जिसमें किराए पर गर्भ लेने की अनुमति दी गयी थी। वैश्विक असमानताओं को देखते हुए, भारत सरोगेट माताओं के लिए एक आकर्षक बायोमार्केट बन गया था। गरीब भारतीय महिलाओं के शरीर ग्लोबल नॉर्थ के निवासियों के लिए जैविक रूप से उपलब्ध हो गए थे, जिससे मातृत्व का व्यावसायीकरण हुआ, महिलाओं को विशिष्ट वस्तु के रूप में देखा गया और उनकी प्रजनन क्षमता में कमी आई। भारत को बेबी फैक्ट्री कहा जाने लगा, कई मामलों में बच्चों को छोड़ दिया गया, सरोगेट का शोषण किया गया और मुआवजे का भुगतान नहीं किया गया। एक ऐसा देश, जहां माताओं को सम्मान देने की लम्बी सांस्कृतिक परम्परा रही है, लापरवाह व्यावसायिक सरोगेसी की पूरी व्यवस्था सांस्कृतिक लोकाचार के विपरीत प्रतीत होती है। इस विसंगति का जवाब देते हुए, सरोगेसी अधिनियम, 2021 ने व्यावसायिक सरोगेसी के स्थान पर नैतिक, परोपकारी सरोगेसी को पेश किया। यह अधिनियम देश में सरोगेसी का लाभ उठाने को लेकर उन जोड़ों पर प्रतिबंध लगाता है, जो भारतीय मूल के नहीं हैं। यह अधिनियम केवल प्रमाणित, चिकित्सा कारणों से स्थानीय लोगों को ही इसका लाभ उठाने की अनुमति देता है, जिनके लिए गर्भकालीन सरोगेसी की आवश्यकता मौजूद है। एमटीपी अधिनियम, सरोगेसी अधिनियम और पीसीएम (संशोधन) विधेयक, 2021 सामूहिक रूप से नारी शक्ति को नया अर्थ देते हैं। इस सक्षम राजनीतिक-कानूनी व्यवस्था के अंतर्गत, सरकार ने ऐसी नीतियां बनाई हैं, जो महिलाओं द्वारा तय किए गए विकल्पों और निर्णयों का सम्मान करने के लिए मौजूद हैं। आयुष्मान भारत-जन आरोग्य योजना (पीएम-जेएवाई) के तहत, प्रति परिवार प्रति वर्ष 5 लाख रुपये का स्वास्थ्य कवर प्रदान किया जाता है और इसमें प्रसूति व स्त्री रोग से संबंधित पैकेजों की एक विस्तृत श्रृंखला की पेशकश की जाती है। प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना गर्भावस्था से पहले और बाद में मजदूरी के नुकसान की आंशिक रूप से क्षतिपूर्ति करती है, प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान गर्भवती महिलाओं के वित्तीय बोझ को कम करते हुए।

# अब अर्थव्यवस्था में तेज सुधार

**ब्रिक्स देशों के साथ कारोबार तेजी से बढ़ने से भारतीय अर्थव्यवस्था लाभान्वित हो रही है। ज्ञातव्य है कि ब्रिक्स दुनिया के पांच सबसे बड़े विकासशील देशों- ब्राजील, रूस, भारत, चीन, दक्षिण अफ्रीका को एक मंच पर लाता है। इन देशों की कुल हिस्सेदारी वैश्विक आबादी में 41 फीसदी, वैश्विक जीडीपी में 24 फीसदी और वैश्विक व्यापार में 16 फीसदी है। उल्लेखनीय है कि 22 जून को प्रधानमंत्री मोदी ने ब्रिक्स बिजनेस फोरम को संबोधित करते हुए कहा कि भारतीय अर्थव्यवस्था में कोरोना काल के बाद जो सुधार और नवाचार हो रहा है, उसे पूरी दुनिया में रेखांकित किया जा रहा है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि भारतीय अर्थव्यवस्था के इस साल 2022-23 में 7 .5 फीसदी की दर से पूरी दुनिया में सबसे तेजी से बढ़ने की उम्मीद है।**



**डा. जयंतीलाल भंडारी**
**लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं**



23 जून को ब्रिक्स देशों (ब्राजील, रूस, भारत, चीन और दक्षिण अफ्रीका) के 14वें शिखर सम्मेलन को वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने संबोधित करते हुए कहा कि ब्रिक्स देशों का आपसी सहयोग कोविड के नुकसान से उबरने में मददगार बन रहा है। ब्रिक्स देशों के साथ कारोबार तेजी से बढ़ने से भारतीय अर्थव्यवस्था लाभान्वित हो रही है। ज्ञातव्य है कि ब्रिक्स दुनिया के पांच सबसे बड़े विकासशील देशों- ब्राजील, रूस, भारत, चीन, दक्षिण अफ्रीका को एक मंच पर लाता है। इन देशों की कुल हिस्सेदारी वैश्विक आबादी में 41 फीसदी, वैश्विक जीडीपी में 24 फीसदी और वैश्विक व्यापार में 16 फीसदी है। उल्लेखनीय है कि 22 जून को प्रधानमंत्री मोदी ने ब्रिक्स बिजनेस फोरम को संबोधित करते हुए कहा कि भारतीय अर्थव्यवस्था में कोरोना काल के बाद जो सुधार और नवाचार हो रहा है, उसे पूरी दुनिया में रेखांकित किया जा रहा है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि भारतीय अर्थव्यवस्था के इस साल 2022-23 में 7.5 फीसदी की दर से पूरी दुनिया में सबसे तेजी से बढ़ने की उम्मीद है। नए भारत में हर क्षेत्र में रूपांतरकारी बदलाव हो रहे हैं और देश के आर्थिक सुधार का एक प्रमुख स्तंभ प्रौद्योगिकी आधारित वृद्धि है। देश में 100 से ज्यादा यूनीकॉर्न (एक लाख डॉलर से ज्यादा का कारोबार करने वाली नई कंपनियां) और 70 हजार स्टार्टअप हैं। भारत लगातार कारोबार करने के माहौल में सुधार कर रहा है। उन्होंने कहा कि भारत में जितनी तेजी से डिजिटलीकरण हो रहा है, उतनी तेजी से दुनिया में कहीं भी नहीं हो रहा है। भारतीय डिजिटल अर्थव्यवस्था का आकार 2025 तक 1000 अरब अमेरिकी डॉलर तक पहुंच जाएगा। प्रधानमंत्री ने कहा कि देश में राष्ट्रीय बुनियादी ढांचा पाइपलाइन के तहत 1500 अरब डॉलर के निवेश के अवसर हैं। गौरतलब है कि यद्यपि इस समय वैश्विक मंदी की तेज लहर का भारत की अर्थव्यवस्था पर भी असर हो रहा है, लेकिन भारतीय अर्थव्यवस्था पिछले 7-8 वर्षों में हुए आर्थिक सुधारों और नवाचार के कारण मंदी की लहर के बीच भी गतिशील है। इसमें कोई दो मत नहीं हैं कि इस समय जहां सेंसेक्स में बड़ी गिरावट है, डॉलर के मुकाबले रुपए की कीमत में भी भारी गिरावट है, ब्याज की बढ़ती दरों व पेट्रोल-डीजल की बढ़ती कीमतों के कारण महंगाई का बढ़ा हुआ ग्राफ भी दिखाई दे रहा है, वहीं इन आर्थिक और वित्तीय चुनौतियों के बीच भी भारतीय अर्थव्यवस्था बुनियादी मजबूत आर्थिक घटकों के कारण हाल ही में प्रकाशित विभिन्न प्रमुख वैश्विक संगठनों की रिपोर्टों में सबसे तेज गति से बढ़नी वाली अर्थव्यवस्था के रूप में रेखांकित की जा रही है। उल्लेखनीय है कि 15 जून को प्रकाशित विश्व प्रसिद्ध इंस्टिट्यूट फॉर मैनेजमेंट डेवलपमेंट (आईएमडी) के वार्षिक वैश्विक प्रतिस्पर्धात्मकता सूचकांक 2022 में जहां भारत ने एशियाई अर्थव्यवस्थाओं में सबसे तेज सुधार का तमगा प्राप्त किया है, वहीं वैश्विक रैंकिंग में भी भारत ने छह पायदान की जोरदार छलांग लगाई है। गौरतलब है कि वैश्विक स्तर पर प्रतिष्ठित 63 देशों के इस आईएमडी सूचकांक 2022 में भारत 43वें से 37वें स्थान पर आ गया है। मुख्य रूप से आर्थिक मोर्चे पर प्रदर्शन में सुधार से प्रतिस्पर्धा के मामले में भारत की स्थिति सुधरी है। रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत जिन चुनौतियों का सामना कर रहा है उनमें व्यापार रुकावटें और ऊर्जा सुरक्षा का प्रबंधन, महामारी के बाद सकल घरेलू उत्पाद की वृद्धि को बनाए रखना, कौशल विकास एवं रोजगार सृजन, संपत्ति का मौद्रीकरण, बुनियादी ढांचे के विकास के लिए संसाधन जुटाना शामिल हैं। यह बात भी महत्वपूर्ण है कि पिछले दिनों जब अंतरराष्ट्रीय रेटिंग एजेंसियों के द्वारा दुनिया के कई देशों की रेटिंग घटाकर नकारात्मक की गई है, तब भारत की रेटिंग में सुधार का संतोषजनक परिदृश्य दिखाई दे रहा है। दुनिया की तीनों बड़ी रेटिंग एजेंसियों फिच, मूडीज और एसएंडपी की नजर में भारत का लंबी अवधि का सॉवरिंन ऋण और आर्थिक परिदृश्य अब स्थिर हो गया है। 10 जून को रेटिंग एजेंसी फिच ने पिछले दो वर्षों से भारत को लगातार दी जा रही नकारात्मक रेटिंग को सुधारकर स्थिर रेटिंग में उन्नत किया है। फिच ने कहा है कि भारतीय अर्थव्यवस्था ने कोरोना महामारी के बाद जोरदार वापसी की है। आर्थिक और वित्तीय सुधार लागू किए हैं। बुनियादी ढांचे पर बड़ा निवेश किया है। इन सब से निर्यात, निवेश और विकास दर बढ़ने में मदद मिल रही है। यहां यह भी उल्लेखनीय है कि 11 जून को अमेरिकी संसद में अमेरिका के कोषालय विभाग के द्वारा पेश की गई रिपोर्ट में कहा गया है कि कोरोना की तीन चिंताजनक लहरों के बावजूद भारतीय अर्थव्यवस्था ने जोरदार तरीके से वापसी की है। इस रिपोर्ट में भारत के कोरोना टीकाकरण अभियान की जोरदार प्रशंसा की गई है और भारतीय अर्थव्यवस्था में बढ़त की सराहना की गई है। निश्चित रूप से कोविड-19 और यूक्रेन संकट की चुनौतियों के बीच भी भारतीय अर्थव्यवस्था तेजी से आगे बढ़ते हुए दिखाई दे रही है। पिछले वित्त वर्ष 2021-22 में भारत की 8.7 फीसदी की सर्वाधिक विकास दर, देश में छलांगे लगाकर बढ़ रहे यूनिकॉर्न, 31.45 करोड़ टन का रिकॉर्ड खाद्यान्न उत्पादन, बढ़ता विदेश व्यापार, नए प्रभावी व्यापार समझौते, करीब 600 अरब डॉलर के विदेशी मुद्रा भंडार आदि के कारण भारत से निर्यात बढ़े हैं और भारत में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) का प्रवाह तेजी से बढ़ा है। पिछले वित्त वर्ष 2021-22 में भारत ने 83.57 अरब डॉलर का रिकॉर्ड प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) प्राप्त किया है। भारत का उत्पाद निर्यात करीब 419 अरब डॉलर और सेवा निर्यात करीब 249 अरब डॉलर के ऐतिहासिक स्तर पर पहुंचना इस बात का संकेत है कि अब भारत निर्यात आधारित अर्थव्यवस्था की डगर पर आगे बढ़ रहा है। निःसंदेह देश में बढ़ते हुए एफडीआई के विभिन्न क्षेत्रों में कृषि क्षेत्र तेजी से उभरता हुआ क्षेत्र दिखाई दे रहा है। केंद्रीय कृषि मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर के मुताबिक कृषि एवं ग्रामीण विकास के तेजी से मजबूत होते परिदृश्य के कारण कृषि क्षेत्र में विदेशी निवेश बढ़ रहे हैं। पिछले 8 वर्षों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा निर्धारित कृषि विकास के प्रयासों ने कृषि क्षेत्र को आगे बढ़ाया है।

# स्मार्ट सिटी से पहले सोच को स्मार्ट बनाना जरूरी है

अमृतांज इंदीवर

भारत में कई ऐसे बड़े शहर है जो स्मार्ट सिटी की सूची में शामिल तो हैं, लेकिन जमीन पर वह स्मार्ट नजर नहीं आता है. भारत सरकार की महत्वपूर्ण योजना स्मार्ट सिटी स्थानीय विकास को सक्षम और प्रौद्योगिकी की मदद से नागरिकों के बेहतर विकास, जीवन की गुणवत्ता में सुधार तथा आर्थिक विकास को गति देने के लिए एक नायाब पहल है. जिसके जरिए बुनियादी चीजों को नए सिरे से मजबूत और बेहतर करने की कोशिश है. इन सबके बीच कई शहर आज भी स्मार्ट नहीं हुए हैं। वजह साफ है कि किसी भी कार्य को संपन्न करने के लिए दृढ़ इच्छाशक्ति और तत्परता की जरूरत पड़ती है। बिहार के मुजफ्फरपुर शहर भले ही स्मार्ट बनने वाली सूची में है, परंतु ऐसा लगता है कि यहां अब तक स्मार्ट बनाने के सारे कवायद ठंडे पड़ रहे हैं. मुख्य सड़क से लेकर गली-मुहल्लें की सड़के बरसात में देखने लायक रहती है. पानी और कचरे के बीच प्रस्तावित स्मार्ट सिटी के लोग व्यवस्था को दोषी ठहराते हैं. प्रमुख क्षेत्र भगवानपुर, बीबीगंज, माड़ीपुर, जूरन छपड़ा, स्टेशन रोड, मोतीझील, मिठनपुरा, कन्हौली, रामनगर से लेकर मुशहरी तक सड़कें क्षतिग्रस्त बनी हुई हैं. थोड़ी सी वर्षा होते ही लोगों का चलना दुश्वार हो जाता है। वर्षा के दिनों में मोटरसाइकिल सवार व राहगीर सड़क पर बने गडढ़े में गिरकर हाथ-पांव तोड़ लेते हैं. कई बार उनकी जान चली जाती है. हाल ही में मिठनपुरा में एक युवक की गड्ढे में गिरकर जान चली गई. पानी भरने के बाद सड़कें बिलकुल नदी बन जाती हैं। बरसात के दौरान शहर का वातावरण नारकीय बन जाता है. चारों तरफ कूड़े-कचरे की वजह से बदबू आने लगती है. वातावरण बिलकुल दूषित और दम घुटने वाला हो जाता है. इस संबंध में लक्ष्मीनगर में रहने वाले हरिशंकर पाठक कहते हैं कि बरसात आते ही हमारे मुहल्ले की सड़क पर लगभग 5 फीट पानी भर जाता है. जिससे चलना-फिरना बहुत मुश्किल हो जाता है। लोग सब्जी व राशन के लिए स्वनिर्मित नाव बनाकर मुख्य सड़क पर आते हैं. आने-जाने में सदा नाव डूबने का भय बना रहता है. बरसात के समय शहर के सभी नाले भर जाते हैं और उनमें से बदबू आने लगती है, पूरा वातावरण प्रदूषित और उबाऊ हो जाता है. वह आगे बताते हैं कि इसके लिए सरकारी मशीनरी तो दोषी है ही, साथ ही मुहल्लेवासी भी दोषी हैं। जो अपने घरों को चकाचक तो रखते हैं लेकिन घर के कूड़े-कचरे को सड़क और नाले में फेंक देते हैं. उनके घर का कॉरिडोर व बालकोनी फूलों से सजा रहता है और सड़क पर सारे कचरे फैले रहते हैं. बीबीगंज निवासी रॉबिन रंगकर्मी कहते हैं कि आने-जाने में असुविधा तो बनी रहती है, वहीं कूड़े-कचरे की वजह से सालों भर मच्छर का आतंक भी रहता है। बहुत जगह कूड़ेदान भी नहीं है. कुछ जगह नगर निगम ने कूड़ेदान भी रखा है पर, लोगों की आदत ऐसी हो गई है कि वे कूडेद्रान में कचरा नहीं डालकर बाहर ही फेंक कर चले जाते हैं. जून से लेकर अक्टूबर महीने तक जल व हवा दोनों प्रदूषित हो जाते हैं. वर्षा जनित रोगों का आतंक बढ़ जाता है. ऐसे में यह जरूरी हो जाता है कि शहर से पहले निवासियों की सोच को स्मार्ट बनाया जाये. उन्हें स्वच्छता के प्रति जागरूक करना होगा, तब जाकर कहीं शहर स्मार्ट बनेगा. इस संबंध में सरकारी महकमे में काम करने वाले अजय शर्मा कहते हैं कि मोतीझील इस शहर का दिल है, लेकिन थोड़ी सी वर्षा होने पर ही यह अपने नाम के अनुरूप झील बन जाता है. ज्यादातर बाजार में दुकानें भवन निर्माण के मानकों को ताक पर रखकर बनाई गई है जो एक बड़ी समस्या ह। किसी भी दुकान में सामान लाने जाने के लिए ग्राहकों को सड़क किनारे साइकिल, मोटरसाइकिल और कार खड़ी करनी पड़ती है. सबसे पहले स्मार्ट सिटी के लिए पार्किंग की व्यवस्था करनी पड़ेगी, दुकानों व भवनों को मानकों का ध्यान रखकर बनाना होगा, ट्रॉफिक के नियमों को दुरुस्त करनी होगी व सड़क किनारे कूड़ेदान की पर्याप्त व्यवस्था करनी पड़ेगी. इस कार्य को पूरा करने के लिए शहर के नागरिकों को स्वयं सुनिश्चित करना होगा कि वह इसकी सुंदरता और सौम्यता बरकरार रखेंगे। दरअसल स्मार्ट सिटी मिशन की योजना के अंतर्गत जिन प्रमुख बिंदुओं पर ध्यान दिया जाता है, उसमें प्रगति के आधार पर तीन मॉडल- रेट्रोफिटिंग, पुनर्विकास एवं हरित क्षेत्र शामिल है वहीं क्षेत्र का उत्तरोत्तर विकास, पानी और बिजली की पर्याप्त आपूर्ति, सार्वजनिक परिवहन का विकास, सुदृढ़ आईटी कनेक्टिविकटी और डिजिटलीकरण, सुशासन, ई-गवर्नेंस और नागरिकों की भागीदारी, नागरिकों की सुरक्षा, बुजुर्गों, महिलाओं व बच्चों की विशेष सुरक्षा और स्वास्थ्य व शिक्षा की बुनियाद को सशक्त बनाने के साथ साथ पर्यावरण संरक्षण व संवर्धन और स्वच्छता एवं ठोस अपशिष्ट पदार्थ का उचित प्रबंधन भी शामिल है।

## संक्षिप्त खबरें

### नवनिर्वाचित एमएलसी मुन्नी रजक के खुसरूपुर आगमन पर राजद कार्यकर्ताओं ने भव्य स्वागत किया



फतुहा। राजद के नवनिर्वाचित एमएलसी मुन्नी रजक के खुसरूपुर आगमन पर राजद के दर्जनों कार्यकर्ताओं ने खुसरूपुर चौराहा पर उनको मालापर्ण कर जोरदार स्वागत किया। राजद कार्यकर्ताओं ने मुन्नी रजक के एमएलसी बनने पर उन्हें बधाई दी। एमएलसी मुन्नी रजक ने सभी कार्यकर्ताओं का आभार प्रकट किया।

### विद्युत चोरी में उपभोक्ता पर 18 हजार रुपए का लगा जुमार्ना

दानापुर। नगर के पेसू विभाग द्वारा लगातार विद्युत चोरी को रोकने के लिए अभियान चलाया जा रहा है। इसी अभियान के तहत दानापुर के कनीय अभियंता संजय कुमार के नेतृत्व में मैनपुरा में छापेमारी किया गया। जहां विद्युत चोरी करने के आरोप में लल्लु महतो पर 18 हजार 384 रुपए का जुमार्ना लगाते हुए दानापुर थाना में लिखित शिकायत दर्ज कराया गया है। पुलिस मामला दर्ज कर कार्रवाई में जुटी है।

### एनएमसीएच के एक डॉ, दो स्टाफ के अलावा 8 पॉजिटिव

पटना सिटी। एनएमसीएच में एक डॉक्टर और दो स्टाफ के अलावा आठ कोरोना पॉजिटिव पाए गए हैं। माइक्रोबायोलॉजी विभाग के एचओडी ने बताया कि यहां 72 की जांच में आठ संक्रमित पाए गए हैं। इसमें अस्पताल के एक डॉक्टर व दो स्टाफ हैं।

# बिहटा प्रखंड के शिक्षकों ने प्रारंभ किया अन्न सत्याग्रह

बिहटा, प्रात : किरण संवाददाता



बिहटा-दर्जनों प्रखंड शिक्षकों ने बिहटा प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी द्वारा किया जा रहा मनमानी कार्य को लेकर मंगलवार को बिहटा स्थित बीआरसी के प्रांगण में अन्न सत्याग्रह प्रारंभ किया है इस दौरान शिक्षकों ने

शिक्षा प्रसार पदाधिकारी के खिलाफ नारेबाजी करते हुऐ बर्खास्त करने की मांग किया है उपस्थित शिक्षकों ने बताया कि प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी की शोषण व दमनकारी नीति के विरुद्ध आन्दोलन अनवरत जारी रहेगा प्राथमिक शिक्षक पटना प्रमंडल पटना के महासचिव मिथिलेश शर्मा,स्नातक ग्रेड प्रशिक्षित शिक्षक संघ के अध्यक्ष पिंटू कुमार सिंह,सहित अन्य शिक्षक संघ के लोग धरना स्थल पर पहुंचकर शिक्षकों का उत्साहवर्धन किया एवं प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी के द्वारा विभागीय नियमों के प्रतिकूल किए गए कार्यों की घोर भर्त्सना की।

साथ ही उन्होंने बताया कि प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी इस प्रकार की कार्यशैली से समाज में अराजकता की स्थिति उत्पन्न हो रही है बिहटा प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी ने 19 चिन्हित शिक्षकों को प्राप्त वार्षिक वेतन वृद्धि को अवैध करार कर काट दिया जबकि पटना जिले के अन्य प्रखंडों के शिक्षकों को इस वेतन का लाभ दिया जा रहा है उनका यह कार्य विभागीय नियमों के प्रतिकूल है और यह कार्रवाई विद्वेष की भावना से की गई है।

वही बिहार पंचायत नगर प्राथमिक शिक्षक संघ के अध्यक्ष वीरेंद्र यादव ने शिक्षकों को संबोधित करते हुए शिक्षकों के इंक्रीमेंट काटे जाने को दुर्भाग्यपूर्ण करार दिया है उन्होंने बताया कि प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी बिहटा को बीआरसी कार्यालय में धरना स्थल पर आकर शिक्षकों से बैठ कर बात करनी चाहिए थी, लेकिन यह दुर्भाग्यपूर्ण है वो पिछले 16 जून से लगातार बीआरसी से अनुपस्थित हैं ये शिक्षकों के प्रति उनकी संवेदनहीनता को दशार्ता है। उपस्थित शिक्षकों में मिथिलेश पासवान,राकेश कुमार,जगजीवन राम,जोगिंदर कुमार,अनिता कुमारी, ज्योति कुमारी,पूनम कुमारी, विजय कुमार सिंह, संतोष कुमार,मनीष कुमार, प्रवीण कुमार मिश्रा आदि उपस्थित थे।

## दिव्यांग को एक थप्पड़ जड़ना पुलिस को पड़ा भारी

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

**जुमार्ना**
- मनवाधिकारणायोग ने पुलिस पर लगाया 25 हजार का जुमार्ना

14 सितंबर, 2021 को एक दिव्यांग राजन कुमार को रास्ते में जाते समय पुलिस जवान मिथुन कुमार द्वारा एक थप्पड़ मारा गया था। इसके कारण उसके कान में गंभीर चोट लगी और सुनने की शक्ति कम हो गई थी। मामले को लेकर विकलांग अधिकार मंच, बिहार के संयुक्त सचिव रवि कुमार चौधरी अपनी टीम के साथ चौक थाना पहुंचे। मगर थानाध्यक्ष ने आवेदन लेने से इंकार कर दिया था।

उक्त मामले को गंभीरता से लेकर राष्ट्रीय विकलांग मंच के महासचिव अरुण कुमार सिंह ने मानवाधिकार आयोग में शिकायत दर्ज कराई। जांच के बाद आयोग ने मामले को सही पाया और 21 जून, 22 को सुनवाई के दौरान दोषी पुलिस जवान पर 25 हजार का जुमार्ना लगा कर उक्त राशि को पीड़ित दिव्यांग को भुगतान करने का आदेश दिया।

उक्त पुलिस कर्मी के विरुद्ध विभागीय कार्रवाई भी शुरू कर दी गई है। इसकी जानकारी जिला के वरीय पुलिस अधीक्षक ने डीआईजी कमीशन और मानवाधिकार आयोग को दी है। विदित हो कि मालसलामी थाना अंतर्गत बुंदेल टोली निवासी दोनों पैर से दिव्यांग राजन कुमार 14 सितंबर, 21 को अपने तिपहिया स्कूटी से कोचिंग जा रहे थे।

इसी क्रम में मारुफगंज मोड़ पर सिपाही मिथुन कुमार ने उनकी तीन पहिया स्कूटी की तलाशी लेने लगा। कोचिंग जाने में देर होने बात कहने पर उक्त सिपाही गुस्से में आकर उनके कान के नीचे जोरदार थप्पड़ जड़ दिया। एनएमसीएच में इलाज के दौरान पता चला कि उसके कान में गंभीर चोट लगी एवं सुनने की शक्ति कम हो गई है।

इसकी सूचना स्थानीय थाना में इनके द्वारा दी गई थी, मगर उक्त सिपाही के विरुद्ध किसी भी प्रकार की कार्रवाई नहीं हुई थी।

## अम्बेडकर युवा मंच का द्वितीय अधिवेशन का हुआ आयोजन




दानापुर, प्रात : किरण संवाददाता

नगर के बिहार दलित विकास समिति के द्वारा प्रशासनिक कार्यालय रूकनपुरा में मंगलवार को अम्बेडकर युवा मंच का द्वितीय अधिवेशन का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन बिहार सरकार के अनुसूचित जाति जनजाति कल्याण मंत्री संतोष कुमार ह्यसुमनह्ल ने द्वाप प्रज्वलित कर किया। इस मौके पर अपने उद्घाटन भाषण में मंत्री महोदय ने कहा कि आज भी हम - न कहो हर स्तर पर पिछड़े हुए है चाहे आर्थिक हो सामाजिक हो या राजनैतिक। हर स्तर पर हमे आगे बढ़ने की जरूरत है। अम्बेडकर युवा मंच का गठन शायद इसी उद्देश्य से किया गया है कि हमारे युवा हर क्षेत्र संगठित होकर आगे बढ़े। संस्था के निदेशक का. एन्टो ने कहा कि हमे अपनी जिम्मेवारी को समझने की जरूरत है। हमे किसी के ऊपर रहने की जरूरत नहीं है। मंच को आगे बढ़ाने और अपनी आवश्यकता को पूरा करने की जिम्मेवारी खुद वहन करनी होगी। अधिवेशन में बाढ़, बरबीघा, खड़गपुर, झाझा, पटोरी समेत लगभग 150 दलित युवा प्रतिनिधि ने भाग लिया। मंच का संचालन बीरेन्द्र ने किया। इस अवसर पर रजनी रोसलीन, संतोष कुमार, अर्ज कुमार , राधा मोहन, भाई थोमस , सिनाय नायक , सत्येन्द्र, निदेशक फा० जोंस, फा ० एण्टो जोसेफ आदी शामिल हुए।

## शिव परिवार व हनुमत प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ का निकला शोभायात्रा

**बड़हरा।** प्रखंड क्षेत्र के गुंडी गांव में शिव परिवार तथा हनुमत मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ का वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ बड़े धूमधाम से शोभा यात्रा सह जलभरी यात्रा का आयोजन किया गया। इस दौरान मूर्ति के प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव पर जल भरी यात्रा सह शोभा यात्रा गुंडी गांव के चार धाम मंदिर के प्राचीर से प्रारंभ होकर नगर भ्रमण किया गया। इसके साथ ही गंगा के पावन तट महुली गंगा घाट पर श्रद्धालु हर हर महादेव तथा जय श्री राम के नारों के साथ जलभरी करने पहुंचे। इस दौरान पुरा वातावरण जय श्रीराम व हर हर महादेव से गुंजायमान हो रहा था। मां गंगा के रमणीक तट महुली गंगा घाट पर वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ जलभरी कर सभी महिला तथा पुरुष श्रद्धालु भक्त सिर पर कलश लेकर मंदिर के प्राचीर में पहुंचे। इस जलभरी यात्रा के दौरान कलश यात्रा घोड़ा, हाथी, ऊंट, ढोल नगाड़े व गाजे बाजे के साथ सैकड़ों लोग शामिल थे। इस अवसर पर श्रद्धालुओं को जलभरी करने के लिए 1001 कलश की व्यवस्था की गई थी। शिव परिवार तथा हनुमान जी की मूर्ति का प्राण प्रतिष्ठा आचार्य संजय जी महाराज व उनके शिष्यों के सानिध्य में 29 जून को पंचांग पूजन व वेदी पूजन के साथ 30 जून को शिव परिवार एवं हनुमान जी की प्रतिमा का प्राण प्रतिष्ठा वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ किया जाएगा।

## डीआरएम (दानापुर) प्रभात कुमार जल्द कर सकते हैं अथमलगोला रेलवे स्टेशन का दौरा

बाढ़, प्रात : किरण संवाददाता



बिहार दैनिक यात्री संघ शाखा अथमलगोला पीछले दो वर्षों से अधिक समय से दानापुर मंडल के अथमलगोला (ATL) स्टेशन पर कोरोना काल से पूर्व रूक रही ट्रेनों के ठहराव की पुनर्बहाली के लिए लगातार प्रयास कर रहा है। इसी क्रम में बिहार दैनिक यात्री संघ शाखा अथमलगोला के उपाध्यक्ष संतोष कुमार सिंह व अथमलगोला स्टेशन परिसर मां दुर्गा मंदिर के पुरोहित विकास पाठक ने मंगलवार को मंडल कार्यालय दानापुर में मंडल रेल प्रबंधक प्रभात कुमार से मुलाकात की। और फिर मांगों को दुहराया एवं अथमलगोला स्टेशन में आकर ग्राऊंड लेवल की यात्री समस्याओं के समाधान के लिए आग्रह किया। मौके पर डीआरएम ने आमंत्रण को स्वीकार करते हुए कहा कि इसी सप्ताह (02/07 /2022) शनिवार को मैं कोशिश करूंगा कि अथमलगोला स्टेशन आकर अथमलगोला स्टेशन की जो भी यात्री समस्या है उसकी जमीनी हकीकत से अवगत होकर उसके समाधान की दिशा में प्रयास करूँगा।

ट्रेनों के ठहराव की पुनर्बहाली पर उन्होंने कहा कि एक बार हम अथमलगोला स्टेशन का दौरा कर लेते हैं उसके बाद फिलहाल कम से कम दो जोडी.ट्रेनों के ठहराव की पुनर्बहाली के लिए उच्च स्तरीय अधिकारियों से समीक्षा करवा के हम लोग इसे स्वीकृत करवाने की पूरी कोशिश करेंगे। उन्होंने कहा कि अप कॉमन लूप लाइन नंबर 04 पर ओवरब्रिज एक्सटेंशन के लिए भी हम कोई रास्ता देखेंगे,अगर कोई व्यक्ति FOB के लिए जमीन रेलवे को दान देती है तो और अच्छा होगा, हम वहां जाकर सारे विकल्पों का गहन अध्ययन कर सुविधा विस्तार की हर संभव कोशिश करेंगे।

## दोपहर होते होते शिविर छोड़कर चले जाने से कई दिव्यांग बैरन लौटे

उदवंतनगर, प्रात : किरण संवाददाता



दोपहर होते होते समय से पहले चिकित्सक दल द्वारा शिविर छोड़कर चले जाने के कारण कई दिव्यांग बच्चों को बिना दिव्यांगता जांच व प्रमाणीकरण के बैरन लौटना पड़ा जिससे दिव्यांगों के परिजनों में आक्रोश देखा गया। शिक्षा विभाग के कर्मियों को उनका कोप भाजन बनना पड़ा। परिजन इधर उधर दौड़ लगाते देखे गए। बिहार शिक्षा परियोजना, भोजपुर के बैनर तले बीआरसी,उदवंतनगर में दिव्यांग बच्चों का प्रमाणीकरण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में दिव्यांग बच्चों की जांच और प्रमाणीकरण के लिए कागजात मांगे गए जिला शिक्षा पदाधिकारी द्वारा शिविर में 6-18 आयु वर्ग के प्राथमिक व उच्च विद्यालयों में नामांकित एवं अनामांकित बच्चों का दिव्यांगता जांच व प्रमाणीकरण करने का आदेश जारी किया था जिससे एक भी दिव्यांग लाभ से वंचित न रह सके। प्रमाणीकरण के लिए आवश्यक कागजात भी मांगें गए थे। मूकबधिर व मानसिक जांच से संबंधित डाक्टर के अनुपस्थित रहने के कारण बिना जांच कराए कई बच्चों को लौटना पड़ा। परिजनों ने कहा कि शिविर आखिर क्यों आयोजित किया जाता है? जब डाक्टर ही शिविर में नहीं रहते हैं। जांच कौन करेगा ?उदवंतनगर निवासी ओमप्रकाश सिंह दोपहर को जब गोद में लिए दिव्यांग बच्चे को लेकर पहुंचे तो डाक्टर शिविर से जा चुके थे। वैसे दर्जन भर से अधिक लोगों के शिविर से बिना जांच कराए लौटने की शिकायत मिली। शिविर में कुल 91 दिव्यांगों का पंजीयन किया गया जिसमें 87 बच्चों का दिव्यांगता जांच हुई।

## ईसीआरकेयू रेलकर्मियों के हक के लिए संघर्ष को तैयार : मनोज पाण्डेय

**आरा।** ईस्ट सेंट्रल रेलवे कर्मचारी यूनियन की शाखा परिषद की बैठक आरा रेलवे स्टेशन परिसर में सम्पन्न हुई बैठक की अध्यक्षता शाखा अध्यक्ष अजय कुमार ने की बैठक में यूनियन के केंद्रीय पदाधिकारी मनोज कुमार पाण्डेय शामिल हुए। बैठक में कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा हुई। जिसमे महामंत्री साथी एसएनपी श्रीवास्तव के आदेश पर 29 जून को भारत सरकार की अग्निवीर योजना के विरोध में कार्यक्रम निर्धारित करने की योजना बनी तथा नई पेंशन नीति को रद्द कर पुरानी पेंशन नीति को लागू करने की मांग को रेलकर्मियों ने जोरदार ढंग से उठाया बैठक में रेलवे आवास,कर्मचारियों की छुट्टी की समस्या के साथ कर्मचारियों के कई सुविधाओ में कटौती पर चर्चा हुई बैठक के अंत मे श्री पाण्डेय ने कहा कि हमारा यूनियन हर पल कर्मचारियों के सुविधाओ के खातिर संघर्षरत रहा है और सदैव रहेगा बैठक में अजय कुमार, अशोक मिश्रा, प्रवीण कुमार, संजय कुमार, अशोक पाण्डेय, संजीत कुमार, मनोज कुमार मिश्रा, बिंध्याचल शर्मा, यशदेव कुमार यादव, समसाम अख्तर, के साथ और भी कई लोग उपस्थित थे।

## चोरी की बाइक से शराब ले जाते एक धराया, दूसरा फरार

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

**गिरफ्तार**
- जब्त दोनों मोटरसाइकिल चोरी का, पिंटू राय गिरफ्तार
- यात्री ने शोर कर शराब ले जा रहे व्यक्ति को पकड़वाया

चौक थाना की पुलिस ने शराब के साथ दो लोगों को गिरफ्तार किया है। साथ ही शराब ढोने में प्रयुक्त दो मोटरसाइकिल को भी जब्त किया गया है। दोनों मोटरसाइकिल चोरी का निकला है। इस संबंध में थानाध्यक्ष गौरी शंकर गुप्ता ने बताया कि शराब लेकर हाजीगंज मोहल्ला होते हुए दो मोटरसाइकिल पर दो लोग जा रहा था। दूसरी ओर से पुलिस की गश्ती गाड़ी आ रही थी।

पुलिस को देख मोटरसाइकिल सवार भागने लगा। इस दौरान पुलिस ने एक युवक को पकड़ लिया। पकड़ा गया युवक ने अपना नाम पिंटू राय बताया, जो किलाघाट का रहने वाला है। साथ ही आठ लीटर शराब भी बरामद किया गया है। पुलिस पिंटू को लाकर थाना में पूछताछ की, तो दोनों मोटरसाइकिल चोरी का बताया गया। पुलिस वाहन का नंबर, चेचिस और इंजन नंबर के आधार पर उसके मालिक का पता कर रही है। दूसरी ओर एक व्यक्ति झोला में शराब लेकर यात्री के रूप में ऑटो में बैठ कर जा रहा था। जैसे ही ऑटो चौक मोड़ के पास पहुंचा और वहां पर पुलिस को तैनात देखा। इस पर शोर मचा पुलिस को बुला बताया कि यह शराब लेकर जा रहा है। थानाध्यक्ष गौरी शंकर गुप्ता ने बताया कि पकड़ा गया युवक आलमगंज थाना क्षेत्र का राजेश कुमार है। उसके झोला में सौ लीटर शराब बरामद किया गया है। उससे पूछताछ की जा रही है।

## 19 लाख 3 हजार 4 सौ 2 रुपए की लागत से कराया गया बालबाँध

**गडहनी।** प्रखण्ड क्षेत्र अंतर्गत काउप पंचायत के बालबाँध गाँव स्थित सूर्य मंदिर धाम पर पन्द्रहवीं वित योजना से बने छठ घाट का उद्घाटन प्रखण्ड विकास पदाधिकारी बिरेन्द्र कुमार के उपस्थिति मे पंचायत के मुखिया मनीषा देवी ने फीता काटकर किया बिडिओ ने बताया कि इस छठ घाट का निर्माण पन्द्रहवीं वित योजना से 19 लाख 3 हजार 4 सौ 2 रुपए की लागत से कराया गया है। इस अवसर पर मुखिया मनीषा देवी ने बताया कि इस छठ घाट का निर्माण होने से बालबांध गांव सहित आसपास के गांव से आने वाले छठ व्रतियों को सुविधा मिलेगी। उन्होंने कहा कि छठ जैसे महान व्रत के लिए घाट के निर्माण होने से स्थानीय व आसपास के लोगों में खुशी व्याप्त है बता दें कि यहां पर छठ पूजा करने के लिए काफी संख्या में लोग पहुंचते थे लेकिन छठ घाट प्रयाप्त नहीं होने से श्रद्धालुओं को असुविधा का सामना करना पड़ता था वहीं इस छठ घाट का निर्माण होने से लोगों को सहूलियत मिलेगी।

## महाभंडारा के साथ श्रीविष्णु महायज्ञ की हुई पूणार्हुति

आरा, प्रात : किरण संवाददाता

- यज्ञ से वातावरण होता है पवित्र : देवराहा शिवनाथ दास जी

भारत के महाविभूति अंतरराष्ट्रीय महायोगी ब्रम्हलीन श्रीदेवराहा बाबाजी महाराज की पुण्यतिथि पर श्रीदेवराहा धाम सिअरुआ में त्रिकालदर्शी, परमसिद्ध संत श्रीदेवराहा शिवनाथ जी महाराज के सानिध्य में हो रहे श्रीविष्णु महायज्ञ की आज पूणार्हुति की गई काशी के प्रसिद्ध यज्ञाचार्य पंडित डॉक्टर भूपेन्द्र पांडेय और उनके सहयोगियों के द्वारा वेदमंत्रों से ग्यारह लाख आहुतियां यजमानों से हवनकुण्ड में दिलाई गई वहीं लगभग 22 हजार श्रद्धालुओं ने संत श्रीदेवराहा शिवनाथ जी महाराज से गुरुदीक्षा ली इसके बाद संत श्रीदेवराहा शिवनाथ जी महाराज ने श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहा कि सारे जप-तप निष्फल हो जाते हैं, तब यज्ञ ही सब प्रकार से रक्षा करता है। सृष्टि के आदिकाल से प्रचलित यज्ञ सबसे पुरानी पूजा पद्धति है। आज आवश्यकता है यज्ञ को समझने की। वेदों में अग्नि परमेश्वर के रूप में वंदनीय है। यज्ञ को श्रेष्ठतम कर्म माना गया है। समस्त भुवन का नाभि केंद्र यज्ञ ही है। यज्ञ की किरणों के माध्यम से संपूर्ण वातावरण पवित्र व देवगम बनता है। वेदों का संदेश है कि शाश्वत सुख और समृद्धि की कामना करने वाले मनुष्य यज्ञ को अपना नित्य कर्तव्य अवश्य समझें। भगवान श्रीकृष्ण श्रीमद्भगवत गीता में अर्जुन से कहते हैं, हे अर्जुन! जो यज्ञ नहीं करते हैं, उनको परलोक तो दूर यह लोक भी प्राप्त नहीं होता है। जिन्हें स्वर्ग की कामना हो, जिन्हें जीवन में आगे बढ़ने की आकांक्षा हो उन्हें यज्ञ अवश्य करना चाहिए। यज्ञ कुंड से अग्नि की उठती हुई लपटें जीवन में ऊंचाई की तरह उठने की प्रेरणा देती हैं। यज्ञ करने वाले बड़भागी होते हैं। इस लोक में उनका दुःख-दारिद्रय तो मिटता ही है, साथ ही परलोक में भी सद्गति की प्राप्ति होती है।

# लापता युवक का शव नहरनुमा नाला से मिला

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता



- 26 की रात को किसी से झगड़ा करने की सूचना परिजन को दिया था

आलमगंज थाना क्षेत्र के लड्डू अखाड़ा समीप नहरनुमा नाला से पुलिस ने मंगलवार की सुबह एक युवक का शव पानी से निकाल कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। मृतक की पहचान इसी थाना क्षेत्र के कोइरी टोला नहर पर का वासी रामविलास चौधरी के पुत्र बिजली मिस्त्री (22 वर्ष) मनोज कुमार के रूप में हुई है। पुलिस ने कहना कि पोस्टमार्टम के बाद मौत का कारण स्पष्ट हो पाएगा। मामले की छानबीन की जा रही है।

मंगलवार की सुबह टहलने निकले लोगों की नजर नहर में तैरती लाश पर पड़ी। इसके बाद सूचना आलमगंज थाना की पुलिस को दी गई। नहर के पास बड़ी संख्या में लोग जुट गए। स्थानीय लोगों की मदद से पुलिस ने नहर के बीच से शव को बाहर निकाला और पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक के परिजनों ने शव की पहचान की है। परिजनों ने पुलिस को बताया कि बिजली मिस्त्री मनोज सोमवार की शाम घर कोइरी टोला (शनिचरा मंदिर के पहले) से निकला था। इसके बाद से वह लापता था। परिवार के लोग देर रात तक उसके वापस लौटने का इंतजार कर रहे थे। हालांकि आसपास के लोगों का कहना था कि रात में परिजनबको सूचना दी गई थी कि आपका मनोज किसी से झगड़ा कर रहा है।

मगर परिजन का कहना था कि उसका बराबर यही झमेला है, कह कर नहीं गए। इस बीच मनोज का शव नहर से बरामद हुआ है। पिता रामविलास चौधरी मोहल्ला में ही चायनाश्ता की दुकान चलाते हैं। युवक की मौत किस स्थिति में हुई है, यह स्पष्ट नहीं हो सका है। वैसे लोगों का कहना था कि वह नशे का भी आदी था। आलमगंज थानाध्यक्ष अभिजीत कुमार ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मनोज के मौत का कारण स्पष्ट हो पाएगा। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए नालंदा मेडिकल कॉलेज भेज दिया। पुलिस घटना से जुड़े पहलुओं की छानबीन कर रही है।

## विश्व संगीत दिवस के अवसर पर फिल्म संगीत कार्यक्रम का आयोजन

**आरा।** विश्व संगीत दिवस के उपलक्ष्य में राधिका मेमोरियल ट्रस्ट के बैनर तले कल्याण विद्यालय, रामपुर मिल्की में फिल्म संगीत का कार्यक्रम आयोजित किया गया। उप विकास आयुक्त हरिनारायण पासवान, चाइल्ड हेल्प लाइन की डायरेक्ट डा. सुनीता सिंह, डायरेक्टर नवीन कुमार और प्राचार्या सुनीता पांडेय ने दीप जलाकर उद्घाटन किया। अपने संबोधन में डीडीसी ने कहा कि मां-बाप पूजनीय हैं। हमें इनकी सेवा हमेशा करनी चाहिए। जो व्यक्ति मां-बाप की सेवा नहीं करता, वह जीवन सुखी नहीं रहता। वहीं डा. सुनीता सिंह ने कहा कि भाग-दौड़ की जिंदगी में इस तरह का संगीत का कार्यक्रम आयोजित करना बड़ी बात है। इस तरह का आयोजन मुझे बहुत पसंद है। कार्यक्रम का शुभारंभ मशहूर गायक धर्मेन्द्र कुमार ने भजन-अच्युतम केशवं कृष्ण दामोदरं...गाकर किया। वहीं हरिनारायण पासवान ने सुख-दुःख था सब एक...और पल-पल दिल के पास तुम रहती हो...गाया, जिसे श्रोताओं ने काफी पसंद किया। नवीन कुमार और सुनीता पांडेय ने कोरा कागज था ये मन मेरा..., जन्म-जन्म का साथ है हमारा तुम्हारा...को बहुत ही खूबसूरती के साथ पेश किया।

## कबीर मठ में त्रिदिवसीय साम्प्रदायिक सौहार्द मेला आरम्भ

फतुहा, प्रात : किरण संवाददाता



**मेला**
- हिन्दू मुस्लिम सभी को मानवता उपदेश दिये सद्गुरु कबीर: उपमुख्यमंत्री रेणु देवी

आचार्य गद्दी कबीर पीठ फतुहा में प्रातः मठ के संरक्षक महन्थ ब्रजेश मुनि , महन्थ योगानंद साहेब, सन्त विवेक मुनि, महन्थ सत सरूप दास, महन्थ किशोर दास द्वारा प्रस्तुत बीजक पाठ हवन से आरम्भ हुआ सद्गुरु कबीर जयन्ती महोत्सव।

अपराह्न में तख्त हरिमन्दिर साहिब के ग्रंथी त्रिलोक सिंह निषाद के साथ परमजीत सिंह, नितीश सिंह अवतार सिंह, राजेन्द्र सिंह द्वारा अरदास की समवेत प्रस्तुति की गई। अवतार सिंह हीत ने कहा यहाँ गुरु नानक देव के चरण पड़े है। इसे सिख तीर्थ रूप में विकसित करने में हर सम्भव सहयोग करूँगा। इस अवसर पर तख्त हरिमन्दिर साहिब गुरुद्वारा प्रबंधक कमिटी के प्रधान अवतार सिंह हीत, उपाध्यक्ष जगजोत सिंह सोढ़ी, सचिव हरबंश सिंह, सदस्य गुरविंदर सिंह, जगजीत सिंह पधारे कबीर मंदिर में मत्था टेका और ४८ घंटे का अखंड गुरुग्रंथ साहिब का पाठ आरम्भ कराया।

सबसे अधिक बिहार की यात्रा की। कबीर साहिब के जीवन का चमत्कारिक प्रसंग सुनाया।

महोत्सव का उद्घाटन करते हुए उपमुख्यमंत्री रेणु देवी ने कहा कि सद्गुरु कबीर साहिब हिन्दू मुस्लिम सभी को मानवता उपदेश दिये। उन्होंने समाज मे व्याप्त अन्ध विश्वास, छुआ छूत, आडम्बर, ऊँच नीच भेद भाव को मिटाकर समरस समाज के निर्माण का मार्ग दिखाया। विशिष्ट अतिथि राज्य के राजस्व एवं भूमि सुधार मंत्री रामसूरत राय ने कहा आज समाज में साम्प्रदायिक सद्भाव और जाति धर्म के भेद भाव से ऊपर उठकर समरस समाज के निर्माण में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने की जरूरत है। कबीर मठ फतुहां इस दिशा में अग्रणी भूमिका निभाते हुए साम्प्रदायिक सौहार्द मेला का आयोजन किया है। साम्प्रदायिक सौहार्द मेला से आपसी सौहार्द बढ़ेगा। जदयू के उपनेता महेश्वर हजारी, विधायक, बिहार राज्य धार्मिक न्यास पर्षद सदस्य रत्नेश सादा, पूर्व विधायक सतीश कुमार, पटना उपमेयर प्रत्याशी प्रभात रंजन, राजकुमार यादव, बिरजू यादव, गुरुद्वारा के पूर्व अध्यक्ष महेन्द्रपाल सिंह ढिल्लन, आनंद मोहन झा, वरिष्ठ पत्रकार अरुण कुमार पाण्डेय, पार्षद केशर प्रसाद, बबलू साह सहित कई गण्यमान्य नागरिकों ने भाग लिया। कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ पत्रकार अरुण कुमार पाण्डेय ने किया।

आरम्भ में आगत अतिथियों का स्वागत महन्थ ब्रजेश मुनि ने किया। धन्यवाद ज्ञापन निवर्तमान विधायक प्रत्याशी ई. सत्येन्द्र कुमार सिंह ने किया।

## संक्षिप्त खबरें

### झमाझम बारिश से किसानों को मिला लाभ तो लोगों को मिला राहत

रामगढ़वा। मंगलवार को रामगढ़वा प्रखंड क्षेत्र में हुई झमाझम वर्षा से लोगों को भारी राहत मिली है। वर्षा के कारण गर्मी से निजात मिलने के साथ ही किसानों को भी लाभ मिला है। लगातार कड़ाके की पड़ रही गर्मी व उमस से लोग परेशान थे। साथ ही धान के बिचड़े सूखने लगे थे। पम्प सेट से पानी का पटवन खचीर्ला होने के साथ ही कई लोगों के लिए काफी असुविधाजनक भी साबित हो रहा था। मंगलवार को हुई वर्षा से धान की रोपनी भी होने लगी है। बारिश का इंतजार में किसान लगे हुए थे। जैसे ही रोपनी के लायक भरपुर वर्षा का पानी हुआ किसान खेतों में रोपनी के लिए निकल पड़े।

### सरकारी आवास को कराया गया खाली

गया। नगर प्रखंड कार्यालय परिसर में बने सरकारी आवास को खाली कराया गयाहै। इस आवास में पिछले 2 वर्षों से अवैध रूप से सेवानिवृत्त अंचल कार्यालय के परिचारी आशा देवी कब्जा की हुई थी। यह बातें नगर प्रखंड के वीडियो बलवंत कुमार पांडे ने हमें बताया कि 2 वर्षों में कई बार आशा देवी को सरकारी मकान खाली कराने के लिए नोटिस दिया गया, इसके बावजूद यह सरकारी आवास खाली नहीं कर रही थी। अनुमंडल पदाधिकारी सदर के आदेश पर आवास खाली कराया गया इस कार्य के लिए प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी रमेश कुमार प्रखंड पंचायत राज पदाधिकारी नगर द्वारा स्थानीय थाना के स्थापित करते हुए दल बल के साथ पहुंचकर दल बल के साथ पहुंचकर उक्त मकान को खाली कराया गया और आवास को सील कर दिया गया।

### दहेज उत्पीड़न के मामले में एक गिरफ्तार

गोपालगंज। जिले के भोरे पुलिस ने दहेज उत्पीड़न के मामले में फरार चल रहे एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया। जिसे आवश्यक कार्रवाई के बाद जेल भेज दिया गया। बताया जाता है कि दहेज उत्पीड़न को लेकर थाना क्षेत्र के सिसवा गांव की एक महिला ने स्थानीय थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई थी। जिसमें उसके ससुर बली यादव फरार चल रहे थे। जिसे पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर उसके घर से ही गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

# जिले के विकास में बैंकर्स की भूमिका बेहद महत्वपूर्ण : डीएम

बेतिया, प्रात : किरण संवाददाता




**बैठक**

- सीडी रेसियो बढ़ाने हेतु बैंकर्स को तत्परतापूर्वक कार्य करने की नसीहत

जिलाधिकारी, कुंदन कुमार की अध्यक्षता में आज समाहरणालय सभाकक्ष में जिलास्तरीय परामर्शदात्री समिति एवं जिलास्तरीय समीक्षा समिति की बैठक सम्पन्न हुयी। इस अवसर पर उप विकास आयुक्त, अनिल कुमार सहित सभी संबंधित अधिकारी, बैंकर्स आदि उपस्थित रहे।

सीडी रेसियो की समीक्षा के दौरान एलडीएम द्वारा बताया गया कि एसबीआई, सीबीआई, पीएनबी, केनरा बैंक, बैंक ऑफ इंडिया, इंडियन बैंक, आईसीआईसीआई बैंक, एक्सीस बैंक का सीडी रेसियो अपेक्षाकृत काफी कम है। वहीं यूको बैंक, यूनियन बैंक, आईओबी, एचडीएफसी बैंक, बंधन बैंक, उत्कर्ष बैंक, बैंक ऑफ महाराष्ट्रा आदि का सीडी रेसियो बेहतर है। उन्होंने बताया कि पश्चिमी चम्पारण जिले का सीडी रेसियो राज्य के औसत से ऊपर है और सोशल सिक्योरिटी के तहत पेंशन प्रदान करने में पश्चिमी चम्पारण जिला प्रथम है। जिलाधिकारी द्वारा बारी-बारी से सीडी रेसियो में अच्छा प्रदर्शन करने वाले बैंकर्स से फीडबैक लिया गया कि कैसे उनके बैंक का सीडी रेसियो बेहतर है। साथ ही अपेक्षाकृत कम उपलब्धि वाले बैंकर्स से भी पृच्छा की गयी। केनरा बैंक प्रबंधक द्वारा बताया गया कि जुलाई माह के अंत तक 28.45 से 40 प्रतिशत सीडी रेसियो करा लिया जायेगा। वहीं पीएनबी ने 40.84 से 60 प्रतिशत करने, एसबीआई ने 45.08 से 60 प्रतिशत करने की बात कही। जिलाधिकारी ने कहा कि जिले का एवरेज सीडी रेसियो लगभग 60 प्रतिशत है। उन्होंने निदेश दिया कि जुलाई माह के अंत तक संबंधित बैंकर्स हर हाल में 60 प्रतिशत सीडी रेसियो के लक्ष्य को पूर्ण करेंगे। उन्होंने कहा कि किसी भी बैंक का सीडी रेसियो डिस्ट्रिक्ट एवरेज से कम नहीं रहना चाहिए। पीएमईजीपी की समीक्षा के दौरान बताया गया कि वितीय वर्ष 21-22 में 90 के विरूद्ध 139 व्यक्तियों को लाभान्वित किया गया है। वितीय वर्ष 22-23 में 303 योग्य व्यक्तियों को पीएमईजीपी के तहत लाभान्वित करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। निर्धारित लक्ष्य की प्राप्ति के लिए सभी बैंकर्स कार्रवाई कर रहे हैं। जिलाधिकारी ने कहा कि जिन 139 लोगों को पीएमईजीपी के तहत लाभान्वित किया गया है, सभी की विस्तृत जानकारी समेकित की जाय। उन्होंने कहा कि यह पता लगाये कि पीएमईजीपी से लाभान्वित व्यक्ति ग्राउंड लेवल पर क्या कर रहे हैं। अगर वे लड़खड़ा रहे हैं तो उनको आगे बढ़ाने के लिए प्रयास किया जायेगा। उन्होंने कहा कि आसमान में उड़ने की चाह रखने वाले अर्थात अपना उद्यम स्टार्ट करने के इच्छुक व्यक्तियों को जिला प्रशासन द्वारा पंख उपलब्ध कराया जा रहा है ताकि पश्चिम चम्पारण जिला का आर्थिक विकास और तेजी के साथ हो सके। इस कार्य में बैंकर्स की भूमिका महत्वपूर्ण है। उद्यम स्टार्ट करने के इच्छुक योग्य व्यक्तियों को आर्थिक सहायता मुहैया कराने में बैंकर्स अपना महती भूमिका अदा करें। बैंकर्स सकारात्मक भावना के साथ कार्य करें तथा योग्य इच्छुक व्यक्तियों को ऋण उपलब्ध करायें जिलाधिकारी द्वारा एसीपी, केसीसी, प्रधानमंत्री मुद्रा योजना, जेएलजी, पीएम जेजेबीवाई, पीएमएसबीवाई, एपीवाई, सुकन्या समृद्धि योजना, पीएम स्वनिधि योजना, समग्र गव्य विकास योजना आदि योजनाओं के कार्य प्रगति की समीक्षा की गयी।

# गया : विशेष केंद्रीय सहायता योजना की बैठक आयोजित

गया, प्रात : किरण संवाददाता




जिला पदाधिकारी गया डॉ० त्यागराजन एसएम की अध्यक्षता में विशेष केंद्रीय सहायता योजना की बैठक समाहरणालय सभाकक्ष में की गई है। मंगलवार के बैठक में नागोबार में स्थापित हो रहे ऑपरेशनल बेस कैंप में मूलभूत सुविधाओं का निर्माण कराने के संबंध में 159 वीं बटालियन सीआरपीएफ जेल परिसर गया से प्रस्ताव समर्पित किया गया है। इस प्रस्ताव में आरो प्लांट की स्थापना एवं ओवरहेड टैंक के साथ पाइप लाइन कनेक्शन योजना का प्रस्ताव समर्पित किया गया है।

इस पर विचार करते हुए जिला चयन समिति से अनुमोदित किया गया है। इसके अतिरिक्त बांके बाजार प्रखंड के उत्क्रमित मध्य विद्यालय सोनदाहा में भवन का निर्माण संबंधी योजना एवं फतेहपुर प्रखंड के गुरपा पर्यटन स्थल में जलापूर्ति योजना एवं आति में समुदायिक भवन निर्माण हेतु योजना वार चयनित कर अनुमोदित किया गया है। विभिन्न कार्यकारी एजेंसियों द्वारा नक्सल प्रभावित प्रखंडों में विशेष केंद्रीय सहायता योजना अंतर्गत क्रियान्वित किए जा रहे योजनाओं का भौतिक एवं वित्तीय प्रगति की समीक्षा गंभीरता पूर्वक किया गया है। इस संबंध में संबंधित कार्यपालक अभियंताओं को कई आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। जिला पदाधिकारी ने सख्त हिदायत दिया कि निर्धारित समय सीमा के अंदर एससीए योजना के तहत दिए गए कार्यों को पूरा करें। विशेष केंद्रीय सहायता योजना अंतर्गत महालेखाकार पटना में डीसी बिल समायोजन हेतु भेजे गए पत्रों में आपत्ति का निराकरण समयवध तरीके में पूर्ण करते हुए जिला योजना कार्यालय को उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया है। इस बैठक में नगर पुलिस अधीक्षक राकेश कुमार, उप विकास आयुक्त विनोद दुहन, सहित संबंधित विभागों के कार्यपालक अभियंता उपस्थित थे।

### गोपालगंज: एक साल पुराने जानलेवा हमले मामले में दो गिरफ्तार

**गोपालगंज।** जिले के उचकागांव थाना क्षेत्र के महैचा गांव में एक साल पूर्व परिवार की महिलाओं के सामने पेशाब करने से मना करने पर हुए मारपीट मामले में फरार चल रहे दो आरोपितों को पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया। पुलिस द्वारा गिरफ्तार किए गए आरोपितों की पहचान थाना क्षेत्र के महैचा गांव के रिखू राम और उनके भाई भीखू राम के रूप में किया गया है। मामले को लेकर महैचा गांव बुलेट राम के द्वारा गिरफ्तार आरोपित सहित सात लोगों के विरुद्ध थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई थी। जिसमें तभी से दोनों आरोपी फरार चल रहे थे। घटना को लेकर हुए मारपीट मामले में बुलेट राम, उनके भाई प्रमोद राम, भाभी सुगांति देवी, रूबी देवी सहित 5 लोग बुरी तरीके से जख्मी हो गए थे। मामले को लेकर पुलिस पदाधिकारी मंटू कुमार रजक, इंद्रभूषण कुमार व निरंजन पाल के द्वारा पुलिस बल के साथ महैचा गांव में किए गए छापेमारी के दौरान फरार चल रहे दोनों आरोपितों को गिरफ्तार कर पूछताछ के बाद न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

# हुलासगंज: जन वितरण प्रणाली विक्रेताओं कि बैठक आयोजित



हुलासगंज, प्रात : किरण संवाददाता

प्रखंड मुख्यालय हुलासगंज में जन वितरण प्रणाली विक्रेताओं कि बैठक हुई जिसकि अध्यक्षता रामनिवास शर्मा द्वारा किया गया, जिसमें निम्नलिखित संगठन के पदाधिकारी चुने गए।

प्रखंड अध्यक्षः रविन्द्र शर्मा कोकरसा उपाध्यक्ष श्री रामतुनुक शर्मा खुदौरी सचिवः-मोहम्द शमशेर अंसारी तिराकोषाध्यक्षः नागेन्द्र प्रसाद मुरगॉव संगठन मंत्री तपेश्वर शर्मा( सूरजपुर कार्यकारणी सदस्यगण रामनिवास शर्मा सूरजपुर गोपाल प्रसाद कोकरसा रामप्रवेश पासवान केऊर अवनीश कुमार तिरा रामप्रीत कुमार सिन्हा केऊर बबन शर्मा चिरी शैलेन्द्र शर्मा खुदौरी योगेंद्र पासवान तिरा मिथलेश शर्मा तिरा शिव शंकर शर्मा बौरी जन वितरण विक्रेता संघ जहानाबाद जिला के जिलाध्यक्ष अरबिंद कुमार एवं बिहार प्रदेश उपाध्यक्ष विगन शर्मा उपस्थित हुए।

### नाला रिपेयरिंग के कार्य में व्यापक पैमाने पर अनियमितता के आरोप

**रामगढ़वा।** रामगढ़वा प्रखंड क्षेत्र के अहिरौलिया पंचायत अंतर्गत वार्ड संख्या 11 में नाला रिपेयरिंग के कार्य में व्यापक पैमाने पर अनियमितता के आरोप लग रहे हैं। इस वार्ड की निर्वाचित सदस्य ज्ञानती देवी ने इस आशय का एक आवेदन रामगढ़वा प्रखंड विकास पदाधिकारी को दिया है। आवेदन पत्र में बताया गया है कि उक्त नाला का निर्माण 2016 में हुआ था। नाले में मामूली रिपेयरिंग कराने की आवश्यकता थी। यह रिपेयरिंग का काम मुखिया के द्वारा षष्टम वित्त आयोग की राशि से कराया जा रहा है।पूरा काम कराने में डेढ़ से दो लाख भी खर्च नहीं होंगे, लेकिन इसके लिए सात लाख का बजट बनाया गया है। रिपेयरिंग के नाम एलपर बड़े पैमाने पर राशि का बंदरबाट करने की योजना बनाई जा रही है। रामगढ़वा बीडीओ मो. सज्जाद ने बताया कि आवेदन पर उचित कार्यवाही की जायेगी। बता दें कि षष्टम वित्त की राशि का बंदरबाट करने की कई पंचायतों से शिकायत मिल रही है। इस योजना की राशि को कतिपय जनप्रतिनिधि कामधेनू की तरह इस्तेमाल कर रहे हैं।

# ईआरओ ने बीएलओ के साथ की समीक्षात्मक बैठक

गोपालगंज, प्रात : किरण संवाददाता



जिले के भोरे प्रखंड कार्यालय स्थित मनरेगा भवन के सभागार में मंगलवार को बीएलओ की एक समीक्षात्मक बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता ईआरओ डॉ शशि प्रकाश राय ने की। आयोजित बैठक में मतदाता सूची में निर्धारित समय सीमा के अंदर आवश्यक सुधार पर विस्तृत चर्चा की गई।

बैठक को संबोधित करते हुए डॉ शशि प्रकाश ने कहा कि अब ऑफलाइन काम नहीं होगा। सभी बीएलओ अब गरुड़ ऐप के माध्यम से ऑनलाइन काम करेंगें। गरुड़ ऐप बीएलओ के लिए एक बड़े हथियार के साथ वरदान साबित होगा। बीएलओ अब बहुत ही आसानी से इस ऐप के माध्यम से तय समय में अपना कार्य पूर्ण कर लेंगें। जिनकी भी उम्र 18 वर्ष हो चुकी है, उनका नाम मतदाता सूची से जोड़ा जाए। वहीं मतदाता पुनरीक्षण कार्यों को लेकर प्रपत्र 6, 7, 8 मतदाता सूची में नाम जोड़ना मृत मतदाताओं का नाम हटाना व मतदाता सूची में नाम सही करना है।

उन्होंने आगे कहा कि चुनाव कार्यों में लापरवाही नहीं करें। साथ ही जो बीएलओ अच्छा कार्य करेंगे उन्हें सम्मानित भी किया जाएगा। उन्होंने उपस्थित सभी बीएलओ को अपने काम में निखार लाते हुए निर्वाचन से संबंधित कामों को राज्य स्तर पर पहचान दिलाने का आह्वान किया। बैठक में बीएलओ केसरी कुमार पांडेय, विश्राम गुप्ता, अनुज कुमार पांडेय, नन्हे सिंह, राधाकांत तिवारी सहित बड़ी संख्या में बीएलओ उपस्थित थे।

### गोपालगंज में झमाझम बारिश से लोगों को मिली गर्मी निजात

**गोपालगंज।** गोपालगंज में मंगलवार को हुई झमाझम बारिश ने लोगों को गर्मी से राहत दी है जहां लोग प्रचंड गर्मी से परेशान थे वही आसमान में एकाएक छाए काले बादल के साथ तेज हवा और बारिश ने लोगों को काफी राहत दी। दोपहर बाद शुरू हुई झमाझम बारिश के कारण किसानों के चेहरे चेहरे खिल उठे। जहां किसानों को धान के रोपनी की चिंता सता रही थी वहीं अब उनकी चिंता दूर होते नजर आ रही है। उत्तर बिहार में मानसून का आगमन हो चुका है बावजूद प्रचंड गर्मी से लोग त्राहि-त्राहि कर रहे थे। मंगलवार की दोपहर आसमान में एकाएक काले बादल छा गए दिन का नजारा रात जैसा प्रतीत होने लगा। चारों ओर अंधेरा ही अंधेरा छा गया। साथ ही तेज हवा और बारिश के बाद लोगों ने राहत की सांस ली है। हलांकि बारिश से गन्ना, मेंथा, उड़द, धान, मक्का मूंग की फसलों को फायदा पहुंचा है। आंधी पानी का मौसम बने रहने से अधिकतम व न्यूनतम तापमान में गिरावट आने से फिलहाल लोगों को गर्मी से राहत मिल गई है। जबकि शहर में पहली बारिष ने ही नप के तमाम दावों की पोल खोल दी है। पहली बारिश से ही शहर में जगह-जगह जलजमाव हो गया।

# शराब की टोह में दियारा इलाके में चला सर्च अभियान, भट्ठी ध्वस्त

गोपालगंज, प्रात : किरण संवाददाता



- गोपालगंज व मोतीहारी की टीम ने संयुक्त रूप से की छापेमारी

जिले के अलग-अलग थाना क्षेत्रों के दियारा इलाके में मंगलवार को गोपालगंज व मोतीहारी उत्पाद विभाग की टीम ने संयुक्त रूप से सर्च अभियान चलाकर तैयार की जा रही शराब की खेप को बरामद करने के साथ ही उसे नष्ट कर दिया। इस दौरान एक शराब भट्ठी को भी ध्वस्त कर दिया।

उत्पाद अधीक्षक राकेश कुमार ने बताया कि गंडक नदी के किनारे स्थित बंगरा घाट, सत्तरघाट, तेलिया घटहा घाट, डुमरिया घाट, फैजुल्लाहपुर, आषा खैरा, प्यारेपुर गांव के समीप उत्पाद विभाग की टीम ने सर्च अभियान चलाया। सर्च अभियान के दौरान नदी के तट पर छूपाकर बनाई जा रही एक शराब भट्ठी को ध्वस्त कर दिया गया। इस दौरान उत्पाद विभाग की टीम ने छापेमारी के दौरान 1500 केजी गुड़ का पाश को बरामद करने के साथ ही उसे विनिष्ट कर दिया गया। इसके साथ ही षराब बनाने के उपयोग में लायी जाने वाली गैस चूल्हा, मैटेलिक पाइप, ड्रम सहित अन्य उपकरण को बरामद किया गया। उत्पाद अधीक्षक ने बताया कि उत्पाद विभाग की गोपालगंज व मोतीहारी की संयुक्त टीम की छापेमारी को देखकर दियारा इलाके में सक्रिय शराब तस्कर फरार हो गए। हालांकि फरार हुए शराब तस्करों की पहचान करने के बाद उनकी गिरफ्तारी के लिए छापेमारी अभियान चलाया जा रहा है।

### 132 बोतल शराब के साथ बाइक जब्त एक गिरफ्तार

**गोपालगंज।** जिले के भोरे पुलिस ने थाना क्षेत्र के कुर्थियां गांव के समीप कार्रवाई करते हुए 132 बोतल शराब के साथ एक धंधेबाज को भी गिरफ्तार कर लिया। पुलिस की इस कार्रवाई के बाद शराब कारोबारियों में हड़कंप मच गया। बताया जाता है कि भोरे थाना के पुलिस पदाधिकारी संजय कुमार दास गश्ती कर रहे थे। इसी दौरान उन्हें सूचना मिली कि थाना क्षेत्र के कुर्थियां गांव के समीप एक व्यक्ति बाइक से शराब की तस्करी कर रहा है। सूचना मिलते ही पुलिस ने वहां चेकिंग शुरू कर दी। इसी दौरान एक बाइक सवार पुलिस को देखते ही भागने लगा। जिसे पुलिस ने खदेड़ कर पकड़ लिया। उसकी बाइक में छिपा कर रखा गया 132 बोतल शराब बरामद किया गया। पकड़े गये व्यक्ति की पहचान थाना क्षेत्र एराजी कोरेयां गांव के हरिलाल राम के रूप में की गई है। जिसे उत्पाद अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज कर जेल भेज दिया गया।

# हजारीमल उच्च +2 विद्यालय में कॉमर्स नामांकन के शुरूआत पर हर्ष

रक्सौल, प्रात : किरण संवाददाता

अनुमण्डल मुख्यालय, जहां लडकों के लिये एक मात्र उच्चतर माध्मिक विद्यालय हजारीमल है और इसी सत्र 2022 से वाणिज्य में बिहार बोर्ड पटना द्वारा नामांकन के लिये अनुमति दिया गया है। इस कारण इस क्षेत्र के कॉमर्स पढनें वाले बच्चों में खुशी की लहर दौड़ गई।

अभिषेक कुमार पटेल के नेतृत्व में बच्चो की टीम हजारीमल हाई स्कूल के प्रधानाध्यापक सुमन कुमार तथा स्वच्छ रक्सौल के अध्यक्ष रंजीत सिंह को सामूहिक रूप से दोशाला, फुल के माला, लडू खिलाकर कर और पौधा देकर समान्नित किया। इंटर कॉलेज बनने के बाद भी इस विद्यालय में कॉमर्स की पढाई नहीं होती थी, जिस कारण बच्चों को काफी दिक्कत होती थी और इस मांग को बच्चे और अभिभावक द्वारा किया जा रहा था पर किसी का साथ नहीं मिलने के कारण ये मामला लटक जाता था पर रंजित सिंह व इस विद्यालय के प्रधानाध्यापक सुमन कुमार के सहयोग से जिला शिक्षा पदाधिकारी को पत्राचार किया गया और अंत में रक्सौल के कॉमर्स पढने वाले छात्रों की ये बड़ी महत्वाकांक्षी मांग पूरी हुई। कार्यक्रम का नेतृत्व अभिषेक कुमार पटेल ने किया।

इस अवसर पर डॉ. मुराद आलम, अरविंद जायसवाल एवं अन्य शिक्षकों के द्वारा विद्यालय के बेहतर संचालन एवं भवन निर्माण के साथ साथ प्रांगण की स्वच्छता और सुंदरता के लिए प्रयासरत रहने की बातें कही गई। कार्यक्रम में छात्र नितेश कुमार, अमित कुमार, कन्हैया कुमार, पृथ्वी राज, अरबाज आलम , विकाश कुमार, विजय कुमार , युवराज सिंह, दिपू कुमार, साहिल अंसारी व इरफान अखतर आदि मौजूद रहे।

### कार्यक्रम की सफलता के लिए बैठक संपन्न

**मानपुर ।** शहर के जनकपुर स्थित सुरेन्द्र प्रसाद सभागार में अखिल भारतीय दांगी क्षत्रिय संघ का बैठक हुआ। बैठक का अध्यक्षता डॉ उज्जवल नारायण दांगी ने और संचालन प्रेम नारायण सिंह दांगी ने किया। अपने अध्यक्षीय भाषण में डॉ उज्जवल ने कहा कि दांगी समाज अपने सामाजिक कार्यकताओं को याद करने के लिए, सम्मान देने के लिए मूर्ति अनावरण कार्यक्रम रखा है। प्रेम नारायण दांगी ने कहा कि स्वर्गीय राजेंद्र सिंह दांगी और प्रयाग नारायण दांगी इस संगठन के कई महत्वपूर्ण पदों पर रहकर सामाजिक परिवर्तन लाने का प्रयास किया। इस अवसर पर जदयू नेता पुष्पेंदु पुष्प ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को धन्यवाद दिया कि उन्होंने दांगी समाज को अति पिछड़ा वर्ग में शामिल किया है। इस अवसर पर श्री पुष्प ने कहा कि अति पिछड़ा समाज में शामिल होने के कारण लगातार सरकारी नौकरियों में दांगी समाज के छात्र सफल हो रहे हैं। अन्य वक्ताओं ने जानकारी दिया कि 1 जुलाई 2022 को गया के धर्म सभा भवन में समाजिक बैठक होगा और इस बैठक में अधिक-से-अधिक लोगों के उपस्थित होने का आवाहन किया।

# तेज रफ्तार कार की चपेट में आने से मजदूर की मौत

गोपालगंज, प्रात : किरण संवाददाता


- उग्र लोगो ने किया हंगामा

जिले के कटेया थाना क्षेत्र के पटोहवा गांव में अनियंत्रित बोलेरो की चपेट में आने से एक मजदूर की घटना स्थल पर ही मौत हो गयी। मृत मजदूर कुबरही गांव निवासी 65 वर्षीय जगरनाथ मंडल बताया गया है। बताया जाता है कि सोमवार को जगरनाथ मंडल मजदूरी करने के लिए पंचदेवरी की ओर गया था।

देर शाम को लौटने के क्रम में पटोहवा गांव में एक पेड़ के नीचे बैठकर आराम करने लगा। तभी यूपी की ओर से काफी तेज गति से आ रही शराब तस्करों की बोलेरो ने उसे रौंद दिया। जिससे घटना स्थल पर उसकी मौत हो गयी। घटना के बाद वहां काफी संख्या में लोगों की भीड़ जमा हो गयी। परिजन भी रोते-बिलखते पहुंच गये। ग्रामीणों द्वारा घटना की सूचना पुलिस को दी गयी। काफी देर तक जब पुलिस नहीं पहुंची, तो लोग आक्रोशित हो उठे। शव को जमुनहा-पंचदेवरी मुख्यमार्ग पर मंझरियां चैराहे के पास रखकर हंगामा करने लगे। ग्रामीण पुलिस पर भी उदासीनता का आरोप लगाने लगे। ग्रामीणों का कहना था कि पुलिस सिर्फ शराब पकड़ना ही अपनी मुख्य ड्यूटी समझ रही है। बाकी किसी मामले को गंभीरता से नहीं ले रही है। हंगामे की सूचना पर पंहुचे बीडीओ, सीओ व जनपतिनिधियों ने पहुंच कर ग्रामीणों व परिजनों को शांत कराया। जिला परिवहन पदाधिकारी से बात कर बीडीओ व सीओ ने मुआवजा दिलाने का आश्वासन दिया। इसके बाद मामला शांत हुआ। मामला शांत होने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने ग्रामीणों के आरोपों से इन्कार करते हुए शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# सिकरहना तटबंध पर स्लुईस गेट पुल निर्माण नही होने से ग्रामीणों में आक्रोश

चिरैया, प्रात : किरण संवाददाता



- चुनाव में ग्रामीणों ने किया था मतदान बहिष्कार का ऐलान
- बाढ़ के समय एक किलोमीटर की दूरी 8 किलोमीटर हो जाती है

प्रखंड क्षेत्र के खड़तरी पश्चिमी पंचायत अंतर्गत पटजिलवा गांव में सिकरहना तटबंध पर स्लुईस गेट पुल निर्माण नही होने से ग्रामीणों में काफी आक्रोश व्याप्त है। पटजिलवा गांव के लोगों को बरसात के समय मोतिहारी- ढाका मुख्य पथ पर पहुंचने के लिए पिंडारी, खड़तरी गांव होते हुए लगभग आठ किलोमीटर की दूरी तय करनी पड़ती है, जबकि सिकरहना तटबंध पर पुल का निर्माण होने से यह दूरी घटकर सिर्फ एक किलो मीटर रह जायेगी।

ग्रामीण बाढ़ आने से पूर्व काफी चिंतित व मायूस है, क्योंकि उन्हें प्रत्येक वर्ष की ही तरह बाढ़ के समय में भय के साये में जीने के लिए मजबूर होना पड़ेगा। इस पुल के नही बनने से पटजिलवा गांव के लोगों को बरसात के समय जान-माल की काफी हानि होती है, क्योंकि सिकरहना नदी मे जब बाढ़ आती है तो गांव चारों तरफ से पानी से घिर जाता है तथा मुख्य पथ को जोड़ने वाले मार्ग पर लगभग 5 से 6 फीट ऊंचाई से पानी तेज रफ्तार के साथ बहने लगती है, जिससे आवागमन पूरी तरह से ठप हो जाता है।

मजबूर होकर ग्रामीणों को अपनी छतों या पड़ोसी की छत पर अपने परिवार तथा पशुओं के जान बचाने के लिए कई दिनों तक भूखे-प्यासे गुजर-बसर करना पड़ता हैं। बाढ़ के समय में प्रत्येक वर्ष ग्रामीण व उनके पालतू पशुओं की जान बाढ़ के पानी में डूबकर चली जाती है। इस समस्या से निजात पाने के लिए ग्रामीण पुल निर्माण की मांग 1980 से लगातार करते आ रहे है।

पुल निर्माण की मांग को लेकर 2020 के विधानसभा चुनाव में ग्रामीणों ने मतदान बहिष्कार की भी घोषणा की थी, लेकिन जिला प्रशासन व स्थानीय जनप्रतिनिधियों के बीच हुए मध्यस्थता के बाद लोगों ने मतदान में हिस्सा लिया। भाजयुमो संगठन जिला ढाका के जिला प्रवक्ता व स्थानीय जयराम प्रसाद निषाद ने बताया कि सिकरहना तटबंध पर पटजिलवा गांव के पास स्लुईस गेट पुल निर्माण के लिए जगह छोड़ा गया है।

इस पर पुल निर्माण को लेकर हमलोगों ने स्थानीय सांसद, विधायक से लेकर मुख्यमंत्री एवं पथ निर्माण मंत्री तक को अपनी समस्या से अवगत करा चुके है। चिरैया विधायक लालबाबू प्रसाद गुप्ता ने विधानसभा के पिछले दो सत्रों में पुल निर्माण की मांग को लेकर अपनी आवाज उठाई, लेकिन अभी तक राज्य सरकार की तरफ इस दिशा में कोई पहल नही हो पाई है।

### दिव्यांग शिविर में बारिश के बाद भी उमड़ी भीड़

**गोपालगंज।** राष्ट्रीय वयोश्री योजना एवं एडिप योजना के तहत मंगलवार को भोरे प्रखंड मुख्यालय में दिव्यांगों के लिए शिविर लगाया गया। जिसमें बारिश के बाद भी पंजीकरण एवं जांच के लिए दिव्यांगों की भीड़ उमड़ पड़ी। इस दौरान जहां सभी पंचायतों के मुखिया लोगों की सहायता करते दिखे, जिला से आये अधिकारी पूरे कार्यक्रम की मॉनिटरिंग करते रहे। वहीं रजिस्ट्रेशन के बाद सभी की जांच की गई। पात्रों को कुछ दिनों में उपकरण वितरित किए जाएंगे। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय अंतर्गत भारतीय कृत्रिम निर्माण निगम (एलिम्को) के तत्वावधान में समाज कल्याण विभाग एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण की अगुवाई में एलिम्को की टीम ने दिव्यांगजनों का पंजीकरण किया। शिविर में वरिष्ठ नागरिकों बीपीएल श्रेणी के चश्मा, कृत्रिम दांत, बीटीई, कान की मशीन, ट्राइपॉड, टेट्रापॉड, एक्सिला, एल्बो, बैशाखी, वॉकर, व्हीलचेयर एवं दिव्यांगजनों का ट्राईसाइकिल, फोल्डिग छड़ी, ब्रेलाकिट, एमएसआईडी किट आदि उपकरणों के निरूशुल्क वितरण हेतु जांच की गई।

# फाइलेरिया मरीजों में एमएमडीपी किट वितरित

गोपालगंज, प्रात : किरण संवाददाता



वेक्टर जनित गंभीर रोगों में शामिल फाइलेरिया संक्रमित मरीजों को नियमित रूप से आवश्यक देखभाल की जरूरत होती है। इसके लिए उन्हें आवश्यक दवाइयों के साथ संक्रमित अंग का पूरा ध्यान रखना होता है। ठीक तरह से ध्यान रखने पर फाइलेरिया संक्रमण को गंभीर होने से रोक जा सकता है।

फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के तहत जिले के बरौली प्रखंड के बतरदेह पैक्स गोदाम स्थित फाइलेरिया मरीजों के बीच एमएमडीपी किट वितरण सह जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सीफार के सहयोग प्रशिक्षण दिया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए जिला वेक्टर बोर्न डिजिज नियंत्रण पदाधिकारी डॉ. सुषमा शरण ने फाइलेरिया मरीजों को फाइलेरिया से बचाव एवं साफ-सफाई को लेकर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने फाइलेरिया से ग्रसित अंगों की विशेष रूप से सफाई रखने के बारे में जागरूक किया। इस मौके पर उपस्थित 20 फाइलेरिया मरीजों के बीच एमएमडीपी किट का वितरण किया। किट में टब, मग, तौलिया, साबुन आदि साम्रगी दी गई। इस मौके पर डीएमओ डॉ. सुषमा शरण, भीडीसीओ प्रशांत कुमार, बरौली के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी, केयर इंडिया के डीपीओ आनंद कश्यप, सीफार की जिला समन्वयक नेहा कुमारी, प्रखंड समन्वयक अमित कुमार, शुभ करण मौजूद थे।

### हुस्सेपुर में चोरी गया लैपटॉप और सिम कार्ड बरामद, एक गिरफ्तार

**गोपालगंज।** जिले के भोरे थाना क्षेत्र के हुस्सेपुर में एक घर से चोरी हुए लैपटॉप, सिम कार्ड और एक जोड़ी पायल को बरामद करते हुए पुलिस ने चोर का भी गिरफ्तार कर लिया। प्राथमिकी दर्ज होने के 24 घंटे के अंदर ही पुलिस ने मामले का खुलासा कर लिया। साथ ही गिरफ्तार चोर से कड़ी पूछताछ के बाद उसे जेल भेज दिया गया। बता दें कि थाना क्षेत्र के हुस्सेपुर गांव निवासी पारस राम के घर से एक एयरटेल का सिम कार्ड, लैपटॉप और पायल की चोरी कर ली गई थी। मामले में पीड़ित पारस राम के बयान पर स्थानीय थाने में अज्ञात चोर के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई थी। वहीं मामले की जांच में जुटी पुलिस ने सिम कार्ड के लोकेशन के आधार पर कार्रवाई करते हुए हुस्सेपुर गांव के साबिर अली को गिरफ्तार कर लिया। जिसकी निशानदेही पर उसके घर से ही लैपटॉप, सिम कार्ड और एक जोड़ी पायल बरामद किया गया। मौके पर से ही पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया। जिसे कड़ी पूछताछ के बाद जेल भेज दिया गया।

## संक्षिप्त खबरें

### शहर की साफ-सफाई का जायजा लेने रात में निकल पड़े डीएम



रक्सौल। जिलाधिकारी शीर्षत कपिल अशोक ने शहर के साफ-सफाई की स्थिति जानने को लेकर देर रात्रि में नगर निगम के कई चौक-चौराहों का भ्रमण किया। शहर के कचहरी चौक, अस्पताल रोड, थाना चौक, मोतीझील पुल, मिना बाजार चौक, ज्ञानबाबू चौक, जनपुल चौक, स्टेशन रोड, पटेल चौक, चरखा पार्क रोड, सहित कई के विभिन्न स्थलों का उन्होंने निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने शहर को और बहेतर दरुस्त कराने को लेकर नगर निगम आयुक्त को आवश्यक दिशा निर्देश दिया। वही नगर आयुक्त को निदेश देते हुए कहा कि शहर की साफ-सफाई की स्वयं लगातार मॉनिटरिंग कर साफ-सफाई का निगरानी करें। उन्होंने कहा कि शहर के साफ-सफाई के निराकरण को लेकर हर सम्भव प्रयास की जाएगी। शहर के साफ-सफाई को त्वरित निराकरण हेतु जिलाधिकारी ने नगर आयुक्त एवं नगर निगम से जुड़े अधिकारियों को अलर्ट रहने का कई अहम निर्देश भी दिए। उक्त मौके पर नगर निगम आयुक्त सहित प्रशासनिक पदाधिकारी मौजूद थे।

## पूर्व नक्सली व हत्यारोपी पेटारी राय गिरफ्तार

**चिरैया।** गुप्त सूचना के आधार पर नाटकीय ढंग से छापेमारी कर मंगलवार को चिरैया पुलिस ने पूर्व नक्सली व हत्यारोपी पेटारी राय को गिरफ्तार कर लिया है। उसकी गिरफ्तारी मोहद्दीपुर व गहई गांव के बीच सरेह से हुआ है। गिरफ्तार अपराधी पर मदिलवा गांव के पशुपालक किसान रूपनारायण राय की हत्या करने का आरोप है। रूपनारायण राय की हत्या 16 मई को तब हुई थी। जब वह सरेह में भैंस चराने गया था। रात होने पर भैंस तो लौट आयी थी। लेकिन किसान नही लौटा। तब परिजनों ने खोजना शुरू किया। मृतक रूपनारायण और हत्यारोपी पेटारी राय के रिश्तेदारों के बीच पूर्व से भूमि विवाद चल रहा था। इससे नाराज होकर पेटारी ने उसकी हत्या कर शव को सरेह में फेंक दिया था। घटना के बाद से वह फरार था और पुलिस उसकी तलाश कर रही थी। पेटारी की गिरफ्तारी को पुलिस बड़ी सफलता मान रही है। गिरफ्तार अपराधी पूर्व में नक्सली संगठन से जुड़कर क्षेत्र में आतंक फैला दिया था। उस पर चिरैया में शराब तस्करी के करीब आधा दर्जन मामला दर्ज है। थानाध्यक्ष सुनील कुमार ने बताया कि गिरफ्तार किये गए अपराधी से आवश्यक पूछताछ की जा रही है।

# दो करोड़ की हिरोइन के साथ तीन गिरफ्तार



बोधगया, प्रात : किरण संवाददाता

गिरफ्तारी

● तस्कर के पास से लगभग दो किलो ब्रॉउन सुअर बरामद की गई

बोधगया थाना क्षेत्र के गया डोभी मुख्य मार्ग मस्तपुरा गांव के समीप से बोधगया पुलिस ने अंतरराज्यीय स्तर पर मादक पदार्थों की तस्करी करने वाले तीन तस्करों को गिरफ्तार किया है। जिसकी कीमत लगभग दो करोड़ रुपये बाजार रेट आकि जा रही है।

जिसकी जानकारी बोधगया एसडीपीओ अजय प्रसाद ने दी उन्होंने के कहा कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि झारखंड से डोभी के रास्ते अवैध मादक पदार्थ की बड़ी खेप लेकर दो लोग बाइक से आ रहे हैं। तस्कर बोधगया के रास्ते गया शहर में जाने वाले हैं। बोधगया पुलिस को इसकी सूचना मिलने के साथ ही इसकी जानकारी वरीय अधिकारी को दी गई। उसके बाद पुलिस की एक टीम गठित कर गया-डोभी मुख्य सड़क के मस्तपुरा गांव के पास घेराबंदी कर उनका इंतजार किया जा रहा था। पुलिस को चिन्हित बाइक नजर आई टीम के जवानों ने बाइक पर सवार तीनों युवक को रोका लेकिन वो भागने की कोशिश करने लगे फिर भी पहले से ही मुस्तैद जवानों ने तीनों को धर दबोचा।

जब बाइक की डिक्की की जांच की गई तो उसमें दो किलो हेरोइन के पैकेट बरामद किए गए। तस्कर के पास से लगभग दो किलो ब्रॉउन सुअर बरामद की गई है। जिसकी कीमत दो करोड़ रुपये से ऊपर आकि जा रही है।

उन्होंने बताया कि जब्त हेरोइन की खेप को गया में किसी दूसरे व्यक्ति के द्वारा किसी और को देना था। अब गिरफ्तार तस्करों से इस बात की जानकारी हासिल की जा रही है कि उनके गैंग में और कौन कौन लोग शामिल हैं। ताकि इस पूरे रैकेट को पकड़ा जा सके। गिरफ्तार तस्करों में डोभी थाना के कोसमा गांव निवासी रामचरित्र चौधरी का बेटा विजय कुमार, मोहनपुर थाना के चन्हुआ गांव का पून चौधरी का बेटा रविन्द्र कुमार व मगध मेडिकल थाना के केन्दुई निवासी जतन चौधरी का बेटा धर्मेंद्र कुमार है। ज्ञात हो को कुछ ही दिन पहले बोधगया पुलिस अफीम के साथ दो तरस्करी करने वाले को गिरफ्तार किया गया था।

## टीपीसी संगठन के नाम पर रंगदारी मांगने वाला आरोपी गिरफ्तार

**गया।** गया जिले के बांके बाजार की पुलिस ने टीपीसी संगठन के तरुण जी के नाम पर रंगदारी मांगने के मामले में झारखंड के चतरा जिला अंतर्गत प्रतापपुर थाना क्षेत्र के भौराज गांव से बजेश पासवान उर्फ तरुण पिता रामवृक्ष पासवान को गिरफ्तार किया है। प्रेस वार्ता कर जानकारी शेरघाटी डीएसपी प्रवेंद्र भारती ने दिया है. उन्होंने बताया कि गत 21 जून 22 को बांके बाजार थाना क्षेत्र के जोंधी गांव के रहने वाले मिथिलेश चौधरी पिता बसंत चौधरी ने बांके बाजार थाने में मोबाइल फोन पर रंगदारी मांगे जाने का शिकायत किया था। जिसके बाद पुलिस ने कार्यवाही करते हुए इमामगंज थाना क्षेत्र के हरनकेल गांव के रहने वाले बाढो पासवान को लेवी का रकम वसूलने के क्रम में बांके धाम से गिरफ्तार किया था। इस घटना को लेकर बांके बाजार थाने में कांड संख्या 138/22 दर्ज है उन्होंने बताया कि पूछताछ के दौरान मिली जानकारी के अनुसार झारखंड के प्रतापपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत भौराज गांव में छापेमारी कर ब्रिजेश पासवान उर्फ तरुण पिता रामवृक्ष पासवान को गिरफ्तार किया गया है। बृजेश के पास से मोबाइल व सिम कार्ड भी जप्त किया गया है। जिस नंबर से लेवी की मांग की गई थी उन्होंने बताया कि बृजेश के द्वारा मोबाइल नंबर 900 643 0826 से फोन कर मिथिलेश चौधरी से रंगदारी की मांग किया गया था इसके बाद पुलिस मामले की छानबीन कर रही थी, डीएसपी ने बताया कि आरोपी ने पूछताछ के दौरान पुलिस को बताया कि पूर्व मे वह टीपीसी संगठन से जुड़ा हुआ था वर्तमान में बढ़ो पासवान के साथ मिलकर लेवी वसूलने का काम शुरू किया दिया था।

## जांच के बाद आवास योजना में दूसरे किस्त का भुगतान करने का निर्देश



रामगढ़वा, प्रात : किरण संवाददाता

पीएम आवास योजना की समीक्षा को लेकर बीडीओ मोहम्मद सज्जाद ने मंगलवार को रामगढ़वा पंचायत भवन में पर्यवेक्षक संतोष कुमार और आवास सहायक विनोद प्रसाद व जनप्रतिनिधियों के साथ समीक्षा बैठक किया। इस दौरान बीडीओ मोहम्मद सज्जाद ने पर्यवेक्षक एवं आवास सहायकों से पंचायत अंतर्गत पीएम आवास लाभुकों की सूची के आधार पर भौतिक सत्यापन करते हुए बिंदुवार समीक्षा किया।

साथ ही उन्होंने संबंधित पर्यवेक्षक एवं आवास सहायकों को सख्त निर्देश दिया कि जिन लाभुकों द्वारा आवास की प्रथम किस्त राशि उठाव कर लिया गया है और अब तक उनके द्वारा आवास निर्माण के लिए पर्याप्त सामग्री एवं निर्माण कार्य शुरू नहीं किया गया है। वैसे लाभुकों को चिन्हित कर के गृह निर्माण कार्य शुरू करावे। वही जिन लाभुकों द्वारा डोर लिंटर तक निर्माण कार्य पूर्ण कर लिया गया है। वैसे लाभुकों को द्वितीय किस्त की राशि के लिए फॉर्म फिल्प कराते हुए दूसरे किस्त की राशि उपलब्ध करावे साथ ही वैसे लाभुकों के द्वारा छत लिंटर तक निर्माण पूर्ण कर लिया गया है। उन्हें तीसरे किस्त की राशि उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

वही इस कार्य में पंचायत के सभी जनप्रतिनिधियों से अपील किया कि सरकार के विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं को सफल संचालन में संबंधित अधिकारी एवं कर्मियों का सहयोग करें। साथ ही पीएम आवास लाभुकों को प्रेरित करते हुए आवास निर्माण कार्य समय से पूर्ण कराने का भी निर्देश दिया। इस बैठक में आवास पर्यवेक्षक आवास सहायक विनोद प्रसाद, पर्यवेक्षक संतोष कुमार, चुनमुन फेवी, विनोद रौनियार, विभा देवी जनप्रतिनिधि एवं लाभुक उपस्थित थे।

## स्कूल स्वास्थ्य कार्यक्रम का प्रशिक्षण शुरू

बोचहां, प्रात : किरण संवादाता



बोचहां प्रखंड क्षेत्र के पारसनाथ राजकीय मध्य विद्यालय के सभागार में छात्र-छात्राओं को सर्वांगीण विकास को लेकर कार्यक्रम आयोजित कर शिक्षकों को दिया गया ट्रेनिंग। क्षेत्र के सभी स्कूलों में कार्यरत प्रधानाध्यापक को बच्चों की सर्वांगीण विकास हो सके इसके लिए सोमवार को पारसनाथ मध्य विद्यालय बोचहां में दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी, अरविंद कुमार, बीपीआरओ मोहम्मद जाहिद हुसैन, डॉक्टर संयोग, नेहा कुमारी, संयुक्त रूप से किया।

स्कूलों में बच्चों के उम्र के अनुसार स्वास्थ्य और पोषण के बारे में उचित जानकारी प्रदान करना, बच्चों के जीवन में स्वास्थ व्यवहार को बढ़ावा देने के लिए प्रेरित करना, बच्चों और किशोरों में शुरूआत में ही बीमारियों का पता लगाना और उनका इलाज करना जिनमें कुपोषित और एनीमिक बच्चों की पहचान कर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों और अस्पतालों में रेफर करना भी शामिल है यह बातें डॉ संजय कुमार ने बताई। शिक्षकों को विद्यालय स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत दिए जा रहे पांच दिवसीय गैर आवासीय प्रशिक्षण को समापन हो गया।

बीईओ ने बताया कि इसके तहत शिक्षा विभाग एवं स्वास्थ्य विभाग के संयुक्त प्रयास से स्वास्थ्य एवं स्वच्छता के संबंध में शिक्षकों को विस्तार से जानकारी दी गई। प्रशिक्षण प्राप्त करने के बाद शिक्षक अपने अपने विद्यालय में जाकर बच्चों के बीच स्वास्थ्य एवं स्वच्छता को लेकर विस्तार से चर्चा करेंगे ताकि बच्चे स्वस्थ एवं निरोग रह सके। उन्होंने बताया कि प्रशिक्षण में एक निश्चित उम्र के बाद बच्चों में होने वाले शारीरिक बदलाव के संबंध में भी जानकारी दी गई।

किशोरावस्था में बच्चों में होने वाले शारीरिक बदलाव की चर्चा सामान्यतया नहीं के बराबर की जाती है। इसके कारण बच्चे कई तरह की गलतफहमियों का शिकार हो जाते हैं। ऐसे प्रशिक्षण से बच्चों को उचित मार्गदर्शन मिल सकेगा। इस मौके पर आफताब आलम, मो इमरान उद्दीन, मो तारिक अनवर रिजवी, मो जावेद अशरफ, हामिद अंसारी, मो तैहीद, जकी अहमद, मो अताउल्लाह, सहित अन्य थे।

## लापता हेडमास्टर का शव नदी से बरामद

**चकिया।** चकिया थाना क्षेत्र स्थित बाराघाट पुल के समीप बुढी गंडक नदी मे सोमवार की सुबह शव को देखकर ग्रामीणों मे कोहराम मच गया।देखते ही देखते पुल पर पानी मे उपलाते शव को देखने के लिए लोगो की भीड जमा हो गई। वहीं सूचना पर पहूंची पुलिस ने शव को कब्जे मे लेकर शिनाख्त के लिए थाने ले आई।इधर मृतक की पहचान तेतरिया प्रखंड के महुअवावृत मध्य विधालय के एचएम अमरनाथ झा उर्फ अंजनी झा 43 वर्षीय के रुप मे हुई है। बताया जाता है कि मृतक अमरनाथ झा को बीते रविवार को बाइक पर सवार एक व्यक्ति दिन मे 1बजे बैठाकर ले गया था, जिसके बाद उनका शव सोमवार को चकिया थाना क्षेत्र स्थित बुढी गंडक नदी मे उपलाता हुआ दिखाई दिया। इधर नदी मे शव मिलने की खबर सुनकर मृत एचएम के परिजन चकिया थाना पहुंचे, जहां मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए मोतिहारी भेज दिया गया। वहीं परिजनो ने हत्या कर शव को नदी मे फेंकने का आरोप अपराधियों पर लगाया है।

## औरंगाबादः देसी, विदेशी शराब के साथ 15 शराब व्यवसाई गिरफ्तार

औरंगाबाद, प्रात : किरण संवाददाता

जिला में शराब के उपयोग, निर्माण, भण्डारण, परिचालन एवं बिक्री के विरूद्ध चलाये गये अभियान में औरंगाबाद जिला के विभिन्न थाना क्षेत्रों में की गई छापामारी के दौरान सलैया थाना द्वारा मंदीप भुईया सा० जुठी बिगहा थाना सलैया को 15 ली० देशी शराब के साथ तथा फेसर थाना द्वारा 07.05 ली० देशी शराब के साथ उदय पासवान सा०+ थाना फेसर को गिरफ्तार किया गया है तथा ओबरा थाना द्वारा ग्राम कारा के पास से एक कार एवं 256.50 ली० देशी शराब बरामद किया गया है।

देव थाना द्वारा सा० डाबी के पास से 50 ली० देशी शराब एवं रफीगंज थाना द्वारा ग्राम केसवपुर के बधार से 385.5 ली० देशी शराब तथा अम्बा थाना द्वारा 484.8 देशी शराब एवं एक



टेम्पू बरामद किया गया है एवं शराब पीने के आरोप में धर्मेन्द्र कुमार सा० चैनपुर, थाना ढिबरा को गिरफ्तार किया गया है ।

तथा उपहरा थाना द्वारा पूर्व के शराब के काण्ड में फरार अभियुक्त छोटु कुमार सा० हसामपुर को तथा नवीनगर थाना द्वारा 24 ली० देशी शराब के साथ अर्जुन चौधरी, सा० जनकपुर पोखरा, थाना नवीनगर को एवं 20 ली० देशी शराब के साथ आनन्द कुमार सा० नोनीया बिगहा थाना नवीनगर को तथा मदनपुर थाना द्वारा पूर्व के शराब के काण्ड में फरार अभियुक्त मनीष उर्फ दीपक चौधरी सा० नोनीयाडीह, थाना मदनपुर एवं नगर थाना द्वारा 3.750 ली० बिदेशी शराब के साथ एक बाईक बरामद किया गया है एवं 600 मि०ली० देशी शराब एवं एक बाईक के साथ अंशु कुमार सा० कठरूआ थाना नगर, जिला औरंगाबाद को गिरफ्तार किया गया है तथा बारूण थाना द्वारा पूर्व के शराब के काण्ड में फरार अभियुक्त 01. विकाश कुमार सा० पटेरी, थाना जमहौर, 02. हरेन्द्र सिंह, सा० शितल बिगहा थाना दाउदनगर 03. चन्दन कुमार सा० विश्म्भरपुर, थाना माली, 04. विशाल कुमार सा० डिहरा, थाना ओबरा 05. संजय राम सा० कदमके, थाना पताही, जिला मोतिहारी 06. धिरेन्द्र कुमार, सा० चन्नडी, थाना अतरी, जिला गया, 07 विजय सिंह, सा० पड़रीया, थाना बारुण को गिरफ्तार किया गया है साथ ही विधि सम्मत कार्रवाई की जा रही है।

## मुजफ्फरपुर के सहायक उद्यान निदेशक के आवास पर इओयू का छापा

**मुजफ्फरपुर।** आर्थिक अपराध इकाई द्वारा आज मुजफ्फरपुर के सहायक उद्यान निदेशक शम्भु प्रसाद के मिठनपुरा स्थित किराए के आवास पर छापेमारी की जा रही है। यह छापेमारी उनके विरुद्ध आय से अधिक सम्पत्ति अर्जित करने के मामले में हो रही है। शंभु प्रसाद के विरुद्ध आर्थिक अपराध कांड संख्या25/22 दिनांक 27जून 2022 को धारा 13(2),13(1), (बी) भ्रष्टाचार निरोधक अधिनियम1988तथा संशोधित2018 के तहत यह कार्रवाई की जा रही है। प्राथमिकी में उनके पास वैध आय से 101 प्रतिशत रह अधिक सम्पत्ति होने की बात कही गई है। मिठनपुरा के अलावे शंभु प्रसाद के पटना स्थित आवास पर भी छापेमारी की सूचना है। शंभु प्रसाद मुजफ्फरपुर के मिठनपुरा में एक अपार्टमेंट में किराए के फ्लैट में रहते हैं। यहां इओयू द्वारा तलाशी ली जा रही है। बरामदगी को लेकर खबर लिखे जाने तक कोई जानकारी प्राप्त नहीं हुई है।

## विद्युत चोरी करने वाले पर दर्ज की गई एफआईआर

**चिरैया।** थाना क्षेत्र के अहिरौलिया गांव में मंगलवार को विधुत विभाग ल्लके अधिकारियों ने टोका फंसा कर विद्युत चोरी करनेवाले को रंगे हाथ पकड़ कर लिया। इस मामले में एफआईआर दर्ज कराई गई है। एफआईआर विद्युत सब डिवीजन के सहायक विद्युत अभियंता चंदन कुमार के लिखित बयान पर दर्ज की गई है। जिसमें उक्त ग्रामवासी प्रहलाद दास पर 2 लाख 31 हजार 399 रुपये की बिजली चोरी का आरोप लगाया गया है। दर्ज एफआईआर में कहा गया है कि आरोपी के यहां 84 हजार 8 सौ 95 रुपये पूर्व से बकाया था, जिसके कारण उसका कनेक्शन काट दिया गया था, लेकिन उसने विभाग को ठेंगा दिखाते हुए टोंका फंसाकर बिना मीटर लगाए ही बिजली की चोरी कर रहा था, जिसपर एक लाख 46 हजार 5 सौ 4 रुपये का क्षतिपूर्ति जुमार्ना लगाया गया है। छापेमारी दल में कनीय विद्युत अभियंता पवन कुमार, सुपरवाइजर राणा सिंह, आदर्श कुमार, द्वारिका प्रसाद, मानव बल रामनारायण शर्मा मौजूद थे। थानाध्यक्ष सुनील कुमार ने बताया कि एफआईआर दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।

## चाचा ने अपनी 10साल की भतीजी को 50हजार में बेचा

मुजफ्फरपुर, प्रात :किरण संवाददाता

● लड़की हुई बरामद ,चाचा गिरफ्तार

चाचा-भतीजी के पवित्र रिश्ते को शर्मसार करते हुए एक कलयुगी चाचा ने 10साल की अपनी सगी भतीजी को मुजफ्फरपुर के रेडलाईट एरिया में 50 हजार रुपये में बेंच दिया। पुलिस ने लड़की को बरामद कर लिया है एवं कलयुगी चाचा को महिला खरीददार समेत गिरफ्तार कर लिया है। मामला बेगुसराय जिले का है।

जिले के तेयार ओपी अंतर्गत एक टोला से बच्ची के चाचा ने अपनी भतीजी को कुंवारी कन्या भोज खिलाने ले गया था जहां से वह अपने घर नहीं लौटी। बच्ची जब देर रात तक घर वापस नहीं आई तो उसके पिता ने प्रियांशु से इस बाबत पूछताछ की। प्रियांशु ने उन्हें बताया कि रास्ते में स्कूटर पंचर हो जाने के कारण उसने बच्ची को आटो से घर भेज दिया। प्रियांशु का चरित्र पहले से ही संदेहास्पद रहा है। लिहाजा बच्ची के पिता ने तेयार ओपी प्रभारी को आवेदन देकर अपनी पुत्री की बरामदगी की गुहार लगाई। पुलिस इसके बाद हरकत में आई और प्रियांशु से सख्ती से पूछताछ शुरू कर दी। प्रियांशु ने सारा राज उगलते हुए बच्ची को मुजफ्फरपुर रेडलाईट एरिया में बेंचे जाने की बात स्वीकार कर लिया। तेयाय पुलिस प्रियांशु को साथ लेकर मुजफ्फरपुर पहुंची और नगर थाने की पुलिस के सहयोग से प्रियांशु की निशानदेही पर रेडलाईट एरिया के उस घर में जहां उस बच्ची को बेचा गया था ,छापेमारी कर बच्ची को बरामद कर लिया। इस मामले मे पुलिस बच्ची को खरीदने वाली महिला यास्मीन वह प्रियांशु को गिरफ्तार कर बेगुसराय ले गई है।

## प्रस्तवित इंडस्ट्रियल पार्क का अधिकारियों ने किया निरीक्षण

गया, प्रात : किरण संवाददाता

बिहार सरकार एव प्रभारी मंत्री सैयद शहनवाज हुसैन के सपनो मे गया मे जल्द ही नेशनल इंडस्ट्रियल कॉरिडोर डेवलपमेंट कॉरपोरेशन लिमिटेड गवर्नमेंट ऑफ इंडिया के वरीय अधिकारी अभिषेक चौधरी द्वारा डोभी चतरा रोड पर 1670 एकड़ में प्रस्तवित इंडस्ट्रियल पार्क का स्थल निरीक्षण किया गया है अनुमंडल पदाधिकारी शेरघाटी एवं अंचलाधिकारी डोभी एव अन्य संबंधित पदाधिकारियों द्वारा नक्शे के माध्यम से पूरे औद्योगिक क्षेत्र के बारे में अवगत कराया गया है।

इस निरीक्षण के दौरान जिला पदाधिकारी गया डॉ० त्यागराजन एसएम में अपर समाहर्ता मनोज कुमार एव अंचलाधिकारी डोभी को निर्देश दिए कि उक्त इंडस्ट्रियल एरिया प्रोजेक्ट में कितने लिंक रोड है इससे संबंधित बिंदुओं पर विस्तार से एक कनेक्टिविटी मैप तैयार करें। बिहार में उद्योगों का तेजी से वातावरण बन रहा है। अमृतसर - दिल्ली - कोलकाता औद्योगिक कॉरिडोर के तहत गया के



डोभी में बनने वाले इंटीग्रेटेड मैन्युफैक्चरिंग कलस्टर परियोजना जिले के लिय काफी प्रभावशाली वरदान साबित होगा। इस प्रोजेक्ट के तहत डोभी में बड़े और मध्यम दर्जे के उद्योग लगाने की योजना है।

अमृतसर - दिल्ली - कोलकाता औद्योगिक कॉरिडोर से नजदीकी की वजह से यह क्षेत्र इकोनॉमिक जोन के लिए पूरी तरह उपयुक्त है। इस क्षेत्र में इतनी बड़ी पैमाने पर इंडस्ट्रियल हब बनने से गया की तकदीर बदल देगा। इस इंडस्ट्रियल पार्क को विकसित करने हेतु जीटी रोड से चौड़ी सड़के जुड़ेगी, रेलवे कनेक्टिविटी होगी एव एयर कनेक्टिविटी भी होगी। गया देश का बेहतरीन इंडस्ट्रियल पार्क गया में बनने जा रहा है। केंद्र सरकार तथा राज्य सरकार दोनों का सहयोग इस इंडस्ट्रियल पार्क के निर्माण में प्राप्त है। गया जिले में उद्योगों तथा इंडस्ट्रीज का जाल बिछाने हेतु सरकार तथा उद्योग विभाग द्वारा किए जा रहे प्रयासों के संबंध में जिला पदाधिकारी गया ने बताया कि डोभी प्रखंड अंतर्गत डोभी चतरा रोड पर स्थित 1670 एकड़ जमीन भू अर्जन प्रक्रिया में है।

उन्होंने बताया कि 1297.74 एकड़ जमीन सरकारी है तथा 372.47 एकड़ जमीन रैयाति है। जिला पदाधिकारी ने कहा कि इस से संबंधित आने वाले दावा आपत्तियों को भू अर्जन विभाग द्वारा अच्छे से समीक्षा की जाएगी। भू अर्जन विभाग की समीक्षा एवं कागजातों की जांच उपरांत मुआवजा देकर अर्जित की जाएगी। इस जमीन को उद्योगों इंडस्ट्रीज के लिए आवंटन करने का कार्य किया जा रहा है। अमृतसर कोलकाता कॉरिडोर इंडस्ट्रियल पार्क में उद्योग संबंधी सभी आवश्यक सुविधाएं कॉमन फैसिलिटी सेंटर सहित अन्य सुविधाएं दी जाएगी। यह अपने आप में एक शानदार इंडस्ट्रियल टाउनशिप बनेगा।

## हेल्थ सेक्टर ग्रांड्स निर्माण हेतु उन्मुखी कार्यक्रम आयोजित



मोतिहारी, प्रात : किरण संवाददाता

पूर्वी चंपारण के जिलाधिकारी शीर्षत कपिल अशोक की अध्यक्षता में 15 वीं वित्त आयोग के अनुशंसा के तहत ग्रामीण एवं शहरी निकायों के लिए भारत सरकार द्वारा हेल्थ सेक्टर ग्रांड्स निर्माण हेतु केयर इंडिया के तत्वावधान में उन्मुखी कार्यक्रम आयोजित किया गया।

15वीं वित्त आयोग के तहत मोतिहारी जिले के सभी विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में 60 उप स्वास्थ्य केंद्र एवं 12 अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र निर्माण हेतु जिलाधिकारी श्री अशोक के द्वारा गाइडलाइन के अनुसार भवन बनाने की स्वीकृति प्रदान की गई।

डायग्नोस्टिक इंफ्रास्ट्रक्कर के अंतर्गत उप स्वास्थ्य केंद्र पर कुल 14 प्रकार की जांच एवं अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर 63 प्रकार की जांच की जाएगी। इस अवसर पर सिविल सर्जन, डीपीएम, जिला पंचायती राज पदाधिकारी, टीम लीडर केयर मोतिहारी, माननीय जिला परिषद सदस्य व मुखिया आदि उपस्थित थे।

## गोपालगंज में हैवानों ने गुप्तांग में डाल दी टॉर्च

गोपालगंज, प्रात : किरण संवाददाता

जिले के मांझा थाना क्षेत्र के एक गांव में खैनी नहीं देने के कारण एक 48 वर्षीय व्यक्ति के गुप्तांग में हैवानों ने टॉर्च डाल दिया। आनन-फानन में पीड़ित व्यक्ति इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। जंहा डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद गोरखपुर रेफर कर दिया। परिजनों द्वारा उसे निजी नर्सिंग होम में भर्ती कराया। जहां ऑपरेशन कर टार्च को बाहर निकाला गया। फिलहाल व्यक्ति पूरी तरह स्वस्थ है। घटना के संदर्भ में बताया जाता है कि पीड़ित व्यक्ति नाच गाना कर परिवार का भरण पोषण करता था। कुछ लोग उसके घर पहुंचे और उसे बर्थडे पार्टी में नाचने के लिए लेकर चलें गए। इसी बीच गांव के ही एक युवक ने उससे खैनी मांगी। खैनी नही देने पर उससे शराब पिलाने की बात कही लेकिन पीड़ित ने इंकार कर दिया। पीड़ित ने बताया कि पांच की संख्या में मौजूद लोगों द्वारा उसके साथ पहले मारपीट की मारपीट के बाद उसके साथ जो हश्र किया उसे सुन कर हर कोई हैरान है। पीड़ित ने इस पूरी वारदात का जिक्र करते हुए कहा कि पांचों द्वारा पहले पिटाई की गई इसके बाद उसके पैंट खोल कर उसके गुप्तांग में टॉर्च डाल दिया। इसके बाद उसका मुंह बंद रखने के लिए हत्या करने की धमकी भी दी। और फरार हो गए। पीड़ित किसी तरह अपने घर पहुंचा और पूरी आपबीती परिजनों से कह सुनाई।

## अररिया में मूसलाधार बारिश से जलमग्न हुआ शहर

**अररिया।** मूसलाधार बारिश के कारण जिला मुख्यालय सहित फारबिसगंज, जोगबनी शहर पानी-पानी हो गया है।सड़क पर नाला का गंदा पानी पसर गया है और उससे होकर गुजरने के लिए लोग विवश हैं। सबसे खराब हालत फारबिसगंज नगर परिषद क्षेत्र की है।जलनिकासी का समुचित व्यवस्था नहीं होने के कारण शहर के मुख्य मार्केट वाली सड़क सदर रोड में लगभग दो-ढाई फीट तक जलजमाव हो गया है।कई के दुकानों और घरों में नाला का गंदा पानी प्रवेश कर गया है, जिससे लोगों को भारी मुश्किलातो का सामना करना पड़ रहा है। नेपाल के जल अधिग्रहण क्षेत्र में हुई बारिश के कारण जिले के सभी नदियां उफान पर है।परमान, कनकई, रतुआ, नूना, सुरसर आदि नदी के जलस्तर में तेजी से इजाफा हो रहा है, जिससे ग्रामीण बाढ़ की आशंका को लेकर सहमे हुए है।

## प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी व बीसीएम कोरोना पॉजिटिव

बोचहाँ, प्रात : किरण संवादाता

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी कोरोना पॉजिटिव पाए गए बीसीएम मिथिलेश झा कोरोना संक्रमण का शिकार बने इस बात पुष्टि लैब टेक्नीशियन अविनाश कुमार सुनील कुमार ने की है। मैनेजर साहब 12 दिवसीय छुट्टी पर पहले ही जा चुके हैं, प्रभारी मैनेजर बीसीएम के बगैर चलेगा समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र। ऐसी स्थिति में किस तरह कोरोनावायरस से प्रखंड वासियों को बचाएंगे स्वास्थ्य कर्मी। आज दिनांक 27जून 2022 को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र 105 लोगों की कोविड-19 की एंट्री रैपिड टेस्ट से जांच किया गया जिसमें दो पॉजिटिव पाए गए। पॉजिटिव पाए जाने में खुद प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ अतुल कुमार एवं बीसीएम मिथिलेश झा शामिल है बताया जाता है कि यह दोनों 2 दिन पूर्व सलहां पंचायत के वार्ड नंबर 4 का दौरा किया जहां कोई न कोई संदिग्ध व्यक्ति पूर्व में प्रेजेंट था जिससे यह दोनों संक्रमित हो गए इन दोनों को अभिलंब आइसोलेटेड कर दिया गया है साथ ही डॉ अतुल कुमार के जगह शिशु रोग विशेषज्ञ डॉक्टर संतोष कुमार को अस्थाई प्रभार भार दिया गया है । जांच करने वालों में लैब टेक्नीशियन अविनाश कुमार, सुनील कुमार, विनोद कुमार, परामर्शी, अनीशा कुमारी, एवं छोटू कुमार शामिल थे।

## भूमिहार ब्राह्मण सामाजिक फ्रंट का प्रतिनिधि सम्मेलन 13 जुलाई को सरैया में

मुजफ्फरपुर, प्रात :किरण संवाददाता

भूमिहार ब्राह्मण समाजिक फ्रंट, सरैया का प्रखंड स्तरीय प्रतिनिधि सम्मेलन आगामी 13 जुलाई को ब्लॉक रोड स्थित आमंत्रण रिसोर्ट के सभागार में आहूत की जाएगी । उक्त निर्णय सोमवार को सरैया स्थित बंधन रिसोर्ट के सभागार में फ्रंट के प्रमुख कार्यकताओं की बैठक में ली गई । बैठक की अध्यक्षता फ्रंट के प्रखंड अध्यक्ष मुखिया प्रतिनिधि सुनील शर्मा ने किया।

बैठक में सम्मेलन की तैयारी के लिए स्थानीय जिला परिषद सदस्य विपिन शाही के नेतृत्व में 21 सदस्यीय तैयारी समिति का गठन किया गया। तैयारी समिति के सदस्यों को प्रखंड के अलग-अलग पंचायतों में समाज के लोगों से संपर्क करने एवं सम्मेलन में बड़ी भागीदारी सुनिश्चित कराने की जिम्मेदारी सौंपी गई। इस मौके पर बैठक में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए फ्रंट के कार्यकारी अध्यक्ष पूर्व मंत्री अजीत कुमार ने कहा कि आज समय की मांग है कि हम सब आपसी द्वंद समाप्त कर एकजुट हो। उन्होंने कहा कि आज हम सब आपसी लड़ाई के चलते काफी कमजोर हुए हैं। जिस कारण हमारा समाज हर क्षेत्र में पिछड़ गया है। हम सबों को एकजुट होकर पुनः अपनी खोई हुई प्रतिष्ठा वापस लाना है। तभी हम अपने पूर्वजों के विरासत को एक बार फिर पुनर्स्थापित कर पाएंगे तथा फिर से समाज के अन्य वर्गों में हमारी साख बनेगी। इस मौके पर बैठक में फ्रंट के प्रदेश महासचिव धर्मवीर शुक्ला, जिला सचिव सुधीर कुमार पांडे, जिला परिषद सदस्य विपिन शाही, मुखिया सोनू शाही, पूर्व मुखिया कामेश्वर शुक्ला, पंचायत समिति सदस्य नीरज कुमार, राजा बाबू , रूपेश कुमार सिंह, दीपक कुमार, सरोज कुमार चौधरी, मनीष कुमार,श्याम कुमार , राजन कुमार , राजेश मिश्रा, अवधेश सिंह, पप्पू सिंह, घनश्याम कुमार, राजेश कुमार सहित कई प्रमुख लोगों ने अपना अपना विचार रखा, साथ ही वक्ताओं ने सम्मेलन को ऐतिहासिक बनाने का भी संकल्प लिया।

## संक्षिप्त खबरें



### एसपी समूह के पालोनजी मिस्त्री का 93 साल की उम्र में निधन

मुंबई। शापूरजी पालोनजी समूह के प्रमुख पालोनजी मिस्त्री का यहां उनके आवास पर निधन हो गया। कंपनी के अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। मिस्त्री, टाटा समूह के सबसे बड़े व्यक्तिगत शेयरधारक थे। समूह में उनकी 18.4 प्रतिशत हिस्सेदारी थी। वह 93 वर्ष के थे। अधिकारियों ने बताया कि सोमवार और मंगलवार की रात में दक्षिण मुंबई स्थित उनके आवास पर नींद के दौरान उनका निधन हो गया।

### ओएनजीसी का हेलीकॉप्टर आपात स्थिति में समुद्र में उतरा, चार को बचाया गया

नई दिल्ली। ओएनजीसी का हेलीकॉप्टर, जिसमें दो पायलट सहित नौ लोग सवार थे, मंगलवार को आपातकालीन स्थिति में अरब सागर में कंपनी के एक रिग के पास उतरा। कंपनी ने यह जानकारी दी। ओएनजीसी के एक अधिकारी ने बताया कि अब तक नौ में से चार लोगों को बचाया गया है, और अन्य को सुरक्षित निकालने के प्रयास जारी हैं। हेलीकॉप्टर में ओएनजीसी के छह कर्मचारी सवार थे और एक व्यक्ति कंपनी के साथ काम करने वाले ठेकेदार से संबंधित था। हेलीकॉप्टर को आपातकालीन स्थिति में उतरने के लिए फ्लोटर्स का उपयोग करना पड़ा, जो ऐसे तांबे से जुड़े होते हैं, जो कर्मचारियों और सामान को किनारे से अपतटीय प्रतिष्ठानों तक ले जाते हैं। अभी यह स्पष्ट नहीं है कि किन परिस्थितियों के कारण आपातकालीन लैंडिंग हुई। अन्य विवरण का भी इंतजार है। ओएनजीसी के अरब सागर में कई रिग और प्रतिष्ठान हैं, जिनका उपयोग समुद्र तल के नीचे स्थित भंडार से तेल और गैस का उत्पादन करने के लिए किया जाता है। ओएनजीसी ने ट्वीट किया, अरब सागर स्थित मुंबई हाई में ओएनजीसी रिग सागर किरण के पास हेलीकॉप्टर दुर्घटना, सात यात्री और दो पायलट सवार। चार को बचाया गया। बचाव अभियान तेजी से जारी है।

### एनएए ने लॉरियल को 186 करोड़ रुपये की मुनाफाखोरी का दोषी पाया

नई दिल्ली। राष्ट्रीय मुनाफाखोरी-रोधी प्राधिकरण (एनएए) ने लॉरियल इंडिया को 186.39 करोड़ रुपये से अधिक की मुनाफाखोरी का दोषी पाया है। एनएए ने पाया कि लॉरियल ने जीएसटी दर में कटौती का लाभ ग्राहकों को नहीं दिया। मुनाफाखोरी रोधी महानिदेशालय (डीजीएपी) की जांच में पाया गया कि लॉरियल इंडिया प्राइवेट लिमिटेड ने 15 नवंबर 2017 से फेस वाश, शैम्पू, बालों के रंग, कंडीशनर और कुछ मेकअप उत्पादों पर कर 28 प्रतिशत से घटाकर 18 प्रतिशत किए जाने का लाभ ग्राहकों को नहीं दिया। एनएए ने मुनाफाखोरी की 50 प्रतिशत राशि या 93.19 करोड़ रुपये केंद्रीय उपभोक्ता कल्याण कोष (सीडब्ल्यूएफ) में और शेष राशि राज्यों के सीडब्ल्यूएफ में जमा कराने का आदेश दिया। साथ ही इन उत्पादों की कीमतों को कम करने का निर्देश भी दिया गया है।

# ऑटोमोबाइल कंपनियों की लगी क्लास

## भारत के पास अब बमुश्किल एक प्रतिशत वाहन

नई दिल्ली, एजेंसी

केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने कार कंपनियों की क्लास लगा दी। गडकरी ने कहा कि कुछ कार निमार्ता डबल स्टैंडर्ड अपना रहे हैं। वे भारत में बेची जाने वाली कारों में सेफ्टी फीचर्स नहीं दे रहे हैं, जबकि निर्यात के लिए बन रही गाड़ियों में ये फीचर्स दिए जा रहे हैं। गडकरी की यह टिप्पणी छह एयरबैग को अनिवार्य बनाने की सरकार की योजना की कुछ कार निमार्ताओं द्वारा आलोचना करने वाली टिप्पणियों के बीच आई है। मंत्रालय को अभी कारों में 6 एयरबैग्स के लिए अंतिम अधिसूचना जारी करनी है।

गडकरी ने कहा, हमने कारों में छह एयरबैग को अनिवार्य बनाने का निर्णय लिया है, यहां तक कि इकोनॉमिक मॉडल में भी। अब कुछ कंपनियां भारत में ऐसी कारें बना रही हैं, जो अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप नहीं हैं। लेकिन वे उसी मॉडल को विदेशी बाजारों के लिए मानकों के अनुरूप बना रही हैं। मुझे यह कभी समझ नहीं आता ॥ गडकरी ने कहा कि सभी कारों में 6 एयरबैग अनिवार्य करने का कदम भारतीय सड़कों को सुरक्षित बनाने के प्रयास का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। उन्होंने कहा, ॥ हमें ऐसे फैसलों के महत्व को समझने की जरूरत है। जब भारत में बड़ी संख्या में सड़क दुर्घटनाओं से मौते हो रही हैं, तो वे (वाहन निमार्ता) इसे गंभीरता से क्यों नहीं ले रहे हैं? गडकरी ने कहा कि कुछ ऑटोमोबाइल कंपनियां कारों में 6-एयरबैग स्टैंडर्ड का लगातार विरोध कर रही हैं, जबकि यह फैसला किसी का जीवन बचाने वाला है। कारों में छह एयरबैग के प्रस्ताव की घोषणा करते हुए गडकरी ने मार्च में संसद को यह भी बताया था कि कारों में 6 एयरबैग होने से 2020 में 13,000 लोगों की जान बचाई जा सकती थी। मंत्री ने कहा कि जब ऑटोमोबाइल इंडस्ट्री में ग्रोथ हो रही है और वाहनों की संख्या बढ़ रही है, तो यह देखना और भी महत्वपूर्ण हो जाता है कि सड़कें सुरक्षित हों। भारत के पास दुनिया भर में बमुश्किल 1 फीसदी वाहन हैं, लेकिन दुनिया में सड़क पर होने वाली दुर्घटना में 10 फीसदी मौतें केवल भारत से हैं।



**गाज**

- गडकरी ने कहा कि कुछ कार निमार्ता डबल स्टैंडर्ड अपना रहे हैं। वे भारत में बेची जाने वाली कारों में सेफ्टी फीचर्स नहीं दे रहे हैं।

### पेट्रोल-डीजल के दाम 38 वें दिन भी स्थिर

**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय स्तर पर तेल की कीमतों में उतार-चढाव के बीच मंगलवार को घरेलू स्तर पर पेट्रोल-डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं किया गया जिससे लगातार 38 वें दिन ईंधन के दाम स्थिर रहे। तेल विपणन करने वाली प्रमुख कंपनी भारत पेट्रोलियम के अनुसार दिल्ली में आज पेट्रोल का दाम 96.72 रुपये और डीजल का दाम 89.62 रुपये प्रति लीटर है, जबकि मुंबई में पेट्रोल और डीजल की कीमत क्रमशः 111.35 रुपये और 97.28 रुपये प्रति लीटर पर है। देश में पेट्रोल और डीजल की कीमतें मूल्य वर्धित कर (वैट) और माल ढुलाई शुल्क के आधार पर राज्यों में अलग-अलग हैं। केंद्र सरकार ने मई महीने के अंतिम सप्ताह में आम आदमी को बड़ी राहत देते हुए पेट्रोल और डीजल पर उत्पाद शुल्क में क्रमशः आठ रुपये और छह रुपये प्रति लीटर की कटौती करने की घोषणा की थी। इससे पेट्रोल-डीजल के दाम कम से कम क्रमशः 9.5 रुपये और सात रुपये तक गिर गए थे। अंतरराष्ट्रीय बाजार में लंदन ब्रेंट क्रूड आज 1.31 प्रतिशत चढ़कर 116.60 डॉलर प्रति बैरल और अमेरिकी क्रूड 1.16 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 110.84 डॉलर प्रति बैरल पर रहा।

## अदाणी समूह मुजफ्फरपुर में करेगी बड़ा निवेश

### हजारों लोगों को मिलेगा रोजगार

पटना, एजेंसी



देश के सबसे बड़े रईश गौतम अदाणी की कंपनी बिहार की औद्योगिक नगरी मुजफ्फरपुर में पूंजी निवेश का मन बना रही है। अदाणी समूह की खाद्य तेल की मैन्युफैक्चरिंग कंपनी अदाणी विल्मर की टीम ने जिले के मोतीपुर फूड पार्क और बेला औद्योगिक क्षेत्र का दौरा किया है। यहां की सुविधाएं देखने के बाद अब कंपनी यहां खाद्य तेल का प्लांट लगा सकती है।

कंपनी की तीन सदस्यीय टीम ने बिहार औद्योगिक क्षेत्र विकास प्राधिकरण (बियाडा) के अधिकारियों से दोनों स्थानों पर भूजल स्तर, बिजली की उपलब्धता, आसपास के बाजार, एनएच-एसएच व रेलवे माल गोदाम आदि इंफ्रास्ट्रक्चर की जानकारी ली।

तीन सदस्यीय टीम पहले बेला औद्योगिक क्षेत्र के आईडीपीएल परिसर पहुंची। टीम का कहना है कि प्लांट लगाने के लिए 40 एकड़ जमीन चाहिए। इसके बाद टीम मोतीपुर पहुंची। कंपनी की इंजीनियरों की टीम जल्द ही दौरा करेगी। इसके बाद डीपीआर बियाडा को जिम्मेदारी दी जा सकती है। यह अदाणी विल्मर की बिहार में पहली इकाई होगी। इससे बेरोजगार लोगों को भी फायदा होगा। करीब दो हजार लोगों के लिए यहां रोजगार के अवसर खुलेंगे।

दूसरी बियाडा ने कहा कि 143 एकड़ में मेगा फूड पार्क खुलना है। यहां हल्दीराम व आईटीसी आदि ने भूमि आवंटन का प्रस्ताव दिया है। कंपनियां यहां अपना पैर इसलिए पसारना चाहती है, क्योंकि ये नेपाल और उप्र.से सटा है।

## शैडोफॉक्स देश भर में करेगा 75,000 डिलीवरी पार्टनर्स की भर्तियां

नई दिल्ली, एजेंसी

तमिलनाडु में 5000 डिलीवरी पार्टनर्स के लिए नौकरियों की योजनाओं के ऐलान के ठीक बाद भारत के सबसे बड़े हाइपरलोकल क्राउडसोर्स्ड लॉजिस्टिक्स प्लेटफॉर्म शैडोफॉक्स ने बताया कि यह जुलाई 2022 तक देश भर में 75,000 डिलीवरी पार्टनर्स की भर्तियां करेगा। गिग अर्थव्यवस्था तेजी से विकसित हो रही है, इसी बीच शैडोफॉक्स अपने डिलीवरी नेटवर्क के विस्तार के साथ नौकरियों के अवसर उत्पन्न कर रहा है। गिग-वर्कफोर्स की जरूरतों को समझते हुए इस प्लेटफॉर्म ने सशक्त राइडर पार्टनर कम्युनिटी का निर्माण किया है, जो कई फायदों से लाभान्वित हो रही है। राइडर हर माह रु 35000 महीना तक कमा सकते हैं। इसके अलावा वे रु 7.5 लाख के एक्सीडेन्ट और हेल्थ कवर के साथ निःशुल्क मेडिकल इंश्योरेन्स का लाभ भी उठा सकते हैं। शैडोफॉक्स राइडर्स को कई अन्य फायदे भी उपलब्ध कराता है जैसे काम करने के प्रत्यास्थ घण्टे और डिलीवरी पार्टनर्स के लिए न्यूनतम कमाई की गारंटी। साथ ही एक समान अवसर उपलब्ध कराते हुए कंपनी हर उम्र, हर लिंग, हर जाति के लोगों की भर्तियां कर रही है। विशेष रूप से उन लोगों को लाभान्वित कर रही है जो लम्बी दूरी तय नहीं कर सकते लेकिन पैसा कमा कर आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनना चाहते हैं। इस ऑनबोर्डिंग प्रक्रिया के जरिए राइडर अपनी बाईक या साइकल पर डिलीवरी कर सकते हैं। जिनके पास अपना वाहन नहीं है, उनके लिए कंपनी ने इलेक्ट्रिक वाहन रेंटल प्लान (चुनिंदा शहरों में) भी पेश किया है। वे उम्मीदवार जो कंपनी के साथ जुड़ना चाहते हैं, उन्हें सिर्फ शैडोफॉक्स ऐप डाउनलोड करना है, वैरिफिकेशन के लिए अपना पैन और आधार कार्ड अपलोड करना है तथा नजदीकी ऑनबोर्डिंग सेंटर पर जाकर प्रक्रिया पूरी करनी है। सभी औपचारिकताएं पूरी करने के बाद राइडर कुछ ही घण्टों के अंदर डिलीवरी का काम शुरू कर सकते हैं।

## व्हाइट गुड्स के लिए पीएलआई योजना के तहत 15 और फर्मों का चयन

नई दिल्ली, एजेंसी

सरकार ने मंगलवार को कहा कि अडाणी कॉपर ट्यूब्स, एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स और विप्रो एंटरप्राइजेज सहित 15 फर्मों को व्हाइट गुड्स क्षेत्र के लिए उत्पादन से जुड़े प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना के तहत चुना गया है। इन कंपनियों ने कुल मिलाकर 1,368 करोड़ रुपये का निवेश करने की प्रतिबद्धता जताई है और इनका चयन अभी अस्थाई रूप से है। पिछले साल नवंबर में डाइकिन, पैनासोनिकक, सिस्का और हैवेल्स सहित 42 फर्मों को इस योजना के लिए चुना गया था, जिन्होंने 4,614 करोड़ रुपये के निवेश की प्रतिबद्धता जताई थी।

व्हाइट गुड्स के तहत एयर कंडीशनर और एलईडी लाइट्स से संबंधित उत्पादन शामिल हैं। सरकार ने इस साल मार्च में अधिक खिलाड़ियों को शामिल करने के लिए एयर कंडीशनर और एलईडी लाइट्स के लिए अपनी 6,238 करोड़ रुपये की पीएलआई योजना को फिर से खोला था। दूसरे दौर में 19 कंपनियों ने आवेदन किया था। वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय ने कहा, दूसरे दौर में प्राप्त 19 आवेदनों के मूल्यांकन के बाद, 1,368 करोड़ रुपये के निवेश वाले 15 आवेदकों को अस्थायी रूप से लाभार्थियों के रूप में चुना गया है। इसमें छह कंपनियों ने एसी घटकों के विनिर्माण के लिए 908 करोड़ रुपये के निवेश की प्रतिबद्धता जताई है। दूसरी ओर नौ कंपनियां 460 करोड़ रुपये के निवेश के साथ एलईडी लाइट घटकों का विनिर्माण करेंगी।

इन 15 कंपनियों ने पांच वर्षों में कुल 25,583 करोड़ रुपये के उत्पादन का लक्ष्य तय किया है और इससे 4,000 लोगों को प्रत्यक्ष रोजगार मिलेगा।

### अमेरिकी डॉलर के प्रभुत्व का मुकाबला करने को चीन की युआन पूलिंग योजना

**बीजिंग।** चीन के केंद्रीय बैंक ने अमेरिकी डॉलर के प्रभुत्व का मुकाबला करने के लिए युआन पूलिंग योजना बनाई है। इसके तहत स्विट्जरलैंड स्थित बैंक फॉर इंटरनेशनल सेटलमेंट्स (बीआईएस) के साथ एक समझौता किया गया है। बीआईएस के साथ पिछले शनिवार को हुए समझौते पर हस्ताक्षर करने वाले पीपुल्स बैंक ऑफ चाइना (पीबीओसी) ने रिजर्व पूल बनाकर भविष्य में बाजार की अस्थिरता के दौरान सहभागी केंद्रीय बैंकों को नकदी सहायता देने का लक्ष्य रखा है। चीन के शीर्ष बैंक ने कहा कि यह व्यवस्था युआन की उचित अंतरराष्ट्रीय मांग को पूरा करने के लिए है और इससे क्षेत्रीय वित्तीय सुरक्षा को बढ़ावा मिलेगा। पीबीओसी ने कहा कि इस व्यवस्था में शुरू में एशिया और प्रशांत क्षेत्र के केंद्रीय बैंक शामिल हैं।

## एलएंडटी टेक्नोलॉजी सर्विसेज ने फ्रांस में इंजीनियरिंग डिजाइन सेंटर खोला

बेंगलुरु, एजेंसी

इंजीनियरिंग सेवा कंपनी एलएंडटी टेक्नालॉजी सर्विसेज लिमिटेड (एलटीटीएस) ने फ्रांस के टूलूज में अपने इंजीनियरिंग डिजाइन केंद्र (ईडीसी) का उद्घाटन किया। कंपनी ने मंगलवार को एक बयान में कहा कि इस केंद्र से वैश्विक एयरोस्पेस और रक्षा क्षेत्रों की आधुनिक डिजिटल आवश्यकताओं को पूरा किया जाएगा। बयान में कहा गया है कि ईडीसी शुरू में एयरोस्पेस और रक्षा उद्योगों के लिए अत्याधुनिक समाधान विकसित करने पर ध्यान केंद्रित करेगा। वहीं एलटीटीएस इस क्षेत्र के प्रमुख मूल उपकरण विनिमार्ताओं (ओईएम) के साथ इंजीनियरिंग साझेदार के रूप में काम करेगा। कंपनी ने कहा कि डिजिटल इंजीनियरिंग, सिस्टम इंजीनियरिंग और एवियोनिक्स डिजाइन में विशेषज्ञता वाले एलटीटीएस इंजीनियरों के कार्यबल के साथ ही यह केंद्र एयरोस्पेस डिजाइन और विनिर्माण के लिए भी सभी सुविधाएं देगा। बयान में कहा गया है, एलटीटीएस की अगले दो वर्षों में केंद्र के लिए 100 से अधिक इंजीनियरों को नियुक्त करने की योजना है।




**आधुनिक**

- कंपनी ने मंगलवार को एक बयान में कहा कि इस केंद्र से वैश्विक एयरोस्पेस और रक्षा क्षेत्रों की आधुनिक डिजिटल आवश्यकताओं को पूरा किया जाएगा।

## इस्पात मंत्रालय ने पीएम गतिशक्ति के तहत 38 परियोजनाएं चिह्नित कीं

नई दिल्ली, एजेंसी

इस्पात मंत्रालय ने पीएम गतिशक्ति अभियान के तहत मल्टीमॉडल कनेक्टिविटी विकसित करने एवं ढांचागत फासले को दूर करने के लिए 38 उच्च-प्रभाव वाली परियोजनाएं चिह्नित की हैं। मंत्रालय की तरफ से मंगलवार को जारी एक बयान में यह जानकारी दी गई। इसके मुताबिक, पीएम गतिशक्ति के पोर्टल पर अब इस्पात मंत्रालय की भी मौजूदगी हो गई है। ढांचागत विकास को गति देने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अक्टूबर, 2021 में पीएम गतिशक्ति अभियान की शुरूआत की थी। इसके जरिये ढांचागत विकास से जुड़े सभी मंत्रालयों एवं विभागों को एक मंच पर लाकर एकीकृत योजना बनाने और समन्वय स्थापित करने का लक्ष्य रखा गया है। इसी क्रम में इस्पात मंत्रालय ने भी अपने प्रशासकीय नियंत्रण वाले सभी केंद्रीय सार्वजनिक उपक्रमों के इस्पात संयंत्रों से जुड़े विवरण को पीएम गतिशक्ति के पोर्टल पर अपलोड कर दिया है।



इसके अलावा इन केंद्रीय उपक्रमों के स्वामित्व वाली सभी खदानों की भू-स्थिति को भी अपलोड किए जाने की प्रक्रिया जारी है। इस पोर्टल का संचालन करने वाले बिसाग-एन ने एक एप्लिकेशन बनाया है जिसकी मदद से इस्पात मंत्रालय की देश में सक्रिय 2,000 से अधिक इस्पात संयंत्रों की भू-स्थिति को पोर्टल पर अपलोड करने की योजना है।

इन संयंत्रों की भौगोलिक स्थिति के अलावा उनकी उत्पादन क्षमता एवं बनाए जाने वाले उत्पादों की जानकारी भी दर्ज किए जाने की तैयारी है। इसके साथ ही मंत्रालय ने मल्टीमॉडल कनेक्टिविटी बढ़ाने और ढांचागत अंतराल दूर करने में मददगार 38 परियोजनाओं की भी पहचान की है।

पीएम गतिशक्ति अभियान के तहत रेलमार्गों के विस्तार, सड़कों, बंदरगाहों एवं नए अंतदेर्शीय जलमार्गों के निर्माण के अलावा गैस पाइपलाइन बिछाने और हवाईअड्डों के निर्माण से इस्पात क्षेत्र को काफी प्रोत्साहन मिलने की उम्मीद है।

## रे-बैन के अरबपति मालिक डेल वेकियो का निधन

नई दिल्ली, एजेंसी

चश्मे को फैशन के रूप में पेश करने वाले और इटली के दूसरे सबसे अमीर व्यक्ति लियोनार्डो डेल वेकियो का निधन हो गया। वह 87 वर्ष के थे। डेल वेकियो दुनिया भर में मशहूर चश्मे के ब्रांड रे-बैन के मालिक थे। वह शुन्य से शुरूआत करते हुए अपनी कंपनी की पहुंच अंतरराष्ट्रीय बाजार में बनाने में पूरी तरह से कामयाब रहे। वह मिलान के एक गरीब परिवार में पैदा हुए थे और उन्होंने अपनी बनायी कंपनी के दम पर फोर्ब्स के सबसे अमीर व्यक्तियों की सूची में जगह बनायी। डेल वेकियो चश्मे की दुनिया में रे-बैन, पर्सोल और ओकले जैसे मशहूर ब्रांड के मालिक थे जो लोगों के बीच चश्मे को फैशन का एक महत्वपूर्ण हिस्सा बनाने में पूर्ण रूप से कामयाब रहे। फोर्ब्स की विश्व अरबपति सूची के वर्ष 2022 के मुताबिक उनकी अनुमानित संपत्ति 27.3 अरब डॉलर की थी। उनकी कंपनी एस्सिलोरलक्सोटिका ने सोमवार को बताया, डेल वेकियो का निधन 87 वर्ष की आयु में हो गया। वह मिलान के सैन राफेल अस्पताल में बीते हफ्तों से भर्ती थे। डेल वेकियो का जन्म 22 मई 1935 को मिलान के एक गरीब परिवार में हुआ था जिसमें से उन्होंने बाल अवस्था का अधिक समय अनाथालय में बिताया था। उन्होंने वर्ष 1961 में लक्सोटिका कंपनी की शुरूआत की थी जो चश्मा उद्योग में पुरजों की आपूर्ति करती थी। एक दशक बाद उन्होंने निश्चय किया और लक्सोटिका ने अपने खुद के चश्मे बनाने शुरू किए। यूरोप में संयुक्त उद्यमों के साथ साझेदारी से पहले कंपनी ने इटली में चश्मों की बिक्री करती थी। कंपनी को जियोर्जियो अरमानी समेत अन्य ब्रांडों के साथ साझेदारी का फायदा हुआ और वह रे-बैन, पर्सोल और ओकले जैसे चश्मों के मशहूर ब्रांड खरीदने में कामयाब रही थी। वर्ष 2018 में लक्सोटिका का फ्रांस की एस्सिलोर में विलय हो गया था जिससे एस्सिलोरलक्सोटिका बनी। इस कंपनी में डेल वेकियो ने चेयरमैन के पद पर थे। वर्ष 2021 में कंपनी का राजस्व 20.9 अरब डॉलर रहा था।

### एसपी समूह के पालोनजी मिस्त्री का 93 साल की उम्र में निधन

#### प्रधानमंत्री मोदी ने दी श्रद्धांजलि

**मुंबई।** अरबपति कारोबारी और शापूरजी पालोनजी समूह के प्रमुख पालोनजी मिस्त्री का यहां उनके आवास पर निधन हो गया। कंपनी के अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। वह 93 वर्ष के थे। मिस्त्री का एसपी समूह 18.4 प्रतिशत हिस्सेदारी के साथ टाटा समूह का सबसे बड़ा शेयरधारक है। अधिकारियों ने बताया कि मंगलवार को आधी रात के बाद दक्षिण मुंबई स्थित उनके आवास पर नींद के दौरान उनका निधन हो गया। उन्होंने आयरलैंड की नागरिकता हासिल कर ली थी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उन्हें श्रद्धांजलि देते हुए ट्वीट किया कि वह पालोनजी के निधन से दुखी हैं। मोदी ने कहा, उन्होंने वाणिज्य और उद्योग की दुनिया में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। मिस्त्री को 2016 में भारत के तीसरे सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार पद्म भूषण से सम्मानित किया गया था। केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने मिस्त्री के निधन को एक युग का अंत बताया। नितिन गडकरी, मनसुख मंडाविया, हरदीप सिंह पुरी और कर्नाटक के मुख्यमंत्री बी एस बोम्मई समेत अन्य मंत्रियों ने भी उनके निधन पर शोक व्यक्त किया है। मिस्त्री का जन्म 1929 में हुआ था। उन्होंने पांच अरब अमेरिकी डॉलर से अधिक के एसपी समूह का नेतृत्व किया। समूह की शुरूआत निर्माण व्यवसाय से हुई थी और बाद में कारोबार रियल एस्टेट, कपड़ा, शिपिंग और घरेलू उपकरणों के विनिर्माण तक फैला। उनके परिवार में साइरस मिस्त्री सहित चार बच्चे हैं। साइरस मिस्त्री ने टाटा समूह के अध्यक्ष के रूप में रतन टाटा का स्थान लिया था। हालांकि, उन्हें 2016 में बोर्ड ने हटा दिया। वित्तीय लिहाज से एसपी समूह के लिए पिछले कुछ वर्ष कठिन रहे हैं और उसे टाटा समूह के शेयरों को गिरवी रखकर धन जुटाना पड़ा।

## टीसीएल ने तीन नए टीवी लॉन्च कर अपने उत्पाद पोर्टफोलियो का विस्तार किया

नई दिल्ली, एजेंसी

दुनिया प्रमुख टेक्नोलॉजी प्रदाताओं में से एक के रूप में अपनी स्थिति को मजबूत करते हुए, दुनिया के टॉप -1 टीवी कॉर्पोरेशन, टीसीएल ने तीन नए टीवी लॉन्च किए हैं। ब्रांड ने डॉल्बी लैबोरेटरीज के साथ सहयोग किया है ताकि टीवी के ऐसे नवाचार पेश किए जा सकें जो अपने प्रतिस्पर्धियों से काफी आगे हैं। इमर्सिव, डायनैमिक और टीवी देखने का जोरदार अनुभव प्रदान करने वाली तकनीक प्रदर्शित करते हुए, टीसीएल C835: 144Hz VRR न्यू जेनरेशन मिनी एलईडी 4ङ गूगल टीवी, C635 गेमिंग क्यू एलईडी 4K टीवी और P735 4K एचडीआर गूगल टीवी पेश कर कर रहा है। ये नवीनतम उत्पाद बेहद प्रतिस्पर्धी दर पर दुनिया भर के लिए क्रांतिकारी टीवी प्रौद्योगिकी पेश करने के टीसीएल के लक्ष्य से पूरी तरह मेल खाते हैं। आखिर किसने कहा कि गुणवत्ता महंगी होनी चाहिए? विजय कुमार मिक्कीलिनेनी, मार्केटिंग हेड, टीसीएल इंडिया ने कहा, स्थापना के बाद से ही टीसीएल ने विश्व स्तर की प्रौद्योगिकी पेश करने की कोशिश की है जिसकी उपयोगकर्ता आमतौर पर सराहना करते हैं और उसे खरीदना चाहते हैं। इसके पीछे आइडिया यह है कि टीवी स्क्रीन को बड़ा किया जाए और वास्तविकता से बड़ा अनुभव मुहैया कराया जाए। टीसीएल के पुरस्कार प्राप्त पोर्टफोलियो में स्मार्ट, अभिनव और परिष्कृत टीवी मॉडल के शिखर हैं। हम टीवी उद्योग में क्रांतिकारी प्रगति करने की आशा कर रहे हैं और उम्मीद है कि हम अपने साथ और अधिक उपभोक्ताओं को जोड़ सकेंगे। हमारे पास ऑल-न्यू सीरीज पर एक विशेष प्री-बुकिंग ऑफर भी है। इसके तहत 10,990 रुपये मूल्य का साउंड बार और 2999 रुपये का वीडियो कॉल कैमरा पूरी तरह मुफ्त है। यही नहीं, एसबीआई ग्राहक अपनी नई खरीदारी पर 10% तक कैशबैक प्राप्त कर सकते हैं। यह ऑफर रिलायंस डिजिटल और क्रोमा में उपलब्ध है। टीसीएल ने ल्बी की ऑडियोविजुअल टेक्नोलॉजी, उन्नत इमेजिंग टेक्नोलॉजी के साथ सहयोग किया है जो तस्वीर की बेहद जीवंत गुणवत्ता (एचडीआर) का संयोजन कई रंगों की क्षमता से करता है जिससे तस्वीर की जोरदार गुणवत्ता मिलती है। इसमें अविश्वसनीय चमक, कंट्रास्ट, रंग और डीटेल शामिल है। डॉल्बी विजन के साथ डिस्प्ले अधिक ज्वलंत, सजीव चित्र प्रदान करते हैं। शार्प कंट्रास्ट, ट्रू कलर और बारीक शैडो डिटेल्स का मेल तस्वीर की गहराई का एक अद्भुत अहसास देता है। टीवी डॉल्बी एटमॉस का भी समर्थन करता है जो दर्शकों को उनके पसंदीदा मनोरंजन जैसे मूवी, टीवी शो और स्पोर्ट्स की कहानी के अंदर रखता है। डॉल्बी एटमॉस के साथ दर्शक सराउंड साउंड का अनुभव कर सकते हैं, जो आपको थिएटर जैसा अनुभव देता है। डॉल्बी लैबोरेटरीज के मार्केटिंग-इंडिया के निदेशक समीर सेठ ने कहा, डॉल्बी में, सामग्री बनाने और उपभोग करने के तरीके को सुदृढ़ और समृद्ध करने का हमारा निरंतर प्रयास है।




- उत्पाद श्रृंखला में जोड़े गए नए उत्पाद हैं: C835 : 144Hz VRR के साथ न्यू जनरेशन मिनी एलईडी 4K गूगल टीवी, C635 गेमिंग क्यूएलईडी टीवी, और P735 4K एचडीआर गूगल टीवी

### इंडियाबुल्स रियल एस्टेट 6.46 करोड़ की मुनाफाखोरी का दोषी: एनएए

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय मुनाफाखोरी-रोधी प्राधिकरण (एनएए) ने इंडियाबुल्स रियल एस्टेट को 6.46 करोड़ रुपये से अधिक के इनपुट टैक्स क्रेडिट का लाभ घर खरीदारों को नहीं देने का दोषी पाया है। एनएए ने पाया की जीएसटी लागू होने के बाद कीमतों में हुई कमी का लाभ घर खरीदारों को नहीं दिया गया। एक घर खरीदार द्वारा दायर याचिका पर मुनाफाखोरी-रोधी महानिदेशालय (डीजीएपी) ने मामले की जांच की और बिल्डर को मुनाफाखोरी का दोषी पाया। घर खरीदार ने आरोप लगाया था कि इंडियाबुल्स रियल एस्टेट ने विशाखापत्तनम में स्थित सिएरा-विजाग परियोजना में आईटीसी लाभ नहीं दिया। एनएए ने 24 जून के अपने आदेश में कहा कि उक्त धनराशि 18 प्रतिशत की दर से ब्याज के साथ घर खरीदारों को वापस की जाए। मुनाफाखोरी की रकम तीन महीने के भीतर घर खरीदारों को देनी होगी।

## बीते वित्त वर्ष में डिजिटल विज्ञापनों का बोलबाला, निगरानी के लिए एआई की मदद :एएससीआई

नई दिल्ली, एजेंसी

भारतीय विज्ञापन मानक परिषद (एएससीआई) ने डिजिटल मंचों पर भ्रामक सामग्री संबंधी विज्ञापनों की निगरानी के लिए डिजिटल निगरानी प्रणाली स्थापित की है। एएससीआई इसके लिए कृत्रिम मेधा (एआई) आधारित निगरानी प्रणाली का उपयोग कर रहा है। एएससीआई ने वित्त वर्ष 2021-22 के लिए अपनी वार्षिक शिकायत रिपोर्ट में यह जानकारी दी। नियामक ने कहा कि शिक्षा, स्वास्थ्य सेवा और व्यक्तिगत देखभाल जैसे क्षेत्रों को डिजिटल श्रेणी में शीर्ष तीन उल्लंघनकारी श्रेणियों के रूप में पाया गया है।

एएससीआई ने कहा कि विज्ञापन अब मोबाइल जैसी व्यक्तिगत स्क्रीन पर तेजी से दशार्ये जा रहे है। इसके कारण नियामकों के लिए विज्ञापनों के पैमाने और प्रभाव को समझना मुश्किल हो गया है। नियामक ने कहा कि विज्ञापन बनाने वाली इकाइयों की संख्या में जोरदार वृद्धि हुई है और एक अनुमान के अनुसार, एक व्यक्ति प्रतिदिन औसतन 6,000 से 10,000 विज्ञापनों के संपर्क में आता है। एएससीआई की मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) एवं महासचिव मनीषा कपूर ने कहा, डिजिटल दुनिया में बहुत कुछ हो रहा है। हम निगरानी करने के लिए एआई तकनीक की मदद ले रहे हैं। रिपोर्ट के अनुसार, एएससीआई को बीते वित्त वर्ष के दौरान प्रिंट, डिजिटल और टेलीविजन समेत सभी माध्यमों से 7,631 शिकायतें मिलीं और इनमे से 5,532 का निपटान किया गया। डिजिटल क्षेत्र पर सबसे अधिक ध्यान देने के साथ एएससीआई की अनुपालन दर 94 प्रतिशत रही। एएससीआई ने वित्त वर्ष 2021-22 के दौरान लगभग 75 प्रतिशत शिकायतों को खुद संज्ञान लिया जबकि 21 प्रतिशत उपभोक्ता और शेष उद्योग जगत तथा सरकार की तरफ से मिलीं।

### सेबी ने नियामक मानदंडों का उल्लंघन करने पर भारती इंफ्राटेल पर जुमार्ना लगाया

**नई दिल्ली।** भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) ने कर्मचारी स्टॉक विकल्प योजनाओं (ईएसओपी) से संबंधित नियमों का उल्लंघन करने पर भारती इंफ्राटेल पर एक लाख रुपये का जुमार्ना लगाया है। भारती इंफ्राटेल का नाम अब इंडस टावर्स हो गया है। बाजार नियामक सेबी ने पाया कि भारती इंफ्राटेल ने 31 मार्च, 2017 की निर्धारित समय सीमा के भीतर कंपनी के 5,32,862 अतिरिक्त शेयरों का विनियोग न करके शेयर आधारित कर्मचारी लाभ (एसबीईबी) के प्रावधानों का उल्लंघन किया है। अक्टूबर 2019 में कंपनी द्वारा दायर अपने छूट आवेदन में, भारती इंफ्राटेल ने सेबी को सूचित किया कि उसके पास 31 मार्च, 2017 तक ईएसओपी ट्रस्ट में कंपनी के 5,32,862 शेयरों का अधिशेष है, जिसे एसबीईबी नियमों के संदर्भ में विनियोजित नहीं किया जा सकता है।

## संक्षिप्त खबरें

### विंबलडन के दूसरे दौर में पहुंचे स्पेनिस टेनिस खिलाड़ी कार्लोस अल्कराज

लंदन। स्पेन के स्टार टेनिस खिलाड़ी कार्लोस अल्कराज ने विंबलडन टेनिस टूर्नामेंट के दूसरे दौर में प्रवेश कर लिया है। 19 वर्षीय अल्कराज ने कोर्ट 1 में खेले गए मुकाबले में जर्मनी के जेन-लेनार्ड स्ट्रफ को 4-6, 7-5, 4-6, 7-6 (3), 6-4 से हराकर दूसरे दौर में प्रवेश किया। यह मुकाबला चार घंटे और 11 मिनट तक चला। अल्कराज का अगला मुकाबला डचमैन टालोन ग्रिक्सपुर और फैबियो फोगनिनी के बीच होने वाले मैच के विजेता से होगा। इससे पहले सेंटर कोर्ट पर धीमी शुरुआत के बाद दुनिया के पूर्व नं. 1 एंडी मरे ने पहले दौर में जेम्स डकवर्थ को 4-6, 6-3, 6-2, 6-4 से हराकर विंबलडन के दूसरे दौर में प्रवेश किया। दूसरे दौर में मरे का सामना 20वीं वरीयता प्राप्त जॉन इस्नर से होगा, जिनके खिलाफ उनका 8-0 से आमने-सामने का रिकॉर्ड है।

### प्रणीत, समीर मलेशिया ओपन में हारे

कुआलालंपुर। भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ियों बी साई प्रणीत और समीर वर्मा को मंगलवार को यहां मलेशिया ओपन सुपर 750 बैडमिंटन टूर्नामेंट के पुरुष एकल के पहले दौर में कड़े मुकाबले में हार का सामना करना पड़ा। प्रणीत को दुनिया के छठे नंबर के खिलाड़ी इंडोनेशिया के एंथोनी सिनिसुका गिनटिंग ने हराया जबकि समीर को इंडोनेशिया के ही दुनिया के आठवें नंबर के खिलाड़ी जोनाथन क्रिस्टी के खिलाफ शिकस्त का सामना करना पड़ा। दुनिया के 19वें नंबर के खिलाड़ी 30 साल के प्रणीत को गिनटिंग के खिलाफ 50 मिनट चले पुरुष एकल मुकाबले में 15-21 21-19 9-21 से शिकस्त झेलनी पड़ी। इंडोनेशिया के खिलाड़ी ने प्रणीत के खिलाफ चार मुकाबले जीते हैं जबकि तीन में उन्हें हार का सामना करना पड़ा। दोनों पिछली बार 2020 एशियाई टीम चैंपियनशिप के दौरान भिड़े थे और तब प्रणीत के चोट के कारण हटने पर गिनटिंग ने मैच जीता था। चोट के बाद वापसी कर रहे समीर को भी 49 मिनट चले मैच में क्रिस्टी के खिलाफ 14-21 21-13 7-21 से हार झेलनी पड़ी। युगल में अश्विनी पोनप्पा और एन सिक्की रेड्डी की महिला जोड़ी पहले दौर में नामी मात्सुयामा और चिहारू शिदा की जापान की छठी वरीय जोड़ी से 15-21 11-21 से हारकर प्रतियोगिता से बाहर हो गई। अन्य भारतीयों में एचएस प्रणय की भिड़ंत मलेशिया के डेरेन ल्यू से होगी जबकि सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की दुनिया की आठवें नंबर की जोड़ी मैन वेई चॉन्ग और कई वुन टी की मलेशिया की जोड़ी से भिड़ेगी।

### ओलंपिक पदक विजेता हॉकी खिलाड़ी वरिंदर सिंह का निधन

नई दिल्ली। ओलंपिक और विश्व कप पदक विजेता टीम का हिस्सा रहे हॉकी खिलाड़ी वरिंदर सिंह का मंगलवार सुबह जालंधर में निधन हो गया। वर्ष 1970 के दशक में भारत की कई यादगार जीत का हिस्सा रहे वरिंदर 75 साल के थे। वरिंदर 1975 में कुआलालंपुर में पुरुष हॉकी विश्व कप में स्वर्ण पदक जीतने वाली भारतीय टीम का हिस्सा थे। यह इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट में भारत का अब तक का एकमात्र स्वर्ण पदक है। भारत ने तब फाइनल में चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान को 2-1 से हराया था। वरिंदर 1972 म्यूनिख ओलंपिक में कांस्य पदक और एम्सटर्डम में 1973 विश्व कप में रजत पदक जीतने वाली भारतीय टीम का भी हिस्सा थे। वरिंदर की मौजूदगी वाली टीम ने 1974 और 1978 एशियाई खेलों में भी रजत पदक जीता। वह 1975 माट्रियल ओलंपिक में भी भारतीय टीम में शामिल थे। वरिंदर को 2007 में प्रतिष्ठित ध्यानचंद लाइफटाइम अचीवमेंट पुरस्कार से भी नवाजा गया था।

# सिम रेसिंग वर्ल्ड कप के उद्घाटन संस्करण में हिस्सा लेगा भारत

**वर्ल्ड कप**

- दो सिम रेसर्स का चयन करने के लिए, जो प्रतिष्ठित आयोजन में देश का प्रतिनिधित्व करेंगे
- सिम रेसिंग वर्ल्ड कप दो चरणों में खेला जाएगा- कॉन्टिनेंटल क्वालिफायर और ग्लोबल फाइनल

नई दिल्ली, एजेंसी



भारत मोनाको में 23 अक्टूबर से होने वाले सिम रेसिंग वर्ल्ड कप के उद्घाटन संस्करण में हिस्सा लेगा। एस्पोर्ट्स फेडरेशन ऑफ इंडिया (ईएसएफआई) ने उक्त जानकारी दी। मोनाको एस्पोर्ट्स फेडरेशन द्वारा इंटरनेशनल एस्पोर्ट्स फेडरेशन के सहयोग से आयोजित प्रतिष्ठित टूर्नामेंट में दुनिया के सबसे लोकप्रिय सिम रेसिंग खिताबों में से एक एसेटो कोर्सा होगा। दो सिम रेसर्स का चयन करने के लिए, जो प्रतिष्ठित आयोजन में देश का प्रतिनिधित्व करेंगे, ईएसएफआई राष्ट्रीय क्वालीफायर आयोजित करेगा जिसमें प्लेऑफ ऑनलाइन और ऑफलाइन आयोजित किया जाएगा जबकि फाइनल हाइब्रिड मोड में खेला जाएगा। एक ऑफलाइन इवेंट से दो खिलाड़ियों का चयन किया जाएगा और ऑनलाइन से 18 खिलाड़ियों का चयन किया जाएगा।

अंत में 20 खिलाड़ी भारतीय दल में दो स्थानों के लिए फाइनल में लड़ेंगे। ईएसएफआई के निदेशक और एशियन एस्पोर्ट्स फेडरेशन के उपाध्यक्ष लोकेश सूजी ने एक बयान में कहा, ईएसएफआई सिम रेसिंग वर्ल्ड कप के उद्घाटन संस्करण के लिए अविश्वसनीय रूप से उत्साहित है जो अब तक का सबसे बड़ा सिम रेसिंग इवेंट है और सिम्युलेटर-आधारित एस्पोर्ट्स में विस्तार करने के लिए है। हम सभी कार रेसिंग उत्साही लोगों से राष्ट्रीय क्वालीफायर में भाग लेने और खेल में कार्टिंग और ड्रिफ्टिंग के आसपास अपने कौशल के साथ अपनी असली रेसिंग प्रतिभा दिखाने का आग्रह करते हैं। ईएसएफआई ने राष्ट्रीय क्वालीफायर आयोजित करने के लिए भारत के सबसे बड़े ई-रेसिंग आयोजक, आईआर ईस्पोर्ट्स के साथ हाथ मिलाया है। आईआर ईस्पोर्ट्स विभिन्न माध्यमों से कस्टम मोटरस्पोर्ट-आधारित अभियानों की योजना बनाता है और निष्पादित करता है। बता दें कि सिम्युलेटेड रेसिंग, जिसे सिम रेसिंग के रूप में जाना जाता है, एक एकल-खिलाड़ी रेसिंग गेम सॉफ़्टवेयर है जो वास्तविक दुनिया की विशेषताओं जैसे कि ईंधन के उपयोग, क्षति, टायर पहनने और पकड़, और निलंबन सेटिंग्स के साथ रेसिंग को अनुकरण करने का प्रयास करता है। सिम रेसिंग वर्ल्ड कप दो चरणों में खेला जाएगा- कॉन्टिनेंटल क्वालिफायर और ग्लोबल फाइनल।

### एजबेस्टन के मैदान पर अश्विन का अच्छा रिकॉर्डः स्वान

**मुंबई।** ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन 2011 में अपनी शानदार शुरूआत के बाद से स्पिन गेंदबाजी में भारत की अगुवाई कर रहे हैं। लेकिन पिछले साल अश्विन ने इंग्लैंड में खेले गए सभी चार टेस्ट मैचों में भाग नहीं लिया क्योंकि मेहमान टीम ने चार तेज गेंदबाजों के साथ ऑलराउंडर रवींद्र जडेजा को अपने अकेले स्पिन के रूप में चुना था। इंग्लैंड के पूर्व ऑफ स्पिनर ग्रीम स्वान का मानना है कि इंग्लैंड के खिलाफ एजबेस्टन में 1 से 5 जुलाई तक होने वाले पांचवें टेस्ट से पहले भारत को अश्विन को प्लेइंग इलेवन में शामिल करना चाहिए क्योंकि पिच उनकी गेंदबाजी शैली के अनुकूल होगी। 2018 एजबेस्टन में इंग्लैंड के खिलाफ खेले गए एकमात्र मैच में अश्विन ने दोनों पारियों में 4/62 और 3/59 विकेट लिए थे, विशेष रूप से सर एलेस्टेयर कुक को दो बार अपनी फिरकी में फंसाया था। स्वान ने कहा, व्यक्तिगत रूप से मैं भारत के हर टेस्ट मैच में रविचंद्रन अश्विन को खेलते देखना चाहता हूं। न केवल वह अपनी गेंदबाजी के साथ अच्छा करते हैं, बल्कि एक बेहतर बल्लेबाज भी हैं। लेकिन आप बाकी गेंदबाजी लाइन-अप के साथ क्या करते हैं? लेकिन जडेजा एक नीचले क्रम के बल्लेबाज के रूप में खेल सकते हैं। इसलिए, मुझे लगता है, निश्चित रूप से अश्विन (एजबेस्टन के लिए) को मौका देना चाहिए।

## इसी मानसिकता के साथ भारत के खिलाफ उतरेगा इंग्लैंड : स्टोक्स

लीड्स, एजेंसी



न्यूजीलैंड के खिलाफ 3-0 के क्लीनस्वीप के दौरान आक्रामक क्रिकेट खेलने वाले इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स ने कहा है कि भारत के खिलाफ होने वाले आगामी पांचवें टेस्ट में उनकी टीम के जज्बे में कोई कमी नहीं आएगी। नए कप्तान स्टोक्स और नए कोच ब्रैंडन मैकुलम के नेतृत्व में इंग्लैंड ने गत विश्व टेस्ट चैंपियन न्यूजीलैंड के खिलाफ तीन टेस्ट की श्रृंखला में 3-0 से क्लीनस्वीप किया। भारत के खिलाफ एकमात्र टेस्ट पिछले साल की पांच मैच की टेस्ट श्रृंखला का बचा हुआ टेस्ट है जिसे मेहमान टीम के खेमे में कोविड-19 मामले आने के कारण रद्द कर दिया गया था। यह टेस्ट शुक्रवार से खेला जाएगा।

स्टोक्स ने कहा, जब मैं यह बोल रहा हूं तो मुझ पर विश्वास कीजिए। हम इसी (आक्रामक) मानसिकता के साथ उतरेंगे, हालांकि यह अलग विरोधी है। उन्होंने कहा, बेशक, यह पूरी तरह से अलग होगाङ्घ अलग विरोधी, उनका आक्रमण और खिलाड़ी भी अलग। स्टोक्स ने कहा, हम इस पर ध्यान लगा रहे हैं कि इन पिछले तीन मैच में हमने क्या अच्छा किया है और शुक्रवार को भारत के खिलाफ भी इसे जारी रखने का प्रयास करेंगे। भारत पांच मैचों की श्रृंखला में 2-1 से आगे चल रहा है लेकिन इंग्लैंड की तरोताजा टीम से भिड़ेगा जिसमें पिछले साल भारत के खिलाफ चौथा टेस्ट खेलने वाली टीम के सिर्फ चार सदस्य (ओली पोप, जो रूट, जॉनी बेयरस्टो और जेम्स एंडरसन) शामिल हैं। पिछले साल स्टोक्स भी श्रृंखला के लिए उपलब्ध नहीं थे क्योंकि उन्होंने अपने मानसिक स्वास्थ्य पर ध्यान देने के लिए ब्रेक लिया था। न्यूजीलैंड के खिलाफ श्रृंखला से पूर्व पिछले कुछ महीनों में इंग्लैंड की टीम मुश्किल दौर से गुजर रही थी और इस दौरान 17 टेस्ट में सिर्फ एक जीत दर्ज कर पाई। टीम के अपने साथियों की सराहना करते हुए स्टोक्स ने कहा, दुनिया की सर्वश्रेष्ठ टीम के खिलाफ 3-0 से श्रृंखला जीतना काफी विशेष शुरूआत है।

# टी-20 विश्व कप से पहले न्यूजीलैंड में त्रिकोणीय श्रृंखला खेलेगा पाकिस्तान

लाहौर, एजेंसी



पाकिस्तान इस साल के आईसीसी टी 20 क्रिकेट विश्व कप के लिए अक्टूबर की शुरूआत में न्यूजीलैंड और बांग्लादेश के खिलाफ त्रिकोणीय श्रृंखला के साथ अपना अभ्यास पूरा करेगा। बाबर आजम की टीम 23 अक्टूबर को एमसीजी में चिर प्रतिद्वंद्वी भारत के खिलाफ अपने टी20 विश्व कप के पहले मैच से पहले क्राइस्टचर्च में कम से कम चार टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों के लिए अक्टूबर की शुरूआत में न्यूजीलैंड का दौरा करेगी।

2018 के बाद से यह पहली बार होगा जब बाबर न्यूजीलैंड की धरती पर अंतरराष्ट्रीय टी 20 मैच खेलेंगे। इससे पहले बाबर अंगूठे की चोट के कारण पाकिस्तान के 2020/21 के दौरे से चूक गए थे। त्रिकोणीय श्रृंखला इस साल होने वाले टी20 विश्व कप के लिए पाकिस्तान की तैयारी का एक महत्वपूर्ण हिस्सा होगी और बाबर जल्दी से परिस्थितियों के अनुकूल होने की उम्मीद कर रहे हैं।

बाबर ने एक बयान में कहा, मुझे खुशी है कि हम न्यूजीलैंड में त्रिकोणीय श्रृंखला में खेलेंगे क्योंकि इससे हमें न केवल ऑस्ट्रेलिया में होने वाले टी20 विश्व कप के लिए अभ्यस्त होने में मदद मिलेगी बल्कि हमारी तैयारियों को अंतिम रूप भी मिलेगा। उन्होंने कहा, मैं अंगूठे की चोट के कारण न्यूजीलैंड में आखिरी श्रृंखला से चूक गया था और दो अच्छे विरोधियों के खिलाफ क्राइस्टचर्च में क्रिकेट खेलने के लिए उत्सुक हूं।

## इंग्लैंड-न्यूजीलैंड के बीच टेस्ट श्रृंखला नई पीढ़ी के प्रशंसकों को प्रेरित करेगी : वॉन

लंदन, एजेंसी



इंग्लैंड के पूर्व कप्तान माइकल वॉन ने कहा कि न्यूजीलैंड और थ्री लायंस के बीच टेस्ट श्रृंखला नई पीढ़ी के प्रशंसकों को प्रेरित करेगी।

जो रूट (86 नाबाद) और जॉनी बेयरस्टो (71 नाबाद) की जोरदार पारियों की बदौलत इंग्लैंड को सोमवार को लीड्स के हेडिंग्ले में खेले गए अंतिम टेस्ट में न्यूजीलैंड को सात विकेट से हराया। वॉन ने ट्विटर पर लिखा, एक यादगार श्रृंखला। मुझे लगता है कि इंग्लैंड की यह टीम टेस्ट मैच क्रिकेट प्रशंसकों की एक नई पीढ़ी को प्रेरित कर सकती है। इससे पहले, वॉन ने बेयरस्टो की भी उनकी सफल पारी के लिए प्रशंसा की जिन्होंने इंग्लैंड को तीसरे टेस्ट में जीत दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। वॉन ने ट्वीट किया, जॉनी बेयरस्टो एक अलग ग्रह पर बल्लेबाजी कर रहा है! अंतिम टेस्ट में 296 रनों का पीछा करते हुए, इंग्लैंड की शुरूआत खराब रही और सलामी बल्लेबाज एलेक्स लीस 17 रनों के कुल स्कोर पर सिर्फ 9 रन बनाकर आउट हो गए। जैक क्रॉली और ओली पोप ने इंग्लैंड का स्कोर 50 के पार पहुंचाया। 51 के कुल स्कोर पर क्रॉली 25 रन बनाकर स्पिनर माइकल ब्रेसवेल की गेंद पर कप्तान केन विलियमसन को कैच दे बैठे।

185 के कुल स्कोर पर पोप 82 रन बनाकर टिम साउथी का शिकार बने। इसके बाद बेयरस्टो और जो रूट ने कोई और नुकसान नहीं होने दिया और इंग्लैंड को सात विकेट से हराकर श्रृंखला 3-0 से अपने नाम की।

## टी10 टूनार्मेंट, 'सिक्सटी' पर ध्यान केंद्रित करने के लिए सीपीएल से हटे क्रिस गेल

बस्सेटेरे, एजेंसी



वेस्टइंडीज के बल्लेबाज क्रिस गेल ने टी10 टूनार्मेंट, 'सिक्सटी' पर ध्यान केंद्रित करने के लिए कैरेबियन प्रीमियर लीग (सीपीएल) 2022 से बाहर होने का फैसला किया है। सिक्सटी सीपीएल सीजन से ठीक पहले सेंट किट्स में 24 अगस्त से 28 अगस्त तक खेला जाएगा। ईएसपीएनक्रिकइंफो की रिपोर्ट के अनुसार क्रिस गेल ने कहा, मैं इस साल छोटे प्रारूप के लिए जा रहा हूं। मैं वास्तव में सिक्सटी में मौजूदा नवाचारों के बारे में उत्साहित हूं और देख रहा हूं कि वे कैसे खेलते हैं। विशेष रूप से, मैं मिस्ट्री टीम बॉल की ओर देख रहा हूं और पहली 12 गेंदों में दो छक्के लगाकर तीसरे पावरप्ले ओवर को अनलॉक करना चाहता हूं। गेल ने सीपीएल में 36.50 की औसत और 133.13 के स्ट्राइक रेट से कुल 2519 रन बनाए हैं। लीग में सिर्फ लेंडल सिमंस (2629) के नाम गेल से ज्यादा रन हैं। 42 वर्षीय बल्लेबाज गेल सिक्सटी के लिए एक एंबेसडर के रूप में कार्य करेंगे।

गेल न्यूजीलैंड के खिलाफ एकदिवसीय श्रृंखला के बाद उपलब्ध होंगे, जो 21 अगस्त को समाप्त होगा। वह कुछ व्यक्तिगत कारणों से सीपीएल 2020 से भी चूक गए थे। सीपीएल के अलावा, गेल ने बायो-बबल थकान के कारण आईपीएल के 14 वें संस्करण से भी बीच में हटने का विकल्प चुना था।

# मप्र ने चार गेंदबाजों के साथ रणजी फाइनल में उतरने का जुआ खेला और खिताब जीता : कोच

इंदौर, एजेंसी



मध्यप्रदेश के पहले रणजी खिताब के प्रमुख शिल्पकार कोच चंद्रकांत पंडित ने कहा है कि उनकी टीम ने फाइनल में दिग्गज मुंबई के खिलाफ चार गेंदबाजों के साथ मैदान में उतरने का जुआ खेला और आखिरकार ट्रॉफी जीतने में सफल रही।

पंडित सोमवार रात इंदौर के होलकर स्टेडियम में मध्यप्रदेश क्रिकेट संघ (एमपीसीए) द्वारा विजेता टीम के भव्य स्वागत समारोह को संबोधित कर रहे थे। आदित्य श्रीवास्तव की अगुवाई वाली टीम ने 41 बार की रणजी चैंपियन रह चुकी मुंबई को घरेलू क्रिकेट के इस सबसे बड़े मुकाबले में रविवार को बेंगलुरू के चिन्नास्वामी स्टेडियम में पटखनी दी और मध्यप्रदेश के गठन के साढ़े छह दशक के लम्बे अंतराल के बाद पहला रणजी खिताब अपने नाम किया। पंडित ने रणजी फाइनल के कशमकश भरे पलों को याद करते हुए कहा, मैं फाइनल से पहले अपनी टीम में गेंदबाजों की संख्या को लेकर खुद दुविधा में था। चिंतित कप्तान श्रीवास्तव ने मुझसे कहा कि वह केवल चार गेंदबाजों के साथ मैच संभाल नहीं सकेंगे और मुझे उन्हें एक और तेज गेंदबाज देना ही होगा। कोच ने बताया कि उन्होंने अपनी दुविधा दूर करने के लिए मध्यप्रदेश के वरिष्ठ क्रिकेट प्रशासक संजय जगदाले को फोन किया। उन्होंने बताया, जगदाले मुझसे बोले कि अगर मेरा दिल कहता है कि मैं फाइनल में चार गेंदबाजों के साथ टीम उतारूं, तो मुझे इसी योजना पर आगे बढ़ना चाहिए। पंडित ने कहा, हमने चुनौती स्वीकार करते हुए तय किया कि हम चार गेंदबाजों के साथ ही फाइनल खेलेंगे क्योंकि अगर मुंबई की टीम अच्छे बल्लेबाजों से लैस है, तो जवाब में हमारे पास भी अच्छे बल्लेबाज हैं। हमने एक जुआ खेला। ईश्वर ने हमें अपना आशीर्वाद दिया। उन्होंने कहा कि वेंकटेश अय्यर, आवेश खान, कुलदीप सेन, पुनीत दाते और ईश्वर पांडे जैसे पांच महत्वपूर्ण खिलाड़ी अलग-अलग कारणों से रणजी फाइनल खेलने वाली मध्यप्रदेश टीम का हिस्सा नहीं थे, इसके बावजूद टीम के अन्य कमांडो खिलाड़ियों ने रणजी खिताब जीतने का मिशन शानदार तरीके से पूरा किया। कोच ने यह भी बताया कि रणजी स्पर्धा से पहले मध्यप्रदेश की टीम ने लम्बी तैयारी की थी। उन्होंने कहा, हमने पिछले दो सत्रों के दौरान संभावित खिलाड़ियों और बाद में टीम के चयनित सदस्यों के साथ कुल 400 दिन प्रशिक्षण शिविर आयोजित किए। एमपीसीए के पदाधिकारियों ने मुझे काम करने की पूरी आजादी और हर मुमकिन सहयोग दिया।

**वर्ल्ड कप**

- हमने चुनौती स्वीकार करते हुए तय किया कि हम चार गेंदबाजों के साथ ही फाइनल खेलेंगे क्योंकि अगर मुंबई की टीम अच्छे बल्लेबाजों से लैस है, तो जवाब में हमारे पास भी अच्छे बल्लेबाज हैं

एमपीसीए अध्यक्ष अभिलाष खांडेकर ने राज्य को पहला रणजी खिताब दिलाने वाली टीम की पीठ थपथपाते हुए कहा, कोच पंडित ने हमारी टीम के खिताब जीतने के बाद मुझे बताया कि रणजी स्पर्धा की तैयारियों से जुड़े एमपीसीए के हर दस्तावेज के कवर पर रणजी ट्रॉफी की तस्वीर छापी गई थी ताकि टीम का हर सदस्य प्रोत्साहित होकर इस लक्ष्य को हासिल करने के प्रति 100 फीसदी योगदान करे।

# भारतीय स्पिनर राधा यादव की महिला टी20 रैंकिंग में सुधार

दुबई, एजेंसी



श्रीलंका के खिलाफ हाल में समाप्त हुई टी20 श्रृंखला में शानदार प्रदर्शन के दम पर भारत की बायें हाथ की स्पिनर राधा यादव आईसीसी (अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद) महिला टी20 खिलाड़ियों की रैंकिंग में 13वें स्थान पर पहुंच गयी हैं।

आईसीसी द्वारा जारी नवीनतम रैंकिंग के मुताबिक श्रीलंका के खिलाफ श्रृंखला में चार विकेट हासिल करने के बाद राधा गेंदबाजों की सूची में सात पायदान आगे बढ़कर 13वें स्थान पर पहुंच गयी हैं। भारत ने तीन मैचों की इस श्रृंखला को 2-1 से जीता था। बल्लेबाजों की तालिका में श्रीलंका की कप्तान चामरी अटापट्टू तीन मैचों में 139 रन बनाकर करियर के सर्वश्रेष्ठ सातवें स्थान पर पहुंच गयी हैं। उन्होंने दाम्बुला में अंतिम टी20 अंतरराष्ट्रीय में नाबाद 80 रन की मैच जिताऊ पारी खेली थी। वह हरफनमौला खिलाड़ियों की सूची में भी दो स्थान के सुधार के साथ सातवें स्थान पर पहुंच गयी हैं। भारत की स्मृति मंधाना (चौथे), जेमिमा रोड्रिग्स (14वें) और कप्तान हरमनप्रीत कौर (18वें) ने बल्लेबाजी सूची में अपने स्थान बरकरार रखे हैं। रैंकिंग में आगे बढ़ने वाली अन्य भारतीय गेंदबाज पूजा वस्त्राकर हैं, जो 30 पायदान ऊपर चढ़कर 32वें स्थान पर पहुंच गयी हैं। रेणुका ठाकुर 83 स्थान की छलांग लगाकर 97वें स्थान पर पहुंच गई हैं। वस्त्राकर और रेणुका ने टी20 श्रृंखला में दो-दो विकेट हासिल किये। इस बीच, श्रीलंका की अनुष्का संजीवनी बल्लेबाजों में चार पायदान ऊपर 60वें स्थान पर पहुंच गयी हैं।

टीम की स्पिनर ओशादी रणसिंघे (11 पायदान के फायदे से 26वें), सुगंधिका कुमारी (नौ पायदान के फायदे से 40वें स्थान पर) और इनोका रणवीरा (16 पायदान के सुधार के साथ 47वें) ने भी अपनी रैंकिंग में सुधार किया है।

## इंग्लैंड के कप्तान इयोन मॉर्गन ने इंटरनेशनल क्रिकेट से लिया संन्यास

नई दिल्ली, एजेंसी

इंग्लैंड की व्हॉइट बॉल क्रिकेट (वनडे-टी20) टीम के कप्तान इयोन मॉर्गन ने इंटरनेशनल क्रिकेट से संन्यास का ऐलान कर दिया है। 35 साल के मॉर्गन का क्रिकेटिंग करियर 16 साल का रहा है। मोर्गन ने यह फैसला टीम इंडिया के खिलाफ सीरीज से ठीक पहले लिया है। दरअसल, भारतीय टीम इन दिनों इंग्लैंड दौरे पर ही है। यहां रोहित शर्मा की कप्तानी में एक टेस्ट, तीन टी20 और तीन वनडे मैचों की सीरीज खेलनी है। सीमित ओवर्स (वनडे-टी20) की सीरीज का आगाज 7 जुलाई से होगा। मोर्गन ने 72 टी20 मैचों में इंग्लैंड की कप्तानी की मॉर्गन ने टी20 इंटरनेशनल में भी 72 मैचों में इंग्लैंड की कप्तानी की, जिसमें से 42 में जीत मिली। उन्होंने करियर में कुल 115 टी20 इंटरनेशनल मैच खेले, जिसमें से 14 फिफ्टी के साथ 2458 रन बनाए। इस दौरान मॉर्गन का स्ट्राइक रेट 136.18 का रहा। आयरलैंड टीम से इंटरनेशनल में डेब्यू किया था मॉर्गन का जन्म आयरलैंड की राजधानी डबलिन में हुआ था। उन्होंने इंटरनेशनल क्रिकेट की शुरूआत भी आयरलैंड के लिए खेलते हुए की थी। उन्होंने डेब्यू मैच 5 अगस्त 2006 को स्कॉटलैंड के खिलाफ वनडे खेला था। इसमें मोर्गन ने 99 रनों की पारी खेली थी। इंग्लैंड ने पहला वर्ल्ड कप मॉर्गन की कप्तानी में जीता हाल ही में मीडिया रिपोर्ट्स में बताया गया था कि मॉर्गन मंगलवार को रिटायरमेंट का ऐलान कर सकते हैं। यह सच भी हुआ है। मॉर्गन इंग्लैंड के सबसे सफल वनडे कप्तान रहे हैं।

# डाइमंड लीग में टेनटोग्लू के खिलाफ उतरने को लेकर उत्साहित था: एम श्रीशंकर

नई दिल्ली, एजेंसी



भारत के लंबी कूद के शीर्ष खिलाड़ी एम श्रीशंकर ने मंगलवार को कहा कि उन्हें वीजा संबंधित मुद्दों के कारण आगामी डाइमंड लीग से हटने का मलाल है क्योंकि वह स्टॉकहोम में ओलंपिक चैंपियन मिलटियाडिस टेनटोग्लू के खिलाफ उतरने को लेकर बेहद उत्साहित थे। श्रीशंकर को 30 जून से स्वीडन में होने वाले इस प्रतिष्ठित टूनार्मेंट से हटने को बाध्य होना पड़ा क्योंकि अगले महीने ओरेगन में होने वाली विश्व चैंपियनशिप का वीजा तैयार करने के लिए उनका पासपोर्ट नई दिल्ली में अमेरिकी दूतावास में है। राष्ट्रीय रिकॉर्ड धारक श्रीशंकर ने कहा कि डाइमंड लीग में हिस्सा लेने से वह विश्व चैंपियनशिप के लिए अपनी तैयारी को बेहतर कर पाते लेकिन वहां नहीं खेलने से जरूरी नहीं कि उन पर असर पड़े क्योंकि उनकी पहली प्राथमिकता विश्व चैंपियनशिप है। श्रीशंकर ने वीडियो बातचीत के दौरान कहा, दुर्भाग्य से, वीजा से जुड़ी स्थिति के कारण मुझे स्टॉकहोम में आगामी डाइमंड लीग से हटना पड़ा। मैं इस प्रतियोगिता में हिस्सा लेने को लेकर काफी उत्साहित था विशेषकर मौजूदा ओलंपिक चैंपियन मिलटियाडिस टेनटोग्लू के खिलाफ उतरने को लेकर। श्रीशंकर और टेनटोग्लू दोनों ने इस साल 8.36 मीटर की दूरी तय की है। उन्होंने कहा, डाइमंड लीग में हिस्सा लेने से निश्चित तौर पर मैं जुलाई में विश्व चैंपियनशिप से पहले बेहतर स्थिति में होता। दूसरी तरफ अब मुझे विश्व चैंपियनशिप की तैयारी के लिए अधिक समय मिलेगा जो हमेशा मेरी पहली प्राथमिकता रही है और राष्ट्रमंडल खेल भी है। केरल के इस 23 वर्षीय एथलीट ने इस महीने यूनान में वेनीजेलिया-चेनिया 2022 एथलेटिक्स मीट में 7.95 मीटर के प्रयास के साथ स्वर्ण पदक जीता। उन्होंने कहा कि अब उनका ध्यान अपने निजी रिकॉर्ड को बेहतर करने और विश्व चैंपियनशिप में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने पर है। श्रीशंकर ने कहा, डाइमंड लीग से हटने के बावजूद मैं कड़ी मेहनत कर रहा हूं और मुझे विश्व चैंपियनशिप के दौरान अपने निजी रिकॉर्ड को बेहतर करने का पूरा भरोसा है।

**चैंपियनशिप**

- डाइमंड लीग में हिस्सा लेने से निश्चित तौर पर मैं जुलाई में विश्व चैंपियनशिप से पहले बेहतर स्थिति में होता

## इंग्लैंड के खिलाफ डे-नाईट टेस्ट मैच की मेजबानी करेगा न्यूजीलैंड

माउंट माउंगानुई, एजेंसी

न्यूजीलैंड इस गर्मी में इंग्लैंड के खिलाफ एक दिन-रात्रि टेस्ट मैच की मेजबानी करेगा। इसके अलावा न्यूजीलैंड की टीम अगले 10 महीने में भारत, बांग्लादेश, पाकिस्तान और श्रीलंका के खिलाफ घर में सफेद गेंद की श्रृंखला भी खेलेगी। न्यूजीलैंड क्रिकेट ने मंगलवार को आगामी गर्मियों के लिए एक व्यस्त घरेलू कार्यक्रम की घोषणा की, जिसमें न्यूजीलैंड क्रिकेट टीम अक्टूबर और अप्रैल के बीच कुल पांच अलग-अलग अंतरराष्ट्रीय टीमों की मेजबानी करेगी। आईसीसी पुरुष टी-20 विश्व कप के लिए ऑस्ट्रेलिया की यात्रा करने से पहले, कीवी टीम अक्टूबर की शुरूआत में टी-20 त्रिकोणीय श्रृंखला में पाकिस्तान और बांग्लादेश से भिड़ेगी।

इस टूनार्मेंट के पूरा होने के बाद, भारत तीन टी20 और तीन एकदिवसीय मैचों के लिए न्यूजीलैंड का दौरा करेगा, इसके बाद इंग्लैंड की टीम फरवरी के मध्य में दो टेस्ट मैचों के लिए न्यूजीलैंड पहुंचेगी। उस श्रृंखला का उद्घाटन टेस्ट मैच माउंट माउंगानुई में खेला जाएगा, जोकि दिन-रात्रि मैच होगा। न्यूजीलैंड की महिला टीम अगले साल होने वाले आईसीसी महिला टी20 विश्व कप के लिए दक्षिण अफ्रीका की यात्रा से पहले दिसंबर में तीन टी20 और तीन एकदिनी मैचों की श्रृंखला में बांग्लादेश की मेजबानी करेगी।

# अमेरिका : संघीय अदालत के फैसले के बाद बाइडन प्रशासन का आव्रजन संबंधी आदेश निलंबित

**बोस्टन (अमेरिका), एजेंसी**



अमेरिका की एक संघीय अदालत के फैसले के बाद देश के राष्ट्रपति जो बाइडन के प्रशासन ने उस आदेश को निलंबित कर दिया है, जो सार्वजनिक एवं राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए खतरा माने जाने वाले आव्रजकों की गिरफ्तारी और उनके निर्वासन पर केंद्रित था। गृह सुरक्षा विभाग ने शनिवार को एक बयान में बताया कि इस महीने अदालत द्वारा पारित निर्णय का वह पालन करेगा, भले ही वह इससे पूरी तरह से असहमत है और इसके खिलाफ अपील कर रहा है।

टेक्सास मामला गृह सुरक्षा विभाग के प्रमुख अलेजांद्रो मेयरकास के एक ज्ञापन से संबंधित है, जो पिछले साल सितंबर में जारी किया गया था। इसमें आव्रजन एजेंसियों को उन लोगों पर ध्यान केंद्रित करने को कहा गया था, जो राष्ट्रीय एवं सार्वजनिक सुरक्षा के लिए खतरा हैं या जिन्होंने हाल ही में अवैध रूप से अमेरिका में प्रवेश किया हो। दक्षिणी टेक्सास में अमेरिकी जिला न्यायाधीश ड्रू टिपटॅन ने 10 जून को गृह मंत्रालय के ज्ञापन को रद्द कर दिया था और टेक्सास और लुइसियाना के अधिकारियों के पक्ष में फैसला सुनाया था, जिन्होंने तर्क दिया था कि बाइडन प्रशासन के पास ऐसा निर्देश जारी करने का अधिकार नहीं है।

होमलैंड सिक्योरिटी विभाग के बयान के अनुसार, आव्रजन एवं सीमा शुल्क प्रवर्तन अधिकारी पेशेवर एवं जिम्मेदाराना तरीके से मामला-दर-मामला आधार पर, कानून प्रवर्तन अधिकारियों के रूप में उनके अनुभव से और देश को सबसे बड़े खतरों से बचाने के लिए उचित तरीके से निर्णय करेंगे। आव्रजन मामलों से जुड़े अधिवक्ताओं एवं विशेषज्ञों ने हालांकि सोमवार को कहा कि बाइडन प्रशासन के इस आदेश को निलंबित करने से आव्रजक समुदाय में डर उत्पन्न होगा। कॉर्नेल विश्वविद्यालय में आव्रजन कानून के प्रोफेसर स्टीव येल-लोहर ने कहा कि देश में अवैध रूप से रहने वाले कई लोग अब अपने घरों से इस चिंता के चलते बाहर निकलने से डरेंगे कि उन्हें कानून का पालन करने के बावजूद हिरासत में ले लिया जाएगा।

## अमेरिका के सैन एंटोनियो में ट्रक से 46 प्रवासियों के शव मिलने से हड़कंप

**सैन एंटोनियो, एजेंसी**



अमेरिका के साउथ टेक्सास के सैन एंटोनियो शहर में खड़े एक ट्रक में 46 लोगों के शव मिलने से हड़कंप मच गया है। सभी लोग प्रवासी बताए जा रहे हैं। कुछ सूचनाओं में इस वाहन को ट्रैक्टर-ट्रेलर बताया गया है। अधिकारियों के मुताबिक ट्रक में मौजूद 15 अन्य लोगों को नाजुक स्थिति में अस्पताल भेजा गया है। स्थानीय टेलीविजन न्यूज चैनल की रिपोर्ट के मुताबिक सैन एंटोनियो में रेलवे ट्रैक के पास एक संदिग्ध ट्रक खड़ा मिला। वाहन की तलाशी ली गई तब यह खुलासा हुआ। ट्रक चालक फरार है। मरने वालों की पहचान नहीं हो सकी है। सैन एंटोनियो, अमेरिका-मेक्सिको बार्डर से करीब 250 किलोमीटर दूर है। इस सूचना के बाद मेक्सिको के विदेश मंत्री मारसेलो इबरार्ड ने कहा कि हमारे अधिकारी सैन एंटोनियो के लिए रवाना हो चुके हैं। इस बीच सैन एंटोनियो के केसैट टेलीविजन ने दक्षिण टेक्सास में प्रवासी तस्करी के दौरान इन लोगों के मारे जाने की सूचना दी है। अमेरिकी मीडिया के मुताबिक शवों से भरा यह वाहन सैन एंटोनियो शहर के दक्षिणी बाहरी इलाके में दूरदराज के इलाके में रेल पटरियों के पास खड़ा था। सैन एंटोनियो पुलिस ने इस बारे में आधिकारिकतौर पर कुछ भी नहीं कहा है। सैन एंटोनियो में मैक्सिकन जनरल वाणिज्य दूतावास ने कहा है कि महावाणिज्य दूत रूबेन मिनुट्टी मौके के लिए रवाना हो गए हैं।

## राजस्थान में सड़क हादसे में पांच की मौत

**जालोर, एजेंसी**



राजस्थान में राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या-325 पर आहोर-तखतगढ़ के बीच सेदरिया प्याऊ के पास सोमवार देररात सड़क हादसे में कार सवार पांच व्यक्तियों की मौत हो गई। हादसा कार के अनियंत्रित होकर ग्रेनाइट ब्लॉक से लदे एक ट्रेलर में घुसने से हुआ। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने दुर्घटना पर शोक जताया है। पुलिस अधीक्षक हर्षवर्धन अग्रवाल ने बताया कि हादसे में रामलाल पुत्र जेठाराम प्रजापत, मानाराम पुत्र शांतिलाल हीरागर, छगनलाल पुत्र जगदीश प्रजापत, कमलेश पुत्र चंपालाल प्रजापत, दिनेश पुत्र परशुराम प्रजापत की मौत हो गई। यह सभी खाना खाने के लिए तखतगढ़ की तरफ होटल पर गए थे और लौटते समय यह हादसा हुआ।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने हादसे पर संवेदना व्यक्त की है। उन्होंने ट्वीटर संदेश में कहा है कि राजस्थान के जालौर में हुई सड़क दुर्घटना अत्यंत दुखद है। इसमें जिन लोगों को जान गंवानी पड़ी है, उनके परिजनों के प्रति मैं अपनी संवेदना व्यक्त करता हूं। ईश्वर दुख की इस घड़ी में उन्हें संबल प्रदान करे। पुलिस के अनुसार देररात को नेशनल हाइवे पर ग्रेनाइट ब्लॉक से लदा एक ट्रेलर खड़ा था। इस दौरान चरली की तरफ लौट रहे कार चालक को खड़े ट्रेलर का अनुमान नहीं हो पाया। इस स्थिति में कार ट्रेलर के पीछे तेज रफ्तार से घुस गई। हादसा इतना भयंकर था कि कार का अगला हिस्सा पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया। सूचना के बाद कलेक्टर निशांत जैन और एसपी हर्षवर्धन अग्रवाला आहोर पहुंचे। सभी के शव राजकीय अस्पताल आहोर की मोर्चरी में रखवाए गए हैं। घटनाक्रम के विरोध में ग्रामीणों का चरली बस स्टैंड पर जमावड़ा हो गया। इधर, सूचना के बाद स्थानीय विधायक छगनसिंह भी मौके पर पहुंचे और परिजनों को ढांढस बंधाया। हादसे के बाद सवेरे चरली में लोगों ने विरोध जताया। लोगों का आरोप था कि ट्रेलर चालक की लापरवाही से से इन सभी लोगों ने जान गंवाई। परिजनों और ग्रामीणों ने मामले में कड़ी कार्रवाई की मांग की। हादसे के बाद पुलिस देररात मौके पर पहुंची। कार और ट्रेलर को थाना परिसर लाया गया।

## संक्षिप्त खबरें

### जॉर्डन में गैस रिसाव से 10 लोगों की मौत

अम्मान। जॉर्डन के तटीय शहर अकाबा में जहरीली गैस के रिसाव से सोमवार को 10 लोगों की मौत हो गई और 250 से अधिक लोगों की तबीयत खराब हो गई है। जानकारी के मुताबिक यह रिसाव गैस टैंक की ढुलाई के समय हुआ। वहीं प्रशासन ने इलाके को सील कर दिया है। मामले की जानकारी देते हुए पब्लिक सिक्योरिटी डायरेक्टर ने बताया कि प्रशासन ने इलाके को सील कर दिया है। साथ ही घटनास्थल से लोगों को निकालने और प्रभावितों को अस्पताल पहुंचाने की प्रक्रिया तेजी से चल रही है। हालात को देखते हुए विशेषज्ञों की टीम मौके के लिए रवाना कर दी गई है। डायरेक्टर ने बताया कि 10 लोगों की मौत हुई है जबकि 251 लोग घायल हुए हैं। एक स्थानीय टीवी चैनल ने बताया कि अभी भी 199 लोगों का अस्पताल में इलाज किया जा रहा है। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने लोगों से घरों में रहने की अपील की है। साथ ही उन्हें अपने घरों के खिड़की और दरवाजे बंद रखने को कहा है।

### न्यूयॉर्क का व्यक्ति भारत से मादक पदार्थ और धन शोधन के मामले में दोषी करार

वाशिंगटन। अमेरिका में संघीय ग्रैंड जूरी ने न्यूयॉर्क के एक व्यक्ति को भारत से मादक पदार्थ आयात करने और धन शोधन के मामले में सोमवार को दोषी ठहराया। न्यूयॉर्क में क्वींस के निवासी एज़िल सेझियन कमलादास को मामले में 50 साल कैद तक की सजा हो सकती है। अमेरिका के अटॉर्नी ब्रायन पीस ने कहा, प्रतिवादी अब दोषी मादक तस्कर है। उसने इन मादक पदार्थों से लगने वाली नशे की लत तथा इनके दुरुपयोग से होने वाले नुकसान की परवाह किए बिना नशीले पदार्थों की कालाबाजारी की और उससे पैसे कमाए। उन्होंने बताया कि आज के फैसले में, प्रतिवादी को भारत से अस्वीकृत मादक पदार्थ आयात करने और इन्हें देशभर में लोगों तक पहुंचाने का दोषी ठहराया गया है। संघीय अभियोजकों के अनुसार, मामला मई 2018 से अगस्त 2019 के बीच का है।

### रूस ने यूक्रेन में शॉपिंग सेंटर पर मिसाइल से किया हमला

कीव। यूक्रेन की राजधानी कीव पर रविवार को हुए हमले के एक दिन बाद सोमवार को रूस ने क्रेमेंचुक शहर के एक शॉपिंग सेंटर को निशाना बनाते हुए मिसाइल से हमला किया है। इस हमले की पुष्टि यूक्रेन के राष्ट्रपति व्लादिमीर जेलेंस्की ने करते हुए कहा है कि जिस वक्त यह हमला हुआ उस समय वहां पर 1000 से ज्यादा लोग थे। हालांकि उन्होंने मौतों के बारे में कोई जानकारी नहीं दी, लेकिन यह जरूर कहा कि पीड़ितों की संख्या का अनुमान लगाना असंभव है। ताजा जानकारी के मुताबिक इस हमले में 10 लोगों की मौत हुई है, वहीं 40 लोग घायल हुए हैं। जेलेंस्की ने कहा कि रूस से किसी तरह की दयालुता या मानवता की उम्मीद करना बेमानी है। शहर के मेयर विताली मेलेत्स्की ने कहा कि इस हमले से कई मौतें हुई हैं और कई लोग घायल हुए हैं, लेकिन उन्होंने भी मरने वालों की कोई संख्या नहीं बताई। वहीं राष्ट्रपति जेलेंस्की के एक सलाहकार ने कहा कि रूस ने इसलिए शॉपिंग सेंटर पर हमला किया, क्योंकि वह लोगों को मारना चाहता है। सलाहकार ने कहा कि अगर उसका इरादा लोगों को मारने का नहीं था तो फिर दिन के ऐसे वक्त जबकि वहां पर लोगों की भारी भीड़ थी, मिसाइल दागने का क्या जरूरत थी। बता दें कि रूस के हमले से पहले क्रेमेंचुक यूक्रेन का बड़ा औद्योगिक शहर हुआ करता था। यहां पर यूक्रेन की सबसे बड़ी रिफाइनरी है।

# इस्लाम के नाम पर आतंकवाद को महिमामंडित कर रहा पाकिस्तान

**इस्लामाबाद, एजेंसी**

आरिफ जमाल ने कहा है कि आतंकवाद और उग्रवाद के सहारे पाकिस्तान मानवाधिकार का उल्लंघन कर रहा है और इस्लाम के नाम पर इन दोनों का महिमामंडन कर रहा है। जमाल ने मुस्तफा अखवान और सेंगे सेरिंग की मेजबानी में मानवाधिकार प्रहरी पोडकास्ट शो में यह टिप्पणी की। पाकिस्तान के पंजाब प्रांत से आने वाले जमाल एक पत्रकार एवं राजनीतिक टिप्पणीकार हैं और कई किताबें लिख चुके हैं।

एक मेजबान द्वारा कश्मीर में घुसपैठ पर केंद्रित पाकिस्तान के रणनीतिक खेल से जुड़े सवाल का जवाब देते हुए जमाल ने कहा, मानवाधिकार का दमन उग्रवाद और आतंकवाद से जुड़ा है। अकसर इसे नजरअंदाज कर दिया जाता है, क्योंकि पाकिस्तान इस्लाम और इस्लाम की सेवा के नाम पर इनका महिमामंडन करने का प्रयास करता है। जमाल ने उजागर किया कि पाकिस्तान में धार्मिक वायरस तेजी से बढ़ा है।



**उल्लंघन**

- कश्मीर घाटी में जिहादी विचारधारा को प्रोत्साहन
- जमाल ने कहा, मानवाधिकार का दमन उग्रवाद और आतंकवाद से जुड़ा है। अकसर इसे नजरअंदाज कर दिया जाता है

उन्होंने उल्लेख किया कि पाकिस्तानी मीडिया कश्मीर के लिए महत्वपूर्ण मुद्दों पर अपनी आंखें मूंद लेती है। उन्होंने कहा, मैंने महसूस किया है कि कोई भी पाकिस्तानी मीडिया इन विषयों पर चर्चा करना नहीं चाहती है और मेरे लेख को उस तरह से प्रकाशित नहीं कर सकती, जैसे मैं उन्हें प्रकाशित कराना चाहता हूं।

जमाल ने आगे कहा कि इसी बात ने उन्हें शोध परक लेख लिखने और दूसरों के सामने पाकिस्तान के बारे में सच्चाई उजागर करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा, मैंने महसूस किया कि मुझे इन विषयों पर गहन शोध करना चाहिए। मैंने अपने निष्कर्षो को प्रकाशित कराए जिसे वे (पाकिस्तानी मीडिया) इसे प्रकाशित कर सकते थे।

उन्होंने कहा कि पाकिस्तान कश्मीर घाटी में जिहादी विचारधारा को प्रोत्साहित करने का प्रयास कर रहा है और देश की मीडिया इसकी अनकही कहानी को जो लोग उजागर करना चाहते हैं, उनकी आवाज को दबा रही है। उनकी दो किताबों छद्म युद्ध : कश्मीर में जिहाद की अनकही कहानी और अंतरराष्ट्रीय जिहाद का आगमन : पाकिस्तानी लश्कर-ए-तैयबा को वैश्विक स्तर पर पहचान मिली है।

### कनाडा ने की 235 मंकीपॉक्स मामलों की पुष्टि

**ओटावा।** कनाडा में अब तक कुल 235 मंकीपॉक्स के मामले दर्ज किए गए हैं। इसकी पुष्टि सोमवार को स्वास्थ्य एजेंसी ने की। समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, स्वास्थ्य एजेंसी ने एक बयान में पुष्टि किए गए मामलों पर एक अपडेट जारी किया, जिसमें कहा गया कि ब्रिटिश कोलंबिया से 2, अल्बर्टा से 4, ओंटारियो से 45 और क्यूबेक से 184 मामले सामने आए। बयान के अनुसार, राष्ट्रीय सूक्ष्म जीव विज्ञान प्रयोगशाला मंकीपॉक्स के निदान की पुष्टि करने के लिए परीक्षण कर रहे हैं। स्वास्थ्य एजेंसी ने कहा कि प्रांतीय और क्षेत्रीय सार्वजनिक स्वास्थ्य अधिकारियों ने मंकीपॉक्स के खिलाफ टीकाकरण अभियान शुरू किया है और उच्च जोखिम वाले लोगों का टीका लगाया जा रहा है। मंकीपॉक्स एक सिल्वेटिक जूनोसिस है जो मनुष्यों में संक्रमण का कारण बन सकता है। यह बीमारी आमतौर पर मध्य और पश्चिम अफ्रीका के क्षेत्रों में अधिक फैली हुई है। यह मंकीपॉक्स वायरस के कारण होता है जो ऑर्थोपॉक्सवायरस परिवार से संबंधित है। यूएस सेंटर फॉर डिजीज कंट्रोल एंड प्रिवेंशन के अनुसार, 48 देशों में 4,357 मंकीपॉक्स के मामले सामने आए हैं।

## खेदजनक है कि अब भी लीबिया में चुनाव कराने के लिए संवैधानिक आधार पर कोई समझौता नहीं हुआ है : भारत

**संयुक्त राष्ट्र, एजेंसी**

भारत ने कहा कि यह खेदजनक है कि अब भी लीबिया में चुनाव कराने के लिए संवैधानिक आधार पर कोई समझौता नहीं हो पाया है। संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी मिशन के काउंसलर आर. मधुसूदन ने कहा कि अभी प्राथमिकता यह सुनिश्चित करना है कि चुनाव जल्द से जल्द स्वतंत्र, निष्पक्ष, समावेशी एवं विश्वसनीय तरीके से हों।

मधुसूदन ने लीबिया पर सुरक्षा परिषद की एक बैठक में सोमवार को कहा कि भारत इस बात पर चिंता व्यक्त करना चाहता है कि युद्धविराम समझौते पर हस्ताक्षर के बाद हासिल हुई प्रगति के न केवल रुकने का खतरा है, बल्कि यह इस बात का भी संकेत है कि इस पर पश्चगामी होने का खतरा भी मंडरा रहा है। उन्होंने कहा, हम त्रिपोली और उसके आसपास सशस्त्र संघर्षों तथा सशस्त्र समूहों की लामबंदी की खबरों पर चिंता व्यक्त करते हैं।

मधुसूदन ने कहा, यह भी बेहद खेदजनक है कि चुनाव कराने के लिए संवैधानिक आधार पर अभी तक सहमति नहीं बन पाई है। भारत ने अपनी बात रखते हुए इस तथ्य पर जोर दिया कि लीबिया के प्रतिनिधि सभा के अध्यक्ष अगुइला सालेह और हाई काउंसिल ऑफ स्टेट के अध्यक्ष खालिद अल-मिश्री 28-29 जून को जिनेवा में संयुक्त राष्ट्र कार्यालय में चुनाव कराने के वास्ते संवैधानिक ढांचे के मसौदे पर चर्चा करने के लिए मिलने वाले हैं।



मधुसूदन ने कहा, हम सभी संबंधित पक्षों से आग्रह करते हैं कि वे लीबिया के लोगों के व्यापक हितों को ध्यान में रखते हुए बाकी बचे सभी राजनीतिक मुद्दों को शांतिपूर्ण तरीके से हल करने की कोशिश करें। हमें उम्मीद है कि देश में शांति तथा स्थिरता बनाए रखने के लिए सभी पक्ष मिलकर काम करेंगे। उन्होंने कहा, इस संबंध में, हम एक बार फिर राष्ट्रपति और संसदीय चुनाव जल्द से जल्द कराने के महत्व पर जोर देते हैं। चुनाव कराने के लिए एक बड़ी उपलब्धि हासिल किए लगभग आधा साल बीत चुका है, जितना समय खुद लीबियाई लोगों ने तय किया था। यह बेहद जरूरी है कि गतिरोध को जारी न रहने दिया जाए। भारत ने इस बात पर जोर दिया कि अभी प्राथमिकता यह सुनिश्चित करना है कि चुनाव जल्द से जल्द स्वतंत्र, निष्पक्ष, समावेशी एवं विश्वसनीय तरीके से कराए जाएं। मधुसूदन ने कहा, हम उम्मीद करते हैं कि लीबिया में सभी पक्ष इस साझा उद्देश्य के लिए एकसाथ आएंगे। सुरक्षा परिषद और अंतरराष्ट्रीय समुदाय के लिए यह महत्वपूर्ण है कि वे चुनाव की तैयारी के लिए लीबिया के लोगों का साथ दें। किसी भी प्रकार की हिंसा 2020 के बाद से इस क्षेत्र में हासिल प्रगति को कमजोर कर सकती है।

## इंस्टाग्राम, फेसबुक ने गर्भपात की गोलियों की पेशकश करने वाले पोस्ट हटाए

**वाशिंगटन, एजेंसी**

फेसबुक और इंस्टाग्राम ने उन पोस्ट को तुरंत हटाना शुरू कर दिया है जो महिलाओं को गर्भपात की गोलियों की पेशकश करते हैं। अमेरिका के उच्चतम न्यायालय के एक फैसले के बाद महिलाओं की गर्भपात की गोलियों तक पहुंच खत्म हो सकती है। न्यायालय के इस फैसले से महिलाओं को गर्भपात के मामले में मिला संवैधानिक अधिकार छिन गया है।

इस तरह के सोशल मीडिया पोस्ट का उद्देश्य उन राज्यों में रहने वाली महिलाओं की मदद करना था, जहां गर्भपात पर प्रतिबंध लगाने वाले कानून शुक्रवार को अचानक से लागू हो गए। इसी के साथ उच्च न्यायालय ने रो बनाम वेड के मामले में 1973 के अपने फैसले को खारिज कर दिया, जिसमें गर्भपात तक पहुंच को संवैधानिक अधिकार घोषित किया गया था। सोशल मीडिया पर मीम और स्टेटस अपडेट बताते हैं कि कैसे महिलाएं कानूनी रूप से मेल के जरिए गर्भपात की गोलियां प्राप्त कर सकती हैं। इनमें से कुछ में इन राज्यों में रहने वाली महिलाओं को नुस्खे भी मेल करने की भी पेशकश की गई थी।

हालांकि, फैसला आने के लगभग तुरंत बाद फेसबुक और इंस्टाग्राम ने इनमें से कुछ पोस्ट को हटाना शुरू कर दिया। मीडिया इंटेलिजेंस फर्म जिग्नल लैब्स के एक विश्लेषण के अनुसार, गर्भपात की गोलियों के सामान्य उल्लेख वाले तथा मिफेप्रिस्टोन और मिसोप्रोस्टोल (गर्भपात की गोली का चिकित्सकीय नाम) जैसे विशिष्ट संस्करणों का उल्लेख करने वाले पोस्ट ट्विटर, फेसबुक, रेडिट और टीवी प्रसारणों में शुक्रवार सुबह अचानक बढ़ गए। जिग्नल ने रविवार तक ऐसे 250,000 से अधिक उल्लेखों को दर्ज किया।

### भारत की आजादी के अमृत महोत्सव पर क्यूबा ने जारी किया विशेष डाक टिकट

**हवाना।** भारत की आजादी के अमृत महोत्सव पर क्यूबा ने विशेष डाक टिकट जारी किया है। भारत और क्यूबा के बीच विदेश कार्यालय परामर्श में भारत से चावल आयात के लिए 10 करोड़ यूरो के ऋण समझौते पर हस्ताक्षर किए गए हैं। भारत और क्यूबा के बीच रिश्तों के मजबूती के लिए विदेश कार्यालय परामर्श की प्रक्रिया शुरू की गई है। परामर्श के दूसरे की वार्ता में भारतीय पक्ष का नेतृत्व विदेश सचिव सौरभ कुमार ने किया, वहीं क्यूबा की ओर से विदेश मामलों के उपमंत्री अन्यांसी रोड्रिग्ज कमेजो इस वार्ता का हिस्सा बने। क्यूबा की राजधानी हवाना में हुई इस बैठक में भारत से क्यूबा को चावल आयात के लिए 10 करोड़ यूरो का अल्पकालिक ऋण मंजूर करने पर सहमति बनी। दोनों देशों के बीच इस ऋण समझौते पर हस्ताक्षर किए गए। इस ऋण की मदद से क्यूबा अपनी जरूरतों के लिए भारत से चावल आयात कर सकेगा। इस समय भारत की आजादी की 75वीं सालगिरह के अवसर पर आजादी का अमृत महोत्सव मनाया जा रहा है।

## पीएम मोदी भारत व अमेरिका के संबंधों की क्षमता को समझते हैं: राजदूत संधू

**वाशिंगटन, एजेंसी**

अमेरिका में भारत के राजदूत तरणजीत सिंह संधू ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भारत और अमेरिका के संबंधों की क्षमता को समझते हैं तथा उन्होंने दोनों देशों के बीच विश्वास पैदा करने में अहम भूमिका निभाई है।

संधू ने कोविड-19 वैश्विक महामारी के बावजूद दोनों देशों के बीच पिछले साल हुए 160 अरब डॉलर के रिकॉर्ड द्विपक्षीय व्यापार की सराहना की। उन्होंने रविवार को शिकागो में एक समारोह के दौरान कहा, 1.4 अरब नागरिकों के मुखिया होने के नाते हमारे प्रधानमंत्री ने हम सभी को बड़े सपने देखने के लिए प्रोत्साहित किया है। उन्होंने हमें वास्तव में दिखाया है कि यदि दृढ़ निश्चय के साथ काम किया जाए, तो इन सपनों को साकार किया जा सकता है, जैसा कि वैश्विक नक्शे पर भारत के उदय से दिखाई दे रहा है।


संधू ने शिकागो में एनआईडी फाउंडेशन द्वारा आयोजित विश्व सद्भावना कार्यक्रम में कहा, आइए, हम सभी बड़े सपने देखें और उन सपनों को साकार करने के लिए पूरे जोश के साथ काम करें। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी भारत और अमेरिका के संबंधों की क्षमता को समझते हैं और उन्होंने देशों के बीच भरोसा कायम करने में अहम भूमिका निभाई है। संधू ने कहा, प्रधानमंत्री ने अमेरिका के रूप में एक निकटतम मित्र और एक मजबूत साझेदार को देखा, जो लगभग 1.4 अरब भारतीयों के सपनों और विकास की आकांक्षाओं को हकीकत में बदलने के लिए महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा, मोदी ने अपनी दूरगामी सोच के जरिए इन संबंधों को आकार दिया और दिखाया कि ध्यान केंद्रित करके एवं लगातार प्रयासों से ठोस परिणाम हासिल किए जा सकते हैं। अमेरिका ने भारत को एक प्रमुख रक्षा भागीदार के रूप में नामित किया है, जो रक्षा क्षेत्र में हमारे मजबूत सहयोग का आधार है। भारत और अमेरिका आज किसी भी अन्य देश की तुलना में एक दूसरे के साथ अधिक द्विपक्षीय सैन्य अभ्यास करते हैं। अमेरिका और भारत के बीच रक्षा व्यापार 1990 के दशक के अंत में लगभग शून्य था, लेकिन 2022 में यह बढ़कर 20 अरब डॉलर से अधिक हो गया। इसी तरह, ऊर्जा के क्षेत्र में व्यापार पांच साल पहले लगभग शून्य था, लेकिन यह अब 20 अरब डॉलर है। उन्होंने कहा, भारत और अमेरिका के बीच पिछले साल 160 अरब डॉलर से अधिक का व्यापार हुआ था, जो अब तक का सर्वाधिक व्यापार है। यह व्यापार इसलिए और भी अधिक प्रभावित करने वाला है, क्योंकि हम कोविड-19 वैश्विक महामारी के दौरान आपूर्ति श्रृंखला बाधित होने के बावजूद और किसी भी औपचारिक व्यापार समझौते के बिना यह रिकॉर्ड हासिल करने में सक्षम रहे। संधू ने कहा कि मोदी के नेतृत्व में भारत दुनिया को आगे की राह दिखा रहा है। उन्होंने कहा, पूरी दुनिया को कोविड-19 के टीके मुहैया कराने की बात हो, अफगानिस्तान जैसे देशों में राहत मिशन चलाने की बात हो या शिक्षा या अंतरिक्ष अनुसंधान के क्षेत्र में देशों का हाथ थामने की बात की या ग्लासगो में सीओपी26 ग्लोबल लीडर्स समिट अथवा विश्व आर्थिक मंच के दावोस शिखर सम्मेलन के दौरान भारत का रुख हो, नरेंद्र मोदी ने दुनिया को वास्तव में आगे की राह दिखाई है। कई जाने-माने भारतीय-अमेरिकियों द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में पश्चिम एशिया के विभिन्न हिस्सों से बड़ी संख्या में सिखों ने भाग लिया। इस कार्यक्रम में वरिष्ठ अमेरिकी सीनेटर रॉन जॉनसन, आध्यात्मिक नेता श्री श्री रविशंकर, विस्कॉन्सिन-पार्कसाइड विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ डेबी फोर्ड, विस्कॉन्सिन स्टेट असेम्बली के अध्यक्ष रॉबिन वोस, एनआईडी फाउंडेशन मुख्य संरक्षक एवं चंडीगढ़ विश्वविद्यालय के कुलपति एस सतनाम सिंह संधू और जनरल एटॉमिक के मुख्य कार्यकारी विवेक लाल समेत कई गणमान्य हस्तियों ने भाग लिया। इस दौरान श्री श्री रविशंकर ने पिछले आठ वर्षों में शुरू की गई विभिन्न पहलों के लिए प्रधानमंत्री मोदी की प्रशंसा की। उन्होंने कहा, भारत में बड़ा बदलाव आया है। बुनियादी ढांचे के विकास से लेकर समाज के गरीब से गरीब तबके तक पहुंचने, व्यापार करने में आसानी और कई अन्य पहलों के जरिए प्रधानमंत्री द्वारा किया गया विकास अभूतपूर्व है।

**राजनीति** अमित शाह और मल्लिकार्जुन खड़गे से मुलाकात के दौरान हेमंत सोरेन ने राष्ट्रपति चुनाव को लेकर चर्चा की।

# राष्ट्रपति चुनाव में समर्थन को लेकर हेमंत सोरेन ने दिया संकेत, पर दुविधा बरकरार

**नई दिल्ली, एजेंसी**

यूपीए गठबंधन में शामिल और कांग्रेस के साथ मिलकर झारखंड में सरकार चला रही झारखंड मुक्ति मोर्चा की दुविधा राष्ट्रपति चुनाव को लेकर अभी भी बरकरार है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने राष्ट्रपति चुनाव में पार्टी के रुख पर अंतिम फैसला करने से पहले सोमवार को गृहमंत्री अमित शाह और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता मल्लिकार्जुन खड़गे से भी मुलाकात की। बताया जा रहा है कि शाह और खड़गे से मुलाकात के दौरान हेमंत सोरेन ने राष्ट्रपति चुनाव को लेकर चर्चा की।



अब भाजपा और कांग्रेस समेत तमाम विरोधी दलों को झारखंड मुक्ति मोर्चा (जेएमएम) के आधिकारिक रुख का इंतजार है कि वह राष्ट्रपति चुनाव में किसे समर्थन देने का फैसला करता है - एनडीए उम्मीदवार द्रौपदी मुर्मू को जो आदिवासी महिला हैं, ओडिशा से ताल्लुक रखती हैं और झारखंड की राज्यपाल भी रह चुकी हैं या विपक्षी दलों के संयुक्त उम्मीदवार यशवंत सिन्हा को, जो झारखंड से लोकसभा सांसद रह चुके हैं और जिनके चयन में जेएमएम की भी सहमति रही है। हालांकि सोमवार को दिल्ली में मौजूद रहने के बावजूद यशवंत सिन्हा के नामांकन में नहीं जाकर हेमंत सोरेन ने इशारों में ही सही अपनी मंशा जाहिर तो कर ही दी है। दरअसल, झारखंड में आदिवासी मतदाताओं की संख्या और आदिवासियों के राजनीतिक दल होने की पहचान के कारण हेमंत सोरेन एक आदिवासी महिला राष्ट्रपति उम्मीदवार के विरोध करने का जोखिम नहीं उठा सकते और इसलिए हेमंत सोरेन यशवंत सिन्हा के नामांकन में नहीं गए।

सूत्रों की मानें तो हेमंत सोरेन ने कांग्रेस के वरिष्ठ नेता मल्लिकार्जुन खड़गे को झारखंड की राजनीतिक स्थिति और अपनी राजनीतिक मजबूरियों से अवगत करा दिया है और अब झारखंड में गठबंधन सरकार की स्थिरता को लेकर उन्हें कांग्रेस आलाकमान के संकेत का इंतजार है। एनडीए राष्ट्रपति उम्मीदवार द्रौपदी मुर्मू ने शनिवार को हेमंत सोरेन से फोन पर बात कर राष्ट्रपति पद के लिए उनकी पार्टी का समर्थन मांगा था।

### महाराष्ट्र में कोरोना के 2369 नये मामले, पांच और मरीजों की मौत

**मुंबई।** महाराष्ट्र में कोरोना संक्रमण के मामलों के घटते-बढ़ते क्रम में पिछले 24 घंटों में 2369 नये मामले सामने आये तथा पांच और मरीजों की मौत हो गयी। स्वास्थ्य विभाग की ओर से मंगलवार को जारी बुलेटिन के मुताबिक नये मामलों के साथ कुल संक्रमितों का आंकड़ा 79,65,035 हो गया है जबकि इस बीमारी से मरने वालों की संख्या 1,47,910 हो गयी है। इसी अवधि में 1402 मरीज स्वस्थ हुए हैं और इसके साथ ही कोरोनामुक्त होने वालों की संख्या 77,91,575 हो गयी है। राज्य में अभी 25,570 सक्रिय मामले हैं और इसके मरीजों का विभिन्न अस्पतालों में इलाज चल रहा है।

## छत्तीसगढ़ में कोरोना की रफ्तार बढ़ी हवाईअड्डों पर होगी सैम्पल की जांच

**रायपुर, एजेंसी**

छत्तीसगढ़ में कोरोना की रफ्तार बढ़ रही है, यही कारण है कि सरकार ने एक तरफ जहां स्वास्थ्य विभाग को अलर्ट किया है, वहीं राज्य से बाहर आने वालों पर खास नजर रखी जा रही है। राज्य के सभी हवाईअडडों पर आने वाले यात्रियों के लिए कोविड सैम्पल चेकिंग किया जाए।

राज्य में कोरोना मरीजों की पॉजिटिविटी दर 1.22 प्रतिशत हो गई है। बीते रोज 125 नए मरीज सामने आए। राज्य के 18 जिलों में संक्रमित मरीज मिले हैं, इनमें दस जिलों में एक से 10 संक्रमित मरीज पाए गए हैं, जबकि तीन जिलों में एक भी संक्रमित मरीज नहीं मिला। रायपुर में 26 और दुर्ग में 28 कोरोना संक्रमित मरीज मिले हैं। राज्य सरकार द्वारा छत्तीसगढ़ में कोविड-19 संक्रमण के नियंत्रण के लिए हवाईअड्डों और अंतर्राज्यीय बार्डर चेक पोस्ट पर अन्य राज्यों से आने वाले यात्रियों के कोविड सैम्पल चेकिंग करने के संबंध में निर्देश जारी किए गए हैं। इस संबंध में सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा जारी निर्देश के अनुसार, राज्य के सभी हवाईअड्डों पर आने वाले यात्रियों के लिए कोविड सैम्पल चेकिंग किया जाए। इसी तरह अन्य राज्यों से अंतर्राज्यीय बॉर्डर चेक पोस्ट के माध्यम से आने वाले यात्रियों के लिए परिवहन विभाग के समन्वय से स्वास्थ्य जांच टीम तैनात कर कोविड सैम्पल चेकिंग की जाए। राज्य के समस्त संभागायुक्त, पुलिस महानिरीक्षक, कलेक्टर तथा पुलिस अधीक्षक को इस आशय का पत्र भेजकर अपने-अपने क्षेत्र अंतर्गत निर्देशों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने के लिए निर्देश दिए गए हैं।



मुद्रक तथा प्रकाशक रंजीत राय द्वारा स्वामी आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड, प्लॉट नं. सी-16 एवं 17, रोड नं. 9, पाटलिपुत्रा इंडस्ट्रीयल एरिया, पटना-800013 के पक्ष में आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड प्रेस से मुद्रित एवं सी-20, एस.के. पुरी, नियर बसावन पार्क, पटना, बिहार-800013 से प्रकाशित संपादक- देवन प्रसाद

(नोटः प्रकाशित सभी लेखों आदि से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं और किसी भी कानूनी वाद-विवाद का निपटारा पटना न्यायालय में ही किया जाएगा।) RNI. No. BIHHIN/2013/49676, Email: news@pratahkiran.com, patna@pratahkiran.com, 9212228045, 8130691216, 9971557129, 9430990555